# दैनिक अयोध्या टाइम्स

समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 153 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, मंगलवार 02 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में केजरीवाल ने युवाओं से किए 5 वादे, बोले- हर बेरोजगार को रोजगार देंगे, बेरोजगारों को प्रतिमाह 3000 का भत्ता

अहमदाबाद। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के राजकोट में दौरे बढ़ गए हैं। आपको बता दें कि अरविंद केजरीवाल का 7 दिनों में यह दूसरा राजकोट दौरा है। इससे पहले उन्होंने व्यापारियों के साथ संवाद करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा था और सोमवार को जहरीली शराब को लेकर हमलावर दिखाई दिए। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से 5 वादे किए।

उन्होंने कहा कि हम रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। पांच साल के भीतर हर बेरोजगार को रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। हमने दिल्ली में करके दिखाया है।



वहां पर पिछले 5 साल में 12 लाख बच्चों को रोजगार दिया। मुझे रोजगार देना आता है और मेरी नीयत भी साफ है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सभी मंत्रियों के साथ बैठकर यह प्रण लिया है कि अगले 5 साल में 20 लाख बच्चों को और नौकरी देंगे।

केजरीवाल के युवाओं को 5 वादे–हर बेरोजगार को रोजगार देंगे। जब तक नौकरी नहीं तब तक 3000 रुपए प्रतिमाह भत्ता देंगे। 10 लाख सरकारी नौकरी का वादा। पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून बनाएंगे। सहकारी क्षेत्र की भर्ती में सिफारिश और भ्रष्टाचार को बंद करेंगे। आम युवाओं को नौकरी मिलेगी। अरविंद केजरीवाल ने जहरीली शराब का जिक्र करते हुए कहा कि हादसे के अगले दिन पीड़ितों से मिलने के लिए मैं अस्पताल गया था। बहुत गरीब परिवार से यह लोग आते हैं और उन लोगों से बात करके काफी दुख हुआ। उन्होंने कहा कि शायद गुजरात के मुख्यमंत्री और सीआर पाटिल साहब उन लोगों से मिलने नहीं गए।

### एएमयू प्रशासन ने सिलेबस से हटाई मोदुदी की किताबें

अलीगढ़। देश के 25 शिक्षाविदों द्वारा इस्लामिक विश्वविद्यालय में जिहादी इस्लाम पाठ्यक्रम को पढ़ाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 27 जुलाई को एक पत्र लिखा था. इस पत्र में उन्होंने पाकिस्तान के कट्टर इस्लामिक स्कॉलर अबुल अला मोदुदी की किताबों का भी जिक्र किया था. मौदुदी जमात–ए–इस्लामी के संस्थापक थे जिसकी विचारधारा थी इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना. इस पत्र के आने के बाद जब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इस्लामिक स्टडीज विभाग के चेयरमैन से बात की गई तो उन्होंने माना कि हां उनके यहां अबुल अला मौदुदी की किताबें बीए,एमए, एम फिल, पीएचडी तक सिलेबस में है. अब मामले की सुर्खियों में आने के बाद एएमयू प्रशासन ने अपने सिलेबस से मोदुदी की किताबों को हटा दिया है. इसके साथ ही इजिप्ट के एक अन्य स्कॉलर सय्यद कुतुब की किताबों को भी सिलेबस से हटा दिया है।



### जबलपुर में अस्पताल में लगी भीषण आग, आठ लोगों की मौत, शिवराज ने किया मुआवजे का एलान

मध्यप्रदेश। मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक निजी अस्पताल में भीषण अग्निकांड में आठ लोगों की मौत हो गई. जबलपुर के एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने आठ लोगों के मौत की पुष्टि की. बताया जा रहा है कि मरने वालों में अधिकांश लोग हॉस्पिटल के स्टाफ के हैं.आधा दर्ज दमकल वाहनों ने एक घंटे की कवायद के बाद आग को काबू में किया. घटना के बाद अस्पताल में



अफरातफरी फैल गई. अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया. आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल भी घायल हैं. मृतकों की पहचान की जा रही है। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया, ष्राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जायेगी।घायलों के संपूर्ण इलाज का व्यय भी सरकार वहन करेगी।

दरअसल, गोहलपुर थाना क्षेत्र के चंडाल भाटा इलाके में न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दोपहर में अचानक से आग भड़क गई. अस्पताल से निकासी का एक ही रास्ता होने के कारण अधिकांश लोग अंदर ही फंस गए. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया. दमकल के वाहन भी शुरुआत में आग पर काबू नहीं कर पा रहे थे।

बाद में जब बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली कनेक्शन काटा तब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू में किया गया। साल 2021 में नवंबर के महीने में भोपाल स्थित कमला नेहरू अस्पताल के चिल्ड्रंस वार्ड में आग लगी थी. इस भीषण आग से लगने से चार बच्चों की जान चली गई थी।

## राज्यसभा में अभी भी गतिरोध कायम, लोकसभा में महंगाई पर हुई चर्चा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष की ओर से जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने महंगाई, अग्निपथ योजना, जरूरी खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी में वृद्धि जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। वहीं, सरकार लगातार यह दावा करते रही कि वह हर विषय पर चर्चा को तैयार है। इन सब के बीच आज लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध कम होता दिखाई जरूर दिया। लेकिन राज्यसभा में आज भी हंगामा जारी रहा। लोकसभा में आज महंगाई पर चर्चा हुई। हालांकि उससे पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर वार पलटवार का दौर भी देखने को मिला। वहीं, राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल जारी रहा। आज दोनों सदनों में संजय राउत की गिरफ्तारी का भी मुद्दा उठा। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों का विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग किया जा रहा है।

कांग्रेस ने देश में महंगाई को लेकर नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार पर निशाना साधा और पिछले आठ साल में आर्थिक कुप्रबंधन होने का दावा किया, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि कोरोना के संकट के बाद भी देश खुश है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में नियम 193 के अधीन 'मूल्यवृद्धि' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों पर कर और जीएसटी से सरकार ने अपना बजट तो पूरा कर लिया होगा और अपना खजाना भी भर लिया होगा लेकिन देश में करोड़ों परिवारों का बजट बिगाड़ दिया और कमरतोड़ महंगाई से गरीबी बढ़ती जा रही है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मुफ्त योजनाओं (फ्रीबीज) को लेकर विपक्ष शासित राज्य सरकारों पर निशाना भी साधा और सरकारों पर बढ़ते कर्ज तथा मुद्रास्फीति बढ़ने के पीछे इसे एक वजह बताया।दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जिन हालात में देश की बागडोर संभाली थी और आज कोविड के बाद दुनिया की जो स्थिति है, उसके बाद भी गरीबों को ''दो वक्त की रोटी'' मिल रही है जिसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। दुबे ने कहा कि कोविड के बाद अनेक देशों की हालत खराब है, सभी



जगह रोजगार छिन रहे हैं और मुद्रास्फीति बढ़ रही है, उस स्थिति में भी यह देश बदल रहा है, खुश है और यहां गांव, गरीब, आदिवासी किसान को सम्मान मिल रहा है।

लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बनने के बाद सोमवार को कांग्रेस के चार सदस्यों का निलंबन वापस ले लिया गया जिसके साथ ही मानसून सत्र में सदन के भीतर पिछले कई दिनों से चल रहा गतिरोध खत्म हो गया।

लोकसभा ने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सोमवार को बधाई दी और इस खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी भारतीय खिलाड़ियों को आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया।

विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे की वजह से सोमवार को राज्यसभा की बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर 21 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित हो गई।

राज्यसभा में सोमवार को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मांग की कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं निर्मला सीतारमण द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में 28 जुलाई को की गयी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से निकाला जाना चाहिए और इन दोनों मंत्रियों को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। खड़गे ने यह मांग गोयल एवं सीतारमण द्वारा 28 जुलाई को उस टिप्पणी के बारे में की जिसमें दोनों मंत्रियों ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति के बारे में दिये गये विवादास्पद बयान को लेकर विपक्षी दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का उल्लेख किया था। संसद ने सोमवार को 'भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022' को मंजूरी प्रदान कर दी जिसमें अंटार्कटिका में भारत की अनुसंधान गतिविधियों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिये विनियमन ढांचा प्रदान करने का प्रावधान है। राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बीच ही इस विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा हुई और पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने उसका संक्षित जवाब दिया। इसके बाद सदन ने इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया।

केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के 4.13 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया जबकि 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने एक ही बार सिलेंडर भरवाया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। भारत में आने वाले दिनों में हवाई यात्रियों को तीन और विमानन कंपनियों का विकल्प मिल सकता है क्योंकि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हाल ही में तीन कंपनियों को परिचालन के लिए मंजूरी दी है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों के कामकाज में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती है और वे अपना काम रही हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच राज्यसभा में सदन के नेता गोयल ने यह भी कहा कि जो लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।

## सबसे तेजी से बढ़ती अर्थ व्यवस्था बना हुआ है भारत मंदी की कोई आशंका नहीं : वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। लोकसभा में आज महंगाई को लेकर चर्चा हुई चर्चा का जवाब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया। अपने बयान में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ तौर पर दावा किया है कि वर्तमान समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के बावजूद वैश्विक एजेंसियों के आकलन में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि भारत में मंदी की कोई आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें देखना होगा कि दुनिया में क्या हो रहा है और भारत दुनिया में क्या स्थान रखता है। विश्व ने ऐसी महामारी का सामना पहले कभी नहीं किया। महामारी से बाहर आने के लिए हर कोई अपने स्तर पर काम कर रहा है, इसलिए मैं भारत के लोगों को इसका श्रेय देती हूं।



वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पिछले 2 साल में भारत को विश्व बैंक, IMF और दूसरी वैश्विक संस्थाओं द्वारा विश्व की विकास दर और भारत की विकास दर के बारे में कई बार आकलन है। हर बार जब उन्होंने आकलन किया है, विश्व की विकास दर उस अवधि में अनुमान से कम रही है, भारत की भी विकास दर अनुमान से कम रही है, लेकिन हर बार भारत की विकास दर सर्वाधिक रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ळक्च में दूसरी तीमाही में 0.9: की गिरावट दर्ज की गई और पहली तिमाही में 1. 6: की गिरावट दर्ज की गई थी। जिसे उन्होंने अनौपचारिक मंदी का नाम दिया। भारत में मंदी या मुद्रास्फीतिजनित मंदी का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि कई सदस्यों ने जो कुछ बातें कही हैं, उनमें से कुछ को कम किए बिना, मुझे लगता है कि यह कीमतों के बारे में डेटा–संचालित चिंताओं के बजाय मूल्य वृद्धि के राजनीतिक कोणों पर अधिक चर्चा थी। तो, मैं भी थोड़ा राजनीतिक जवाब देने की कोशिश करूंगी।

## यूपी में सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला, हटाए गए लखनऊ के कमिश्नर, कानपुर को मिला नया पुलिस आयुक्त

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है. योगी सरकार द्वारा जारी नोटिस में लखनऊ और कानपुर के पुलिस कमिश्नर का भी तबादला कर दिया गया है. लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर और कानपुर के पुलिस कमिश्नर विजय कुमार मीना का वेटिंग में डाल दिया गया है। कानपुर और लखनऊ के पुलिस कमिश्नर पर बड़ा एक्शन लिया गया है. अब लखनऊ के अपर पुलिस महानिदेशक एस बी शिरोडकर को लखनऊ पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं लखनऊ के पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात बी पी जोगदंड को कानपुर पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी मिली है ।इसके अलावा लखनऊ के पुलिस कमिश्नर रहे डीके ठाकुर और कानपुर पुलिस आयुक्त को लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय बुलाया लिया गया है. इन दोनों को यहां अभी प्रतीक्षारत रखा गया है. वहीं होमगार्ड में पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात विजय कुमार को लखनऊ स्थित सीबीसी आईडी का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है।



लखनऊ स्थित लॉजिस्टक के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार मौर्य को अब होमगार्ड के साथ ही लॉजिस्टक विभाग के पुलिस महानिदेशक की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है. बता दें कि इससे पहले बीत दिनों भी राज्य में 20 पीसीएस और 13 आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ था. इन तबादलों में विशेष सचिव, मंडलायुक्त, डीएम, नगर मजिस्ट्रेट और मुख्य विकास के पद नियुक्ति की गई थी।

## मंत्रियों के मंडलों के प्रभार में फेरबदल, स्वतंत्र देव सिंह को मिली वाराणसी की जिम्मेदारी







राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर मंत्रियों के मंडलों के प्रभार में फेरबदल किया है. एक बार फिर अलग–अलग मंडलों का प्रभार ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स को सौंपा गया है. मंत्रियों के मंडल के प्रभार को तीसरी बार बदला गया है. कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और दिनेश खटीक को अब गोरखपुर मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभी तक गोरखपुर मंडल की जिम्मेदारी कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के पास थी लेकिन अब कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को वाराणसी मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

वहीं, स्वतंत्र देव सिंह के साथ संदीप सिंह और संजीव गौंड ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स में शामिल हैं. इसके अलावा कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद को झांसी मंडल का प्रभारी बनाया गया है. अभी तक वह चित्रकूट मंडल के प्रभारी थे. अब उन्हें झांसी मंडल के प्रभारी बना दिया गया।

- राजधानी लखनऊ का प्रभारी अब कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को बनाया गया है. अभी तक झांसी मंडल का प्रभार देख रहे हैं. कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को अब मेरठ मंडल का प्रभारी बनाया गया. नंद गोपाल गुप्ता के साथ ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप और राज्य मंत्री बृजेश सिंह शामिल हैं।

## स्कूल में कलमा पढ़ाए जाने को लेकर हंगामा परिजनों का स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप

कानपुर। कानपुर में एक स्कूल में इस्लामिक प्रार्थना कराए जाने को लेकर बवाल खड़ा हो गया है. अभिभावकों ने स्कूल में कलमा पढ़ाए जाने का आरोप लगाकर हंगामा किया. हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई. जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने अभिभावकों और स्कूल प्रशासन दोनों से बात की. पुलिस ने फिलहाल मामले को शांत करा दिया है।





ये घटना कानपुर के सीसामऊ क्षेत्र में स्थित फ्लोरेट्स इंटरनेशनल स्कूल की है. जहां पर बच्चों को प्रार्थना के दौरान ला इलाहा इल्ला मोहम्मद रसूल अल्लाह पढ़ाया जा रहा था। छोटे–छोटे बच्चे इस प्रार्थना को घर में दोहराने लगे तो अभिभावकों को शक हुआ. उन्होंने बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि उन्हें ये स्कूल में जबरन पढ़ाया जाता है. ऐसा नहीं करने पर उन्हें डांट फटकार लगाई जाती है. परिजनों का कहना है कि उन्हें इस्लामिक प्रार्थना से कोई एतराज नहीं है लेकिन बच्चों को बताया जा रहा है कि जो कुछ भी है अल्लाह है, अल्लाह के अलावा कोई नहीं है, इस बात को लेकर उन्हें एतराज है.

वहीं दूसरी तरफ स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उनके विद्यालय में चारों धर्मों की प्रार्थनाएं कराई जाती है. पिछले कई सालों से ये प्रार्थना कराई जा रही है. लेकिन पहले कभी लोगों ने कोई एतराज नहीं किया. वहीं एसीपी सीसामऊ ने कहा कि उन्होंने परिजनों और स्कूल प्रबंधन से बात की है. स्कूल प्रबंधन ने कहा है कि वो सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय में कोई भी प्रार्थना न की जाए. प्रार्थना की जगह विद्यालय में केवल राष्ट्रगान कराया जाएगा. न तो हिंदू धर्म की प्रार्थना होगी और ना ही मुस्लिम धर्म की।

## 1 अगस्त से होंगे 4 बड़े बदलाव बैंक से लेकर रसोई गैस की कीमतें होंगी परिवर्तित

नई दिल्ली। 1 अगस्त यानि आज से कई नियम बदल जाएंगे जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। पूरे देश में नए नियम लागू किए जा रहे है जिसमें चेक से जुड़े नियम से लेकर इनकम टैक्स भरने को लेकर बड़े बदलाव किए गए है। तो आइये जान लेते है आज यानि 1 अगस्त से क्या–क्या बदलने वाला है।

चेक से जुड़ा नियम

बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है। बता दें कि आज से इस बैंक के चेक से जुड़ा एक अहम नियम बदल गया है। पांच लाखा या उससे अधिक की राशि वाले चेक पेमेंट के लिए अब से पॉजिटिव पे सिस्टम लागू कर दिया गया है। अब ग्राहकों को चेक क्लियर कराने से पहले ऑथेंटिकेशन के लिए बैंक को जानकारी देना आनिवार्य होगा।बैंक धोखाधड़ी से बचने के लिए यह बड़े बदलाव किए गए है। इसके साथ ही चेक में आपको बेनेफिशियरी का नाम, अकाउंट नंबर, अमाउंट, चेक नंबर आदि को दर्ज करना होगा,। बैंक सभी जानकारी को क्रॉस वेरीफाई करेगा और उसके बाद ही ग्राहक का चेक क्लियर होगा।

अगर आपने अभी तक आईटीआर नहीं फाइल की है तो आपको रिटर्न भरने के लिए अब से पेनेल्टी देनी होगी। अगर आपकी इनकम पांच लाख से ज्यादा है तो आपको 5 हजार का जुर्माना देना पड़ा सकता है वहीं अगर आपकी सालना सैलरी 5 लाख से कम है तो आपको 1 हजार तक जुर्माना देना पड़ सकता है।





आज से रसौई गैस सिलेंडर भी मंहगी हो जाएगीष बता दें कि हर महीने की 16 तारीख को कंपनियां रसौई गैस की कीमतों में बदलाव करते है। इस समय रसौई गैस की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अगस्त का महीना छुट्टियों से भरा हुआ है जिसको देखते हुए देश के अलग–अलग राज्यों में बैंक कुल 18 दिन बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको बैंक से संबधित कोई भी काम है तो उसे जल्द निपटा ले नहीं तो बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## मुख्तार अंसारी के करीबी भीम सिंह पर कसा शिकंजा, गाजीपुर से लखनऊ तक चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

प्रयागराज। आईएस–191 गैंग के लीडर पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के करीबियों पुलिस–प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है।

अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराने के साथ ही संपत्तियों को कुर्क किया जा रहा है। सोमवार को मुख्तार के करीबी भीम सिंह की गाजीपुर के बबेड़ी स्थित तीन बिस्वा भूमि और लखनऊ स्थित एक प्लॉट एवं फ्लैट को कुर्क कर लिया गया।

इन तीनों संपत्तियों का वर्तमान समय में बाजार मूल्य करीब चार करोड़ रुपये है। इस कार्रवाई से मुख्तार गैंग के सदस्यों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस अक्षीक्षक रोहन पी बोत्रे ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य भीम सिंह के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

करंडा थाना क्षेत्र के रामनाथपुर गांव निवासी भीम की बबेड़ी में स्थित भूमि की मुनादी कर कुर्की की गई।

राजस्व विभाग के मुताबिक उक्त भूमि की कीमत 30 लाख 48 हजार रुपये है और वर्तमान बाजार मूल्य करीब एक करोड़ 10 लाख रुपये है।

# संक्षिप्त समाचार

## विभाग में निःशक्त व्यक्तियों के लिए संस्थाओं की रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2006 के अर्न्तगत विभाग द्वारा विकसित एनजीओ पोर्टल विकसित

• पंजीकरण/नवीनीकरण करने हेतु स्वैच्छिक संस्थायें आनलाइन आवेदन कर सकती है

लखनऊ। कमलेश कुमार वर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लखनऊ द्वारा बताया कि दिव्यांगजन विभाग में निःशक्त व्यक्तियों के लिए संस्थाओं की रजिस्ट्रीकरण नियमावली–2006 के अर्न्तगत स्वैच्छिक संस्थाओं के पंजीकरणध्नवीनीकरण हेतु विभाग द्वारा ऑनलाईन एनजीओ पोर्टल विकसित किया गया है। विभाग में स्वैच्छिक संस्थाओं के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु इस पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा पोर्टल पर आई0डी0 पासवर्ड बनाकर पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु साइट http://updivyangshaktingo.in पर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, स्मृति पत्र एवं नियमावली राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित, घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप पर 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित, कार्ययोजना (संस्था जो कार्य करना चाहती है का विवरण), वित्तीय संसाधन का प्रमाण पत्र (संस्था द्वारा धन का अर्जन कहां से किस रूप में किया जा रहा है), भवन किराये पर है अथवा निजी भवन में संचालित है, से सम्बन्धित अभिलेख, संस्था के समस्त पदाधिकारियों का पते का प्रमाण, संस्था की नियमावली में दिव्यांगजन के लिए कार्य किये जाने का उल्लेख अवश्य हो इत्यादि तथा पोर्टल पर उपलब्ध यू0पी0 राजकोष के लिंक के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करते हुए उसका विवरण एवं छायाप्रति अपलोड करते हुए आवेदन सबमिट किया जा सकता है। उन्होने बताया कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं दिव्यांगजन के हितार्थ कार्य करने हेतु संस्थाओं की रजिस्ट्रीकरण नियमावली–2006 के अर्न्तगत स्वैच्छिक संस्था को पंजीकृत/नवीनीकृत कराने के लिए पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु साइट http://updivyangshaktingo.in पर आनलाइन आवेदन सबमिट कर सकते है।

## मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 08 अगस्त 2022 को आईटीआई लखनऊमें युवाओं को अप्रेन्टिशिप के लिए किया जायेगा चयनित

लखनऊ। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 08 अगस्त, 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में युवाओं को अप्रेन्टिशिप के रूप में चयनित किया जायेगा। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि इस मेले में आनलाईन इन्टरव्यू के माध्यम से युवा प्रतिभाग कर सकते है। इस दिन महाराष्ट्र की पी.जी. इल्केट्रोप्लास्ट लि0 कम्पनी युवाओं को अप्रेन्टिशिप के लिए इन्टरव्यू लेगी। इसमें इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रोनॉकि मैकेनिक, मैकेनिस्ट, फिटर, टनर, मैकेनिक आर. ए.सी के आई.टी.आई ट्रेड पर युवाओं को अप्रेन्टिशिप करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होने बताया कि अप्रेन्टिशिप हेतु 1500 पदों पर युवाओं का चयनित किया जायेगा। इस मेले में प्रतिभ ाग करने की आयु 18 से 30 वर्ष रखी गयी है। अधिक जानकारी हेतु प्लेसमेंट अनुभाग लखनऊ के दूरभाष नं0– 6307950349, 8840249536, 6394735755 एवं 6387812106 पर सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

## आई टी आई में प्रवेश हेतु अब 04 अगस्त तक कर सकते है आनलाइन आवेदन

लखनऊ। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास श्री अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त, 2022 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यार्थी के हित को ध्यान के रखते हुये वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन की सुविधा 04 अगस्त, 2022 की रात्रि 12 बजे तक बढ़ा दी गयी है। वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विवरणीय ई–फार्म उपलब्ध है।

## तृतीय सावन सोमवार को ग्राम घिमऊ में किया गया विशाल भंडारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत

बिल्हौर। क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घिमऊ में सावन सोमवार के तृतीय सोमवार को मां अन्नपूर्णा ट्रेंडिंग कंपनी की तरफ से किया गया विशाल भंडारे का आयोजन जिसमें ग्रामीणों की मदद से दोपहर से भंडारा प्रारंभ कर दिया गया और आसपास के गांव के लोग बाबा भोलेनाथ का प्रसाद लेने के लिए काफी मात्रा में लोग उपस्थित हुए प्रसाद वितरण शाम तक लगातार चलता रहा।



## रामा हास्पिटल से आए आयुर्वेदिक डाक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

हिमांशु कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स। शिवराजपुर।उमस और गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है आस पास के बड़े हॉस्पिटल संचालकों ने अपने डॉक्टरों को भेजकर ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे शुरू कर दिया है शिवराजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर कामा के पंचायत भवन में रामा आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमे हड्डी रोग, पेट की समस्या सोमवार को रामा हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ परिक्षण कर बीमार मरीजों को मुफ्त में मेडिसिन वितरण किया। रामा हॉस्पिटल के डॉ ओम वीर सिंह डॉ राम मोहन गुप्ता,डॉ. शिवानी गुप्ता, नर्सिंग– रेनू, बिंदु भारती, शिवम शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गंदगी के कारण पानी दूषित के साथ खान पान में भरपूर विटामिन के तत्त्व लोगों तक नही पहुंच पाते है जिसके कारण उनको भरपूर विटामिन नही मिल पाने से मनुष्य के शरीर को रोग घेरकर उसको खिखला करने में जुट जाते है। इसी के साथ मौजूद रहे ग्राम पंचायत शाहपुर कामा प्रधान डॉ. बिमल पाल,कोटेदार प्रतिनिधि आशु कुमार,हरिराम पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

मैं जावेद अहमद खान पुत्र राशिद अहमद 595/17 औरंगाबाद खालसा बिजनौर लखनऊ पिन 226002 का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम गलती से RA Khan (आर ए खान) लिख गया है जबकि सही नाम राशिद अहमद है।

## मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 03 अगस्त, 2022 को

कानपुर। सहायक निदेशक (सेवायोजन) कानपुर मंडल, कानपुर श्री एस0पी0 द्विवेदी ने बताया है कि कौशल विकास मिशन उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रस्तावित 100 दिवस की कार्ययोजना के अंतर्गत गोरखपुर मण्डल द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 03 अगस्त, 2022 को किया जा रहा है। जिसमे विभिन्न क्षेत्रों/सेक्टर की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी एवं न्यूनतम 5000 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

उन्होंने कहा कि जनपद कानपुर नगर के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय,गोरखपुर में आयोजित रोजगार मेले मे प्रतिभाग करना चाहते हैं जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल हो रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक नियोजक/अभ्यर्थी गोरखपुर में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in से या उक्त रोजगार मेले के नोडल अधिकारियों के मो0 9456473592, 8005384050, 9415911967 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्यदिवस में प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय, जी0टी0 रोड, कानपुर में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त हेतु किसी भी प्रकार का व्यय देय नहीं होगा।

## कानपुर नगर में कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर बाढ कन्ट्रोल रूम की स्थापना

कानपुर नगर। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री राजेश कुमार ने बताया है कि जनपद कानपुर नगर में कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर बाढ कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसका नम्बर 0512–2302910 व कन्ट्रोल रूम 24×7 क्रियाशील है। अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) श्री जीयालाल सरोज को कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है।

इसके साथ ही कन्ट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रातः 06:00 बजे से अपरान्ह 02:00 तक संग्रह अमीन श्री रोहित कुमार मो0नं0–8115847440, संग्रह सेवक श्री अमरनाथ मो0नं0–7570900605, अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संग्रह अमीन श्री प्रभु दयाल मो0नं0–9889745680, संग्रह सेवक श्री अरविन्द कुमार मो0नं0–9005323413 इसी प्रकार रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 तक संग्रह अमीन श्री योगेश्वर राम गौतम मो0नं0–9044851957, संग्रह सेवक श्री सौरभ गौढ मो0नं0–7985853247 तथा संग्रह अमीन श्री मो0 इरफान मो0नं0–9260993945 की ड्यूटी रिर्जव में लगायी गयी है।

## स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। महात्मा गाँधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत 'तीन दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों हेतु" जो लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने एवं अनुदान हेतु इच्छुक हैं वे एक मासीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधीन कार्यरत राजकीय फल संरक्षण केन्द्र – रनियां कानपुर देहात में समपर्क कर अपना पंजीकरण करा ले (08 अगस्त तक) प्रशिक्षण हेतु सीटो की संख्या 30 है, प्रथम आवक प्रथम पावक के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। प्रशिक्षण निःशुल्क है। मो. न. 9919555515 नरेश कुमार सना (प्रभारी) से सम्पर्क कर सकते है।

## स्थानीय किचन 132 डी, ओम पुरवा के खिलाफ एफ आई आर दर्ज

कानपुर नगर। उच्च प्राथमिक विद्यालय टटिया भगवन्त, कम्पोजिट कानपुर नगर में एमडीएम में गुणवत्ता में कमी मिलने पर सप्लाई करने वाली छत्तीसगढ़ सामाजिक सेवा संस्थान जिसका स्थानीय किचन 132 डी, ओम पुरवा में स्थापित है, के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई । समस्त एमडीएम मिड डे मील बनाने वाली संस्था प्रत्येक स्थिति में यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा जो भी खाद सामग्रीआपूर्ति किया जा रहा हैं वह गुणवत्ता पूर्ण हो। गुणवत्ता में कमी होने पर संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने बीएसए समस्त एबीएसए, समस्त प्रधानाचार्य को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि प्रत्येक स्थिति में उनके यहां आने वाले एमडीएम की जांच उनके द्वारा स्वयं की जाए । उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने एमडीएम में मिली कमी के दृष्टिगत समस्त एबीएसए/ प्राचार्य को दिए।उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में एमडीएम में कोई कमी नही मिलनी चाहिए यदि कमी मिलती है तो सम्बन्धित संस्था के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उच्च माध्यमिक विद्यालय टटिया भगवंत कम्पोजिट कानपुर नगर में एमडीएम की गुणवत्ता में कमी पाई गई थी जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आज सामाजिक सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ संस्था के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई।

## कब्जे की शिकायत करना युवक को पड़ा मंहगा, जांच करने गए लेखपालो के सामने ही दबंगो ने शिकायतकर्ता को पीटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई(जालौन)जमरोही खुर्द में तालाब पर हुए कब्जे की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। शिकायत से गुस्साए दबंगो ने युवक को मामले की जांच करने गए लेखपालो की टीम के सामने ही पीट दिया। इस दौरान लेखपाल और कानूनगो मूकदर्शक बने रहे। युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर थाने। पहुंचा तो उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद अब पीड़ित ने एसपी का दरवाजा खटखटाया है।

मामला एट थाना क्षेत्र के जमरोही खुर्द का है। जहां के निवासी युवक ने तालाब पर हुए कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। जिसके बाद मामले की जांच के लिए लेखपालो व कानूनगो की टीम गांव पहुंची थी। जहां शिकायतकर्ता को भी मौके बुलाया गया। जैसे ही वह मौके पर पहुंचा वहां पहले से मौजूद दबंगो ने उसके साथ मारपीट



शुरू कर दी। युवक का आरोप कि जांच दल के सामने ही उसके साथ मारपीट होती रही और उन्होंने कोई बीचबचाव नहीं किया। इसके बाद वह मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचा जहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी रवि कुमार को शिकायती पत्र सौपकर न्याय की गुहार लगाई है।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का शुभारम्भ

कानपुर नगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, श्री राजेश कुमार द्वारा कैलाश सरस्वती इण्टर कालेज, कैलाश बिहार कल्याणपुर, कानपुर नगर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाइजर/बी0एल0ओं की गरिमामयी उपस्थित में दीप प्रज्वलित करके मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में आधार नम्बर एकत्र किये जाने संबंधी आयोग के निर्देशो से सभी को अवगत कराया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि





मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आधार नम्बर एकत्र किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराया गया। मतदाता NVSP एवं टभ्च के माध्यम से स्वयं अपना आधार नम्बर लिंक कर सकता है। ऑफलाइन बी०एल०ओं द्वारा फार्म–6बी पर मतदाता से आधार नम्बर एकत्र करने की कार्यवाही आज से प्रारम्भ हो गयी है। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 02 विशेष अभियान तिथियां यथा–07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को रखी गयी है। यह कैम्प जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित किये जायेगें, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते है। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा। मतदाताओं से प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/अपमार्जन/संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मो को संशोधित किया गया है। संशोधित फार्मो में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तन/निर्वाचन नामावली में संशोधन/मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है। जनपद के सभी मतदाताओं से अपील है कि आयोग की आपेक्षानुसार मतदाता सूची को आधार से लिंक कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।

## 06 अगस्त, 2022 को जनपद न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन

कानपुर नगर। नोडल ऑफीसर आर्बीट्रेशन मैटर्सध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं० 14, कानपुर नगर श्री ए0पी0 मिश्रा ने बताया है कि मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अपेक्षानुसार, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में दिनांक 06 अगस्त, 2022 को जनपद न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में आर्बीट्रेशन वादों का निस्तारण किया जाएगा। मा0 जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक मामलों के निस्तारण हेतु लोक अदालत के पूर्व वादकारियों एवं अधिवक्ताओं की प्री–ट्रायल मीटिंग पीठासीन अधिकारीगणों के साथ दिनांक 04 अगस्त, 2022 को आयोजित की जायेगी।

उक्त प्री–ट्रायल मीटिंग में ऐसे वाद, जो लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह–समझौते के द्वारा निस्तारित हो सकते हैं, को चिन्हित किया जाएगा और पक्षकारों को इस विशेष लोक के माध्यम से वादों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मा0 जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी वादकारियों, अधिवक्तागण, बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं से अपेक्षा की गयी है कि, वह इस विशेष लोक अदालत के आयोजन का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करें और सुलह–समझौते के माध्यम से अपने वाद का निस्तारण करायें, जिससे बार–बार न्यायालय आने–जाने के क्रम से मुक्त हो सके। इससे न केवल वादकारियों का समय, धन और श्रम बचेगा, बल्कि उन्हें लाभ भी होगा। उक्त वादों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल मीटिंग दिनांक 04 अगस्त, 2022 को जनपद न्यायालय के परिसर में आयोजित की जायेगी, जिसमें भाग लेकर वित्तीय संस्थान, बैंक एवं अन्य सभी समूह और पक्ष संबंधित आर्बीट्रेशन के मामले को चिन्हित कराकर उसका निस्तारण करा सकते हैं।

## मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में परौंख के आगनबाड़ी केन्द्र की प्रसंसा

• आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बच्चों को सिखाने की तकनीकी की मा0 मुख्यमंत्री जी ने विशेषरूप से की सराहना

• जनपद में 172214 के सापेक्ष 72209 लाभार्थी बच्चों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए किये गये स्थानांतरित

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। परिषदीय बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से जूता, मोजा, स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, स्वेटर आदि क्रय करने हेतु उनके अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर करने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में माती मुख्यालय में संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों में मुख्य अतिथि के रुप में महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने प्रतिभाग किया। जनपद में 172214 के सापेक्ष 72209 लाभार्थी बच्चों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए स्थानांतरित किए गए। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुनने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक, एसएमसी सदस्य एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन के द्वारा परौंख के आंगनबाडी केन्द्र का औचक निरीक्षण के बारे में उल्लेख करते हुए बताया गया कि "जब मैं आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रवेश किया तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बच्चों का पढ़ाया जा रहा था, एक–एक, हमारी नाक एक" जिससे बच्चे गिनती के साथ–साथ शरीर के अंगों के बारे में भी जानकारी ले रहे थे, यह एक सराहनीय कदम है।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति



शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते पैसा सीधे अभिभावकों के खातों में भेजा जा रहा है, अब अभिभावकों यह जिम्मेदारी है कि उक्त धन से अपने बच्चों के लिए निर्धारित ड्रेस, जूता, मोजा, खरीद कर उन्हें पहनाकर प्रतिदिन विद्यालय भेजें ताकि प्रधानमंत्री जी के सपने हर बच्चे को निपुण बालक के रूप में विकसित करने को पूरा किया जा सके ड्रेस के लिए निर्धारित किए गए रू0 600 की सिलाई हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी संपर्क किया जा सकता है ताकि उन्हें भी रोजगार मिलता रहे। जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने संबोधन में पूर्व राष्ट्रपति जी की जन्मभूमि परौख के आंगनवाड़ी केंद्र की चर्चा की गई है, निश्चित रूप से जनपद के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा धन स्थानांतरण तो कर दिया है अब एसएमसी एवं अभिभावक समिति की बैठकों के माध्यम से शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करें इस धन को प्रयोजन से भेजा गया है उसे ड्रेस, जूता, मोजा, बैग आदि खर्च करने में ही प्रयोग किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, डीसी मुस्ताक अहमद, विवेक दलेला, विनय विश्वकर्मा, बीईओ दिनेश कुमार त्रिपाठी, अजब सिंह, एस आर जी अनन्त त्रिवेदी, सन्त कुमार दीक्षित, राजीव कुमार, नवजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टल एप पर ऑनलाइन फार्म-6बी भर सकता है : डीएम

• हर घर तिरंगा अभियान में बढ़–चढ़कर करें प्रतिभाग : जिलाधिकारी

• आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प का होगा आयोजन : जिलाधिकारी

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही दिनांक 01.08. 2022 से प्रारम्भ की जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के उप नियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जाएगा। फार्म–6बी ऑनलाइन दअेच.पद पर उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टल एप पर ऑनलाइन फार्म–6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। स्व प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नको के साथ फार्म–6बी अनलाइन जमा किया जाएगा। जिला निर्वाचन जिलाधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बी०एल०ओ०, ई०आर०ओ० या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म–6बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 2 तिथियां यथा 07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नंबर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन अपमार्जन/संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मों को परिवर्तित किया गया है। परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण





हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है। आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियाँ यथा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी नेहा जैन ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम सरला द्विवेदी महाविद्यालय में दी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने मा0 सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में हर घर तिरंगा फहराने हेतु सभी लोगों से बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2 अगस्त को पिंगली वेंकैया जी की जयंती है, जिन्होंने हमारे राष्ट्रीय ध्वज को कमेपहद किया था, उनकी जन्म दिवस पर सभी लोग उत्साह के साथ मनाये। इस मौके पर जिलाधिकारी को अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व जेपी गुप्ता, विद्यालय की छात्राओं में मनू सिंह, रूबीना, सिद्दीकी ने फार्म–6बी में अपना आधार नम्बर भरकर जिलाधिकारी को फार्म जमा किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, एसडीएम सदर वागीश कुमार शुक्ला, तहसीलदार रणविजय सिंह, डीआईओएस अरविन्द कुमार द्विवेदी, विद्यालय प्रबन्धक नरेन्द्र द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निर्वाचन से रामसेवक वर्मा द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## सिविल जज के घर हजारों की चोरी जांच में जुटी पुलिस

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। खाली घर पाकर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।



थाना निघासन क्षेत्र के दौलतापुर के मजरा जानकीनगर फार्म स्थित सिविल जज प्रदीप शुक्ला के घर चोरों ने खाली घर पाकर सेफ व अलमारी का लॉक तोड़कर चालीस हजार नगदी समेत कीमती जेवरात पार कर दिया। पीड़िता प्रियंका शुक्ला ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर कोतवाली पुलिस को दी हैं। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच चल रही हैं, प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है, जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

## मौरंग व्यवसायी के यहां हुई चोरी का पुलिस ने 24 घण्टे में किया खुलासा

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। मौरंग व्यवसायी के यहां हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा किया है। पुलिस ने दो शातिरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगदी समेत जेवरात, तमंचा व बम बरामद किए हैं। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक



राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मुगलाही मोहल्ला निवासी मौरंग व्यवसायी इशरत अली के घर से शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात चोरी किये थे। चोर सीसीटीवी में कैद हुए थे। मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे में लग गई थी। बिंदकी कोतवाल रवींद्र श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सुमित नारायण ने सर्विलांस सेल की मदद से सोमवार की भोर पहर दो युवकों साजिद खान निवासी कोड़ा जहानाबाद, राजकरन निवासी लंका रोड बिंदकी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने सात लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात, 1500 रुपया नगद, एक तमंचा व दो बम बरामद किए हैं। एसपी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम को एसपी ने 10 हजार का ईनाम दिया है।

## अशोथर कस्बे में सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। असोथर कस्बे में समाजवादी पार्टी द्वारा सदस्यता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विशंभर प्रसाद निषाद पूर्व सांसद राज्यसभा ने सैकड़ों लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। सांसद ने कहा की पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा, सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों व रीतियों को बताए और सदस्य बनाए। उन्होंने कहा की हर कार्यकर्ता के साथ समाजवादी पार्टी खड़ी है। किसी के साथ कोई अन्याय होता है।तो उसकी लड़ाई लड़ी जाएगी। पूर्व सांसद विशम्भर निषाद व जिला महासचिव डी जी कुशवाहा ने सभी सदस्यों को सदस्यता दिलाई। सदस्य बनने




वालों में पुष्पराज सिंह मौर्य,बाबू सिंह यादव ,हरेन्द्र निषाद,राकेश सिंह चौहान,रियाजुल हसन,गजेंद्र सिंह, रमेश चंद्र पासवान, संतोष कुमार गुप्ता, अनन्त लाल सोनी सहित सैकड़ों लोगों ने रसीद काटकर सदस्यता ली।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते जहानाबाद विधायक एवं ब्लाक प्रमुख अमोली

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर संवाददाता संजय शुक्ला

अमौली। विकासखंड अमौली के विकास खंड संसाधन केंद्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 12 सौ रुपए धनराशि का अंतरण करने के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुनने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल तथा ब्लाक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राम भक्त वर्मा एवं संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया प्रादेशिक दिशा निर्देशों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल द्वारा विकासखंड अमौली के ब्लॉक संसाधन केंद्र में विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विभिन्न आयोजनों के साथ निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी बच्चों को किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख ने शिक्षकों एवं अभिभावकों से अंतरित धनराशि से बच्चों के लिए वांछित सामग्री खरीदने की बात कही। उन्होंने कहा कि माता पिता के बाद गुरु ही बच्चों के संरक्षक होते हैं शिक्षकों को इसलिए कर्तव्य का पालन अवश्य करना चाहिए ।तो विधायक ने शिक्षकों को दायित्व निर्वाहन करने एवं अभिभावकों से बच्चों को समय से ड्रेस में विद्यालय भेजने की बात कही। और कहा कि हम सब मेहनत करेंगे तो मुख्यमंत्री जीके नेतृत्व में प्रदेश निपुण प्रदेश अवश्य बनेगा। और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए बेसिक शिक्षा परिवार की सराहना भी की। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का उपस्थित हेतु आभार जताया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए शिक्षक उमेश कुमार ने उपस्थित अभिभावकों से जोड़कर सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल



अध्यक्ष संतोष गुप्ता नागेश प्रताप सिंह, आदित्य पांडेय, शैलेंद्र सचान, शुभा देवी,प्रतिमा उमराव, दयाराम गौतम, योगेंद्र सिंह गोली, विभव सिंह, मयंक कटियार सौरभ उमराव, आशीष उत्तम, सौरभ सचान,विद्यासागर ,सुशील उत्तम अशोक कुमार, रामकरण सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनडीआरएफ टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, किया गॉवों का दौरा

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी 11–डी टीम ने गुरकुंडा, गौढ़ी, मूलचंदपुरवा, नरहर इत्यादि बाढ़ प्रभावित गावों का भ्रमण किया तथा ब्लाक फूलबेहड़ में एक जन–जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए हुए ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों, पंचायत मित्रों, आपदा मित्रों,



उपस्थित ग्रामीणों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन, आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया।

एनडीआरएफ वाराणसी कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ 11डी टीम जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन व जन–जागरूकता का कार्य किया जा रहा। इसी क्रम में सोमवार इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस प्रोग्राम मे टीम ने सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, भूकम्प से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को एस्टेबलाइज करना व पीड़ित की जान बचाने के लिए सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया। इस कार्यक्रम से ब्लॉक में उपस्थित समस्त लोग लाभान्वित हुए। इस प्रोग्राम के दौरान एनडीआर एफ टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के साथ 09 सदस्यीय टीम के अतिरिक्त बीडीओ पीयूष कुमार सिंह, एडीओ यशवंत सिंह व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नपाप गोला ने जलापूर्ति के लिये लगाये दो टैंकर

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में स्वच्छ पेयजल एवं साफ–सफाई की सुविधाएं विधिवत् रूप से हो सके। 



इसके लिए नगर पालिका परिषद गोला में दो पानी टैंकर व कूड़ा उठाने हेतु एक लोडर का क्रय किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि नगर के संभ्रांत नागरिकों को सर्वाधिक सुविधाएं प्रदान कराये जाने के नगर पालिका परिषद हमेशा से ही प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर में पौराणिक शिव मंदिर पर सावन माह में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होने पर काभी संख्या मे भण्डारे का आयोजन भी किया जाता है जिससे भक्तगणों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े, उसके लिये भीड़भाड़ वाली जगहों पर पानी के टैंकरों द्वारा जलापूर्ति की जाती है। साथ ही सामूहिक कार्यों एवं चैत्र मास में लगने वाला ऐतिहासिक चैती मेला की दृष्टिगत रखते हुये जलापूर्ति की समास्या को इन पानी के टैंकरों द्वारा सहयोग किया जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नरायन दीक्षित, प्रधान लिपिक राजेश बाजपेई, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा समस्त कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

## अब कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को सौंपी गई टीबी के मरीज खोजने की जिम्मेदारी

- हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर दो माह तक चलेगा विशेष खोजी अभियान

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के दृष्टिगत जनपद में दो माह तक विशेष टीबी मरीज खोजी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जन–जन से जुड़ सके, इसके लिए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर भी टीबी के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनकी जांच कराएंगे। इसके लिए सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, बीपीएम और बीसीपीएम को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह अभियान एक अगस्त से 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत को टीबी मुक्त बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित है, उसी के क्रम में जनपद खीरी को भी टीबी मुक्त बनाने के अभियान के क्रम में दो माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला टीबी अस्पताल, जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टर्स को भी इसे लेकर प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं जिला टीबी अस्पताल और समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। ग्रामीण अंचल के जनमानस तक अभियान को पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचलों में बनाए गए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर तैनात सीएचओ अब इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। टीबी के लक्षण युक्त मरीजों की पहचान कर उनकी जांच करा कर उनका इलाज कराना भी सुनिश्चित कराएंगे। मरीजों को निशुल्क उपचार के साथ ही पोषण योजना के तहत सभी को 500 रुपए प्रति माह भी दिया जाएगा। इस दौरान सभी पात्र बच्चों को एएनएम द्वारा बीसीजी का टीका भी लगाया जाएगा। यह अभियान 1 अगस्त से 30 सितंबर तक चलाया जाएगा और इसकी प्रगति जानने के लिए माह की 16 तारीख और 2 तारीख को सभी सीएचओ से रिपोर्टिंग प्राप्त की जाएगी। फिर ब्लॉक स्तर से चार तारीख को जिला स्तर पर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी और उसके बाद यह रिपोर्ट शासन तक भेजी जाएगी।

## सर्किल रेट की वृद्धि को लेकर वकीलों व दस्तावेज नवीस ने किया प्रदर्शन

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। निघासन तहसील अधिवक्ता संघ के वकील व बैनामा लेखक ने संयुक्त मीटिंग तहसील अधिवक्ता संघ में हुई। मूल्यांकन सूची में अप्रयाशित वृद्धि के विरोध में वकीलों ने नारेबाजी कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार को अपर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपनिबंधक रश्मि प्रभा को सौंपा। बताते चले कि तीन दिन तक लेखन का काम नहीं करेंगे।

वकीलो ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा आपत्ति व सुझाव देने के बाद विचार नहीं किया गया। तहसील निघासन बाढ़ प्रभावित होने के कारण अस्सी फीसदी फसल का नुकसान हो जाता हैं।

विकासशील ग्रामों में अधिकतम क्षेत्रफल 0.100 हेक्टेयर से कम होने पर काफी असुविधा होती है, जिसको कम करते हुए 0.050 हेक्टेयर तक निर्धारित किया जाए।

राष्ट्रीयमार्ग, जनपदीय मार्ग, में समान रूप से वृद्धि होती है तथा पक्की सड़कों का पृथक–पृथक दर निर्धारित किया जाए। कृषि भूमि पर दो चकमार्ग पर 10 प्रतिशत वृद्धि थी, जिसे यथावत रखा जाए।



इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रुहेला मंत्री राकेश वैश्य उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश संयुक्त मंत्री राजू गिरि, दिनेश गुप्ता आत्म कुमार, बीपी श्रीवास्तव, एसके पांडे, मो. अमीन, वीरेंद्र भदौरिया, रमेश गोस्वामी, नवदीप सिंह, मो. लतीफ, हरिनंदन यादव, सर्वेश यादव, अशोक तिवारी, कमलेश वर्मा, रामदुलारे, व मीडिया प्रभारी रमेश भारती, रजीउल्ला खान सहित तमाम अधिवक्ता व बैनामा लेखक मौजूद रहे।

## कोतवाली प्रभारी मितौली व हिंदू युवा वाहिनी ने कांवरियों पर की पुष्प वर्षा



विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। मितौली क्षेत्र के कस्बा भीखमपुर में कोतवाली प्रभारी मितौली व ओम भोले शक्ति कांवरिया सेवा समिति भीखमपुर के द्वारा कांवरियों पर फूलों की वर्षा की गयी। वहीं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जैसा कि पुराणों में वर्णित है कि पवित्र सावन महीने में भोले शंकर, शिव शंभू भोले कैलाश पति शंकर भगवान की पूजा बेलपत्र चढ़ाने दर्शन मात्र से ही समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं और मन मनवांछित फल प्राप्त होता है। थानाध्यक्ष मितौली सुनीत कुमार, हिंदू युवा वाहिनी व ओम भोले शक्ति कांवरिया सेवा समिति भीखमपुर की तरफ से सब्जी पूड़ी, सोनू त्रिवेदी किराना स्टोर के सौजन्य से दही जलेबी और बृज किशोर मिश्र ढकिया की तरफ से झांसी वाले के मशहूर बताशे और त्रिवेदी खाद भंडार की तरफ से हलुवा का प्रसाद कांवरियों वितरण किया गया। जबकि सावन माह में भोलेनाथ की मान्यता के चलते दूर–दूर से कावरियां छोटी काशी में भोलेनाथ पर जल अभिषेक कर अपनी अपनी मन्नते मांगते हैं और भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामनायें पूरी करतें है। सावन माह में हर सोमवार को सभी जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया है। सावन का महीना बहुत ही महत्वपूर्ण व पवित्र माना गया है। पुराणों के अनुसार इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। भोलेनाथ की पूजा करने के लिए यह माह विशेष रूप से अति उत्तम है और माताओं–बहनों ने भी कावंरियों पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, मितौली तहसील अध्यक्ष इन्दु पाण्डेय, गोला तहसील अध्यक्ष पीयूष जायसवाल, तहसील मंत्री शुभम तिवारी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी योगेश कुमार प्रजापति, तहसील उपाध्यक्ष गुड्डन शुक्ल, दयाशंकर पाण्डेय, पवन मिश्र, नारायण प्रसाद त्रिवेदी, विजेंद्र शर्मा, अंबिका मिश्र, प्रभात, विकास मिश्र, संदीप मिश्र, श्याम मोहन, राम मोहन, मोनू बाजपेई, मुकेश त्रिवेदी, पिंटू मिश्र, रानू पांडे, अभिनेश अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, सोनू त्रिवेदी सहित समस्त क्षेत्रवासी व ग्रामवासी सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ

- जिला स्तर पर एडीएम एवं तहसीलों पर एसडीएम ने किया कार्यक्रमों का शुभारंभ

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। खीरी में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का शुभारम्भ हुआ। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ एडीएम /डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने युवराज दत्त महाविद्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे एवं भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में मध्यान्ह 12 बजे किया। कार्यक्रमों की कालेज के प्रचार्य व प्राचार्या ने कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थायें की। दोनों कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थिति बीएलओ, सुपर वाइज़र एवं छात्रों, मतदाताओं को आयोग के उद्देश्य के बारे में बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस कार्य में पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने अपने सम्बोधन में आधार नम्बर एकत्र किये जाने की ऑनलाइन व आर्फलाइन प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी। वाईडीसी में कार्यक्रम का संचालन जनपद स्तर पर नामित एनएसएस को आर्डिनेटर डा. सुभाष चन्द्रा, भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का संचालन, प्रो. शशिप्रभा बाजपेई ने किया। उपस्थित छात्रों एवं मतदाताओं द्वारा संबंधित फार्म–6 ख भरकर जमा किये गये तथा आनलाइन भी फार्म–6 ख भरवाया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 137–पलिया में बल्देव वैदिक इण्टर कालेज, पलिया का कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे, 138–निघासन के जिला पंचायत इण्टर कालेज निघासन में पूर्वान्ह 11 बजे, 139–गोला के क्रेन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय गोला में पूर्वान्ह 11 बजे, 141–धौरहरा के चौधरी बेचे लाल महाविद्यालय रसूलपुर धौरहरा में मध्यान्ह 12 बजे, 143–कस्ता के चन्द्रिका सिंह सुन्दर सिंह महाविद्यालय मितौली में अपरान्ह 01 बजे, 144–मोहम्मदी के मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी में संबंधित एसडीएम/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने शुभारम्भ किया। इसी प्रकार



जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित सुपर वाइजरों के पर्यवेक्षण में बीएलओ ने कार्यक्रम आयोजित किया, मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से फार्म–6 ख भरवाकर प्राप्त किये। आज कार्यक्रम के प्रारम्भ के पश्चात् निरन्तर बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से 31 दिसंबर 2022 तक मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से फार्म–6 ख प्राप्त किया जायेगा। इस दौरान 07 अगस्त (रविवार) एवं 21 अगस्त (रविवार) को विशेष अभियान दिवस नियत है।

## सीडीओ ने शिक्षकों, अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्य देकर किया सम्मानित



- सीएम के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में हुआ सजीव प्रसारण

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। सोमवार को सीएम द्वारा निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता–मोजा व स्टेशनरी विक्रय के लिए धनराशि 1200 रुपये डीबीटी से छात्र–छात्राओं के माता/पिता/अभिभावकों के खाते में धनराशि हस्तांतरित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में सजीव प्रसारण हुआ।

कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत के संग मां सरस्वती पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी ने सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि छात्र–छात्राओं के शैक्षिक प्रगति हेतु डीबीटी से धनराशि हस्तांतरित की जा रही। इस धनराशि से बच्चों के लिए क्रय की जाने वाली सभी सामग्री दो सेट यूनिफॉर्म, जूता–मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी को अभिभावक तुरंत खरीद कर अपने बच्चों को उपलब्ध कराएं, जिससे बच्चे निर्बाध रूप से शिक्षा ग्रहण कर सके। आज हम आजादी के अमृत महोत्सव के मना रहे हैं। आज हमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्प लेना है। आज निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा। निपुण भारत अपने स्कूलों, शिक्षकों, माता–पिता और समुदायों के साथ–साथ छात्रों को हर संभव तरीके से बच्चों की वास्तविक क्षमता को प्राप्त करने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करने के लिए समर्थन व प्रोत्साहित करने के लिए परिकल्पित है। बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने बताया कि सत्र 2021–22 में 4,79,163 छात्र–छात्राओं के माता/पिता/अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी से 1100 रुपये धनराशि का सफल स्थानांतरण किया गया था। गत सत्र 2021–22 में सर्वाधिक सर्वाधिक छात्र–छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा क्रय से संबंधित धनराशि सीधे उनके माता/पिता/अभिभावकों के खातों में हस्तांतरित करने में प्रदेश में जनपद खीरी का प्रथम स्थान पर रहा है। सत्र 2022–23 में 1200 रुपये की धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, जिसके द्वारा दो सेट निःशुल्क यूनिफॉर्म, जूता–मोजा, स्कूल बैग, स्वेटर और स्टेशनरी का क्रय किया जाना है। 2022– 23 सत्र में जनपद खीरी में छात्र–छात्राओं का कुल नामांकन 588860 है। जिसमें 462274 छात्र–छात्राओं का आधार वेरीफिकेशन पूर्ण हो चुका है। कुल 547353 अभिभावकों की संख्या का आधार वेरीफिकेशन पूर्ण हो चुका है। वर्तमान सत्र 2022–23 के प्रथम चरण में सर्वाधिक 250625 अभिभावकों के खातों में निःशुल्क यूनीफॉर्म, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी से संबंधित धनराशि सीधे उनके माता–पिता के खातों में स्थानांतरित करने में भी में खीरी प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने शिक्षकों व अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन रितु अवस्थी व सफल संयोजन डीसी पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में एनके मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामजी पाण्डेय, बीईओ मुख्यालय बृजेश त्रिपाठी, बीईओ नगर क्षेत्र शत्रुघ्न सरोज, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जीएस पाण्डेय, दीपक अवस्थी, बीएसए कार्यालय के कर्मचारी, कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, हाथों में तिरंगा लिए बच्चे उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय....

## आजीविका मिशन से बढ़ा महिलाओं का स्वावलंबन

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम किया है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ न केवल अपने अधिकार के लिए जागरूक हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को उनका हक दिलाने और उनकी समस्याएँ सुलझाने के लिए भी प्रयास कर रहीं हैं। गाँवों में महिला सशक्तिकरण का यह अद्भुत उदाहरण है। हरियाणा के भिवानी जिले के सिवानी ब्लॉक के आजीविका मिशन प्रोग्राम मैनेजर जगबीर रमेश सिंहमार का कहना है कि गरीबों में गरीबी से बाहर आने की तीव्र इच्छा होती है, और उनमें जन्मजात क्षमताएं होती हैं इसलिए गरीबों की जन्मजात क्षमताओं को उजागर करने के लिए सामाजिक लामबंदी और गरीबों की मजबूत संस्थाओं का निर्माण महत्वपूर्ण है। सामाजिक लामबंदी, संस्था निर्माण और सशक्तिकरण प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए आजीविका मिशन समर्पित और संवेदनशील संरचना है।

आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा सामाजिक आर्थिक परिवर्तन ला रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण गरीब विशेषकर स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों का आर्थिक और सामाजिक दर्जा सुधारने के लिए संकल्पबद्ध है। दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्म विश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। ये केंद्र सरकार का गरीबी राहत कार्यक्रम है। इसे वर्ष 2011 में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा श्आजीविका – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के रूप में लॉन्च किया गया था। 2015 में इसका नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कर दिया गया।

दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण लेकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ न केवल अपने अधिकार के लिए जागरूक हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को उनका हक दिलाने और उनकी समस्याएँ सुलझाने के लिए भी प्रयास कर रहीं हैं। गाँवों में महिला सशक्तिकरण का यह अद्भुत उदाहरण है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम किया है। देश भर के ब्लाकों में महिला स्वयं सहायता समूहों की कैंटीन संचालित हो रही हैं। उचित दर की दुकानों का संचालन भी समूह की महिलाएं कर रही हैं। जैविक खेती में भी महिला समूहों ने नया कीर्तिमान बनाया है।

यह योजना पहले की स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का एक उन्नत संस्करण है। कार्यक्रम आंशिक रूप से विश्व बैंक द्वारा समर्थित हैय इसका उद्देश्य प्रभावी और कुशल संस्थागत मंच बनाना है ताकि ग्रामीण गरीबों को स्थायी आजीविका संवर्द्धन और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच के माध्यम से अपनी घरेलू आय बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, गरीबों को अधिकारों, सार्वजनिक सेवाओं और अन्य अधिकारों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाएगा।

हरियाणा के भिवानी जिले के सिवानी ब्लॉक के आजीविका मिशन प्रोग्राम मैनेजर जगबीर रमेश सिंहमार का कहना है कि गरीबों में गरीबी से बाहर आने की तीव्र इच्छा होती है, और उनमें जन्मजात क्षमताएं होती हैं इसलिए गरीबों की जन्मजात क्षमताओं को उजागर करने के लिए सामाजिक लामबंदी और गरीबों की मजबूत संस्थाओं का निर्माण महत्वपूर्ण है। सामाजिक लामबंदी, संस्था निर्माण और सशक्तिकरण प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए एक बाहरी समर्पित और संवेदनशील संरचना की आवश्यकता है। ज्ञान के प्रसार, कौशल निर्माण, ऋण तक पहुंच, विपणन तक पहुंच और अन्य आजीविका सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाना इस कार्यक्रम की गतिशीलता को रेखांकित करता है।

एनआरएलएम के तहत हम सभी गतिविधियों का मार्गदर्शन करने वाले मूल मूल्य संजोकर गरीब महिलाओं को आगे बढ़ने कि दिशा देते है, जैसे– सभी प्रक्रियाओं में सबसे गरीब को शामिल करना और सबसे गरीब को सार्थक भूमिका देना, सभी प्रक्रियाओं और संस्थानों की पारदर्शिता और जवाबदेही, सभी चरणों में गरीबों और उनके संस्थानों का स्वामित्व और महत्वपूर्ण भूमिका, योजना कार्यान्वयन और निगरानी, समुदाय आत्मनिर्भरता और चरणबद्ध कार्यान्वयन और एनआरएलएम द्वारा परिकल्पित जिलों और ब्लॉकों के कवरेज के संदर्भ में वर्षवार विवरण।

मिशन का उद्देश्य गरीबों की अंतर्निहित क्षमताओं का दोहन करना और उन्हें अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए क्षमताओं (जैसे ज्ञान, सूचना, उपकरण, वित्त, कौशल और सामूहिकता) से लैस करना है। यह योजना स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और संघ संस्थानों के माध्यम से 7 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों को कवर करने और 8–10 वर्षों में आजीविका सामूहिक के लिए समर्थन करने के एजेंडे के साथ शुरू हुई। एनआरएलएम केंद्रीय मंत्रालयों के अन्य कार्यक्रमों के साथ जुड़ाव पर अत्यधिक जोर देता है। गरीबों की संस्थाओं के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तालमेल विकसित करने के लिए राज्य सरकारों के कार्यक्रमों के साथ–साथ लीड करता हुआ चलता है।

आजीविका मिशन अपने तीन स्तंभों के माध्यम से गरीबों की मौजूदा आजीविका संरचनाओं को बढ़ावा देने और स्थिर करने पर केंद्रित है। एक ग्रामीण गरीब परिवार की कम से कम एक महिला सदस्य को एक एसएचजी के नेटवर्क में लाया जाना है। यह गरीबों की वित्तीय प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने के लिए है।पहला मौजूदा आजीविका का विस्तार करके और कृषि और गैर–कृषि दोनों क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसरों का दोहन करकेय दूसरा रोजगार निर्माण कौशल के जरिये और तीसरा उद्यमध्स्वरोजगार को बढ़ावा देकर। इस योजना की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह ग्रामीण विकास मंत्रालय की अन्य सरकारी योजनाओं के साथ भागीदारी को उच्च प्राथमिकता देती है। यह पंचायती राज संस्थाओं के साथ संबंध बनाने का भी प्रयास करता है।

आज देश के गांवों में कई स्वयं सहायता समूह जैविक तरीके से सब्जी की खेती कर रहे हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम किया है। ब्लाकों में महिला स्वयं सहायता समूहों की कैंटीन संचालित हो रही हैं। उचित दर की दुकानों का संचालन भी समूह की महिलाएं कर रही हैं। जैविक खेती में भी महिला समूहों ने नया कीर्तिमान बनाया है। गांवों में कई स्वयं सहायता समूह जैविक तरीके से सब्जी की खेती कर रहे हैं। महिला समूहों की महिलाओं ने खेती में रोजगार तलाशा है।

एनआरएलएम ने स्व–प्रबंधित स्वयं सहायता समूहों और संस्थानों के माध्यम से 8–10 वर्षों की अवधि में देश के 600 जिलों, 6000 ब्लॉकों, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 6 लाख गांवों में 7 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों को कवर करने और उन्हें समर्थन देने के लिए एक एजेंडा निर्धारित किया है। जिस से गरीबों को उनके अधिकारों और सार्वजनिक सेवाओं, विविध जोखिम और सशक्तिकरण के बेहतर सामाजिक संकेतकों तक पहुंच बढ़ाने में सुविधा होगी। एनआरएलएम गरीबों की जन्मजात क्षमताओं का उपयोग करने में विश्वास रखता है और देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए उन्हें क्षमताओं सूचना, ज्ञान, कौशल, उपकरण, वित्त और सामूहिकता के साथ पूरा करता है।

–प्रियंका सौरभ

## हमारे बड़े बुजुर्ग वह पेड़ हैं जो थोड़े कड़वे हो सकते हैं लेकिन इनके फल बहुत मीठे होते हैं और इनकी छांव का कोई मुकाबला नहीं

बुजुर्ग कुल और वंश का प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्ति हैं

बड़े बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इन्हें भौतिक सुख सुविधाओं से अधिक अपनों के साथ की जरूरत होती है

बड़े बुजुर्गों और हमारी पिछली पीढ़ियों से अक्सर हम सतयुग और कलयुग का नाम सुनते आ रहे हैं जिसे समझने के लिए हमें भारतीय कवि गीतकार प्रदीप के भजन देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान कितना बदल गया इंसान और आज के इस इंसान को ये क्या हो गया इसका पुराना प्यार कहां पर खो गया, को सुनकर खासकर वर्तमान पीढ़ी के युवाओं को रेखांकित करना समय की मांग है। वैसे तो परिस्थितियों के अनुसार स्थितियां बदलती रहती है परंतु मेरा मानना है कि हमारे बड़े बुजुर्गों के प्रति सोच में बदलाव को सभी ने एक साथ मिलकर रोकना होगा क्योंकि हमारे बड़े बुजुर्ग कुल और वंश का एक प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्तित्व हैं। वह हमारी धरोहर हैं, इन्हें भौतिक सुख सुविधाओं से अधिक अपनों के साथ की जरूरत होती है। हमारे युवाओं को यह समझना होगा कि हमारे बड़े बुजुर्ग वह पेड़ है जो थोड़े कड़वे हो सकते हैं लेकिन इनके फल बहुत मीठे होते हैं, इसके दो कदम आगे इनकी छांव का कोई मुकाबला नहीं हो सकता। साथियों बात अगर हम हमारे बड़े बुजुर्ग रूपी धरोहर को सुरक्षित रखने की करें तो हम सबको मिलकर इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे हमारी सोच को इनके प्रति सकारात्मक बनाए रखना होगा पाश्चात्य और नए जमाने की सोच को विराम देना होगा क्योंकि सांस्कृतिक श्लोकों में भी आया है, अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोंसेविनरू ! चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम!!अर्थात जो बुजुर्ग वृद्धजनों विनम्र और नित्य अनुभवी लोगों की सेवा करते हैं उनकी चार चीजें हमेशा बढ़ती रहती हैं –आयु विद्या यश और बल ! पर अफसोस इस बात का है कि यह चारों चीजें सभी को चाहिए लेकिन!! वृद्ध जनों बुजुर्गों अनुभवी सम्मानित लोगों की सेवा कोई नहीं करना चाहता है !

साथियों हाल ही में, बुजुर्गों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था हेल्पएज इंडिया द्वारा 4.5 हजार लोगों पर किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार जो प्रमुख तथ्य सामने आए वे इस प्रकार हैंरू–सर्वेक्षण के मुताबिक देश के 19 शहरों में बुजुर्गों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। उनमें मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर प्रमुख हैं। बुजुर्गों को प्रश्नावली भरने को दी गई थी, उसमें लगभग 44 फीसदी लोगों ने यह स्वीकारा कि सार्वजनिक स्थलों पर उनके साथ बुरा व्यवहार किया जाता है।देश के 53 फीसदी बुजुर्ग ऐसा मानते हैं कि समाज में उनके साथ भेदभाव किया जाता है।सार्वजनिक स्थलों पर किसी बात की जानकारी मांगने पर 64 फीसदी लोग उनके साथ बुरे लहजे में बात करतेहैं सार्वजनिक स्थलों की लाइन में आगे खड़े होने पर 12 फीसदी बुजुर्गों को आसपास मौजूद लोगों की उग्र प्रतिक्रिया देनी पड़ती है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक मेंटिनेस एंड वेलफेयर ऑफ सीनियर सिटीजन एक्ट पर सही ढंग से अमल नहीं हो रहा।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के महत्व की करें तो, इंसान सब कुछ भूल सकता है, लेकिन अपने पूर्वज नहीं। इनके बिना हमारा इतिहास बिल्कुल बेकार है और इतिहास बोध से कटे हुए समाज जड़ों से टूटे हुए पेड़ के समान होते हैं। जिस घर के अंदर बड़े बुजुर्गों का आदर और सम्मान नहीं किया जाता उस परिवार में सुख, समृद्धि, संतुष्टि और स्वाभिमान कभी नहीं आ सकता। बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान होते हैं। बुजुर्ग हमारी धरोहर है। उन्हें सहेजने की जरूरत होती है। अगर हम परिवार में स्थाई रूप से सुख–शांति और समृद्धि पाना चाहते हैं, तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान अवश्य करें। हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते है। हमारे बड़े बुजुर्ग हमारे धरोहर है इन्हें सहेज कर रखना सम्मानीत करते रहना से हमें हर पल कुछ ना कुछ सीखने का मिलता है लंबी उम्र गुजार चुके इन बुजुर्गों के अनुभव का लाभ मिलता है यही नहीं किसी भी आपदा के समय किस प्रकार से धैर्य के साथ काम करना है उस दौरान हमें इनके अनुभवों का लाभ मिलता है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ढलती उम्र में प्रवेश करने वाले सभी मनीषियों को अपने भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के बारे में शुरू से ही तैयारी करनी चाहिए, ताकि रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति अपनी जरूरतें खुद पूरी कर सके शुरू से ही अपने सामाजिक संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसे रिश्ते किसी इन्वेस्टमेंट की तरह होते हैं। जिनके लिए नियमित रूप से थोड़ा समय और पैसे खर्च करने की जरूरत होती है। यह बात हमेशा याद रखें कि वृद्धावस्था में पुराने दोस्त रिश्तेदार और पड़ोसी ही मददगार होते हैं। आजकल ज्यादातर परिवारों में एक या दो ही संताने होती है। अगर उन्हें कैरियर की वजह किसी दूसरे शहर या देश में शिफ्ट होना पड़े तो ऐसी स्थितिके लिए माता–पिता को पहले से ही मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। बुजुर्गों को अपना सामाजिक दायरा विस्तृत करना चाहिए सबसे जरूरी बात यह है कि बुजुर्ग अपनी बढ़ती उम्र को बीमारी ना समझें और जहां तक संभव हो सामाजिक रूप से सक्रिय रहने की कोशिश करें। हां जब उनका शरीर थकने लगे तो ऐसी स्थिति में संतानों को भी यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि चाहे कितनी भी व्यस्तता क्यों ना हो। अंततरू बुजुर्ग माता–पिता उन्हीं की जिम्मेदारी हैं। चाहे कितनी भी व्यस्तता हो कम से कम सुबह और रात को सोने से पहले उनके साथ बातचीत के लिए 10–15 मिनट जरूर निकालें। लंच टाइम में अगर आप उनसे केवल इतना ही पूछ लें कि आपने खाना खाया या नहीं ऐसी छोटी–छोटी बातों से भी उन्हें बहुत खुशी मिलती है।

साथियों हमें अपने बच्चों को शुरू से ही ग्रैंडपेरेंट्स का सम्मान करना सिखाएं। अगर दोनों पीढ़ियां एक–दूसरे की जरूरतों और भावनाओं का ख्याल रखना सीख जाएं तो इससे कई समस्याएं अपने आप दूर हो जाएंगी। बुजुर्गों को भी आराम और पर्सनल स्पेस की जरूरत होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आजकल महानगरों के अपार्टमेंट्स में एक ही साथ दो फ्लैट की बुकिंग का चलन बढ़ रहा है ताकि दोनों पीढ़ियों की जीवन शैली में अंतर की वजह से किसी को असुविधा ना हो। अपने बेटे के पास वाले फ्लैट में रहने की वजह से बुजुर्ग भी खुद को अकेला महसूस नहीं करते। साथियों बात अगर हम इस समस्या को गहराई से देखने की करेंगे तो, सिर्फ परिवारों के टूटने से दिक्कतें बढ़ी हैं और भाइयों के बीच होने वाले संपत्ति विवाद की वजह से बुजुर्ग माता–पिता को घर से बेदखल करने के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि इस एक्ट के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर बेटा या बेटी अपने अभिभावक को प्रताड़ित करता है तो माता–पिता उसे अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बुजुर्ग कुल और वंश का प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्ति है। बड़े बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इन्हें भौतिक सुख सुविधाओं से अधिक अपनों के साथ की जरूरत होती है हमारे बड़े बुजुर्ग वह पेड़ हैं जो थोड़े कड़वे हो सकते हैं लेकिन इनके फल बहुत मीठे होते हैं और इनकी छांव का तो कोई मुकाबला नहीं है। कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## हेपेटाइटिस को ठीक करने के लिए जितनी जरूरी मेडिसिन हैं उससे कहीं ज्यादा लाइफस्टाइल भी

नई दिल्ली. इलाज के बावजूद वायरल हेपेटाइटिस पूरी दुनिया में टीबी के बाद दूसरी सबसे ज्यादा होने वाली संक्रामक बीमारी है. इसका सबसे बड़ा कारण है जानकारी का अभाव. दुनियाभर में वायरल हेपेटाइटिस से संक्रमित 10 में से 9 लोगों को इस बात की खबर ही नहीं है कि वो एक गंभीर इंफेक्शन से पीड़ित हैं. ऐसा इंफेक्शन जिसका अगर समय पर पता न चले और इलाज न हो तो जानलेवा साबित हो सकता है. वायरल हेपेटाइटिस के इसी खतरे को समझते हुए लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली के बीएलके–मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल ने आज एक वॉकथॉन का सफल आयोजन किया.

इस वॉकथॉन को बीएलके–मैक्स के डॉक्टरों की टीम ने लीड किया जिन्हें अस्पताल के स्टाफ ने सपोर्ट किया. यहां इंस्टिट्यूट फॉर डाइजेस्टिव एंड लिवर डिसीज के चेयरमैन और एचओडी डॉ. अजय कुमार, एचपीबी सर्जरी एंड लिवर ट्रांसप्लांटेशन के सीनियर डायरेक्टर एंड एचओडी डॉ. अभिदीप चौधरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपाटोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. मानव माधवन की टीम ने इस वॉकथॉन को लीड किया और साथ में अन्य डॉक्टर्स, हॉस्पिटल स्टाफ व लोकल सिटिजंस समेत 250 सहभागियों ने इसमें हिस्सा लिया. वॉक ए माइल शीर्षक के बैनर तले इस वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई गई जो बीएलके मैक्स अस्पताल से सुबह 6 बजे शुरू हुई और करीब 5 किलोमीटर का रूट तय करने के बाद सुबह 9 बजे अस्पताल के प्रांगण में इस वॉकथॉन का समापन हुआ. इस दौरान पूरे रूट पर अलग–अलग किस्म की एक्टिविटीज की गईं और लोगों को वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरुक किया गया.

वॉकथॉन के बाद एक सत्र के जरिए डॉक्टर्स ने अपनी बात भी रखी और हेपेटाइटिस से बचाव और इसके एडवांस ट्रीटमेंट मेथड्स की भी जानकारी दी. पूरे सत्र में डॉक्टर्स की तरफ से इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे अवेयरनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के जरिए हेपेटाइटिस से बचाव किया जा सकता है. बीएलके–मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में इंस्टिट्यूट फॉर डायजेस्टिव एंड लिवर डिसीज के चेयरमैन और एचओडी डॉ. अजय कुमार ने इस मौके पर कहा, ये समझते हैं कि हेपेटाइटिस वायरस कैसे शरीर में जाता है और कैसे इसके इंफेक्शन से बचा जा सकता है. हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई दूषित खाने या पानी के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे में फैलता है यानी ये संक्रमण फैको–ओरल ट्रांसमिशन के जरिए फैलता है. साफ–सफाई का ध्यान रखकर इस संक्रमण से बचा जा सकता है. हालांकि, एहतियात के तौर पर हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीनेशन का भी इस्तेमाल किया जाता है. वैसे तो हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के बहुत कम मरीजों की गंभीर स्थिति होती है जिन्हें आईसीयू में एडमिट करना पड़ता है. लेकिन कुछ केस में लिवर ट्रांसप्लांट की नौबत भी आ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के कारण हर साल 14 लाख लोगों को जान गंवानी पड़ती है. एचआईवी से 9 गुना ज्यादा लोग इन वायरस से संक्रमित हैं. ये वायरस सीरियल किलर की तरह है और टीबी के बाद दूसरे नंबर पर इनसे सबसे ज्यादा मौतें होती हैं. वायरल हेपेटाइटिस के कारण कुल जितनी मौतें होते हैं उनमें 96 फीसदी वो केस होते हैं जो हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी से इंफेक्टेड होते हैं. यानी इन दोनों वायरस का मॉर्टेलिटी रेट बहुत हाई है. हेपेटाइटिस एक चुनौती बनता जा रहा है. इस साल वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे की थीम ब्रिंगिंग हेपेटाइटिस केयर क्लोजर टू यूश् रखी गई है. डा. अभिदीप चौधरी ने बताया, हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के इंफेक्शन से क्रोनिक बीमारियां भी हो जाती हैं. इनके कारण लिवर की बीमारी, स्रोसिस और लिवर कैंसर होने का भी खतरा रहता है. ये इंफेक्शन दवाइयों से आसानी से रोके जा सकते हैं या इन्हें पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है. इसके अलावा इस दशक की एक बड़ी खोज ये है कि हेपेटाइटिस सी में ड्रग थेरेपी पूरी तरह सक्सेसफुल है. हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए रिसर्च अभी चल रही है, फिलहाल इसके लिए जो एंटी–वायरल दवाइयां हैं वो सिर्फ वायरस के प्रसार को रोक सकती हैं. भारत में स्रोसिस होने का दूसरा सबसे कारण हेपेटाइटिस बी है. इसके अलावा लिवर कैंसर का भी ये एक बड़ा कारण है, करीब 40 फीसदी लिवर कैंसर के पेशंट हेपेटाइटिस बी से संबंधित होते हैं. यही वजह है कि हेपेटाइटिस बी से स्रोसिस और लिवर कैंसर होने का भी खतरा रहता है।हेपेटाइटिस को ठीक करने के लिए जितनी जरूरी मेडिसिन हैं उससे कहीं ज्यादा लाइफस्टाइल भी है. डॉ.मानव वाधवन ने इस बारे में बताया, इस इंफेक्शन से बचने के लिए रुटीन लाइफ को सुधारने की भी बेहद आवश्यकता है। शराब पीना, मोटापा, डायबिटीज जैसे वो कारण हैं जो हेपेटाइटिस को पैदा करते हैं, इसलिए इनसे बचने की जरूरत है. क्रोनिक हेपेटाइटिस के कारण हेपाटोसेल्यूयर कैंसर होने की आशंका रहती है, ऐसे में बीमारी या किसी अनहोनी से बचाव के लिए ये जरूरी है कि मरीज लगातार डॉक्टर से संपर्क में रहे।

दुनियाभर में वायरल हेपेटाइटिस के साथ जी रहे 290 मिलियन लोगों को चेकअप कराने और इलाज लेने की जरूरत है ताकि इस संक्रमण से बचा जा सके और सुरक्षित जिंदगी गुजारी जा सके. हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टेस्टिंग बढ़ाने, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन की जरूरत है. हेपेटाइटिस के इन्हीं घातक नतीजों को ध्यान में रखते हुए बीएलके अस्पताल ने वॉकथॉन का आयोजन किया ताकि इसके जरिए वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे 2022 के मौके पर लोगों को हेपेटाइटिस के बारे में अवेयर किया जा सके।

## अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रखी

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े–लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैस यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैस उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैस शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े–बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चौनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार–प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

### : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

# संक्षिप्त समाचार

## एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला सेवायोजन अधिकारी, श्रावस्ती ने बताया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार 03 अगस्त, 2022 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय गोरखपुर में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 50 कम्पनियॉ आ रही है। उन्होने जनपद श्रावस्ती के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे अपना बायोडाट/रिज्युम एवं उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in एवं www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन कर सकते है साथ ही वृहद रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु उक्त तिथि को मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय गोरखरपुर में जाकर प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय मुख्यालय भिनगा, श्रावस्ती से सम्पर्क कर सकते है।

## विद्युत कनेक्शन को लेकर उच्चाधिकारियों को दिया शिकायती पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। मौदहा विकास खंड क्षेत्र के गढ़ा गांव निवासिनी रजनी देवी ने जिलाधिकारी व अधिशाषी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 20.06.2022 को घरेलू कनेक्शन हेतु 1800 रुपये जमा कर आनलाइन आवेदन किया था परंतु अभी तक कनेक्शन नही हुआ है। बताया कि मै पति सहित विद्युत विभाग मौदहा के लगातार चक्कर काट रही हूं। कोई सुनवाई नही हो रही है। जब मामले में अवर अभियंता मौदहा चंद्रप्रकाश से जानकारी ली गई तो बताया कि आवेदिका के परिवारियों का बिल बकाया है जमा कराने के बाद ही कनेक्शन होगा। जेई का यह भी कहना है कि गांव के प्राइवेट लाइन मैंन ने बताया है कि कनेक्शन नही करना है जो लाइनमैन कहेगा वही करना पड़ेगा। शिकायत कर्ता के मुताबिक उक्त लाइनमैन अवैध वसूली करता है न देने पर अधिकारियों को झूठी सूचनाएं देता है गुमराह करता है। मिली जानकारी के अनुसार गांव का लाइनमैन बच्चू यादव आवेदिका से कनेक्शन के नाम पर 2700 रुपये मांग रहा था न देने पर खुन्नस मानता है। कहा कि तुम चाहे जहा चली जाओ तुम्हारा कनेक्शन नही होगा। जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि मैं दूसरे का बिल कैसे जमा करूँ। शिकायत कर्ता ने उच्चाधिकारियों से कनेक्शन जल्द से जल्द कराए जानें की मांग की है।

## लघु सेतु ध्वस्त होने के कारण मार्ग रहेगा बंद

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 2 दृगपाल सिंह वर्मा ने सर्वधारण को सूचित किया है कि जनपद हमीरपुर में मौदहा बिवॉर जलालपुर कुपरा मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग–55बी) के किमी 23 में बाँधुर नहर पर पूर्व निर्मित लघु सेतु पूर्णतयः क्षतिग्रस्त हो गया है। उक्त मार्ग पर जनहित के दृष्टिगत दो पहिया वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के चार पहिया एवं भारी वाहन का प्रवेश सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त न होने के कारण प्रतिबन्धित किया गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले समस्तगणों एवं वाहन चालको से उन्होंने अपील की है कि इस मार्ग के स्थान पर मुस्करा बिलगॉव कुपरा मार्ग का प्रयोग किया जाना जनहित में उपयुक्त होगा।

## नव पथ फाउडेशन के कार्यकर्ताओ ने किया घायल गाय का उपचार

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के कमलेश तिराहा में देर रात्रि ट्रक द्वारा गाय का पैर कुचलकर भाग जानें की सूचना पर नव पथ फाउडेशन के कार्यकर्ता समाजसेवी स्पनेश सोनी, तनिष्क सोनी, नैतिक और रोहित ने मौके पर पहुंचकर गाय की यथास्थिति को देखते हुए उपचार के लिए स्थानीय पशु चिकित्सक को फोन से सूचित करने के प्रयास किया गया। चिकित्सक द्वारा फोन न उठाए जानें पर टीम द्वारा स्वयं गाय का मौके पर उपचार करने का प्रयास किया गया। घाव गहरा होने की वजह से खून बहना बंद कर पाने में टीम विफल रही। जिसके बाद प्राइवेट डाक्टर द्वारा इंजेक्शन लगवाकर गाय के पैर में पट्टी बंधवाई गई। घाव इतना गहरा था की पट्टी बधने के बावजूद भी खून बंद होने का नाम नही ले रहा था। जिसके बाद टीम ने ईओ सुमेरपुर को मामले की जानकारी दी। ईओ के हस्थछेप के बाद नगर पंचायत की जेबीसी से गाय को गौशाला भिजवाया गया। नव पथ फाउंडेशन टीम के मुताबिक डाक्टरों ने बताया की घायल गाय का उपचार शुरू कर दिया गया है। जल्द ही आराम मिल जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी रोहित सिंह, संस्कार, बजरंगी भाई आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## महिला से मारपीट के मामले में दरोगा के बाद कोतवाल पर भी गिरी गाज, एसपी ने किया लाइनहाजिर

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर।जनपद में चोरी के आरोपी को पकड़ने गांव गई पुलिस ने आरोपी न मिलने पर उसकी पत्नी को घर के अंदर बेरहमी से पीटने के मामले में एसआई के निलंबन के बाद अब कोतवाल दिनेश सिंह को लाइनहाजिर कर दिया गया है। विनोद राय को राठ कोतवाली की कमान सौंप दी गई है। मामले की जांच सीओ राठ अभय नारायन राय कर रहे हैं।महिला ने पुलिस पर घर में तोड़फोड़ करने व उसके साथ मारपीट का आरोप लगाया था। राठ क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी मंजुल ने बताया कि उनके पति सीताराम लोधी पर किसी ने चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस उनके घर पकड़ने गई थी। मंजुल ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया उपनिरीक्षक देवीदीन ने घर के अंदर घुसकर डंडे से बेरहमी से पीटा साथ में आई महिला पुलिसकर्मी को बाहर भगा दिया था।मारपीट से शरीर पर गंभीर चोट आई। बताया कि पुलिस ने घर में तोड़फोड़ की और अपने साथ कोतवाली ले जाकर एक कमरे में 3 दिन बंद रखा। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने महिला का शांतिभंग में चालान कर दिया था। सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण कराने गई महिला ने उपनिरीक्षक द्वारा मारपीट की घटना बताई। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रविवार को उपनिरीक्षक देवीदीन को निलंबित कर दिया था। वहीं सोमवार को इस मामले में राठ कोतवाल दिनेश सिंह को लाइनहाजिर कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## आधुनिक सुविधाओं और शिक्षण सामग्री से परिपूर्ण है राजकीय पुस्तकालय



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के प्रयासों से नये कलेवर में रुपांतरित जिला राजकीय पुस्तकालय प्रतियोगी छात्रों के अध्ययन हेतु पूरी तरह तैयार हो चुका है। आज महिन्द्रा इजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दान में प्राप्त शैक्षणिक सामग्री पुस्तकालय पहुंच गयी है। जनपद के आपदा विशेषज्ञ द्वारा इसे उपजिलाधिकारी आशुतोष को सौंपा गया जो कि अब छात्रों के अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं। इस संस्था द्वारा छात्रों के अध्ययन हेतु बैंकिंग और एस0एस0सी0 की किताबें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में राजकीय पुस्तकालय को उपलब्ध करायी गयी हैं। इसके अलावा अग्रणी शिक्षण संस्थान कैरियर मंत्रा के डायरेक्टर इं सौरभ शर्मा द्वारा नीट, आई0आई0टी0, बैंकिंग व एस0एस0सी0 की तैयारी के लिए पूरी शिक्षण सामग्री जिलाधिकारी को दान में प्रदान की गयी हैं। जिसे भी पुस्तकालय में छात्रों के लिए उपलब्ध करवा दिया गया। इसके अलावा जो छात्र ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं या कोई जानकारी चाहते हैं उनके लिए कंप्यूटर व इंटरनेट की भी व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने जनपद के छात्र–छात्राओं से अपील किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकालय की सुविधाओं का लाभ उठायें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। जिससे उन्हें अपेक्षित सफलता मिल सके।

## बाढ़ कन्ट्रोल रुम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चक्रानुक्रम में लगायी गयी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) कमलेश चन्द्र ने बताया है कि जनपद स्तर पर बेहतर बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के प्रबन्धन एवं सूचनाओं के त्वरित सम्प्रेषण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष के पास कक्ष संख्या–06 में स्थापित बाढ़ कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चकानुक्रम में लगायी गई है। यह कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर प्राप्त सूचनाओं को पंजिका में दर्ज करके प्राप्त सूचनाओं से प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोम रूम को तत्काल अवगत करायेंगे। इस कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 8429321551 एवं 7395045570 है। यह कन्ट्रोल रूम 24•7 अनवरत क्रियाशील रहेगा।

उन्होने बताया कि जनपद स्तर के नोडल अधिकारी रोहित यादव, डिप्टी कलेक्टर, श्रावस्ती एवं उनके सहायक के रूप में गफ्फार हुमायू, आपदा सलाहकार (9044040477) एवं अरूण मिश्र, आपदा विशेषज्ञ (9721939303) को नियुक्त किया गया है, जो नियमित रूप से कन्ट्रोल रूम में लगे कर्मचारियों पर नियन्त्रण एवं पर्यवेक्षण रखेंगे। उन्होने यह भी बताया कि बाढ़ के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारीध्सूचना तहसीलदार भिनगा (9454416092) तहसीलदार इकौना (9454416093) तहसीलदार जमुनहा (9454416095) के सी0यू0जी0 नम्बर पर प्राप्त कर सकते है।

## थाना अकबरपुर पुलिस व स्वाट टीम ने गिरोह बनाकर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात के निर्देशन एंव अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में थाना अकबरपुर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये गिरोह बनाकर चोरी की घटना कारित करने वाले शातिर चोर गिरोह के 10 नफर अभियुक्तों को दिनाँक 01.08.2022 को 04 अदद अवैध मय तमंचा 08 अदद कारतूस व 04 अदद मोटर साइकिल, 01 अदद चौन (पीली धातु) मय सोने चांदी के आभूषण व जामातलाशी के 900 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि दिनांक 18.07.2022 को श्री नीतू त्रिवेदी पुत्र मोहन त्रिवेदी नि0 आट थाना अकबरपुर कानुपर देहात द्वारा आभूषण व नगदी आदि चोरी के सम्बन्ध में थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0–494/22 धारा–457/380 भा0द0वि0 बनाम बाइस्तवाह पंजीकृत हुआ। दिनाँक–31.07.2022 को मुखबिर खास सूचना पर थाना अकबरपुर पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा गिरोह बनाकर चोरी की घटना कारित करने वाले 10 नफर अभियुक्तों 1. मकबुल पुत्र छिद्दू खॉ 2. साहिल पुत्र मकबूल 3. शाहरूख उर्फ लम्बू पुत्र शरीफ उर्फ पप्पू 4. शाहरुख पुत्र सलीम 5. शमशाद पुत्र मटरू 6. मटरू उर्फ बडेलाल पुत्र छुट्टन उर्फ छोटे 7. चॉदबाबू पुत्र मटरू नि0गण ग्राम मटियामऊ थाना अकबरपुर कानपुर देहात 8. यूसफ पुत्र बाबूदीन नि0 नौरंगाबाद थाना रूरा 9. बदलू पुत्र स्व0 नाजिर नि0 ग्राम नंगापुर थाना गजनेर 10. देशराज उर्फ भूरा साहू पुत्र गंगाराम नि0 खलवा थोक कस्बा रनिया थाना अकबरपुर कानपुर देहात को 04 अदद अवैध तमंचा (03–315 बोर, 01–12 बोर) मय 08 अदद कारतूस (06–315 बोर, 02–12 बोर), 01 अदद चोरीशुदा मोटर साइकिल(मु0अ0सं0 883/21 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना अकबरपुर), 03 अदद घटना में प्रयुक्त की जाने वाली मोटर साइकिल, 01 अदद चौन पीली धातु मय सोने चांदी के आभूषण व जामा तलाशी के 900 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध शस्त्र के सम्बन्ध में थाना अकबरपुर में क्रमशः मु0अ0सं0 522,523,524,525/2022 धारा 3ध्25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा। घटना कारित करने का तरीका– पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि वह सभी गैंग



बनाकर सूनसान गांव से हटकर खेतों पर बने मकानों की रेकी करते थे।

तत्पश्चात चिन्हित घरों को निशाना बनाते हुऐ दीवाल काटकर हम में से एक घर के अन्दर घुसता था और अन्दर की परिस्थितियों को परख कर बाहर खडे अपने साथियों को अन्दर बुला लेता था। हम लोगों के पास सब्बल, पाना, रिंच आदि सामग्री रहती थी जिससे हम लोग ताला आदि को तोडकर घटना को अंजाम देते थे।

## चोरी के जेवरात, मोटर साइकिल, दो अभियुक्ततमंचा सहित गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर । जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रात्रि गस्त व चेकिंग के दौरान थाना सिसोलर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों रामू श्रीवास्तव उर्फ विकास पुत्र मुन्नाबाबू उर्फ हलधर निवासी ग्रा0 सरसई थाना कुरारा व रुपसिंह पुत्र दातादीन उम्र करीब निवासी ग्रा0 खैरी थाना सिसोलर को 02 अवैध तमंचा (एक तमंचाध्एक जिन्दा कार0 315 बोर व एक तमन्चाध्एक जिंदा कारतूस 12 बोर) चोरी के 03 मोबाइल फोन, आभूषण सफेदध्पीली धातु, गृह भेदन के उपकरण व एक चोरी की मो0साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से अवैध असलहा एवं आभूषण बरामदगी के संबन्ध में थाना सिसोलर पर धारा–3ध्25 आर्म्स एक्ट व 411 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभि0गण उपरोक्त के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल पल्सर उपरोक्त की चोरी के सम्बन्ध में थाना कबरई जनपद महोबा में मु0अ0स0–209/22 धारा–379 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत है। पूछताछ में जानकारी मिली की रामू श्रीवास्तव उर्फ विकास पुत्र मुन्नाबाबू उर्फ हलधर नि0ग्रा0 सरसई थाना कुरारा जनपद हमीरपुर द्वारा पहला अपराध वर्ष 2017 में अपने साथी विक्रम अहिरवार के साथ मिलकर जनपद हमीरपुर रोडवेज बस स्टैण्ड से शिक्षिकाध्अध्यापिका के साथ मोबाइल लूट की घटना कारित की गयी थी एवं अपने आपराधिक साथियों के साथ जनपद हमीरपुर के कोतवाली नगर, जलालपुर, मौदहा एवं गैर जनपद के थाना कालपी, थाना कदौरा जनपद जालौन में लूट, चोरी, एनडीपीएस ऐक्ट एवं 307 आईपीसी जैसा जघन्य अपराध कारित किया गया है एवं गैग्स्टर के मुकदमें में फरवरी 2022 में छूटने के बाद अपने आपराधिक साथी रुपसिंह उपरोक्त के जो तत्समय अभि0 विकास उपरोक्त के साथ जिला जेल हमीरपुर में बन्द था के साथ मिलकर जनपद झाँसी में चोरी की घटना एवं जनपद महोबा थानान्तर्गत कबरई में मोटरसाइकिल चोरी की घटना कारित की गयी एवं दिनांक 01.08.2022 को चोरी किये गये माल को बेंचने के लिये एवं जनपद में चोरी की घटना कारित करने के उद्देश्य से थाना कबरई से दिनांक 28.07.2022 को अभियुक्त गण द्वारा चोरी की गयी मोटरसाईकिल को लेकर अपराध करने जा रहे थे। अभि0गण उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह लोग प्रायः चोरी करने के लिये ऐसे मकानों को निशाना बनाते हैं, जो बन्द रहते हैं और चोरी की घटना करने के लिये अक्सर चोरी की मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं, जिससे कि अगर कहीं पकडे जाने का डर हो या पकडे जायें तो हम लोग की पहचान न हो सके। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 12 बोर, चोरी के 03 मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल (UP-95 Q-3699 पल्सर), 02 जंजीर पीली धातु , दो अंगूठी पीली धातु, सोलह पीली धातु की कान की छोटी बाली, छः कान के झाले पीली धातु, दो बाली कान की पीली धातु, दो मंगल सूत्र एक में पीली धातु का पेंडलध्एक पीली धातु का लाकेट, एक लाल कलावा धागा में मगल सूत्र पीली धातु, दो कान के झाले सफेद धातु, दो अगूठी सफेद धातु की, चौदह बिछिया सफेद धातु, चार पायल सफेद धातु (कुल माल की अनुमानित कीमत 03 लाख रुपए) बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 सुरेश कुमार सैनी थाना सिसोलर, उ0नि0 अविलाख सिंह थाना सिसोलर, का0 शुभम सिंह थाना सिसोलर, का0 शिव शंकर यादव थाना सिसोलर, का0 कमलेश यादव थाना सिसोलर, का0 अंजनी मिश्र थाना सिसोलर, का0 कुलदीप यादव थाना सिसोलर , का0 नवीन कुमार थाना सिसोलर शामिल रहे।

## अधिवक्ता आज देश के अनेक प्रांतों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित एवं भयभीत



कानपुर देहात। न्याय व्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ अधिवक्ता आज देश के अनेक प्रांतों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित एवं भयभीत हैं आजाद देश में यह कभी कल्पना भी नहीं की गई थी ।

उक्त बातें मुलायम सिंह यादव एडवोकेट पूर्व महामंत्री जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने अधिवक्ता रणजीत सिंह जिनके ऊपर विगत दिनों खेतों से घर आ रहे कुल्हाड़ी व अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया था उनके घर मिलने के बाद कही उन्होंने कहा कि अधिवक्ता एवं उनके परिवारजनों पर अदालतों एवं अदालतों के बाहर बिना किसी कारण के प्राणघातक हमले किए जा रहे हैं जब कि वह न्यायालय में अपने कर्तव्य का पालन कर रहे है उन्होंने आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा बढ़ा कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की उन्होंने अफसोस जाहिर करते हुए कहा यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कानून की रक्षा करने वाले आज उन्ही अधिवक्ताओं की स्वयं सुरक्षा के लिए कोई विधि संगत अधिनियम का प्रावधान नहीं है उनके निवास पहुंचने वालों में सर्वश्री रमेश चंद्र सिंह गौर अनूप सिंह महेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिवालिक महाविद्यालय से किया “आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान” का शुभारम्भ

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के मतदाताओं से किया स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर सम्मिलित कराये जाने की अपील



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने हेतु ''आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान'' का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा, भिनगा से द्वीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अभियान के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर फार्म–6बी के माध्यम से बीएलओ द्वारा एकत्रित किये जायेंगे।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं द्वारा अपना आधार नम्बर उपलब्ध कराया जाना पूर्णतः स्वैच्छिक है। आधार नम्बर उपलब्ध न कराने पर भी मतदाता सूची से उनका नाम नही कटेगा। किसी भी स्थिति में मतदाताओं के आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि यदि मतदाताओं के पास उनका आधार कार्ड नही है तो वे 11 अन्य दस्तावेज जैसे–मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकध्डाकघर द्वारा जारी की गयी पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, चालान अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड, एनपीआर के अधीन आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, छायाचित्र के साथ पेंशन दस्तावेज, केन्द्रीय/राज्य सरकार/पीएमयू/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों को जारी छायाचित्र के साथ सेवा पहचान कार्ड, संसद सदस्यों/विधानसभा सदस्योंध्विधान परिषद सदस्यों को जारी शासकीय पहचान–पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी) देकर अपडेट करा सकते है। उन्होने बताया कि मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम–1960 के उप नियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जाएगा। फार्म–6बी ऑनलाइन दअेचण्पद पर उपलब्ध है। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टलध्एप पर ऑनलाइन फार्म–6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकते है।

उन्होने बताया है कि स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण का कार्यक्रम 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ किया जा रहा है तथा 07 अगस्त, 2022 (रविवार) तथा 21 अगस्त, 2022 (रविवार) को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर इसके लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं से आधार नम्बर को एकत्रित कराया जा सकें। उन्होने सभी बीएलओ को इसके लिये निर्देशित किया है कि सभी बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्रित करने के पश्चात फार्म–6बी में भरकर पदाभिहित/ बीएलओ के पास तथा वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर पर जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष में चार अर्हक तिथियां यथा–01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई पात्र व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिये है, तो वे अपना नाम विधानसभा की मतदाता सूची में शामिल करा सकते है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आशुतोष, तहसीलदार रामप्यारे, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, प्रधान सहायक सुनील कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार कानूनगो हरिदेव प्रसाद पाण्डेय, प्राचार्य डा0 के0एल0 पाठक, उप प्राचार्य डा0 देवेन्द्र त्रिवेदी, महाविद्यालय के प्रवक्तागण, अध्यापकध्अध्यापिकाएं, लेखपालगण, बी0एल0ओ0 गण एवं महाविद्यालय परिवार के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## अतरार गांव में खुले में घूम रहा अन्ना छुट्टा जानवर, सरकारी योजनाओं को लगाया जा रहा पलीता



दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर(सुमेरपुर)। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए नए नए तरीकों से प्रयास करते है। लेकिन भ्रष्टाचार का दीमक दिन दूगनी रात चौग्नी की तरह फैलता ही चला जा रहा है। प्रदेश सरकार अन्ना जानवरों को सुरक्षित करने के लिए करोड़ो रुपए पानी की तरह बहा रही है। ताकि अन्ना छुट्टा जानवरो को पूर्णता रुप से गौशलाओ में संरक्षित किया जा सके साथ ही उनके खान पान की भी उचित व्यवस्था की जा सके. लेकिन गोवांशो को संरक्षित करने के सभी दावे फेल होते हुए दिखाई दे रहे है। क्योंकि जिम्मेदार अपनी अपनी आंखो में पट्टी और कानो में रुई लगाए हुए है। क्षेत्र में दिन रात अन्ना जानवर रोड में घूमते हुए दिखाई दे रहे। जो सरकार के तमाम दावों पर सवालिया निशान खड़े करने के लिए काफी है। सुमेरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरार में अन्ना छुट्टा जानवरो सड़को को अपना आशियाना बनाए हुए है। रात का अंधेरा हो या दिन का उजाला अन्ना जानवर सड़को से हटने का नाम नही लेते. अन्ना जानवरो का हुजूम रोड में खुलेआम घूमता हुआ दिखाई देता है जिससे आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नही कई बार राहगीर जानवरो के झुंड के चपेट में आकर एक्सीडेंट जैसी घटनाओ का शिकार भी हो जाते है। जिम्मेदार अधिकारी गौवंश संरक्षण के नाम पर लगातार बजट पास करवा रहे है। बरहाल बात अगर सरकारी कागजों की बताई जाएं तो ग्राम पंचायत अतरार में अन्ना जानवरो को पूर्णता संरक्षित किया जा चुका है। लेकिन आपको बताते चलें की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। क्योंकि गौशाला में एक भी अन्ना जानवरों को संरक्षित नही किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## बच्चों के अभिभावकों को योगी जी का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया

औरैया। अजीतमल क्षेत्र के ग्राम बीसलपुर में उचित कमपोजिट माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को बच्चों के अभिभावकों को योगी का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया। जिसमें डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए की धनराशि बच्चों के लिए सीधे अभिभावक के खाते में दी जाएगी। जिसमें बच्चों



के लिए ड्रेस ,जूते, स्वेटर ,बैग आदि सामान खरीद सकें। इसी क्रम में ग्राम प्रधान, अध्यापक, अभिभावक मौजूद रहे।

## स्थानी थाने की पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही धनंजई गांव में पुलिस ने कुर्क की 15 लाख की सम्पति,मचा हड़कंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर सोमेन बर्मा के दिशा निर्देश पर पुलिस ने शुरू किया अपराधियो की नकेल कसने की कार्यवाही। मुकदमा अपराध संख्या 182/2018 के क्रम में कूरेभार पुलिस ने की 14 ए की कार्यवाही। जिला मजिस्ट्रेट के निदेशानुसार धारा गंगैस्टर एक्ट 2/3(1) के तहत कुर्क की गई 15 लाख 25 हजार तीन सौ रूपये की सम्पति। ग्रामीणों में मचा हड़कंप। अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र स्व.विजय



कुमार सिंह निवासी धनंजई थाना कूरेभार के विरूद्ध हुई सम्पति कुर्क करने की कार्यवाही।तहसीलदार बल्दीराय घनश्याम भारतीय व क्षेत्राधिकारी बल्दीराय राजाराम चौधरी ने मुनादी करवाकर खेत की करवाई गई जुताई व हुई अन्य विधिक कार्यवाही। वही कूरेभार थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मीकांत मिश्र का कहना अभियुक्त कुलदीप सिंह के खिलाफ कूरेभार थाने में दर्ज है दर्जन भर आपराधिक मुकदमे। साथ ही अभियुक्त कुलदीप सिंह ने अपराध के दौरान अर्जित की गई है उक्त सम्पति। मौके पर उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह समेत भारी पुलिस बल रहा मौजूद।

## विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते समय शिक्षक की अचानक हुई मौत, शिक्षकों में शोक की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। बल्दीराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षक शिव पूजन बच्चों को कक्षा में पढ़ा रहे थे तभी अचानक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गयी।क्लास में पढ़ाते समय उनके सीने में असहनीय दर्द होने से गिर पड़े।स्टाफ के लोगो ने उनके उपचार के अस्पताल ले लाये जहाँ चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। देखते ही देखते शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एव शिक्षको की भीड़ उमड़ पड़ी।परिजनों में कोहराम मच गया।मामला प्राथमिक विद्यालय चकमूसी, न्याय पंचायत हेमनापुर, बल्दीराय विकास खण्ड से जुड़ा हुआ है जिसको लेकर सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। शिव पूजन पुत्र दीनानाथ गुप्ता बल्दीराय ब्लॉक के ग्राम पूरे जमांदार दौनव के निवासी थे



। वे विवाहित थे उनकी पत्नी सरिता आयु 30 वर्ष और उनका एक चार महीने का पुत्र शिवांश भी है।अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ चले गए। शिव पूजन सोमवार को लगभग 11.30 बजे क्लास में पढ़ाते समय असामयिक निधन हो गया।शिक्षक की मौत की सूचना प्राप्त होते ही शिक्षक समुदाय समाज मे शोक की लहर दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करे शोकाकुल परिवारीजनों को अपार दुःख सहने की सामर्थ्य प्रदान करे। इस घटना से शिक्षक समाज को अपूर्णीय क्षति पहुंची है वहीं दूसरी तरफ से शोक में शोक व्याप्त है।

## रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट का प्रयास, गोमती मित्रों संग रच दिया इतिहास

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। इसे आस्था का सैलाब कहें या राष्ट्र के प्रति प्रेम,रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत दिलीप दास जी के संयोजन एवं गोमती मित्र मंडल के सहयोग से सीता कुंड धाम पर आयोजित किए गए अमृत महोत्सव कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा,हजारों की भीड़ के सामने जब मां गोमती का दुग्धाभिषेक शुरू हुआ तो उपस्थित श्रद्धालुओं ने शांतचित्त होकर इस अनूठे दृश्य को अपनी आंखों में कैद करने की कोशिश की,रंगोली की दिव्य सजावट पूरे तट परिसर को शोभायमान कर रही थी तो उसी के साथ २०२२ दीपों के दीपदान ने पूरे तट को सितारों सा चमका दिया था,उसके



बाद जब शुरू हुई आदि गंगा मां गोमती की महाआरती तो एक बार लगा जैसे आकाश से भी मां गोमती के जयकारों की गूंज हो रही हो,हर श्रद्धालु रोमांचित था,बड़े–बड़े धर्माचार्यों, संतों,महात्माओं को अपने बीच पाकर प्रणाम की मुद्रा में सादर खड़ा था,मुख्य अतिथि रहे परम पूज्य महंत श्री धर्मदास जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय पंच रामानंदीय निर्वाणी अनी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम,विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे परम पूज्य महंत राम प्रकाश दास जी महाराज,आचार्य नीरज शास्त्री जी महाराज,डॉ सीताशरण त्रिपाठी,डॉ जयशंकर पांडे जी,डॉ आर सी पाण्डेय, अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ला,महासचिव समरजीत सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगजीत सिंह छंगु, आलोक आर्या,रामप्रताप सिंह,सुरेन्द्र प्रताप सिंह ,(अधि),संजय सिंह मोनू,रघुवंश मणि सिंह,मनोज कुमार सिंह (अधि),उदय नाराण सिंह,अभय प्रताप सिंह,आशीष सिंह रघुवंशी आदि, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह,संरक्षक रतन कसौंधन,युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा,विकास शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता सेठ,कार्यक्रम संयोजक दिनकर सिंह,संत कुमार प्रधान आदि व्यवस्था में लगे रहे।।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक 02 अगस्त को

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र प्रभात यादव ने बताया कि माह जुलाई 2022 की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 02 अगस्त को अपरान्ह 04:00 बजे विकास भवन सभागार, उरई में आहूत की गयी है। अतः उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसे अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारी गण विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

## तीन परिवार गिले शिकवे भूल हुए एक दुजे के परिवार परामर्श टीम कर रही है सराहनीय कार्य




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई,जालौन। पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार के निर्देशानुसार परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 03 परिवारों के समझौते करा कर बिखरने से बचाया गया। महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम उ0नि0 रानी गुप्ता प्रभारी महिला परामर्श केन्द्र नसीम खांन डॉ0 विनोद पाठक अल्का लाक्षाकार. उर्मिला यादव म0का0 प्रियंकावादी देवेन्द्र कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम रूरा मल्लू थाना जालौन जनपद जालौन प्रतिवादी सपना गोस्वामी निवासी गनेशपुरा थाना लहार जनपद भिन्ड म0प्र0 का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया वादी निशा पुत्री सरमन निवासी ग्राम ऐंधा थाना कोटरा जनपद जालौन प्रतिवादी रोहित पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम आटा जनपद जालौन का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया वादी इन्द्रा पत्नी संजीव उर्फ कड़ोरे निवासी ग्राम चिल्ली थाना डकोर जनपद जालौन प्रतिवादी संजीव उर्फ कड़ोरे पुत्र नन्दराम निवासी आर्शीवाद होटल के पीछे नहर कालौनी थाना कोंच जनपद जालौन का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया।

## बच्चों ने मिलकर मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर विकास खंड शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत बच्चों ने मिलकर मनाया आजादी का अमृत महोत्सव जिसके उपरांत मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय वैदहा , विकास क्षेत्र, जयसिंहपुर में बहुत हर्ष उल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि बद्री प्रसाद शर्मा (भूतपूर्व सैनिक ) रहे।

दीप प्रज्वलन के पश्चात ,शर्मा ने अपने सैनिक जीवन के बारे में बताया कि वे 1965 और 1971 में पाकिस्तान से लड़ाई में भारत के लिए लड़े। 1986 में जाफना की लड़ाई में भारत की तरफ से लड़े। देश के लिए जान गंवाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों , महापुरुषों को नमन करते हुए प्रधानाध्यापिका श्रीमती कांति सिंह ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की तथा स्मृति चिन्ह देकर और शाल



ओढ़ा कर स्वागत किया। ए आर पी अजित सिंह यादव ने स्कूल के बच्चों को आजादी के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए आजादी के 75 वर्ष में प्रवेश पर देश को आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को नमन किया। विद्यालय में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एस एम सी अध्यक्ष जहीर, सहायक अध्यापक राकेश कुमार, विकास मुइनुद्दीन , श्रीमती श्रद्धा सिंह, शिक्षामित्र केश कुमार सिंह , श्रीमती रीना सिंह , श्रीमती मालती यादव और कई एसएमसी सदस्य , आदि सब अभिभावक उपस्थित रहे।

## नौनिहालों का भविष्य अंधकार में बच्चों को सड़ी आलू की सब्जी खिला कर उड़ाई जा रही सरकार की धज्जियां





दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अशोक वर्मा। विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा आनापुर नरायनगंज जहां नौनिहालों को भोजन सड़ी हुई आलू से कराया जाना है जी हां आपको सुनकर बड़ा अजीब लग रहा होगा लेकिन यह सत्य है,पचास से सत्तर हजार वेतन पाने वाले नौनिहालों को सड़ी हुई आलू से करवाएंगे मिड डे मील का भोजन जब कि गुणवत्ता को जाँचने परखने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होती है भोजन बनने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों को आधे घंटे पहले चखना होता है उसके बाद ही इन नौनिहालो को भोजन कराया जाना होता है लेकिन पैसे की लालच क्या से क्या नही करा देती है अधिकारी जब अपने खुद के बच्चो को घर पर सुबह की सब्जी शाम को नही खाने देते तो इन बच्चो को सड़े भोजन कैसे करा देते है,शिकायत पर अधिकारी इनको बुलाते है और एक मोटी रकम लेकर छोड़ देते है ।

जब कि यदि इन टीचरों के बच्चे और अधिकारियों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़े तो समझ मे आये लेकिन कहते है ना कि वर मेरे या कन्या पंडित को दक्षिणा से मतलब इनको कोई फर्क नही पड़ता सब्जी सड़ी हो या हो चावल मे कीडे ,बेसिक शिक्षा अधिकारी को चाहिए कि जो बच्चे पढ़ रहे है उनके परिवार के हर दिन एक अलग अलग परिवार के सदस्य को बुला कर फीडबैक ले तो शायद सुधार हो सकता है। इनपर अब आप द्वारा क्या कार्यवाही सुनिश्चित होती है देखना है।

## सावन माह में अब नहीं सुनाई देती आल्हा गायन की गूज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। एक समय सावन माह का शुभारम्भ होते ही लोग एक समूह मे बैठकर आल्हा गायन का मजा लिया करते थे इसका सुखानुम उनसे इतर और कोई बयां नही कर सकता। वीर रंग में परिपूर्ण इस विद्या से अब धीरे–धीरे नई पीढ़ी का मोह भंग होता जा रहा है। बुदेलखण्ड की पहचान बने आल्हा गायन हो या कजली की सुरीली तान अब लोग गीत की यह विद्या समय के साथ विलुप्त की द्य कगार पर पहुचती दिखाई दे रही है।

भारतीय परंपरा का प्रमुख तत्व उसकी लोग संस्कृति है ग्राम गीत की भारत में परंपरा रही है लोक मानस के कंट में श्रुतियों मे तथा कई बार लिखित रूप से यह पीढी दर पीढी प्रभावित होती रहती है। बुंदेलखण्ड में आल्हा गायन का अपना एक मजा है तेज रौबीली भाव बनाकर जब आल्हा का गायन करने वाला जब उसकी प्रस्तुति देता है तो इसे सुनने वाले लोगो के शरीर मे भी एक बार वीर रस का समावेश स्पष्ट दिखाई देता है। एक समूह मे होने वाली बुंदेलखण्ड के इस गायन विद्या से नई पीढ़ी का मोह भंग होने को देखते हुए लोक संस्कृति के पतन का संकेत हो सकता है। आल्हा गायन में रूचि रखने वाले कहते है कि पुराने समय मे आल्हा को सुनने के लिए हम लोग खाना पीना तक छोड़कर इसका आनंद लेते थे अगर रेडियो मे भी आल्हा गायन आता था तो हम सब उस समय सभी काम छोडकर आल्हा को सुनते थे लेकिन समय के साथ लोगो की व्यस्तता के चलते यह केवल रसम अदायगी तक ही नजर आती है कुछ लोग कहते है कि लोक संगीत के प्रति लोगो के मोह को सीडी कैसिट के चलते समाप्त हुआ है पहले युवा वर्ग लोग गायन पर ध्यान देते थे उनके परिजन भी उनको इसके लिए प्रेरित करते थे लेकिन अब ना परिजनों का इनके प्रति उत्साह नजर आता है और ना ही युवा वर्ग इनको सुनने के लिए उत्सुक रहता है। लोगो ने कहा कि एक समय प्रत्येक घर में आल्हा की किताब मिलती थी नदी वेतवा की लडाई, लाखन का गौना, मछला हरण जैसी लड़ाई से या फिर भुंजरियो की लड़ाई जिसने नही सुनी उस पर लोग ताना मारते थे लेकिन अब तो शहर मे भी अगर आल्हा की किताबे तलासी जाये तो बुक स्टाल पर नही कुछ चुनिंदा स्थानो पर ही मिल पाती है।

वो भी सभी वावनगढ की लडाई छोडिये बल्कि कुछ ही किताबे मिलना संभव हो पाता है। उनका कहना है कि अब आल्हा गायन के प्रोत्साहन हेतु जिले की सताजसेवी संस्थाओं को आगे बढकर कुछ प्रयास करने पड़ेगे तो वहीं लोक गायन को बढ़ावा देने के उददेश्य से जिला प्रशासन को भी विशेष प्रयासों को अमल में लाना होगा। उन्होंने कहा कि एक समय था कि हम सब लोग आल्हा गायन के कार्यक्रम को सुनने के लिए दूसरे गांवो तक चले जाते थे और रात रात भर जागकर आल्हा गायन के कार्यक्रम को सुनने के लिए दूसरे गांवो तक चले जाते थे और रात रात भर जागकर आल्हा सुनते थे मगर इस काम से अब सभी लोग वंचित होते जा रहे है अगर यह विद्या ऐसी ही अपेक्षित स्थिति में रही तो आल्हा गायन केवल अतीत बनकर रह जायेगी और हम एक वीर रस से भरे इस कला को खो देंगे। कुछ लोगो ने आल्हा के प्रति उत्साह देखने को मिलता था लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के चलते कहीं भी आल्हा की ताने सुनाई नहीं दी।

## मोदी और योगी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को कर रही सरकार : विनोद सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुलतानपुर। पूर्व मंत्री व शहर विधायक विनोद सिंह ने नगर के शास्त्रीनगर शक्ति केंद्र पर बैठक कर कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह भरा।पूर्व जिला महामंत्री संजय सिंह सोमवंशी के आवास पर आयोजित शास्त्रीनगर शक्ति केंद्र की बैठक में शहर विधायक विनोद सिंह ने कार्यकर्ताओं से आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर इस स्वतंत्रता दिवस को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।श्री सिंह ने कहा पार्टी 9 अगस्त क्रांति दिवस से 15 अगस्त तक तिरंगा पखवारा मनाएगी।उन्होंने कहा 13 से 15 अगस्त के बीच कार्यकर्ता हर–घर तिरंगा पहुंचाने के लिए अभी से तैयारी में जुट जाएं।शहर विधायक विनोद सिंह ने कहा केन्द्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है।

उन्होंने कहा दोनों सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रही है।शहर विधायक ने बताया गरीबों तक महीने में दो बार मुफ्त राशन देना हो या आवास, शौचालय, 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, श्रमिक कार्ड जैसे तमाम योजनाओं का लाभ भाजपा की सरकारों ने दिया है। उन्होंने कहा जरूरत है कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं की जानकारी जन–जन तक



पहुंचाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा शक्ति केंद्रों व बूथों के कार्यकर्ताओं व आमजनों से मिलने का उनका सिलसिला जारी रहेगा।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, शिवाकांत मिश्रा श्याम बहादुर पांडे, शक्ति केंद्र संयोजक राजीव सिंह, बूथ अध्यक्ष सचिन चोपड़ा,विनय कुमार सिंह, हनुमान त्रिपाठी, विजय सिंह डब्बू, रजनीश मिश्रा, मनोज चतुर्वेदी, अजय सिंह, अरुण द्विवेदी,मोहित साहू,दिलीप मिश्रा सहित शास्त्रीनगर सेक्टर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व संभ्रांतजन मौजूद रहे।

## समाज में अपना विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान करेगा राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन : आलोक आर्य

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश महामंत्री आलोक आर्य ने कहा कि कला ,व्यवसाय , चिकित्सा , सामाजिक कार्य खेल आदि क्षेतत्रो में विशेष योगदान देने वालों को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन सम्मानित करेगा।आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मे हर घर तिरंगा के लिए जागरूकता अभियान एवं प्रभात फेरी निकलेगी।

संगठन के एक बैठक जिला अध्यक्ष राम मनोहर लोहिया के अध्यक्षता में एक निजी होटल मे किया गया। बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर संगठन के संरक्षक राम कलप जी एवं मुख्य अतिथि के तौर पर संगठन के प्रदेश महामंत्री आलोक आर्य जी उपस्थित थेद्य आर्य ने कहा कि अपना संगठन आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनायेगा। हर घर झंडा कार्यक्रम के लिए प्रभात



फेरी निकली जायेगी। राष्ट्रीय झंडा का वितरण कर हर घर झण्डा लगे,इसके लिए पूरी तरह से लोगों को जागरूक किया जायेगा। विभिन्न क्षेत्र में व्यापारियों को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जायेगा। संगठन राजनीतिक में भाग लेने के इच्छुक सदस्यों का पूर्ण रुप से समर्थन भी करेगा । उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज को विभागीय उत्पीड़न से बचाने के लिए प्रत्येक जिला एवं तहसील मुख्यालय पर एक शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

जिसमें जीएसटी ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, श्रम विभाग ,फायर विभाग एवं बाट माप आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर व्यापारी समाज को सरकार एवं विभाग के नियमों एवं मानको की जानकारी देगा नगर अध्यक्ष संजय कसौधन ने कहा कि हम सभी मिलकर पूरे जोश के साथ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रा दिवस को मनाएंगे 15 अगस्त के सुबह अवंतिका पैराडाइज इलाहाबाद रोड लक्ष्मणपुर पर झंडा रोहन किया जाएगा और उसमें बढ़ चढ़कर सभी व्यापारी हिस्सा ले इसका आवाहन किया जिला उपाध्यक्ष माखनलाल मोदनवाल ने कहा अमृत महोत्सव हम लोग अच्छी तरीके से मनाएंगे स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने में हमारा संगठन पूर्ण रूप से भागीदारी लेगा बैठक मे जिला अध्यक्ष राम मनोहर लोहिया, जिला महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष माखनलाल मोदनवाल ,नगर अध्यक्ष संजय कसौधन, नगर महामंत्री विनय सेन, संरक्षक राम कलप, कोषाध्यक्ष राहुल सेठ ,जिला युवा अध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला युवा उपाध्यक्ष अनुज सोनी, जिला युवा महामंत्री अशोक गुप्त, नगर मंत्री मुन्ना सोनी , संतोष सोनी विकास सोनी राजेंद्र कुमार ,पंकज सोनी, किशोर कुमार , कार्तिक कसौधन, विनय गुप्ता ,शिवम कसौधान आदि उपस्थित थे । बैठक का संचालन नगर महामंत्री विनय सेन ने किया।

## हर हाल में रब का शुक्र अदा करो : मजहर चिश्ती

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई।अपने रब का हर हाल में शुक्र अदा करो वो जिस हाल में रखे हर हाल में खुशहाल रहो अल्लाह शुक्र अदा करने वाले बन्दे को पसन्द करता हैं ये बात तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद के मैदान बरकाती ग्राउंड में होने वाले 46 वां सालाना 10 रोजा पैगामें शहीद–ए–आजम कान्फ्रेंस में आस्ताने फफूँद शरीफ से तशरीफ लाये मौलाना सैय्यद मजहर चिश्ती ने कही कार्यक्रम का आगाज हाफिज फजले अजीम रहमानी ने कुरआन शरीफ की आयत पढ़ कर किया और संचालन तालिब बेग बरकाती ने किया। तिलावते कुरआन के बाद मिर्जा अशरफ बेग बरकाती और अकरम अली कादरी ने नात व मनकबत पढ़ी जिसे सुनकर अकीदतमंदो ने सुब्हानअल्लाह की सदायें बुलंद की इसके बाद मौलाना मजहर चिश्ती ने तकरीर की और अल्लाह की वहदानियत ब्यान



की।मजहर चिश्ती ने कहा की अल्लाह अपने बंदो को 70 माँओ की ममता से ज्यादा प्यार करता है वो अपने बंदो की परीक्षा लेने के लिए उन्हें मुसीबत में डालता है और बेशक मुसीबत दूर करने वाला अल्लाह ही है इसके बाद कानपुर से तशरीफ लाये मौलाना मुश्ताक मुशाहिदी ने तकरीर की और इस्लाम के दूसरे खलीफा हजरत उमर फारूक कि जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि हजरत उमर मुहम्मद सल्ल. के अजीज चार सहाबा में से थे। वो हजरत अबुबक्र सिद्दीक के बाद मुसलमानों के दूसरे खलीफा चुने गये। मुहम्मद सल्ल. ने हजरत उमर को फारूक नाम की उपाधि दी थी। जिसका मतलब सही और गलत में फर्क करने वाला है। मुहम्मद साहब के सहाबा में इनका नाम हजरत अबूबक्र सिद्दीक के बाद आता है। हजरत उमर खुलफा–ए–राशीदीन में दूसरे खलीफा चुने गए। उमर खुलफा–ए–राशीदीन में सबसे सफल खलीफा साबित हुए। मुसलमान इनको फारूक–ए–आजम व अमीरुल मुमिनीन भी कहते हैं। इसके बाद सलातो सलाम व दुआ मांगी गई। रजा ए मुस्तफा कमेटी की जानिब से आये हुये सभी अकीदतमंदो को चाय पिलाई गई। मुख्य रूप से शारिक बेग, अब्दुल वहाब, कामरेड रज्जाक, आकिल बेग, आसिफ बेग , रईस अहमद, वामिक बेग, जिया आदि लोग मौजूद रहे।

## 15-13 अगस्त 2022 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। हाजीपुर 1 अगस्त 2022 बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैशाली हाजीपुर के तत्वाधान में दिनांक 13 अगस्त 2022 को पूर्वाहन 10:30 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर हाजीपुर में किया जाएगा ।

जिसमें 16 नियम वादों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैशाली हाजीपुर के द्वारा बताया गया है कि सुलहनी यवादु तथा अपराधिक मामले दीवानी मामले दुर्घटना बीमा दावा परिवारिक विभाग श्रम विभाग भू अधिग्रहण राज्य से बिजली पानी और अन्य पत्र से संबंधित एन आई एक्ट 138 के अंतर्गत दर्ज केस बैंक कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन से संबंधित विवादित मामलों का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। संबंधित पक्ष कार इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में दिनांक 13 अगस्त 2022 को सुलह समझौते के आधार पर भी ना खर्च बिल्कुल मुफ्त में तत्काल समाप्त कर सकते हैं।

## डीएम श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में नगर विकास से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में नगर विकास से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में मुख्य रूप से खेल भवन, मोतिहारी में जल्द से जल्द व्यायाम शाला एवं योगा का नियमित संचालन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा नगर निगम, मोतिहारी तथा कला एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया। खेल भवन में महिला/पुरुष हेतु अत्याधुनिक व्यायामशाला, योगा, पीने की पानी, म्यूजिक, लाइट आदि की समुचित व्यवस्था की गई है ।

उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि खेल भवन की साफ सफाई 24 • 7 की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए।मोती झील को आकर्षण का केंद्र बनाने के उद्देश्य से फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, छोटे–छोटे सुंदर पार्क ,वाटर स्पोर्ट्स कार्य प्रगति की जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं पर्यटन विभाग के द्वारा मोती झील की आकर्षण हेतु साफ सफाई आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर , नगर आयुक्त, मोतिहारी , प्रभारी खेल पदाधिकारी , विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा , कार्यपालक अभियंता डूडा, भवन प्रमंडल आदि उपस्थित थे ।

## खाद की कालाबाजारी के लिए सरकार जिम्मेवार : माकपा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले में खाद के कालाबाजारी के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार दोषी है। जिससे किसानों को निर्धारित दर से अधिक दामों पर यूरिया एवं अन्य उर्वरक खरीदना पड़ रहा है। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पूर्वी चंपारण के जिला कृषि पदाधिकारी के समक्ष आयोजित धरना के संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने कहीं। नेताओं ने आम जनता का आह्वान किया कि खाद की कालाबाजारी के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों को धरातल पर पकड़ कर उस पर कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन को मजबूर करें। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी यदि प्रखंड स्तर पर उर्वरक निगरानी समिति का गठन कर ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने की दिशा में अग्रेतर करवाई करें। अन्यथा हम आगे तक भी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे तत्पश्चात पार्टी के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद से मिल कर मांग पत्र सौंपा जिसमें कालाबाजारी पर रोक लगाने प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति का गठन करने एवं किसानों को पर्याप्त मात्रा में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा उक्त मांगें स्वीकार करते हुए बताया गया की मेरे द्वारा सरकार से आवंटन हेतु मांग किया गया है किंतु आवश्यकता के अनुरूप खाद नहीं मिल पाने के कारण ऐसी परेशानी हो रही है। इस दिशा में हम सरकार से अभी डिमांड कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री के अतिरिक्त सचिव मंडल सदस्य कामरेड ध्रुव त्रिवेदी किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड बंकिम चंद्र दत्त,अशोक पाठक, मो०एजाजुल,हरेंद्र सिंह,राकेश झा,पुरुषोत्तम सिंह,उगम राम सामिल थे।

कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड अशोक पाठक ने की।धरना को संबोधित करने वालो में जिला मंत्री कामरेड सत्येन्द्र कुमार मिश्र,ध्रुव त्रिवेदी,बंकिम चंद्र दत्त, मो०एजाजुल,हरेंद्र सिंह,राकेश कुमार झा,उगम राम, ओम प्रकाश पांडेय प्रमुख थे।अंत में गगन भेदी नारों के साथ धरना समाप्त हुआ।

## सेंट्रल बैंक ने सेंट क्रांति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। आजादी का अमृत महोत्सव में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के दौरान, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सेन्ट क्रांति अभियान नाम से एक मेगा क्रेडिट अभियान की शुरुआत 1 अगस्त से 31 अगस्त, 2022 तक की अवधि में शुरू किया गया है. इस अभियान में रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे केसीसी, मुद्रा, एवं स्वयं सहायता समूहों के ऋण स्वीकृत एवं इस वितरित किये जायेंगे। सेन्ट क्रांति अभियान में योग्य विद्यमान ऋणों सीमा में बढ़ोतरी पर भी विचार किया जाएगा. सभी खुदरा ऋणों के प्रोसेसिंग शुल्क में 31 अगस्त 2022 तक छूट भी दी गई है. इस मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया , क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अनिल अग्निहोत्री ने झण्डा दिखा कर सेंट क्रांति अभियान रथ को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि चम्पारण के अग्रणी बैंक सेन्ट्रल बैंक द्वारा दोनो जिलो (पूर्वी व पश्चमी चम्पारण ) के अधिकतम लोगो तक पहुंचने के लिये बैंक द्वारा यह अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य बैंक की विभिन्न योजनाओ को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाना है , इसके तहत बैंक द्वारा विभिन्न योजनाए के अंतर्गत कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान कि जा रही है । खुदरा ऋणों पर प्रसंस्करण शुल्क की भी छूट 31 अगस्त तक दी जा रही है स क्षेत्रीय प्रमुख ने लोगो से आग्रह किया कि ग्राहक अपनी नजदीकी शाखा से सम्पर्क कर इस अभियान से जुड़े और इसका लाभ उठाए स इस अवसर पर मुख्य प्रबन्धक श्री पंकज, श्री सतीश कुमार, श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्रीय कार्यालय एवं स्थानीय शाखा प्रमुख उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अनिल अग्निहोत्री ने दी।

## श्री साई डेंटल हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर का हुआ शुभ उद्घाटन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मोतिहारी शहर में डॉक्टर प्रीतम राज नए अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने को उत्साहित दंत रोगियों के इलाज में चिकित्सा को नया आयाम देने हेतु हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन एंकर– दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव और अत्याधुनिक चिकित्सीय व्यवस्था से युक्त श्री साईं डेंटल हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर का शुभ उद्घाटन आज मोतिहारी में बिहार सरकार के गन्ना एवम विधि मंत्री प्रमोद कुमार ने किया ।हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर प्रीतम राज ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव और पद्धति के बारे में। बताते हुए कहा की अब मोतिहारी शहर में दांत की समस्या से जूझ रहे रोगियों को भटकने की जरूरत नहीं है और एक ही जगह पर सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद है और एक्सिटेंट में अगर जबड़ा भी टूट जाता है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है ,ऐसे मरीजों को तुरत ही इलाज की समुचित व्यवस्था है। लोगो को दांतो के रख रखाव के बारे में तफसीस से बताते हुए कहा की लोगो को दोनो समय दांतो की सफाई करनी चाहिए और एक उचित अंतराल पर दंत रोग विशेषज्ञ से सलाह लेते रहना चाहिए ताकि भविष्य में होनेवाले किसी भी प्रकार के खतरो से निपटा जा सके। इस कार्यक्रम में सुमन कुशवाहा,निलेश रंजन,सुधीर कुमार ,सुजीत सिंह व शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उक्त आशय की जानकारी सुमन कुमार ने दी।

## देश के पत्रकारों के लिए अभी कठिन समय है इसलिए समाचार प्रेषण में शब्दों के प्रयोग में सावधानी बरतें,अनावश्यक विवाद में ना पड़ें : रामनाथ विद्रोही



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। इंडियन जर्नलिस्ट असोसिएशन (आईजेए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ विद्रोही ने देश के पत्रकारों से अपील किया है की पत्रकारों के लिए वर्तमान समय सुरक्षित नहीं है इसलिए समाचार सम्प्रेषण के लिए सोंच समझकर शब्दों का चयन करें ,अनावश्यक विवाद में ना पड़ें ! विवाद के कारण आप और आपके पर काफी असर पड़ता है ,विवाद होने पर अखवार चौनलों के मालिक आपको अकेला छोड़ भाग खड़ा होता है ! श्री विद्रोही ने यह सलाह देश के पत्रकारों से आईजेए पदाधिकारियों के सम्मान समारोह को सम्वोधित करते हुए गोरौल के रामसेवक सभागार में उपस्थित पत्रकारों से कही ! इन्होने कहा की देश के पत्रकार वर्तमान समय में सुरक्षित नहीं है ,देश के विभिन्न भागों में कुछ दिनों में पत्रकारों के साथ घटित घटना के आकलन से यह सावित होता है की देश के किसी भी भाग में ईमानदार पत्रकार सुरक्षित नहीं और ना ही केंद्र और राज्य सरकारे पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने और लागू करने में कोई दिलचस्पी ही है ! सरकार गंभीर रहती तो पिछले 18,जुलाई को देश के दर्जनों पत्रकार संगठनों के जॉइंट फोरम को संसद के समक्ष प्रदर्शन नहीं करना पड़ता ! इन्होने देश के पत्रकारों ,पत्रकार संगठनों से अपील किया है की पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने और लागू करने के लिए सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखें और सभी को जॉइंट फोरम का हिस्सा बनकर सहयोग करनी चाहिए ! समारोह में आईजेए के पदाधिकारियों पंकज चौहान ,नीलेश कुमार ,संतोष कुमार शर्मा आदि को अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया !सभा में प्रखंड प्रमुख मुन्ना कुमार राय ,जिला पार्षद रूबी देवी ,पूर्व जिला पार्षद धानमंती देवी ,प्रोवरूअनिल पासवान धवन ,धर्मेंद्र कुमार ,कैप्टन डीके शर्मा ने भाग लिया जबकि सभा की अध्यक्षता रामानंद सिंह डाक बाबू ने किया।

## टीचर्स ऑफ बिहार ने फेसबुक लाइव के माध्यम से आयोजित किया एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टश्क सवाल आपके, जवाब हमारे




(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार ने बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं उनके द्वारा विद्यालयों में आयोजित नवाचारी गतिविधियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मित अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की उपयोगिता, उसकी कार्यप्रणाली, टीम संरचना, शिक्षकों के सुझावों, शिकायतों एवं आगामी भविष्य की योजनाओं को लेकर रविवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टॉक ष्सवाल आपके, जवाब हमारेष आयोजित किया गया। इस एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टॉक ष्सवाल आपके, जवाब हमारेष को भागलपुर जिले की शिक्षिका खुशबू कुमारी एवं किशनगंज जिले की शिक्षिका कुमारी गुड्डी ने मॉडरेट किया। लेट्स टॉक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी हिताधिकारियों के द्वारा किये जा रहे शैक्षिक प्रयासों को साझा करने, नवाचारों से सीखने और लागू करने का अवसर और पहचान प्रदान करता है। साथ ही यह शिक्षकों के लिए, शिक्षकों का एक ऐसा अभिनव मंच है जो शिक्षकों के सार्थक प्रयासों को पहचान और दिशा प्रदान करते हुए सभी शिक्षकों को गौरवान्वित होने का अनेकानेक अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने दर्शकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए टीम की संरचना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म किसी एक व्यक्ति विशेष से संचालित नहीं होता है। यह पूरे टीमवर्क से संचालित होता है। इस प्लेटफॉर्म को संचालित करने हेतु प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट मेंटर, प्रत्येक प्रखंड में ब्लॉक मेंटर बने हुए हैं। प्रत्येक ब्लॉक मेंटर अपने प्रखंड के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हुए हैं जिससे प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालय के शिक्षक जुड़े हुए हैं।

इन्हें इसी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए पोस्ट की जानकारी दी जाती है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही शिक्षक अपने विद्यालय की गतिविधि को इस मंच तक साझा करते हैं। जिसे टीम के सदस्य साझा किए गए उन उत्कृष्ट तस्वीरों और वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं। इसके बदले में इन शिक्षकों को या टीम के सदस्यों को कोई आर्थिक लाभ नहीं दिया जाता है। इस कार्य में लगे सभी शिक्षक पूरे निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर बिहार के सरकारी विद्यालयों में आयोजित शैक्षिक नवाचारी गतिविधियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ही साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के मॉडरेटर प्रतिदिन बिहार के सरकारी विद्यालयों में चेतना सत्र का संचालन बेहतर ढंग से हो इसके लिए टीम में शामिल शिक्षक राकेश कुमार के द्वारा रोचक तथ्य, शब्दकोश, खेल कॉर्नर, सुविचार, विश्व विजय कुमार के द्वारा सुविचार, अमरेंद्र कुमार के द्वारा विश्व के धरोहर, मधु प्रिया के द्वारा दिवस विशेष एवं अनिल प्रभाकर के द्वारा प्रकाशित ष्चेतनाष को सभी प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाता है। इतना ही नहीं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा साझा किए गए तस्वीरों को टीम के सदस्या पुष्पा प्रसाद एवं ज्योति कुमारी के द्वारा फोटो ऑफ द डे के रूप में एवं मृदुला सिन्हा के द्वारा ष्वीडियो ऑफ द डेष के रूप में चयन किया जाता है। चयन के उपरांत सभी पोस्ट को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मॉडरेटर के द्वारा प्रतिदिन साझा किया जाता है। इस लेट्स टॉक कार्यक्रम में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मॉडरेटर भी शामिल हुए और उन्होंने अपने–अपने प्लेटफॉर्म से संबधित दर्शकों के प्रश्नों का उचित जवाब भी दिया। लेट्स टॉक में शामिल होने वाले टीम के मॉडरेटर सत्यनारायण साह ने फेसबुक, मुदित कुमार ने इंस्टाग्राम, खुशबू कुमारी ने ट्वीटर, मधु प्रिया ने लिंकडिन एवं रंजेश कुमार ने कू ऐप की कार्यशैली एवं इसके क्रियान्वयन से संबंधित दर्शकों के सभी प्रश्नों का उचित जवाब दिया। यह जानकारी टीम के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक–मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

# संक्षिप्त समाचार

### पताही में होंडा एजेंसी में लगी आग से बाइक समेत लाखों रुपए की संपति जलकर राख



(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पताही प्रखंड अंतर्गत बाजार स्थित अमन होंडा एजेंसी में हुई अगलगी की घटना में तीन बाइक समेत लाखों रूपए की संपति जलकर राख हो गई।

### शिवहर बिआरसी मार्ग को ईट की टुकडी डाल किया गया खराब



दैनिक अयोध्या टाइम्स से कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट सीतामढ़ी,शिवहर। जिला के बिआरसी मार्ग जो काफी दिनों से चर्चा में है लेकिन इसके बाद भी इस मार्ग को नहीं बनाया जा रहा है आपको बता दे कि इस मार्ग को बनवाने के लिए समाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा आंदोलन भी किया गया था जिसके बाद जिला के वरीय अधिकारी के द्वारा इस मार्ग को जल्द से जल्द ठीक करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन वह आश्वासन झुठा साबित हो रहा है साथ ही साथ अब इस मार्ग पर रोडा डालकर सरकारी अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति कि जा रही है जिसके कारण आम जन को और समस्या का सामना करना पड रहा है लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस प्रकार के झूठे आश्वासन कब तक मिलता रहेगा और कब तक जनता इस सरकारी अधिकारियों के आतंक सहन करते रहेगें।

### देव द्वार काली स्थान पतरघट शिव मंदिर के प्रांगण में सावन में दंपती मिलकर भोलेनाथ का पूजा किए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड अंतर्गत देव द्वार काली स्थान मंदिर के सहयोगी श्री महंत शिरोमणि दास जी महाराज समिति की ओर से श्रावण मास के सोमवार के दिन स्थानीय स कृष्णा मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। महाराज महंथ शिरोमणि दास जी कथा सुनाते हुए श्रावण मास में भगवान शंकर की कैसे पूजा करनी चाहिए तथा कौन–कौन से ज्योतिष उपाय करने चाहिए के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती को केसर मिश्रित खीर का भोग लगाने से धन प्राप्ति के मार्ग खुलते हैं।



सावन के महीने में पति–पत्नी द्वारा एक साथ मिलकर भगवान शंकर का पंचामृत से अभिषेक करने से दांपत्य जीवन में आ रही परेशानी समाप्त होती है। सावन के सोमवार को अनार के रस से शिवलिग का अभिषेक करें। उन्होंने बताया कि सावन के किसी सोमवार को केवल एक बार सरसों के तेल से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से परिवार के सभी सदस्यों को रोग और दोष से मुक्ति मिलती है। मौके पर उपस्थित पुजारी सिया राम साह, नसीब दास, महंत वैजनाथ दास, रामानंद दास, शत्रुघ्न दास, सुरेश महतो, शांति देवी, सुशीला देवी, लीला देवी, जानकी देवी,केंदुला देवी, एवं ढेर सारे श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सावन की तीसरी सोमवारी के दिन शिव भक्तों ने किया पूजा अर्चना

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। सावन मास की तिसरी सोमवारी को लेकर शिवालय में पहुंचकर महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया। बता दें कि भगवान शिव के प्रिय मास सावन की सोमवार दिन पवित्र सोमवारी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमवार को शिवजी की पूजा का विशेष महत्व है। इस माह में भगवान शिव का अभिषेक बेहद फलदायी माना जाता है। इसलिए सावन में लोग रुद्राभिषेक व जलाभिषेक कराते हैं। कहा जाता है कि शिव की पूजा में बेलपत्र बेहद शुभ माना गया है, बिना बेलपत्र चढ़ाएं भगवान शिव की पूजा अपूर्ण मानी जाती है। यदि कोई भगवान शिव की भव्य पूजा ना कर सके तो ऐसे में मात्र बेलपत्र ही वस्तु है जो शिवलिंग पर अर्पित करने से उसे महादेव मनोवांछित फल देते हैं। श्रद्धा पूर्वक भगवान शिव की पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक भी कराया जाता है। वही विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना के लिए सावन में सोमवार का व्रत रखती है। श्रद्धालु महिलाओं ने शिव भगवान की पूजा करते हुए कहा कि महिलाएं सोमवार को स्नान के बाद शिव मंदिर जाकर भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा का व्रत रखने का संकल्प लेती हैं। और अपने उज्जवल भविष्य के लिए कामना करती हैं।



### 16 वर्षीय लड़का आकाश लापता, परिजन चिंतीत

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के नदवा गांव निवासी आकाश कुमार पिता विजय प्रताप सिंह का 16 वर्षीय लड़का रविवार सुबह करीब 9.30 जे से लापता है। जहां परिजन काफी चिंतित है। वही लापता लड़का के पिता विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मेरा लड़का उम्र लगभग 16 वर्ष है, जो दिनांक 31–07–22 समय करीब 9.30 बजे खाना खाकर साईकिल से निकला,काफी देर तक घर नहीं आया तो खोजबीन करना शुरू किया गया। जो अभी तक घर नहीं आया। अभी भी कोई पता नहीं चल पाया है।जिसे परिजनो में काफी चिंता बढ़ गई है। वही लड़का के माता सरोज देवी को अपने पुत्र के वियोग में रो रोकर बुरा हाल है।



## पूर्वीचंपारण जिले के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व जदयू के वरीय नेत्री श्रीमती मंजू देवी बनी जदयू जिलाध्यक्ष, पूर्वीचंपारण सहित रक्सौल अनुमंडल में हर्ष का माहौल, मिल रही हजारों बधाइयां

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। बिहार प्रदेश जदयू के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा के द्वारा पूर्वी चंपारण जिले के अंतर्गत चिरैया के पूर्व जिला परिषद सदस्य व जिला परिषद अध्यक्ष सह जदयू के वरीय नेत्री श्रीमती मंजू देवी को जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष के पद हेतु मनोनीत किया गया है. श्रीमती मंजू देवी को पूर्वी चंपारण जिले के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्वी चंपारण जिले सहित रक्सौल अनुमंडल के क्षेत्रों में काफी हर्ष का माहौल है. इनके मनोनयन पर रक्सौल अनुमंडल के जदयू नेताओं व महात्मा फुले समता परिषद पूर्वी चंपारण जिला इकाई के नेताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी है. रक्सौल निवासी युवा जदयू के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह रक्सौल नगर के भावी उप मेयर प्रत्याशी विशाल सच्चे,निष्ठावान व कर्मठ कार्यकर्ता हैं. श्रीमती मंजू देवी जेडीयू के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से की है. बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व नरकटिया विधानसभा के पूर्व जेडीयू प्रत्याशी रहे श्री श्याम बिहारी प्रसाद ने इनके मनोनयन पर बिहार प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी, माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा व जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि जदयू हमेशा से एक समर्पित कार्यकर्ता को उसका असली अधिकार देने का काम किया है. इसलिए जदयू पार्टी का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ रहा है . जदयू नेत्री श्रीमती मंजू देवी को पूर्वी चंपारण जदयू जिला अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी चंपारण सहित पूरे प्रदेश में अत्याधिक मजबूत होगी. प्रसन्नता जाहिर कर बधाई देने वालों में बिहार अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव असरार आलम, युवा जदयू के प्रदेश सचिव ई० श्यामाकांत कुशवाहा,



कुशवाहा ने कहा है कि जदयू नेत्री श्रीमती मंजू देवी जदयू के समर्पित सिपाही रही है. वे हमेशा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को गांव के सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने का काम किया है. बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व जदयू के वरिष्ठ नेता श्री विरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया है कि श्रीमती मंजू देवी के जदयू के प्रति सच्ची समर्पित भावना को देखते हुए बिहार प्रदेश के माननीय लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी के द्वारा इनको यह जिम्मेवारी दी गई है. बिहार प्रदेश जदयू के प्रदेश सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष श्री भुवन पटेल ने नव मनोनीत जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी के प्रति शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा है कि वे जदयू के ढाका विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह जदयू के प्रदेश महासचिव रामपुकार सिन्हा प्रदेश महासचिव सह महात्मा फुले समता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा ,जिला अध्यक्ष संत सिंह कुशवाहा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ०दीपक कुशवाहा, पूर्वी चंपारण शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल, युवा नेता सनी पटेल, सुनील कुशवाहा, विकाश पटेल ,जदयू के पूर्व जिला महासचिव संजय कुशवाहा, इंद्रजीत पटेल, छौड़ादानो प्रखंड अध्यक्ष दीपक ठाकुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महेश कुशवाहा, जदयू नेता देव चंद्र यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, युवा नेता राजन कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, सरोज पटेल, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, महेश यादव आदि लोग शामिल है।

## गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग से अनचाहे गर्भ से मिलेगा छुटकारा स्वास्थ्य को बेहतर करने में मिलेगा सहयोग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। परिवार नियोजन के साधन अपनाएँ, जीवन में खुशहाली लाएँ" स्लोगन के साथ जिले के मोतिहारी, सुगौली, पिपराकोठी, रक्सौल समेत कई स्वास्थ्य केंद्रों पर महिलाओं को गर्भनिरोधक साधन निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके इस्तेमाल की जानकारी भी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही है, ताकि महिलायें अनचाहे गर्भ धारण से बच सकें। पूर्वी चम्पारण के डीसीएम नन्दन झा ने बताया कि गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग से अनचाहे गर्भ से छुटकारा मिलने के साथ ही स्वास्थ्य को बेहतर करने में भी सहयोग मिलेगा। मोतिहारी सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि खुशहाल परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधन अपनाने की जरूरत है। मोतिहारी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों पर जनसंख्या स्थिरी करण हेतु परिवार नियोजन पखवाड़ा का समय समय पर आयोजन किया जाता है। जिसमें महिलाओं को परिवार में स्वास्थ्य विभाग और केन्द्रीय परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाए जाते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 के अनुसार 67.0 प्रतिशत महिलाएं किसी ना किसी गर्भनिरोधक साधन का उपयोग कर रही हैं। जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–4 के अनुसार 34.4 प्रतिशत महिलाएं नवीन गर्भनिरोधक साधन का इस्तेमाल करती थीं वहीं अब राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 के अनुसार 50.4 प्रतिशत महिलाएं इस साधन का उपयोग कर रही हैं। नन्दन झा ने बताया गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग जनसंख्या स्थिरीकरण के साथ बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कंडोम बॉक्स लगाए जाने से स्वास्थ्य केंद्र पर लोगों के बीच जागरूकता देखी जा रही है। मिशन विकास परिवार के तहत वर्ष 2025 तक बिहार के प्रजनन दर को 2.1 तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परिवार नियोजन कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करने के लिए मिशन विकास परिवार के तहत कुछ विशेष सेवाओं को शामिल किया गया है। जिसमें नवीन गर्भनिरोधक साधन



नियोजन के विभिन्न साधनों कॉपर टी, माला डी, कंडोम, अंतरा गर्भ निरोधक गोली जैसे साधनों की जानकारी आशा, नर्स द्वारा दी जाती है। ताकि महिलाएं अपनी इच्छा से इन साधनों को चुन सकें। डीसीएम नन्दन झा ने बताया कि बिहार अंतरा एवं छाया, सारथी वैन से परिवार नियोजन पर जागरूकता, नवदंपति के लिए नयी पहेली किट एवं सामुदायिक जागरूकता के लिए सास– बहू सम्मेलन जैसी नवीन गतिविधियों को शामिल किया गया है।

## मां का दूध है बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहार : सीएस

मोतिहारी। पूर्वी चम्पारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि जिले में 01 अगस्त से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं को स्तनपान के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। नवजात व छोटे शिशुओं के लिए माता का स्तनपान अमृत के समान है। स्तनपान कराए जाने से शिशुओं में बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता,वहीं डायरिया दस्त जैसे कई प्रकार की बीमारियों के खतरों में होता है बचाव। स्तनपान नवजात शिशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। आईसीडीएस डीपीओ शशिकांत पासवान व रक्सौल सीडीपीओ रीमा कुमारी ने बताया कि बदलते परिवेश में अधिकांश महिलाएं अपने नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने में परहेज करने लगी हैं। उन्हें लगता है कि स्तनपान से शारीरिक कमजोरी होती है और शारीरिक संरचना पर भी असर पड़ता है। इसलिए अधिकांश महिलाएं शिशुओं को बाहरी दूध देना शुरू कर देती हैं। इसी भ्रम को दूर करने के लिए विश्व स्तनपान सप्ताह पर कामकाजी महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरूक किया जा रहा है। सदर अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ प्रीति गुप्ता ने बताया कि मां का पहला गाढ़ा पीला दूध पिलाना बच्चों के लिए अति आवश्यक होता है। मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है। उन्होंने बताया कि मां का दूध बच्चों को डायरिया रोग होने से बचाता है। मां के दूध में मौजूद पोषक तत्व बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। मां का दूध पीने वाले बच्चे का विकास भी तेजी से होता है। सीडीपीओ रीमा कुमारी व आईसीडीएस की जिला समन्वयक अमृता श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चे के जन्म से 1 घंटे के अंदर ही मां का दूध शुरू कर देना चाहिए। मां का दूध ही बच्चों के लिए मुख्य पोषक तत्व है। उन्होंने कहा कि



नवजात शिशु को लगातार 6 महीने तक मां का दूध पिलाना चाहिए। इसके अलावा, कोई भी बाहरी दूध या अन्य पदार्थ बच्चों को नहीं देना चाहिए, क्योंकि जैसे ही बाहरी चीज बच्चों के शरीर में जाना शुरू होता है तो दस्त की संभावना बढ़ जाती। उन्होंने बताया कि 6 महीने के बाद बच्चों को दाल का पानी सहित अन्य पोषक पूरक आहार देना शुरू करना।

## डेंगू के एनएस 1 किट टेस्ट पॉजिटिव आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। जिले में पूरे जुलाई माह को एंटी डेंगू माह के रूप में मनाया गया। माह की सफलता के लिए पूरे जिले के स्कूलों सहित अन्य जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। जिला वेक्टर बॉर्न डिजिज पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि पूरे जुलाई माह को विभाग ने डेंगू के लिए सतर्कता सहित जागरूक करने के लिए कुछ खास कदम उठाए थे। ब्लॉक लेबल सुपरवाइजर के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक के दो स्कूलों में छात्र–छात्राओं के बीच डेंगू को लेकर बातचीत की गयी। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं को पोस्टर और पंपलेट का भी वितरण किया गया। डॉ सतीश ने कहा कि जिले में एक भी डेंगू के मरीज नहीं हैं। जनवरी में ही एक सस्पेक्टेड मरीज आया था। जिसका माइक्रोबायोलॉजिकल रिपोर्ट नेगेटिव आया था। डेंगू की जांच के बीच लोगों में बहुत सारी भ्रांतियां हैं। सबसे पहली भ्रांति इसके टेस्ट को लेकर है, लोग कहीं भी जाकर सिर्फ एनएस 1 टेस्ट के आधार पर अपने आप को डेंगू का मरीज मान लेते हैं। जबकि ऐसे मरीजों को सस्पेक्टेड मरीज की श्रेणी में रखा जाता है। जब तक उस सस्पेक्टेड मरीज का माइक्रोबॉयलोजिकल टेस्ट पॉजिटिव नहीं आ जाता तब तक वह डेंगू का मरीज नहीं माना जाएगा। अगर कोई डेंगू से पीड़ित हो भी जाता है तो जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इसके उचित उपचार की व्यवस्था है। भीबीडीसी पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि बरसात के कारण इस बार श्रावणी मेले में भी डेंगू पर लोगों को जानकारी के साथ डिस्पले लगाया गया है। बरसात वह समय है जब हमारे घर के आस–पास साफ पानी जमा होता है और उसमें डेंगू के एडीज मच्छर ज्यादा पनपते हैं। कुढ़नी से लेकर गरीबनाथ तक जगह–जगह विभाग ने अपना शिविर लगाया है। जिसमें डेंगू पर जागरूकता को डिस्पले किया गया है।

## जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति जिला टास्क फोर्स की संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति जिला टास्क फोर्स की संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । समीक्षा के क्रम में धान अधिप्राप्ति वर्ष 2021–22 के अन्तर्गत अधिप्राप्ति धान के समतुल्य CMR आपूर्ति की समीक्षा की गई। CMR जमा करने की अंतिम तिथि–31.07.2022 तक कुल CMR 94368.600 एम0टी0 के विरूद्ध 91952.439 एम0टी0 CMR जमा किया जा चुका है। अभी भी कुल 2416.161 एम0टी0 CMR जमा करना शेष है। जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा बताया गया कि 18 लॉट CMR संग्रहण केन्द्र, चकिया पर जमा करने हेतु उपलब्ध है। समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि परतापुर पैक्स एवं परसौनी देवाजीत पैक्स, प्रखंड–मेहसी एवं रूपौलिया पैक्स, प्रखंड फेनहारा में धान उपलब्ध नही है। 4 माह से तीन पैक्स द्वारा CMR जमा नही किया गया है। तीनों पैक्सों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने ,समिति प्रबंधक को निलंबित करने एवं राशि वसूली हेतु नीलाम–पत्र दायर कराने का निर्णय लिया गया। संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सरकारी राशि के गबन के लिए तीनों समिति के अध्यक्ष एवं प्रबंधक के विरूद्ध आज ही प्राथमिकी दर्ज करेंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों से अबतक प्राथमिकी दर्ज नही करने के संबंध में स्पष्टीकरण की मॉग करेंगे। तत्पश्चात उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। निर्धारित तिथि तक शत



प्रतिशत CMR जमा नही करा पाने के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि यथा शीघ्र CMR तैयार कराकर राज्य खाद्य निगम को जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आयी कि धान प्राप्त करने के बावजूद भी मिलरों द्वारा आनलाईन धान प्राप्त नही किया जा रहा है। धान प्राप्त करने में टाल–मटोल किया जा रहा है। निर्णय लिया गया कि ऐसी शिकायते प्राप्त होने पर उसका सत्यापन कराकर मिलरों के विरूद्ध भी नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को शत प्रतिशत धान हस्तान्तरित कराना का निर्देश दिया गया।

## मुखियागणों की परिवार नियोजन कार्यक्रमों में बढ़ रही दिलचस्पी



मुजफ्फरपुर। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित परिवार नियोजन पखवाड़ा के अवसर पर सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेंज द्वारा मुजफ्फरपुर जिला के प्रशिक्षित मुखियागणों द्वारा परिवार नियोजन सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिससे निश्चित तौर पर मिशन परिवार विकास कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर स्थायित्व प्रदान होगा।.

ज्ञात हो कि जिला में क्रमशः 11 जुलाई से 15 जुलाई 2022 को मुशहरी, मीनापुर, कांटी व बोचहॉ प्रखंड के सभी मुखिया के साथ एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के साथ–साथ पंचायत के मुखिया होने के नाते उनके कार्य एवं जवाबदेहियों की बाते की गई। इन जवाबदेही में उन्हें देश में बढ़ रहे जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम से संबंधित प्रेरणा दी गयी। इससे प्रभावित होकर कांटी प्रखंड के लशकरिपुर के मुखिया श्री इंद्रमोहन झा, वीरपुर पंचायत की मुखिया याचना शाही, हरचंदा की मुखिया मदिना खातून, धमौली रामनाथ पूर्वी की मुखिया पवन देवी के द्वारा अपने–अपने पंचायत में परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान समुदाय की काउंसिलिंग के लिए एक विशेष कैंप के आयोजन कराने वास्ते पीएचसी कांटी के प्रभारी को लिखते हुए कहा कि इस तरह के कैंप से समुदाय के लोगों में पुरूष नसबंदी को लेकर जो भ्रांति है, उसे दूर कर लाभुकों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। वहीं प्रखंड के पानापुर हवेली की मुखिया प्रियंका कुमारी, शाहपुर पंचायत के मुखिया मिथिलेश पासवान के द्वारा पंचायत के पंचायत भवन, स्वास्थ्य उप केंद्र, पंचायत के हाट बाजार स्थित ब्यूटी पार्लर में कंडोम बॉक्स लगाने और समय–समय पर बॉक्स के रिफिलींग की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी कांटी को पत्र लिखा गया है। समुदाय के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सभी को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाने वास्ते किए गए कार्यक्रमों को बोचहॉ प्रखंड के झपहॉ पंचायत की मुखिया विभा देवी, कांटी प्रखंड के गोदाइ फुलकाहॉ के मुखिया जनकदेव सहनी, पानापुर हवेली की मुखिया प्रियंका कुमारी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किए गए जिसमें धात्री महिलाओं के साथ बैठक, अस्थाई संसाधनों के उपर उनके समझ को बढ़ाते हुए उनके इस्तेमाल पर चर्चा करके, पहले बच्चे में जल्दबाजी नही और दो बच्चों में अंतर के बारे में समझ बढ़ाने की बातें की गई। मुखिया कीमती देवी द्वारा परिवार के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार हेतु समुदाय के साथ कोल्हूआ पैगंबरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवार नियोजन के महत्व को संबोधित करने के लिए उन्होंने धात्री माता एवम नवदंपति के साथ चर्चा की एवं समुदाय को बताया कि की परिवार नियोजन केवल जन्म नियंत्रण या गर्भनिरोधन से ही नियंत्रित किया जा सकता है। परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार और माता एवं उसके बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। सबसे पहले परिवार नियोजन में जन्म अंतराल पर महत्व दिया जाए। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के प्रयास ने मुखियागणों में नया जोश भरने का कार्य किया है एवं उन्हें उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों से सम्बंधित जिम्मेदारियों का अहसास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुखियागणों ने जिस तरह परिवार नियोजन के मुद्दों को लेकर कार्यवाही करनी शुरू की हैं उससे निश्चित रूप से मिशन परिवार विकास के दूरगामी लक्ष्यों को पूरा करने में बल मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का बैठक सम्पन्न,जिला मुख्यालय में 7 अगस्त 2022 को होगा प्रतिरोध मार्च

दैनिक अयोध्या टाइम्स अरुण कुमार बेतिया पश्चिम चम्पारण। बेतिया। पश्चिम चम्पारण के सिमरीखा हॉल में राजद पार्टी के तरफ से एक बैठक आयोजित किया गया। ईस झमाझम बारिश मे भी सैकड़ो के स्ख्या में राजद पार्टी के कार्यकर्ता लोगों ने भाग लिया। ईस बैठक में महंगाई बेरोजगारी,भ्रष्टाचार सहित जनविरोधी मुद्दो पर महागठ बंधन का 07 अगस्त 2022 को बिहार के जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रतिरोध मार्च के तैयारी की बैठक मे सभी राजद पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता लोगों ने अपना अपना विचार रखा। ईस बैठक में एमएलसी ईनजिनियर सौरभ कुमार ने कहा कि आप सभी लोग ज्यादह से ज्यादह संख्या मे उपस्थित होकर 7 अगस्त 2022 को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाये। मंच संचालन कर रहे राजद के जिला अध्यक्ष मुन्ना त्यागी,महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सकुन्तला देवी ने भी अपने महिला कार्यकर्ता लोगों के साथ ईस बैठक में उपस्तिथ हुई महीला अध्यक्ष ने कहा कि मै 1990 से लेकर अभी तक राजद पार्टी में निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करती रही हु और मै अपने पार्टी के लिये दिल जान से अपने सैकड़ो महीलाओ के साथ 7 अगस्त 2022 को ईस कार्यक्रम में भाग लुगी। सिकटा विधायक वीरेन्द्र गुप्ता,पुर्व विधायक मदन मोहन तिवारी,प्रदेश उपाध्यक्ष मुंसि ठाकुर,प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर चौधरी,राजद पार्टी के नगर अध्यक्ष अमजद खान,प्रधान महासचिव आशिया खातुन बेतिया प्रखण्ड अध्यक्ष सुमिन्त्रा देवी,प्रखण्ड अध्यक्ष योगापट्टी सोनी यादव,युवा अध्यक्ष मुकेश यादव वही नगर उपाध्यक्ष पंकज कुमार बनाये गए। जिला प्रवक्ता जैनुल खातुन,कसमिरि खातुन सजीवन खातुन,राजद के नगर उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशी मो गुड्डू आदी लोग उपस्थित रहे।



### महाराजगंज क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणो ने तलाबंदी कर, विरोध प्रदर्शन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता सुजीत कुमार

जहां बिहार में सरकारी विधालय हमेशा से चर्चा में रहता है लगता है की हम कभी सुधरेगें नहीं की नीति पर चल रही हैं। वही आजकल सीमांचल क्षेत्र में विधालय की अवकास को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हैं। वही महाराजगंज क्षेत्र के लकड़ी नविगंज के सरकारी विधालय आजकल काफी चर्चा में हैं। सरकारी विधालय के कारनामे से ग्रामीण छुप्त होकर तालबंदी कर प्रदर्शन करने को मजबुर हो गए । वही लकड़ी नबीगंज प्रखंड क्षेत्र के बाला में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में को ग्रामीणों ने मुख्य दरवाजे पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए ।मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक दिन विद्यालय के शिक्षक गायब रहते हैं।विधालय में उपस्थिति दर्ज करने बाद दूसरे काम मे चले जाते हैं।वही शिक्षिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे विद्यालय में दिन के 1 बजे आती और उनका उपस्थिति पंजी में प्रत्येक दिन का उपस्थिति दर्ज किया जाता है। ग्रामीणों द्वारा तालाबंदी करने के बाद शिक्षक विद्यालय का चारदिवारी फांद कर अंदर प्रवेश किये ।वही विधालय के एक शिक्षक गुटखा खाकर विद्यालय पहुंचे जिस पर ग्रामीण भड़क उठे। बताया जाता है शिक्षिका ने अपने पति रामेश्वर राय को बुला हंगामा कर दी ।शिक्षिका ने मीडिया कर्मियों के साथ भी दुर्व्यवहार किये व कैमरा छिनने का प्रयास किये ।वही मिड–डे–मिल के भोजन के लिए भी लोगों ने जमकर हंगामा किया उनका कहना था कि सरकार द्वारा बच्चों के लिए लाखो रुपये खर्च किया जा रहा है लेकिन विद्यालय में बच्चों को मीनू के हिसाब से छात्रों को भोजन नही दिया जाता है। प्रधानाध्यापक चंद्रकांत सिंह ने कहा कि छात्रों को मिड–डे–मिल मीनू के अनुसार ही मिलता है। बच्चों को अंडा दिया जाता है लेकिन सावन के वजह से फल मंगवाया गया है। प्रदर्शन करने वालों में दूधनाथ मांझी,आकाश कुमार, सुरेंद्र पंडित,खेखर पंडित,सचिन कुमार, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, उमेश कुमार, राहुल कुमार, वीरेंद्र राउत,हरिओम कुमार, कृष्णा मांझी,रंजीत कुमार आदि लोग मौजूद थे।



### सोमवारी पर पहलेजा से लेकर गरीव स्थान के लिए उमड़े कांवड़िये 6 किलोमीटर तक लगी लंबी

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। सावन की सोमवारी पर गरिब स्थान मन्दिर में लाखों की संख्या में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से बड़ी संख्या में कांवड़ियों को आने लेकर खास तैयारी की गई थी। जिला प्रसाशन कि ओर से सुरक्षा सुलभ जलार्पण के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रविवार रात से यहां लाइन लगनी शुरू हो गई थी जो सुबह मंदिर का पट खुलने तक 6 किलोमीटर तक लंबी हो चुकी थी। इस दौरान अीच जिला मिडिया प्रभारी निरज श्रीवास्तव के साथ एसपी और जिलाधिकारी खुद सड़कों पर जुटे नजर आए। श्रावणी मेले की शुरुआत के साथ ही एक हफ्ते तक जिस अनुपात में कांवड़ियों की संख्या देखी जा रही थी उससे इतने बड़े आयोजन शुरू हो चुके थे। बाबा मंदिर में उम्मीद से कहीं ज्यादा भक्त नजर आ रहे थे। जिसे लेकर बाजार पर भी खास असर देखने को मिल रहा था। सोमवारी के मौके पर उमड़ी कांवड़ियों की अप्रत्याशित भीड़ से मेले से जुड़े तमाम लोगों के चेहरे खिल उठे। पूरा बोल–बम के नारों से गुंजयमान है हर तरफ सिर्फ गेरुवा वस्त्र धरी ही नजर आ रहे हैं और बाबा मंदिर का प्रांगण भक्तों से पटा पड़ा है।रूट लाइन पर कांवड़ियों के लिए मेडिकल से लेकर सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए 11 हजार फोर्स की तैनाती। जिलाधिकारी समेत तमाम अधिकारी लगातार रूट लाइन की मॉनिटरिंग में लगे रहे। मौके पर उपस्थित, मनीष सिन्हा, अंकित सुमन, राहुल रंजन, उमेश पाठक, संजय मिश्रा, अभय सिन्हा, निरज श्रीवास्तव, व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



## ओईएफ के एजीएम वी. के.चौधरी ने स्वस्थ होने के बाद सोमवार को संभाला कार्यभार, किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने साथियों सहित गुलाब के फूल भेंटकर एजीएम का किया अभिवादन

कानपुर।सावन मास के तीसरे सोमवार को ओईएफ फूलबाग कानपुर के एजीएम वी. के. चौधरी ने स्वस्थ होने के बाद अपना कार्यभार फिर से ग्रहण कर लिया। 19 जून बाजपेई ने इसके पूर्व एजीएम वी. के. चौधरी के आवास पर उन्हें माता पार्वती संग महादेव की अलौकिक मूर्ति भेंट करने के बाद 18 जुलाई को सावन के पहले सोमवार को



को सरकारी आवास पर पैर फिसलकर गिरने के कारण उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। डाक्टर ने उन्हें लगभग डेढ़ माह आराम करने को कहा था। सोमवार को ड्यूटी ज्वाइन करने के बाद किला मजदूर यूनियन के कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने यूनियन के पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्निहोत्री और साथियों के साथ एजीएम वी. के. चौधरी के कार्यालय में उनसे शिष्टाचार भेंट करते पुष्प गुच्छ के रूप में गुलाब के फूल भेंटकर उनका अभिवादन किया और महादेव से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करी।पूर्व महामंत्री समीर खेरेश्वर महादेव मंदिर में साथियों के साथ उनके जल्द स्वस्थ होने की खेरेश्वर महादेव से कामना करी थीं। इस दौरान एजीएम वी. के. चौधरी ने पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई का आभार जताया और सबका हालचाल लिया। इस दौरान किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने एजीएम वी. के. चौधरी को बहुमुखी प्रतिभा के साथ विशाल व्यक्तित्व का धनी भी बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व कोषाध्यक्ष अब्दुल सलीम, अनुराग अग्निहोत्री, डी. सिंह, पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्निहोत्री, कार्यवाहक महामंत्री रामकुमार आदि रहे।

## थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

सिद्धार्थनगर। थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ. अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, श्री राणा महेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, श्री दीपक कुमार थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.08.2022 को माननीय न्यायालय सिद्धार्थ नगर द्वारा निर्गत वारंट फौजदारी वाद सं 3586/2020 से सम्बन्धित वारंटी अफरोज को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।

गिरफ्तार वारंटी का विवरण –



01. अफरोज पुत्र स्व. वारिस अली साकिन रमवापुर खास टोला अमहवा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर। गिरफ्तार करने वाली टीम :01.उ0नि0 वीरेंद्र कुमार कुंवर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर। 02 हेड. कांस्टेबल अब्दुल मन्नान खान थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर ।

## ग्राम गेरुआ चौराहे से अवैध कबाड़ से लदी एक डीसीएम को कोतवाली पुलिस ने पकड़ कर किया सीज

लहरपुर। सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गेरुआ चौराहे से अवैध कबाड़ से लदी एक डीसीएम को कोतवाली पुलिस ने पकड़ कर किया सीज। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में अवैध कबाड़ व्यापार पर पुलिस द्वारा अंकुश लगाए जाने के आज सूचना के आधार पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गेरुआ चौराहे पर मुशीर पुत्र सिद्दीक निवासी मोहल्ला बेहटी लहरपुर की कबाड़ की दुकान से लोड की गई , डीसीएम को सूचना के आधार पर पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई की । पुलिस के अनुसार



उपरांत, अब कबाड़ व्यापारी इधर–उधर दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से स्क्रैप कबाड़ लोडिंग का कार्य कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने उक्त डीसीएम कबाड़ लादकर मुजफ्फरनगर जा रही थी जिसे कोई भी उचित प्रपत्र ना होने पर सीज कर दिया गया है।

## जोनल अधिकारी ने आजादी के अम्रत महोत्सव समारोह स्थल पर सफाई, सड़कों के गद्ढों का पैचअप कार्य करने के निर्देश दिए:विनय प्रताप सिंह

कानपुर। नगर में आजादी के अम्रत महोत्सव की 75वी वर्ष गांठ पर कानपुर दक्षिण क्षेत्र के रतनलाल नगर के दून इण्टरनेशनल स्कूल के पास 6अगस्त को देश को आजादी दिलाने के लिए कातिकारि स्वतन्त्रता सेनानी के उत्तराधिकारी में तात्या टोपे के पोत्रो विनायक राव टोपे, डॉ रामेश्वर प्रसाद शर्मा के पौत्र राजेश शर्मा, रंगलाल पांडे के पौत्र सर्वेश पाण्डेय, सतेन्द्र कुमार सिन्हा हरीराम गुप्ता सहित उत्तर प्रदेश के खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान महिला कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला , महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वनिल वरुण विधायक महेश तिरवेदी , सुरेंद्र मैथानी पार्षद नवीन पंडित पूर्व पार्षद आशा फेरवानी सेनानियों के परिवार का स्वागत करेगी। जोनल अधिकारी विनय प्रताप सिंह ने जोनल स्वास्थ अधिकारी, सहायक अभियंता अभियनतरण अवर अभियंता मार्ग प्रकाश को निर्देशित किया कि 5अगस्त से पूर्व सभी कार्य करा दे प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सवश्री सिम्पल चौहान, रमेश सिहवानी राज शेखर नायर, रीना सिंह गौर सावित्री पासवान, विमला चौहान , शशि श्रीवास्तव आदि मौजूद थीं।

## विद्युत कंपनी से सेवानिवृत्ति पर सुरेश सोलंकी का सम्मान

इंदौर। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सेवा से माह जुलाई में सेवानिवृत्त हुए श्री सुरेश सोलंकी का मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (इंटक) इंदौर परिवार की ओर से 31 जुलाई को हुए कार्यक्रम में पुष्पमालाऐं पहनाकर एवं शाल–श्रीफल भेंटकर स्वागत–सम्मान, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर झोनल सेक्रेट्री एन के यादव, मदन वर्मा माणिक कवि एवं लेखक, जे एल जोशी, एन के जैन, सुशील मिश्रा, यू एस राजपूत, अजय सिंह तोमर, सतीश शांडिल्य, संजय सकरगाये व फेडरेशन के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए, सभी ने उनको बधाइयां दी व शुभकामनाएं प्रकट की एवं उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं व्यक्त की।



## होम/क्राइम/डीके ठाकुर को हटा कर आईपीएस एसबी शिरोडकर को बनाया गया लखनऊ पुलिस कमिश्नर नव नियुक्त पुलिस कमिश्नर ने कहा प्राथमिकता के आधार पर ठीक करेगे यातायात व्यवस्था

दैनिक अयोध्या टाईम्स संवाददाता अंकित तिवारी राजधानी उप्र।



लखनऊ । जय कलम , 20 महीने के लंबे कार्यकाल के बाद लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का आज तबादला हो गया उनके स्थान पर 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी एसबी शिरोडकर को लखनऊ के पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी मिली है । 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी एसबी शिरोडकर ने लखनऊ से ही अपनी ट्रेनिंग शुरू की थी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुलिस कमिश्नर का चार्ज संभालने के बाद नवनियुक्त पुलिस आयुक्त एसबी शिरोडकर पत्रकारों से रूबरू हुए । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन का मैं आभारी हूं कि मुझ पर भरोसा करते हुए लखनऊ शहर की कमान मुझे सौंपी गई । उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी जनता की उम्मीदों पर खरे उतरे और अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण किया जाए उन्होंने कहा कि लखनऊ जैसे शहर की यातायात व्यवस्था को भी पटरी पर लाने की पूरी तरह से कोशिश करेंगे । लखनऊ पुलिस लाइन में पत्रकारों से बात करते हुए नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने कहा कि उन्हें लखनऊ को समझने के लिए कुछ समय चाहिए उन्होंने अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तरह से माहौल खराब करने वाले लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पुलिस के अफसरों ने काफी चुनौतियों का सामना किया है और वो भी किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान सभी परंपरागत जुलूसों को नियमानुसार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता होगी वो लखनऊ शहर के यातायात को पटरी पर ला सकें। साइबर अपराध के मामले में पूछे गए सवाल पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि उनके लिए सभी मामले महत्वपूर्ण है और वो कोशिश करेंगे कि उनके रहते हुए कानून व्यवस्था पटरी पर रहे और जनता की उम्मीदों पर वो पूरी तरह से खरे उतरेंगे। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध की घटनाओं में कमी लाने के लिए 13 जनवरी 2020 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को पुलिस कमिश्नरेट घोषित किया था 15 जनवरी को लखनऊ के पहले पुलिस कमिश्नर के तौर पर सुजीत पांडे ने चार्ज संभाला था इस बीच सुजीत पांडे के अस्वस्थ होने के कारण 8 दिनों तक आईपीएस अधिकारी संजय सिंघल भी लखनऊ पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं । 18 नवंबर 2020 को आईपीएस अधिकारी डीके ठाकुर को लखनऊ के पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी मिली और उन्होंने इस जिम्मेदारी को करीब 20 महीनों से ज्यादा निभाया । मुहर्रम को सकुशल शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए डीके ठाकुर ने एड़ी चोटी का जोर लगाया और वो मोहर्रम के पहले दिन बड़े इमामबाड़े से छोटे इमामबाड़े तक निकाले जाने वाले जुलूस के दौरान सुरक्षा का जायजा भी लेते रहे लेकिन देर रात शासन से उनके तबादले का फरमान आया और 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी एसबी शिरोडकर को लखनऊ शहर का पुलिस आयुक्त बना दिया गया । वैसे तो पुलिस के अधिकारियों का तबादला आम प्रक्रिया माना जाता है लेकिन पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का ये तबादला ऐसे समय में हुआ है जब लखनऊ में मुहर्रम के जुलूस और अन्य कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस के सामने बड़ी चुनौती है । लखनऊ के पुलिस कमिश्नर पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय में अटैच किए गए डीके ठाकुर का अचानक तबादला क्यों हुआ ये तो साफ नहीं हो पाया है लेकिन लखनऊ शहर की जनता डीके ठाकुर के अचानक तबादले से स्तब्ध जरूर हो गई है । बाहरहाल लखनऊ के पुलिस कमिश्नर का चार्ज संभालने वाले एसबी शिरोडकर भी अनुभवी और पुराने आईपीएस अधिकारी हैं उम्मीद जताई जा रही है कि वो भी मोहर्रम के सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में सफल होंगे और उनके कार्यकाल में अपराध की घटनाओं में कमी भी आएगी और जनता को भी न्याय दिलाने में वो कामयाब जरूर होंगे। आईपीएस अधिकारी डीके ठाकुर हो या पूर्व पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडे दोनों के ही कार्यकाल में लखनऊ जैसे शहर में अपराध की तमाम बड़ी घटनाएं देखने को मिली हालांकि इन दोनों पुलिस आयुक्तों के कार्यकाल में हुई बड़ी घटनाओं का पुलिस खुलासा करने में भी कामयाब हुई । माना जा रहा है कि लखनऊ के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर लखनऊ शहर के लाखों निवासियों के लिए अच्छे पुलिस कमिश्नर साबित होंगे।

# बाल गंगाधर तिलक जी की 102 वीं पुण्यतिथि मनाई

कानपुर आज दिनांक 1/8/2022 को उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग महासंघ व राष्ट्रीय लोक दल कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में क्रांतिकारी निर्भीक पत्रकार बाल गंगाधर तिलक जी की 102 वी पुण्यतिथि तिलक बाटिका नाना राव पार्क प्रतिमा स्थल पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर मनाई गई तिलक जी को खादी सूत की माला पहनाई गई और मौजूद ! तिलक जी का जन्म 23 जुलाई 1856 में रत्नागिरी में हुआ था तिलक जी खान पान– रहन सहन और वेशभूषा मे निहायत सादगी रखते थे उनकी मृत्यु 1 अगस्त 1920 में हुई थी लोकमान्य तिलक जी की मृत्यु शव यात्रा में महात्मा गांधी , शौकत अली और किचलू ने उनकी अर्थी को कंधा दिया था।



मुख्य वक्ता श्री सुरेश गुप्ता अपने संबोधन में बताया कि तिलक जी खादी प्रेमी थे और छोटे उद्योगों को लगाने की बात उठाइए जिससे कि ग्रामीण अंचल में रोजगार सर्जन हो सके और उनका शहरों की ओर पलायन ना हो सके श्री तिलक जी स्वदेशी कपड़ों को ही पहनते थे बाल गंगाधर तिलक जी ने एक महान समाज सुधारक के रूप में भी कई काम किए उन्होंने समाज में फैली जाति प्रथा बाल विवाह जैसी तमाम बुराइयों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और महिलाओं की शिक्षा तथा उनके विकास पर जोर दिया श्री गुप्ता ने आगे कहा कि तिलक जी ने ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीति का जमकर विरोध किया और अपने अखबारों के माध्यम से अंग्रेजों के खिलाफ उत्तेजक लेख लिखे जिसके चलते 22 जून 1897 में कमिश्नर रैंड औरों लेफ्टिनेंट आयस्टर की हत्या कर दी गई जिसके लिए तिलक पर इस हत्या के लिए उकसाने का आरोप में राजद्रोह का मुकदमा चला और 6 वर्ष के लिए हुए देश निकाला का दंड दिया गया! श्री नरेंद्र यादव क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि तिलक जी का कहना था लोकतंत्रात्मक शासन में समाचार पत्रों की निर्णायक भूमिका होती है इस प्रकार समाचार पत्र जनता और सरकार के बीच ब्रिज का काम करती है तिलक जी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए स्वराज शब्द का प्रयोग किया था उन्होंने स्वराज्य को स्वधर्म माना था प्रशासन का सर्वोत्तम सिद्धांत है कि सत्ता जनता के हाथों में दे दी जाए किसी को इससे विरोध नहीं होगा और इंग्लैंड में यही हो रहा है।

मोहम्मद उस्मान अध्यक्ष महानगर ने कहा तिलक जी स्वराज्य के मार्ग में नौकरशाही को सबसे बड़ी बाधा समझते थे तिलक जी कहते थे गांव में कोई सुविधाजनक स्कूल नहीं है हमारे गांव के लोग अपने बच्चों को प्रशिक्षित नहीं कर सकते इसलिए वह काम हमें शुरू करना होगा और शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय स्कूलों की स्थापना की जाए राष्ट्रीय विद्यालयों में हिंदुओं को हिंदुत्व और मुसलमानों को की शिक्षा दी जाएगी एक दूसरे धर्मों के बीच पाए जाने वाले मतभेदों को दूर कर दिया जाए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुरेश गुप्ता ने की संचालन नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम देव सिंह के के पाण्डेय डा सुहैल चौधरी भैया लाल पुरी जावेद अहमद साकिर अली वेद यादव विशाल त्रिपाठी नियाज अली नसीम बऊआ आदि प्रमुख थे ।

## होटल मालिक ने खाने भुगतान मांगा तो दबंगों ने कर डाला हमला पीड़ित ने पुलिस कार्यालय पहुंच कर एसपी को सौपा शिकायती पत्र मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर उठाई कार्यवाही की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। कस्बा जालौन में चुंगी नम्बर 4 पर स्थित होटल में पहुंच कर चाय नास्ता करने के बाद होटल मालिक ने पैसे देने को कहा तो दबंगों ने मारपीट कर डाली। इस घटना की लिखित शिकायत पीड़ित ने एसपी देते हुए दबंगों के ऊपर कार्यवाही की मांग उठाई है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनोज अहिरवार के नेतृत्व में नरेन्द्र सिंह पुत्र हरीसिंह कुशवाहा निवासी मुहल्ला पलवान बाड़ा कोतवाली जालौन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 31 जुलाई की दोपहर लगभग 12 बजे उदयवीर सिंह यादव पुत्र सुरजन यादव, पवन यादव पुत्र उदयवीर सिंह यादव,



कल्लू यादव पुत्र उदयवीर सिंह यादव निवासी सहाव नाका कस्बा जालौन, अभय यादव पुत्र राजू यादव निवासी मुहल्ला भवानीराम, विशाल गोस्वामी पुत्र रामनरेश गोस्वामी निवासी जोशियाना जालौन, निक्की तोमर पुत्र बब्लू तोमर निवासी बापूशाह कोतवाली जालौन होटल पर आये और नाश्ता किया जिसका भुगतान 225 देने के लिए कहा तो उक्त लोगों ने देने से मना कर दिया और दबंगई दिखाते हुए गालीगलौज करना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब उक्त लोगों को गाली देने से मना किया तो उदयवीर सिंह यादव सहित आदि लोगों ने मिलकर लात–जूतों एवं डंडों से मारपीट कर डाली घटना को देख वहां पर मौजूद रिश्तेदार पुष्पेन्द्र पुत्र किशोर सिंह निवासी भिटारा मारपीट करने से रोका तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान की गोलक में पड़े 25 हजार रुपये निकालने के साथ ही रिश्तेदार पुष्पेन्द्र को जबरन मोटर साइकिल में बैठा कर ले गये। पीड़ित बताया कि घटना के बाद होटल बंद करके थाने पहुंच कर लिखित तहरीर दी इसके बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए एसपी से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।

# यूपी सरकार की फजीहत, अब हटाए गए लखनऊ और कानपुर के पुलिस कमिश्नर

लखनऊ। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर और कानपुर पुलिस कमिश्नर विजय कुमार मीना को हटाने के साथ ही सात आईपीएस अधिकारियों का शासन ने तबादला कर दिया है. सभी अधिकारी डीजी और एडीजी स्तर के हैं. डीके ठाकुर को लुलु मॉल में नमाज पढ़ने से हुई फजीहत और विजय कुमार मीना को कानपुर हिंसा से जुड़े मामले में हटाने की चर्चा है।

डीके ठाकुर और विजय कुमार मीना को वेटिंग में रखा गया है. डीके ठाकुर पौने दो साल से लखनऊ पुलिस कमिश्नर थे. उनका कार्यकाल ठीक था लेकिन हाल ही में लुलु मॉल में नमाज को लेकर हुए विवाद से सरकार की काफी फजीहत हुई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक मंच से लखनऊ पुलिस पर टिप्पणी भी की थी. इसके अलावा माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को पकड़कर कोर्ट में पेश करने के मामले में भी लखनऊ पुलिस असफल साबित हुई।

इसके बावजूद पुलिस अधिकारियों में चर्चा है कि डीके ठाकुर को बेहतर जिम्मेदारी मिल सकती है. इंटेलिजेंस के एडीजी एसबी शिरोडकर को लखनऊ का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है. शिरोडकर अब पर जिम्मेदारी होगी पुलिस के साथ ही लगातार फेल हो रहे खुफिया तंत्र को मजबूत करने की।

कानपुर पुलिस कमिश्नर पर एक्शन



कानपुर के पुलिस कमिश्नर विजय कुमार नमाज के दौरान हुई हिंसा को लेकर निशाने पर थे. हिंसा के बाद आरोपियों की धार–पकड़ और गिरफ्तारी को लेकर कानपुर पुलिस सवालों के घेरे में भी आई थी. सीएम योगी इससे खासे नाराज थे. तभी से विजय कुमार मीणा को हटाने की चर्चा शुरू हो गई थी. हालांकि, उनके हटने से बड़ी चर्चा वहां होने वाली नई तैनाती है।

पुलिस मुख्यालय में तैनात एडीजी बीपी जोगदंड को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है. जोगदंड पहले भी कानपुर में बतौर डीआईजी तैनात रह चुके हैं. बसपा सरकार में अहम पदों पर रहे जोगदंड लंबे समय से हाशिए पर थे. कानपुर पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनाती उनके लिए सरप्राइस गिफ्ट से कम नहीं है।

इसके अलावा सीबीसीआईडी के डीजी गोपाल लाल मीणा भी हटा दिए गए हैं. मीना को कोआपरेटिव सेल भेजा गया है. डीजीपी की रेस में शामिल रहे मीना का इसी साल दिसंबर में रिटायरमेंट भी होना है. डीजी होमगार्ड विजय कुमार को सीबीसीआईडी का नया डीजी बनाया गया है. विजय कुमार का नाम भी डीजीपी बनने वालों की सूची में शामिल है।

डीजी लॉजिस्टिक विजय कुमार मौर्य को डीजी होमगार्ड बनाया गया है. मौर्य लॉजिस्टिक का पद भी देखते रहेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## 03 अगस्त होगा रोजगार मेले का आयोजन

'मण्डलीय जिला सूचना कार्यालय लखनऊ।'

लखनऊ 01 अगस्त 2022 (सूचना विभाग)। सहायक निदेशक(सेवा0) लखनऊ मण्डल लखनऊ श्री अरूण कुमार भारती ने बताया कि सहायक निदेशक (सेवा0), क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग, लखनऊ परिसर में दिनांकः 03 अगस्त 2022 को प्रातः 10:00 बजे एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें (03)–कम्पनी प्रतिभाग कर रही है।

अरुण कुमार भारती ने बताया कि प्रतिभागी कंपनी नेट एम्बिट 100 जिसमें एक्टिवेशन पार्टनर, अभ्यर्थी वर्ग– पुरूषध्महिला शैक्षिक योग्यता– इण्टरमीटिएट आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य वेतन प्रतिसप्ताह पेमेन्ट कार्यस्थल लखनऊ में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी कंपनी नेट एम्बिट 50 पदों पर नियुक्ति करेगी जिसमें सेल्स पार्टनर अभ्यर्थी वर्ग– पुरूषध्महिला शैक्षिक योग्यता– इण्टरमीटिएट आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य वेतन प्रतिसप्ताह पेमेन्ट कार्यस्थल लखनऊ में किया जायेगा।

अरुण कुमार भारती ने बताया कि प्रतिभागी कंपनी नेट एम्बिट 20 पदों पर नियुक्ति करेगी जिसमें डायरेक्ट लीड अभ्यर्थी वर्ग– पुरूषध्महिला मार्केटिंग एक साल का अनुभव शैक्षिक योग्यता– स्नातक आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य वेतन प्रतिमाह–19000 कार्यस्थल लखनऊ सीतापुर। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी कंपनी इकाम इक्सप्रेस लि0 200 पदों पर नियुक्ति करेगी जिसमें फील्ड असिस्टेन्ट अभ्यर्थी वर्ग– पुरूष शैक्षिक योग्यता– हाईस्कूल आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य वेतन प्रतिमाह–12000 कार्यस्थल लखनऊ में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी कंपनी एच0डी0बी0 फाईनेन्शियल सर्विस लि0 32 पदों पर नियुक्ति करेगी जिसमें सेल्स अभ्यर्थी वर्ग– पुरूष शैक्षिक योग्यता– हाईस्कूलध्इण्टरमीडिएट आयु सीमा 18 वर्ष से 32 वर्ष के मध्य वेतन प्रतिमाह–11000 कार्यस्थल लखनऊ में किया जायेगा।

श्री अरूण कुमार भारती ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर पंजीकृत होकर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है तथा अपने बायोडाटा की प्रति के साथ अभ्यर्थी सीधे प्रतिभाग कर सकेगें, । इस हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा ।यह मेला पूर्णतया निःशुल्क है। अभ्यर्थियों को किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नहीं देना है। मेले में प्रतिभाग हेतु अभ्यर्थियों को कोविड़–19 के सभी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

## बाल तस्करी से आजादी जागरूकता कार्यक्रम हरैया थाने क्षेत्र के गढ़वा गांव में आयोजित

ओंकार नाथ चौधरी। जनपद बलरामपुर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश में बाल तस्करी से आजादी विषयक अभियान के अंतर्गत भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित 75 सीमावर्ती जनपदों में बाल तस्करी से आजादी के संबंध में अभियान चलाए जाने हेतु जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराये जाने विषयक बालविवाह,



बालभिक्षावृत्ति, बाल श्रम व मानव तस्करी की रोकथाम हेतु 01 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक विभिन्न कार्यक्रमों के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में कार्ययोजना तैयार कर,जिसमे जनपद बलरामपुर के समस्त थानों के अंतर्गत आने वाले इस तरह के ग्राम जो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए है उन ग्रामो में तिथि वार बाल तस्करी से आजादी जागरूकता / संवाद कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 01.08.2022 को थाना– हरैया के अंतर्गत आने वाले ग्राम , गढ़वा गांव में चौपाल व प्रोजेक्टर के माध्यम से विडियो दिखाया गया व प्रभारी एएचटीयू ,व यूनिसेफ, द्वारा बिस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें सम्बन्धित ग्राम के प्रधान, आशा बहु, आगनबाडी सदस्य आदि सम्भ्रान्त व्यक्तियो को बुलाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें –1 प्रभारी नि0 श्री जयदीप दूबे थाना – एएचटीयू मय टीम जनपद– बलरामपुर, 2 उ0नि0 श्री निवास यादव बाल कल्याण अधिकारी हरैया 3 बीट मु0 आ0 पेशकार यादव व बीट आ0 मो0 जावेद, अमित कुमार थाना – हरैया 4 श्री अनिल कुमार यूनिसेफ 5 श्री मती रेनु ब्लाक क्वर्डिनेटर 6 प्रिंस कुमार 1098 जनपद– बलरामपुर आदि कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया ।

## पूर्णानंद घाट पर मनाया वर्ल्ड ओरल हाइजिन डे

ऋषिकेश।आज वर्ल्ड ओरल हाइजिन डे के अवसर पर सीमा डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, ऋषिकेश के छात्र छात्राओं एवं डॉक्टरों नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पूर्णानंद घाट एवम त्रिवेणी घाट पर लोगों को गुटखा तम्बाकू एवम शराब से होने वाली कैंसर इत्यादि जैसे बीमारियों



से दूर रहने की सलाह दी। डॉ हिमांशु एरेन, निदेशक प्रधामचार्य एवम डॉ अदिति सिंह, डॉ योगेश्वरी, डॉ अन्नू ग्रोवर, एवम BDS के छात्र छात्राओं ने दंत स्वास्थ्य के विषय मे जानकारी दी। उन्होंने बताया दिन में दो बार ब्रश, और 6 महीने में किसी योग्य एवम शिक्षित दांत चिकित्सक से अपने मुंह एवम दांतों की जांच करवानी चाहिए। पूर्णानंद घाट मुनी की रेती पर गंगा आरती में पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी के नेतृत्व में गंगा माता के समक्ष बाबा भोले नाथ को साक्षी मान कर सीमा डेंटल कॉलेज के चिकित्सकों एवम छात्र एवं छात्राओं ने वहां उपस्थित जान समुदाय को ‘ यह संकल्प है जरूरी, तंबाकू गुटके से रखनी है जरूरी’। श्री मान दिलीप जी ने सीमा डेंटल कॉलेज के प्रधामचार्य डॉ एरेन एवम समस्त डॉ का साधुवाद करते हुए कहा कि इस तरह के जन जागरूकता कार्यक्रमों से जान समुदाय की जानकारी बढ़ती है तथा वे अपने अपने परिवार की बेहतर देखभाल कर पाते हैं।

## जिलें में तथा कथित फर्जी एसीएमओ गिरफ्तार, कार पर लिखा हुआ था स्वास्थय विभाग का एसीएमओ

- बदायू जनपद के बिल्सी के रहने वाले गिरफ्तार आरोपी, मौके से बुलेरों कार,चार मोबाइल के अलावा की गई अवैध उगाई की हजारों रूपये की नकदी बरामद

कासगंज। जनपद कासगंज में अवैध क्लीनिको पर छापामार कार्रवाई करने पहुंचे एक फर्जी एसीएमओ सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किये जाने का मामला सामने आया है। ये सभी लोग एसीएमओ लिखी हुई बुलेरों कार में बैठकर अवैध क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई कर उगाई करते थे, स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के फर्जी अधिकारी बनने वाले पांचों को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है ।गिरफ्तार किये सभी आरोपी बदायूं जनपद के बिल्सी कस्बे के रहने बाले बताये जा रहे हैं।



दरअसल ये फर्जी एसीएमओ की गिरफ्तारी का पूरा मामला सहावर थाना क्षेत्र के याकूतगंज का है। जहां बुलेरों कार संख्या यूपी 26 एएक्स 9786 में सवार होकर पांच लोग याकुतगंज के एक क्लीनिक पर पहुंच गये और रौब गांठते हुए डाक्टर को हडकाने लगे, जब यह मामला स्थानीय लोगों को पता चला तो वह काफी संख्या में एकत्रित हो गये। ग्रामीणों की पूछतांछ की तो वह कुछ नहीं बता रह थे और भीड को देखकर भागने लगे, तभी ग्रामीणों ने कार की चाबी को निकाल ली और सूचना पुलिस को दे दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों को सहावर थाने ले गई। जहां फर्जी क्लीनिक पर फर्जी एसीएमओ बनकर पहुंचे पांचो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाल विकास परियोजना अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा पोषण ट्रैकर आनलाइन फीडिंग कम होने से नाराज दिखे



दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी क्षेत्र में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों के आधार फिडिंग, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं लम्बाई फीडिंग के प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि लगभग 50 आंगनवाड़ी केन्द्रों द्वारा पोषण ट्रैकर पर आनलाइन फीडिंग संबंधी कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे परियोजना की प्रगति जनपद में बहुत खराब है। इसका प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर भी पड़ रहा है।पोषण ट्रैकर पर प्रगति की समीक्षा लगातार उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है। बार–बार निर्देश के बावजूद कार्य न करने वाली कार्यकत्रियों को चिन्हित कर अंतिम अवसर प्रदान करते हुए यदि कार्य में सुधार नहीं किया जाता है, तो सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी।

## गरीबों का करोड़ों का अनाज डकार गया विपणन निरीक्षक राहुल सिंह

- स्टॉक मिलान में गोदाम में कुल 7374 बोरी गेहूं, 2847 बोरी चावल व 22 लीटर खाद्य तेल कम मिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता, चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी( देवरिया ) भाटपार रानी जिला खाद्य विपणन अधिकारी भीमाचंद गौतम की तहरीर पर भाटपाररानी में तैनात विपणन निरीक्षक राहुल कुमार सिंह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 व 7, भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 409 एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम–1988 की धारा 13 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

अपनी तहरीर में जिला खाद्य विपणन अधिकारी भीमाचंद गौतम ने बताया कि दिनांक 28 जुलाई 2022 को संयुक्त आयुक्त (खाद्य) गोरखपुर मंडल, उप जिलाधिकारी भाटपाररानी, जिला पूर्ति अधिकारी देवरिया व जिला खाद्य विपणन अधिकारी देवरिया द्वारा भाटपार रानी स्थित विपणन शाखा गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गोदाम में भंडारित खाद्यान्न के स्टॉक में कई कमियां परिलक्षित हुई, जिसपर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने एसडीएम भाटपाररानी अरुण कुमार की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया। जांच समिति ने भौतिक सत्यापन में स्टॉक रजिस्टर में अंकित गेहूँ की 10,111 बोरी के सापेक्ष 2737 बोरी गेहूं, 6065 बोरी चावल के सापेक्ष 3218 बोरी चावल तथा 123 गत्ते खाद्य तेल के सापेक्ष 121 गत्ते ही मिला। इस प्रकार गोदाम में कुल 7374 बोरी गेहूं, 2847 बोरी चावल व 22 लीटर खाद्य तेल कम प्राप्त हुए। ऐसी स्थिति में प्रथम दृष्टया शासकीय धन का गबन हुआ है, जिसके लिए विपणन निरीक्षक भाटपाररानी राहुल कुमार सिंह को जिम्मेदार माना गया है और उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाटपाररानी स्थित विपणन गोदाम की जाँच हेतु गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया गबन की पुष्टि की है। शासन की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विपणन निरीक्षक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

## भक्तिभाव से शिवलिंग पर किया गया जलाभिषेक

- भटनी छपिया जयदेव मंदिर में विभिन्न देवता विराजमान हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं नवग्रह की

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड क्षेत्र के छपिया जयदेव स्थित श्रीनागेश्वरनाथ चमत्कारी धाम में नागेश्वरनाथ महादेव विराजमान है, क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बाबा नागेश्वरनाथ महादेव के शिवलिंग पर पुष्प व दूध अर्पित कर भक्तिभाव से नागेश्वरनाथ बाबा के नारे के साथ बाबा को जलाभिषेक किया।





लोगों की मान्यता है कि 1 अक्टूबर 2012 दिन सोमवार को सुबह 10.30 नाग बाबा गाव के चरवाहों को दिखाई दिए, गांव वासियों ने नाग बाबा को परेशान करना शुरू किया लेकिन नाग बाबा हमेशा एक ही जगह पर रहते थे। लोगो ने डंडे से उठाकर नाग बाबा को कुछ दूरी पर फेक दिया लेकिन नाग बाबा फिर उसी स्थान पर दिखाई दिए तो आस पास के क्षेत्र में यह बात हवा की तरह फैल गई उसके बाद लोगो ने नाग बाबा को चमकारी बाबा कहने व पूजा अर्चना करने लगे। भटनी छपिया जयदेव मंदिर में विभिन्न देवता विराजमान हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं नवग्रह की स्थापना है तो वही बनकटा तिवारी गांव में स्थित बाबा जंगली नाथ विराजमान है। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को गॉव गॉव से तीन बजे भोर से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही।

श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक प्रार्थना व पूजा अर्चना की। छोटी गंडक नदी के किनारे सावन के तीसरे सोमवार भक्तों का ताता लगा रहा।

## कृषि विरोधी काले कानून वापसी से मा.प्रधामंत्री महोदय के मुकर जाने पर आपसी विचार विमर्श के साथ भविष्य की रुपरेखा पर चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर

बम्हौरा (महोली)संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किए गए आवाहन के उपलक्ष्य में संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू की अगुवाई में बम्हौरा में इकट्ठा होकर वर्तमान की गंभीर समस्याओं में शामिल कृषि विरोधी काले कानून वापसी से मा०प्रधामंत्री महोदय के मुकर जाने पर आपसी विचार विमर्श के साथ भविष्य की रुपरेखा पर चर्चा की गई!उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता सिद्धू ने कहा हम किसानों का कैसा दुर्भाग्य है कि जी एस टी पर अपने वादे से मुकर रही केंद्र सरकार,और साथ ही अभी उ०प्र० विधानसभा चुनाव में घूम रहे आवारा पशुओं की समस्यायों से निजात हेतु किए गए वायदों से केन्द्र और प्रदेश सरकार मुंह चुरा रही रही है!मंहगाई के भंवर में फंसा किसान और आम इंसान हर तरफ से हो रही लूट से त्रस्त होकर कराहने के लिए मजबूर हैं! सभी किसान भाइयों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा! महोली तहसीलदार के साथ कोतवाल महोली द्वारा बम्हौरा पहुंच कर महामहिम राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन लिया गया! कार्यक्रम स्थल पर अमर सिंह शमशेर सिंह ,पिंटू दिक्षित, अवधेश कुमार, रमाकांत पांडे,हरी सिंह,निर्मल सिंह, गुरु बचन सिंह,पाल सिंह,मेहताब खान ,सत नाम सिंह,कुलदीप सिंह,अंग्रेज सिंह, दिलजीत सिंह,सोनू सिंह, आदि किसान भाई उपस्थित थे!



## मद्धेशिया वैश्य समाज की हुयी बैठक, नगर व युवा कमेटी का किया गया गठन

(राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों का हुआ सम्मान)

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया ब्यूरो। देवरिया । रविवार को देवरिया खास स्थित काली मंदिर में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की एक बैठक हुयी । कार्यक्रम के अतिथि व संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों राष्ट्रीय मंत्री अवधेश गुप्ता, प्रदेश सलाहकार उमाशंकर गुप्ता, राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुभाषचन्द मद्धेशिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मद्धेशिया, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश कान्दू व प्रदेश युवा मंत्री सन्तोष मद्धेशिया वैश्य को जिला व नगर कमेटी द्वारा माल्यार्पण और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।





कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अतिथियों ने संगठन के कार्यों को बड़े स्तर पर करने व आपसी एकजुटता से संगठन व समाज को बढ़ाते हुये राजनीतिक क्षेत्र में भी दमदारी से आगे आने की बात कही।

कार्यक्रम में सर्वसम्मति से चंद्रशेखर गुप्ता अध्यक्ष, संजय गुप्ता महामंत्री, आकाश मद्धेशिया कोषाध्यक्ष व प्रमोद मद्धेशिया को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया । वहीं युवा नगर कमेटी में विक्की मद्धेशिया अध्यक्ष, श्रवण मद्धेशिया महामंत्री, सुनील मद्धेशिया कोषाध्यक्ष, राजन मद्धेशिया उपाध्यक्ष व कार्तिकेय मद्धेशिया को मंत्री बनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर गुप्ता ने किया । संचालन वैश्य कृपानिधान गुप्ता द्वारा किया गया । इस दौरान राजेश मद्धेशिया (मोछू), दीनबन्धु मद्धेशिया, सूरज मद्धेशिया, भरत मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता, जटाशंकर मद्धेशिया, रिंकू मद्धेशिया, दर्शन गुप्ता सहित मद्धेशिया वैश्य समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## कांवरिया समिति तेजापुर की तरफ से कांवरिया शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन

बुढ़नपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!!

कांवरिया समिति तेजापुर की तरफ से कांवरिया शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारे काआयोजन।

बता दे कि अतरौलिया क्षेत्र के तेजापुर के जनता जनार्दन स्कूल के बगल में सोमवार की सुबह से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भगवान शिव जी का भोग लगा कर भंडारे को प्रारंभ किया। भगवान शिव के भक्त कांवरियों के लिए इस भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जो प्रत्येक वर्ष होता है।कांवरिया समीति के अध्यक्ष सत्य कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां पिछले दो–तीन वर्षो से सावन के पवित्र महीने में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें कांवरिया भक्तों के लिए हलवा, चना, चाय, सुबह प्रसाद के तौर पर दिया जाता है और दोपहर से देर रात तक भोजन का सिलसिला चलता रहता है जिसमे सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। समिति–के उपाध्यक्ष सोनू कुमार सोनी ने बताया कि यहां कांवरिया भक्तों के आस्था को देख उनके पैर धोने के लिए नींबू पानी, गरम पानी, दवा, इलाज, सोने के लिए उचित व्यवस्था कांवड़ रखने के लिए व्यवस्था कराई गई है जिसमें दूर–दूर से चलकर आए कांवड़िया भक्तों के लिए यहां पर इंतजाम किया जाता है। वही उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी इस वर्ष कावड़ यात्रा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं जिससे कांवरियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इस मौके पर पन्ना गुप्ता, गुड्डू अग्रहरी, सोनू कुमार सोनी, सत्य कुमार गुप्ता, पारस पटवा, विजय अग्रहरी, सोनू गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।



## विद्युत कर्मचारी संयुक्तसंघर्ष समीति की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द कुमार गुप्ता/सोनभद्र ओबरा।

आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ओबरा तापीय परियोजना की एक आवश्यक बैठक अजय सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ कार्यालय पर संपन्न कराया गया इस बैठक को संबोधित करते हुए हरदेव नारायण तिवारी ने कहा की मुख्य महाप्रबंधक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के सिद्धांतों के विपरीत अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निर्देशों के बावजूद ओबरा परियोजना में अवैध अध्ययासन को रिक्त कराए जाने में दोहरे मापदंड अपनाए जाने का विषय संघर्ष समिति के संज्ञान में है ,अवैध अध्यासन के नाम पर सिर्फ संविदा कर्मियों को आवास से निकाला जा रहा है जोकि प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से विद्युत उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं । इसके विपरीत जिनका परियोजना उत्पादन से कोई सरोकार नहीं है उन्हें मनमाने तरीके से आवासों को बांट कर अवैध अध्यासन कराया जा रहा है।



जिस पर संघर्ष समिति के समस्त घटक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है व कर्मचारियों में प्रबंधक के कृतयों एवं कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष नाराजगी व्याप्त है ।

समस्त घटक दलों द्वारा 4 सूत्रीय मांगों को लेकर एकमत से निर्णय लिया गया कि यदि प्रबंधन ज्वलंत समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं कराता है तो संघर्ष समिति आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में प्रमुख रूप से समस्त घटक दलों के पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद, प्रहलाद शर्मा, पशुपतिनाथ विश्वकर्मा, लालचंद, आरपी त्रिपाठी, धुरंधर शर्मा, नवीन चावला, अंकित प्रकाश, विंध्याचल, विजय कुमार सिंह , विनोद सिंह यादव, उमेश चंद्र , बृजेश कुमार यादव, सतीश कुमार ,विजय सिंह, राम यज्ञ मौर्य नरसिंह त्रिपाठी, बनारसी प्रजापति एवं समस्त घटक दलों के अध्यक्ष मंत्री उपस्थित रहे।

## ढाई किलो अवैध गांजा बरामद, आरोपी को एक वर्ष का कठोर कारावास

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

–स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट की कोर्ट ने सुनाया फैसला , लगाया पांच हजार का जुर्माना

संत कबीर नगर । गांजा का अवैध कारोबार करने के एक आरोपी को एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने एक वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाया ।




कोर्ट ने आरोपी रामाश्रय चौहान पर सजा के साथ ही पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है । जुर्माने का भुगतान न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा ।

मामला धनघटा थानाक्षेत्र का है । विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि दिनांक 14 अगस्त 2011 को धनघटा पुलिस क्षेत्र भ्रमण एवं वांछित वारंटी की तलाश में क्षेत्र में थी । इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर जा रहा है । शीघ्रता किया जाए तो उसे अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया जा सकता है । मुखबिर के बताए स्थान पर जाने पर आरोपी पुलिस वालों को देखकर भागने लगा ।

घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया गया । गिरफ्तार आरोपी ने पूछने पर अपना नाम रामाश्रय चौहान पुत्र पृथ्वीपाल चौहान ग्राम चपरा पूर्वी थाना धनघटा बताया । गिरफ्तार आरोपी के पास पुलिस ने 2 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया । आरोपी के विरुद्ध धारा 8 ध 20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया । विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी रामाश्रय चौहान को दोषसिद्ध करार देते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया और पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया ।

## मतदाता सूची हेतु आधार एकत्र करने का डीएम ने किया शुभारम्भ

### न रखें कोई संशय , आधार नम्बर नही होगा सार्वजनिक - डीएम दिव्या मित्तल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

संत कबीर नगर । मतदाता सूची के लिए आधार एकत्र करने के कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया । हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज के आडिटोरियम में जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके इसका उद्घाटन किया । उन्होंने कहा कि मतदाता किसी प्रकार का कोई संशय न रखें । किसी भी मतदाता का आधार नम्बर सार्वजनिक नहीं किया जाएगा ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आरम्भ किया गया है । निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने सम्बंधी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित मतदाताओं एवं आम नागरिकों से अपील किया । कहा कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की प्रक्रिया यद्यपि स्वैच्छिक है । इसके बावजूद हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शत–प्रतिशत मतदाताओं से फार्म – 6 बी पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए । उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए समयबद्ध रूप से कार्यक्रम प्रारम्भ किए जाने का निर्देश जारी है । कहा कि आधार नम्बर एकत्र किये जाने सम्बंधी फार्म–6 बी ऑनलाइन रूप से ईआरओ नेट , गरूणा , एनवीएसपी , वीएचए एवं ीजजचध्ध्दअेच.पद पर भी उपलब्ध रहेगा । उन्होंने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु 7 एवं 21 अगस्त को विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा । यह शिविर समस्त मतदेय स्थलों पर लगाया जाएगा । मतदाता फार्म–6 बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भर कर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं । उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने , अपमार्जित , मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन , दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन से सम्बंधित फार्म– 6 , फार्म–7 एवं फार्म–8 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से अवगत कराया । मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की प्रक्रिया स्व प्रमाणन के साथ सम्बंधित मतदाता , मतदाता पोर्टल / एप पर ऑनलाइन फार्म–6 बी भर सकता है । यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाईन नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है । स्व प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फार्म–6 बी ऑनलाइन जमा किया जाएगा । उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने एक जनवरी , एक अप्रैल , एक जुलाई एवं एक अक्टूबर 2023 की तिथि निर्धारित किया है । इन अर्हक तिथियों या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराते हुए फार्म–6 बी प्रारूप पर स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर दर्ज करा सकता है । कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक पंचायती राज विभाग प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने किया । इस दौरान हीरालाल इण्टर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य इन्द्रेशधर दूबे , तहसीलदार शेख आलमगीर , नायब तहसीलदार , बीडीओ खलीलाबाद , सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज , बीएलओ समेत भारी संख्या में पुरूष एवं महिला मतदाता उपस्थित रहे ।



# संक्षिप्त समाचार

## समाज को एक साथ जुड़ने की जरूरत है- वीरिंद्र कुमार वर्मा हरदोई

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया।



श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा हरदोई ने कहा कि पासी समाज में जब तक एकता नहीं आयेगा तब तक हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता है इस लिए हम सभी लोग एक मंच पर होने की जरूरत है।

श्री तेज बहादुर जी प्रयागराज ने कहा कि हमारा समाज संगठन बनाकर व्यक्तिगत तरक्की करना चाहता है क्योंकि वह अपने समाज को भूल जाता है और कहा कि पासी समाज जब अच्छे पद पर पहुंच जाता है तो अपने समाज को वह भूल जाता हैं। श्री रामकुमार पासी जबलपुर ने कहा कि पासी समाज को उच्च शिक्षा की तरफ ध्यान देंने की जरूरत है और उन्नतशील खेती की तरफ ध्यान देंने की जरूरत है महिलाओं को सिलाई कढ़ाई आदि कौशल विकास से जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए ।

श्री सुखराम रावत लखनऊ ने कहा कि समाज में शिक्षा का बहुत बड़ा अभाव है समाज में हीनभावना के कारण समाज पीछे ढकेल रहा है।

इस कार्यक्रम में श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा हरदोई, श्री अजय कुमार अधिवक्ता इलाहाबाद,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री सुखराम रावत लखनऊ ,श्री राजेश सरोज इलाहाबाद , श्री गोविंद कुमार रावत,राज कुमार सरोज, डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, सुरेश कुमार जी भदोही ,तेज बहादुर जी प्रयागराज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर, श्री जोगराज जी दिल्ली, श्री राम प्रसाद जी इलाहाबाद आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## पिकअप ने बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्कर महिला समेत दो की मौत,एक घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत

शिवराजपुर ।थाना क्षेत्र के गौरी अभयपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाईक सवारों को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार महिला समेत दो की मौके पर मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप घायल हो गयी।पुलिस ने राहगीरों की मदद से उपचार के लिए शिवराजपुर सीएचसी लाया गया था।

सोमवार को सुबह खेरेश्वर गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे शिवराजपुर थाना क्षेत्र के गौरीअभय के सामने पिकअप ने बाइक सवारों को सामने से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे बाईक सवार शिवली थाना क्षेत्र के बक्सपुरवा गांव निवासी सर्वेश पाल पुत्र श्रवण कुमार दूसरी अनिता पत्नी सर्वेश पाल की मौके पर मौत हो गयी। वहीं राजबेटी पत्नी श्रवण कुमार को राहगीरों की मदद से पुलिस ने सीएचसी शिवराजपुर में भर्ती करवाया था ।जहा डॉक्टरों ने हालत नाजुक होते देखा कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बाईक चालक हेलमेट पहने हुए थे।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया की पीढ़ित की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## जिले के परिषदीय स्कूलों के 89159 बच्चों के अभिभावकों के खाते में मुख्यमंत्री ने भेजा धनराशि

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

–सीएम के कार्यक्रम हुआ सजीव प्रसारण , विधायक एवं डीएम की उपस्थिति में लोगों ने उठाया लाभ

संत कबीर नगर । परिषदीय स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों के खाते में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे धनराशि का भुगतान किया । छात्र–छात्राओं को निःशुल्क प्रदान किए जाने वाले यूनिफार्म स्वेटर , स्कूल बैग , जूता मोजा तथा स्टेशनरी क्रय हेतु उनके अभिभावक के खाते मे 1200 रुपए को प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण के कार्यक्रम लखनऊ से



सजीव प्रसारण किया गया । प्रथम चरण में जिले के 89159 छात्र लाभान्वित हुए । मुख्यमंत्री द्वारा आरम्भ किए गए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विधायक अंकुर राज तिवारी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की उपस्थिति में विकास भवन के सभागार में लोगों देखा ।प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के प्रसारण से पूर्व मुख्य अतिथि विधायक अंकुर राज तिवारी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारम्भ किया । आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा लगाये गये स्टाल का विधायक अंकुरराज तिवारी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अवलोकन करते हुए बच्चों की प्रतिभा का उत्साहवर्द्धन किया । मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ब्लाक स्तर तथा समस्त विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को दिखाया गया ।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद में प्रेरणा पोर्टल पर नामांकित छात्र–छात्राओं की संख्या 165931 है । डीबीटी के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 89159 छात्र – छात्रा लाभान्वित हुए । इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अतुल कुमार मिश्र , जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद , जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा , प्रभारी प्राचार्य डा धीरेंद्र त्रिपाठी , खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानचंद मिश्र , निधि श्रीवास्तव , प्रभारी जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता रजनीश बैद्यनाथ , सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज समेत शिक्षक , शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे ।

## सीओ सगड़ी और जीयनपुर कोतवाल ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़

सगडी– (आजमगढ़)– पुलिस क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा ने सोमवार को जीयनपुर स्थित कई बैंकों में लगी आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बंद सीसी कैमरों को तुरंत चालू करने का निर्देश दिया। सगड़ी तहसील के कई बैंकों में पाकिट मारो और उचक्को की द्वारा उपभोक्ताओं को ठगने की आए दिन शिकायत मिलती है। बैंक के उपभोक्ता अक्सर ठगी के शिकार हो जाते हैं। जिसके लिए बैंकों में सीसी कैमरे,आपातकाल के लिए इमरजेंसी अलार्म की भी व्यवस्था की गई है। सोमवार पुलिस क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक जीयनपुर, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक जीयनपुर सहित कई बैंक की सुरक्षा की हकीकत जानी। बैंकों के सीसी कैमरे, आपातकाल के लिए लगे सायरन और बैंक में तैनात कर्मचारियों की जानकारी ली। दो बैंकों में कई प्रमुख सीसी कैमरे बंद मिले। जिसको तत्काल ठीक करा कर चालू करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जीयनपुर यादवेंद्र पांडेय भी मौजूद रहे।



## समाज कल्याण मंत्री का कन्नौज दौरा कई कार्यक्रमों में की शिरकत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । सदर विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री जहां पार्टी की नीतियों को दिशा देने के लिए पूरे प्रदेश में ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं उसी क्रम में आज अपनी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र कन्नौज में अपने कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के उपरांत जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली विद्युत की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर ग्रामीण क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों



दौरा कर कई कार्यक्रमों में शिरकत कर जन समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते दिखाई दिए स

सदर विधायक और प्रदेश सरकार सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण पार्टी की नीतियों और रीतियों का विस्तार करने के चलते जहां एक और पूरे प्रदेश में ताबड़तोड़ कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित और दिशा निर्देशित करते दिखाई दे रहे हैं ।पार्टी के विस्तार को लेकर विभिन्न योजनाओं के तहत सदस्यता अभियान चलाते हुए भाजपा प्रशिक्षण वर्ग की भूमिका के तहत पार्टी का विस्तार करते दिखाई दे रहे हैं उसी क्रम में आज अपने से सुझाव लेकर उनको दूर करते दिखाई देते हैं वही जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय मे पार्टी में शामिल हुए और सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते दिखाई दिए जिन के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रभावित कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अन्य लोगों से मिलकर पार्टी में शामिल होकर पार्टी को उच्च शिखर पर ले जाने की बात कही भाजपा प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी बनवारीलाल दोहरे भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत अवधेश राठौर आर यस कठेरिया और सैकड़ों की तादाद में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले स्त्री पुरुष मौजूद रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर की गई बैठक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । आज अपर जिलाधिकारी फहराये। यह आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महत्वपूर्ण अभियान है।



गजेन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में घर–घर तिरंगा फहराये जाने के संबंध में उपस्थित कोल्ड मालिक एंव भट्टा मालिकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होनें कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इस बार देश के प्रधानमंत्री जी ने आगामी 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह के आयोजित किये जाने का निर्णय लिया है। इस स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 13 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा फहराया जायेगा। उन्होनें कहा कि प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने कार्यालय, प्रतिष्ठान, घर इत्यादि स्थलों पर तिरंगे को उन्होनें कहा कि 13 अगस्त 2022 से अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें जिस जगह पर तिरंगा नही फहराया जा रहा है ऐसों लोगों को तिरंगा फहराये जाने हेतु प्रेरित करें। उन्होनें कहा कि विशेष रूप से तिरंगा फहराने से पूर्व यह भी अवश्य देख ले कि तिरंगा फटा–कटा न हो, और कार्यक्रम के समापन के उपरान्त तिरंगा को घर की सुरक्षित जगह पर इसको सहेज कर रखें। उन्होनें कोल्ड मालिकों एवं भट्टा मालिकों से कहा कि आपकी संस्था से जुडे कर्मचारियों को इस अभियान से अधिक से अधिक सख्या लोगों को जोड़े और जागरूक भी करे। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी सहित कोल्ड/भट्टा मालिक उपस्थित थे।

## गुप्ता इलेक्ट्रानिक द्वारा आयोजित किया गया भंडारा

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जनपद में आज सावन के तीसरे सोमवार को गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के द्वारा महाकाल की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद दोपहर 1रू00 बजे के बाद शिव भक्तों व नगर वासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में भक्तों ने छोले चावल का प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में मोहल्ले वासियों तथा आने जाने वाले राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पप्पू गुप्ता,पिंटू गुप्ता,सोनू गुप्ता,शिवम गुप्ता,राजेंद्र शर्मा,बबलू दिवाकर,रवि



सविता,चंद्रशेखर आनंद,सनी रावत व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सावन के तृतीय सोमवार को अखंड पाठ का आयोजन किया गया

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

बकेवर,इटावा। जनपद के कस्बा बकेवर के मोहल्ला लोहिया नगर में थाने वाली गली में मोहल्ले के लोगों के सहयोग से श्रावण मास के प्रत्येक सहयोग रहा। इस मौके पर अनूप शर्मा एडवोकेट,संजू दीक्षित,राहुल शर्मा,मयंक राज दुबे,गुनगुन राजावत,आशु मिश्रा,बंटी शर्मा,राशु चतुर्वेदी,हिमांशु तिवारी,अमित अग्निहोत्री,कंचन यादव,अजय



सोमवार को अखंण्ड रामायण का पाठ करवाया जा रहा है। साथ ही लोगों ने अखंण्ड रामायण पाठ में बैठकर उसका रसपान किया। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को भी अखंण्ड रामायण पाठ करवाया गया जिसमें एडवोकेट अनूप शर्मा व उनके अन्य सहयोगियों का अहम गुप्ता,विशाल राजपूत,प्रशांत पाठक,राजा शर्मा,दिवस शर्मा,हरीबाबू,राजन शर्मा,अनुज संखवार, सुदीप कुशवाह,पिंकू त्रिपाठी,आकाश शर्मा,देवू, प्रीत,नारायण, शिवा,आर्यन शर्मा,यश गुप्ता,आशीष दुबे सभी लोहिया नगर वासियों का अहम सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

इटावा। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कम्पोजिट विद्यालय विचारपुरा ब्लॉक बढ़पुरा व नगला पीर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गायत्री बाजपेई सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद चन्द्र पांडेय,जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राकेश पाण्डेय व वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से भारत माँ की आरती व तिलक वंदन के साथ दीप प्रज्वलन किया। आजादी के अमृत महोत्सव के इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों के सम्मान के क्रम में गायत्री बाजपेई को अंग वस्त्र ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों को भी विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने कार्यक्रम में वंदे मातरम व सुंदर झंडा गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रपौत्री व पौत्री श्रीमती गायत्री बाजपेई ने कहा कि,जो देश अपना इतिहास याद नही रखता,उसका



भूगोल भी बदल जाता है। जनपद औरैया निवासी उनके स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्वर्गीय पूज्यनीय परबाबा आदरणीय शिवदर्शन लाल बाजपेई 6 महीने 14 दिन तक जेल में रहे जिन्होंने केवल चने खाकर ही पूरी सजा काटी थी। व बाबा शिवाधार लाल बाजपेई जी (कांग्रेसी नेता) भी एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे ।

जिन्हें अंग्रेजों ने अपने साथियों को तार भेजने पर बर्फ की सिल्ली पर बांधकर निर्ममता से पीटा था लेकिन वे उनके आगे झुके नहीं उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की पेंशन भी प्राप्त थी वे आजादी की लड़ाई में जेल भी गये थे। उन्होंने बताया कि उनके पूज्यनीय परबाबा बीएचयू के संस्थापक प.मदन मोहन मालवीय जी के पुराने सखा भी रहे थे। खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद चन्द्र पांडेय ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की शुरुवात 12 मार्च 2021 को साबरमती आश्रम से हुई जिस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने डांडी यात्रा के साथ नमक सत्याग्रह शुरू किया था। उन्होंने कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आशीष त्रिपाठी ने कहा कि,आगामी 15 अगस्त 2022 को आजादी के 75 साल पूर्ण होने के अवसर पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य है कि देश की 18 से 35 उम्र की आज की दिग्भ्रमित युवा पीढ़ी अपने देश की संस्कृति व गौरवशाली इतिहास से परिचित हो व उसका महत्व समझ सके। जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राकेश पाण्डेय ने बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा में आगे बढ़ने व देश प्रेम के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री डॉ पीयूष दीक्षित ने कहा आज देश की आजादी के भागीदारी उन कर्मठ सिपाहियों को याद करने का शुभ दिन आया है ऐसे में हम सब ऐसे महान पूर्वजों के श्री चरणों मे अपना सादर शीश झुकाते है।

विद्यालय स्टाफ में विचारपुरा से प्रधानाध्यापिका शकीला बानो,सहायक अध्यापिका सीमा शुक्ला,सोनी कुमारी,मीना कुमारी,सरिता,प्रीती, नसरीन,डॉ पीयूष दीक्षित,सत्यवीर, ग्राम प्रधान विचारपुर विनीता देवी, प्रधान प्रतिनिधि मुकेश यादव व नगला पीर से प्रधानाद्यापिका शाहीन बेगम,संकुल शिक्षिका आभा पुरवार, सहायक अध्यापिका अर्चना पाण्डेय,विनय वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,श्वेता अग्निहोत्री,लीना पाल प्रिया शैरी सहित विद्यालय स्टाफ में गुड्डी देवी,रूपवती,ओमवती,मीरा देवी,अनीता देवी मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों का आभार संकुल शिक्षिका आभा पुरवार ने किया।

## सांस्×तिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम स्थानी कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज ।आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'सांस्कृतिक प्रतिभा खोज' आयोजन का मुख्य विकास अधिकारी आर0 एन0 सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित कर मॉ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर शुभारम्भ किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा जनपद के लोक कलाकारों द्वारा प्राचीन भारतीय लोक गायन एवं संगीत के विविध आयामों के जीवंत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे कार्यक्रमों द्वारा जनपद की सांस्कृतिक मानवीय धरोहरों को प्रोत्साहित कर राष्ट्रीय पटल पर पहुॅचाने का कार्य करती है। इन्ही कलाकारों में से आगे बढ़ते हुए पदमश्री पुरस्कारों को सुशोभित करते है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने अध्ययन के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़–चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते है।

संस्कृति विभाग के नोडलध्संस्कृति विशेषज्ञ सुनील कुमार दीक्षित ने सभी कलाकारों के शानदार अभिनव



एवं मंचन बधाई दी। उन्होंने कहा कि साहित्यतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा कलाकारों के देश व्यापी चेतना द्वारा सामाजिक विकास एवं मूल्यों पर बल दिया। उन्होंने कलाकारों द्वारा जीवन अभिनव की प्रसंशा करते हुए जनपद के सामाजिक एवं समासिक संस्कृति को रेखांकित किया।

अपर जिला सूचना अधिकारी/सदस्य सचिव श्री आलोक कुमार यादव ने कार्यक्रम का बताया कि कन्नौज जनपद की सांस्कृतिक विधाओं–लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन आदिवासी नृत्य, लोकनाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कृतन, ललित कला आदि के कुल 40 प्रतिभावान कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद के लोक कलाकार, कालेजो के छात्रध्छात्राओं एवं सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों ने इस कार्यक्रम में अपने शानदार प्रस्तुति दर्ज करायी। निर्णायक मण्डल के नामित सदस्य मो0 शारिक खान ने जनपद के सांस्कृतिक एवं समाजिक मूल्यों पर बल देते हुए स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को सराहा। सदस्य नृत्य विशेषज्ञ देव सिंह चौहान ने सभी का कलाकारों की प्रस्तुति का गहनता से अवलोकन करते हुए उनकी अन्दर छुपी हुए प्रतिभा को निखारने पर बल दिया कलाकार–सुनैना, शिवा कुशवाहा, नेहा, आयुशी दूबे, मोनिका, अंकेश कुमार सिंह, प्रयंशु, सिद्धी वर्मा, गौरी सिंह, वंश, इशु चंदेल, संगीता, विकास यादव, याशिवी सिंह, अनुष्का, अर्जुन आदि सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय एवं मंचन से निर्णायक मण्डल सहित सभी दर्शकों को झुमने से मजबूर कर दिया। अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे विकास अवस्थी ने कार्यक्रम के शानदार आयोजन पर निर्णायक मण्डल के सभी सदस्यों, अतिथियों, कलाकारों व दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हृदय से नमन व धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में निर्वाचक प्रविष्टियों की पूर्ति हेतु मतदाता आधार एकत्रीकरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी ने राजकीय महिला डिग्री कालेज बांगर कन्नौज में मतदाताओं के आधार एकत्रीकरण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा है कि आधार संख्या प्राप्त करने का उद्देश्य मतदाता सूची में निर्वाचक की प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण और भविष्य में उन्हें बेहतर चुनावी सेवायें प्रदान करना है ।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में वर्ष में अब 4 बार 1 जनवरी, 1 अप्रैल ,1 जुलाई ,एवम 1 अक्टूबर तिथियों का निर्धारण किया गया है। आज 1 अगस्त 2022 से इस यह कार्यक्रम शुरू हो रहा है जिसमे पंजीकृत मतदाताओं के आधार एकत्रीकरण किया जाएगा तथा यह कार्य 31 मार्च 2023 तक पूर्ण किया जाना है। इसी माह अगस्त में 7





और 21 अगस्त को विशेष अभियान सभी बीएलओ अपने–अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर यह कार्य संपादित करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र कुमार ने बताया कि बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क करते हुए उनसे आधार कार्ड का नंबर अंकित करने के लिए उनकी स्वेच्छा से लेना है अथवा उनसे 11 विकल्प के रूप में मनरेगा जॉब कार्ड ,बैंक डाकघर द्वारा जारी की गई पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड ,चालन अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड ,एनपीआर के अधीन आईजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट ,पेंशन दस्तावेज, केंद्रीयध्राज्य सरकारध्पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी छायाचित्र के साथ सेवा पहचान पत्र, सांसद सदस्यों ध्विधानसभा सदस्यध् विधान परिषद सदस्यों को जारी शासकीय पहचान पत्र और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान परिचय पत्र (यूडी आईडी) लेना अनिवार्य है । सभी बीएलओ डोर टू डोर सर्वे करेंगे तभी इस पुनरीक्षण अभियान के दौरान मृतक और शिफ्टेड मतदाताओं के नाम भी अंकित करते हुए संशोधित सूची बनाएंगे ।

इस कार्यक्रम में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक महाविद्यालय की छात्राएं, आदि उपस्थित रहे।

## आज ज्ञान मंदिर पर सजाई गई झांकी बाबा अमरनाथ के दर्शन कराए गए

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित ज्ञान मंदिर पर आज सावन के तीसरे सोमवार को बाबा अमरनाथ रूप में श्रृंगार हुआ। आपको बताते चले हर वर्ष की भांति ज्ञान मंदिर पर बर्फ का श्रृंगार हमेशा सावन के आखरी सोमवार को होता आ रहा है इस बार मंदिर परिसर की कमेटी के लोगो बदलाव करने की सोचा और इस सावन के तीसरे सोमवार को बाबा अमरनाथ रूप में श्रृंगार हुआ। ज्ञान मंदिर पर सुबह 6 बजे से ही मंदिर के पुजारी श्याम किशोर मिश्रा जी के द्वारा मंदिर के परिसर में साफ– सफाई ब पूजा करने के बाद ही श्रद्धालुओं जलाभिषेक व पूजा करना शुरू हो जाता है जो की रात 10 बजे तक जारी रहता है। ज्ञान मंदिर पर सावन माह के प्रत्येक सोमवार को बाहर से आकर दुकानदार अपनी–अपनी दुकान लगाते है जिससे बच्चे अपने परिवार के साथ मंदिर के दर्शन करने के बाद मेला देखते है मंदिर परिसर इलाके में लोगो की भीड़–भाड़ बढ़



जाती है। फरेंड्स कॉलोनी स्थित ज्ञान मंदिर पर सावन माह के सभी सोमवार पर फ्रेंड्स कॉलोनी बार्ड से सभासद अतुल पंकज पचौरी अपनी साफ–सफाई की जिम्मेदारी व्यवस्था खुद खड़े होकर नगरपालिका की सफाई टीम के सुपरवाइजर से करवाते है। वही दूसरी ओर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी द्वारा सावन महीने के सभी सोमवार पर सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी सभांल लेते है और को मंदिर परिसर पर जब भीड़ बढ़ जाती है इंस्पेक्टर टीम के साथ राउंड 10 बजे तक लगातार करते है। इस मौके पर पुष्पेंद्र गुप्ता,भोले पाठक,संदीप गुप्ता,मोहित वर्मा,अंशुल अशोक दुबे,प्रभाकर पालीवाल,दीपक दुबे,ऋषि लूथरा, रूमी लूथरा,सौरभ दुबे,मनी तिवारी,विपुल राजावत,अनमोल दीक्षित,राजेन्द भदौरिया,मनोज शर्मा,राम,जेपी कुमार आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित हुआ विदाई समारोह

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। नगर पालिका परिषद भरथना के अधिशासी अधिकारी





राम आसरे कमल का औरैया स्थानांतरण होने पर नगर पालिका अध्यक्ष हाकिम सिंह व पालिका कर्मचारियों ने उन्हें अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। नगर पालिका ईओ के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रसंसा की। इस मौके पर अबधेश तिवारी,राजेश दीक्षित,राजू शुक्ला,टिंकू यादव,शशांक यादव,रवि यादव, अजीम सानू,राजीव तिवारी, निहालुद्दीन,शिवराम यादव,आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, राजेन्द्र सिंह,साहिब खां,संतोष यादव,आंनद प्रकाश वास्तव सहित अन्य सभासद व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला शुक्ल में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जनपद के कम्पोजिट विद्यालय नगला शुक्ल में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. हरिश्चचंद्र शुक्ला के सम्मान में उनके पुत्र महेश चंद्र शुक्ला व उनकी पुत्रवधु उमा शुक्ला एवं पौत्र सुधीर शुक्ला का विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनीता मिश्रा ने शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी राम कृष्ण दुबे तथा विद्यालय में वीरेंद्र बहादुर सिंह,राघवेंद्र दुबे ,राहुल प्रताप सिंह ,प्रदीप



कुमार ,सीमा कुमारी व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पति रामवीर तिवारी ने की।कार्यक्रम का आयोजन प्रधानायापिका श्रीमती अनीता मिश्रा द्वारा किया गया। राघवेंद्र दुबे,लक्ष्मीकांत,राहुल,शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### निशा बब्लू सिंह लड़ रही मजदूरों के हक की लड़ाई

सोनभद्र/रेनुकूट। सोनभद्र जिले की एक अलग ही पहचान है। ये सभी को मालूम है लेकिन सोनभद्र और उसके रहवासियों को जबरदस्त लूटा जा रहा है। जी हां आपने सही सुना जब से मिर्जापुर से अलग होकर सोनभद्र जिला बना है तब से यहां की संपत्ति को बस लूटा ही जा रहा है। जिससे करोड़ो की राजस्व की क्षति राज्य सरकार को उठानी पड़ती है। बात की जाए यहां के स्थानीय कामगारों की तो उनका शोषण इस कदर होता है कि वो न तो उगल सकते है और न ही पूरी तरह निगल सकते है। उर्जांचल के रेणुकूट स्थित हिंडाल्को में कार्यरत मजदूरों का शोषण लगातार होता



आ रहा। जिसको लेकर कई बार मजदूर लामबंद भी हुए लेकिन स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हुआ। फिर एक बार मजदूरों के हित के लिए नगर पंचायत अध्यक्षा निशा बबलू सिंह आगे आई है और उनका प्रयास है कि मजदूर को उनका वास्तविक हक मिल कर रहे। इसी सिलसिले में हिंडालको मेन गेट पर मजदूर भाइयों के हित के लिए उनके द्वारा एक नोटिस चस्पा किया गया था। लेकिन ये बात हिंडाल्को प्रबंधन को इतनी न गवार गुजरी की बिना कुछ सोचे अपने बाउंसर और कुछ सिक्योरिटी गार्डों के द्वारा उस नोटिस को नोटिस बोर्ड से फाड़ कर हटावा दिया गया। जब कंपनी के आदमी को रंगे हांथो पकड़ा गया तो निशा बबलू सिंह के टीम के सदस्यों से लड़ने लगा और देख लेने की धमकी देने लगा। वहीं टीम के सदस्यों का कहना है कि, हम तो मजदूरों की हक को दिलाने में मदद की मकसद से नोटिस चस्पा किया गया था लेकिन हिंडाल्को मैनेजमेंट नहीं चाहता कि मजदूर अपने हक के लिए हिंडाल्को के सामने अपनी आवाज उठाए इसीलिए कंपनी के द्वारा नोटिस को फाड़ दिया गया। इस कृत्य के लिए कंपनी व मैनेजमेंट के बाउंसर सिक्योरिटी की घोर निंदा किया है। टीम की यह भी कहना हैं कि हम निशा बबलू सिंह के टीम के सदस्य है हम किसी भी तानाशाही के खिलाफ है मजदूरों के हक के लिए हम निरंतर कोशिश करते रहेंगे।

### एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तके विरुद्ध पैरवी के फलस्वरुप मा0 न्यायालय द्वारा दी गयी सजा

सोनभद्र/राबर्ट्सगंज। पंजीकृत मु0अ0सं0 138/13 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त राकेश पटेल पुत्र रवीन्द्र पटेल, निवासी लोढ़ी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध निरन्तर किये गये सराहनीय प्रयासध्पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 01.08. 2022 को माननीय एएसजेध्एनडीपीएस एक्ट न्यायालय सोनभद्र द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 02 माह 16 दिवस के सश्रम कारावास व 8000 रुपये के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करनें पर 05 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया ।

### एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तके विरुद्ध पैरवी के फलस्वरुप मा0 न्यायालय द्वारा दी गयी सजा

सोनभद्र/अनपरा। थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 63/17 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त गुलाब पुत्र स्व0 रघुनाथ केशरी, निवासी मिर्चाधुरी रणहोर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध निरन्तर किये गये सराहनीय प्रयासध्पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 01.08.2022 को माननीय एएसजे/एनडीपीएस एक्ट न्यायालय सोनभद्र द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 13 दिवस के सश्रम कारावास व 10000 रुपये के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करनें पर 08 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया ।

### शिव की सेवा से सभी साधनाएं होती है संपन्न

**शिव बारात में सज धज के निकले शंकर। शिव महापुराण की कथा में क्षेत्र के जमकर उमड़ रहे भक्तगण।**

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवा।सावन के माह में शिव पुराण कथा का कराना और सुनाना अपने आप में एक पुनीत कार्य है साथ ही सावन के माह में जो लोग रुद्राक्ष का धारण करते हैं उसे उतार कर एक दिन उस पर चंदन व



सरसों के तेल से तिलक लगाने के बाद धारण करें जिसके बाद भगवान शिव की कृपा बरसती है उक्त प्रवचन हनु खेड़ा में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान कथा प्रवक्ता दीपक शास्त्री ने कहे।

## एसपी बिजनौर दिनेश सिंह के नेतृत्व में किया गया फ्लैग मार्च

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना मे पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला तथा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस



शर्मा के नेतृत्व में थाना नगीना से सुरक्षा की दृष्टिगत एवं जनपद में कानून शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गस्त किया गया।तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास नगीना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर लगाम के लिए फ्लैग मार्च किया गया । पहले पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह थाना नगीना पहुंचे और थाने का निरीक्षण किया।

उसके बाद फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च नगीना थाने से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होता हुआ बड़ा मंदिर मझलेटा बाजार लोहारी सराय मंडी मॉलगंज गांधी मूर्ति चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी पर संपन्न हुआ

साथ ही पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने अपने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए शहर में कोई भी असामाजिक तत्व व भ्रामक खबर व कानून व्यवस्था खराब करने वालो को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा उप निरीक्षक अजय कुमार उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक मीर हसन उप निरीक्षक मनोज कुमार चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी उप निरीक्षक वसीम अख्तर उप निरीक्षक नैंन सिंह सत्येंद्र सिंह प्रवेंद्र कुमार नेपाल सिंह अन्य समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहें ।

## नगीना पार्क पर तिरंगा फहराने के बाद अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना ।आजादी के अमृत महोत्सव आरम्भ करने के लिये नगर पालिका परिषद नगीना के सभासदों व कर्मचारियों ने नगीना पार्क पर तिरंगा फहराने के बाद अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया।नगीना पार्क के मुख्य द्वार पर देश का गौरव तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रीय गीत गाया गया।इस मौके पर नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक मदन पाल सिंह, तस्लीम अहमद, अहकाम अहमद,दिनेश कुमार, विनोद कुमार, अभिषेक ,अजीम अहमद, दिनेश कुमार ,अनीस अहमद, सुख्खे, नसीरु आदि व सभासद में डॉ मुअज्जम हुसैन रियाजी,सिद्दीक मुल्तानी,अशोक कुमार, मुहम्मद राकीम,नफीस अहमद,मुहम्मद शारिक, महफूज अहमद ,जोगेंद्र सिंह,नामित सभासद अजीत अग्रवाल, महावीर सिंह सैनी, शिवशंकर सक्सेना,ठेकेदार शहजाद अहमद आदि की मौजूदगी रही।




## तीरंदाजी खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने हरियाणा के सोनीपत में तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मोहम्मद शाहरुख कोतवाली देहात।ग्राम शादीपुर निवासी तीरंदाजी खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने हरियाणा के सोनीपत में तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन किया।निष्ठा गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया तथा छठा स्थान प्राप्त किया। हुआ । निष्ठा का चयन अप्रैल माह में उत्तर प्रदेश की अंडर–14 टीम में हुआ था जिसमें निष्ठा ने एक स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक जीता था और उसके बाद उसने राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजमुंद्री आंध्र प्रदेश में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। निष्ठा जनपद की उभरती




हरियाणा राज्य के सोनीपत स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के मैदान में पांचवे खेलो इंडिया टूर्नामेंट में ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया।

निष्ठा ने कंपाउंड स्पर्धा में गर्ल्स कैडेट वर्ग में 316 तथा 306 का स्कोर बनाया और स्पर्धा में छठा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन 31 जुलाई को सोनीपत में हुई तीरंदाज खिलाड़ी है।10 वर्षीय निष्ठा गुप्ता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीन पदक जीत चुकी है तथा वह दो बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। निष्ठा ने तीरंदाजी का प्रशिक्षण मथुरा स्थित मथुरा आर्चरी एकेडमी से लिया है।वह कोच योगेंद्र सिंह राणा के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

### आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगीना थाना प्रांगण में पुलिस अधीक्षक बिजनौर दिनेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला ने शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराने की अपील की

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना में आज दिनांक 01.08.2022 को पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर दिनेश सिंह थाना नगीना पर आगामी त्यौहार के दृष्टिगत नगीना क्षेत्र के सभी संभ्रात व्यक्तियों के साथ पीस संबंधित विभिन्न जानकारीध्सुझावों को साझा करते हुये आवश्यक वार्ता की गई व आगामी त्यौहार को आपसी सहयोग व सौहार्दपूर्णध्शांतिपूर्वक एवं सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की। मीटिंग के दौरान नगीना



कमेटी की मीटिंग आयोजित कर शासन के आदेश–निर्देशों से अवगत कराया गया तथा त्यौहारों से क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा , अमीर हसन आदि लोग मौजूद रहे ।

## किरण नेत्रालय मंडी मार्श गंज, शुगर मिल रोड पर माता अमृतानंदमई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट शामली द्वारा आज विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली जिसका उद्घाटन निवर्तमान चेयरमैन श्री अरविंद संगल जी व सुनील गर्ग जी के द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया ।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति वह मरीज को संबोधित करते



हुए निवर्तमान चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि आज प्रदूषण की वजह से हमारे नेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित है,

इनकी सुरक्षा के विषय में आम आदमी जागरूक भी नहीं है, जिसके कारण लगातार छोटे–छोटे बच्चों को भी चश्मे लगते जा रहे हैं , आज का यह नेत्र परीक्षण कैंप इसी बात को ध्यान में रखकर किया जा रहा है कि हम आम नागरिक को नेत्र संबंधी बीमारियों के लिए जागरूक कर सके एवं पात्र मरीजों का ऑपरेशन किया जाए और जिनकी नजर कमजोर हो चुकी है उनको चश्मा दिया जाए एवं जिनकी आंखें प्रदूषण के कारण या अन्य कारण से खराब होने जा रही है या कमजोर होने जा रही है । आज के कैंप में भारी मात्रा में पात्र मरीजो को देखकर संतुष्टि हो रही है कि अब आम नागरिक भी नेत्रों के प्रति



जागरूक हो रहे हैं अध्यक्ष श्री सुनील गर्ग जी ने बताया कैंप में लगभग 125 मरीजों की निशुल्क नेत्र की जांच आधुनिक मशीन और पी जी आई चंडीगढ़ के अनुभवी डॉक्टर के द्वारा की गई ।मैनेजर सुजीत चौहान ने बताया की आँखों का आधुनिक व विश्वस्तरीय अस्पताल है किरण नेत्रालय । आज के इस कैंप से आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड धारक 10 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयनित किया गया साथ ही स्टार हेल्थ के पैनल पर आपरेशन हेतु,4 मरीजों का चयन किया गया इस कैंप में संस्था के सचिव श्री अमित गर्ग, कार्यक्रम संयोजक संजय बंसल, मनीष भटनागर, डॉक्टर सुनील सैनी, अंजलि गर्ग जी, मीनाक्षी जी, रेखा गोयल जी, सुमन गुप्ता जी, छाया संगल जी ,आरती संगल जी , डोली बंसल, रेखा संगल, अस्पताल के स्टाफ रिया, देव, जितेंद्र , शिवानी, और अजय आदि उपस्थित रहे सुनील कुमार गर्ग अध्यक्ष मां अमृतानंदमई सेवा संस्थान समिति शामली।

## आज भारतीय किसान यूनियन अंबावता की एक मीटिंग जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में मिमलाना रोड मोहम्मद हसन नगर महासचिव के आवास पर संपन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिसकी जिसकी अध्यक्षता जनाब सबी उल हसन साहब ने की वह संचालन युवा जिला अध्यक्ष चौधरी अतुल अहलावत जी ने किया मीटिंग में मौजूद जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम जी ने जानकारी देते हुए बताया की केंद्र सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है और जिस कारण आज देश का किसान मजदूर भुखमरी की कगार पर आ चुका है केंद्र सरकार ने किसान और मजदूर के साथ झूठे वादे किए हैं और झूठे सपने दिखाने का काम किया है आज देश के किसान और मजदूर को एक प्लेटफार्म पर आकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना होगा और बहुत जल्द एक बड़ा आंदोलन करना होगा और संगठन को मजबूती की ओर ले जाते हुए



सभी की सहमति से मोहम्मद सलमान को मुजफ्फरनगर महानगर अध्यक्ष की कमान सौंपी वही लियाकत अली को नियाजुपुरा युवा ग्राम अध्यक्ष व मौ इस्लाम को ग्राम उपाध्यक्ष नियुक्त किया इस मौके पर जिला महासचिव मौ अजीम सदर तहसील अध्यक्ष चौधरी गुलबहार चिकित्सा प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष डॉक्टर शोएब तहसील उपाध्यक्ष नवेद मलिक सदर ब्लॉक उपाध्यक्ष मौ इदरीस सदर ब्लॉक सचिव मोहम्मद दिलशाद राणा सदर ब्लॉक उपाध्यक्ष शफीक नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद काजी मोहम्मद आसिफ नगर उपाध्यक्ष नगर सचिव शान मोहम्मद नगर मीडिया प्रभारी नूर मलिक नियाजउपुरा ग्राम अध्यक्ष मोहम्मद शकील शाहनवाज ग्राम अध्यक्ष साबुद्दीन पुर मोहम्मद साजिद अंसारी मोहम्मद शोएब खान उर्फ शोबी मोहम्मद हसीब अंसारी आदि मौजूद रहे जिला अध्यक्ष मौ शाह आलम महानगर अध्यक्ष सलमान।

## मतदाता पहचान पत्र आधार से लिंक करने को बीएलओ की मीटिंग

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तहसील के सभागार कक्ष में तहसीलदार कैराना ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ की बैठक की और मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के लिए दिशा–निर्देश दिए गए सोमवार को तहसील के सभागार कक्ष में तहसीलदार कैराना प्रियंका जयसवाल ने समस्त बीएलओ के साथ बैठक की। चुनाव आयोग और राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी मतदाता पहचान पत्रों को आधार से लिंक कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि कोई परिवार दूसरी जगह शिफ्ट हो गया या किसी की मृत्यु हो गई। ऐसी दशा में फॉर्म सात भरें।

नया वोट बनाने के लिए फॉर्म छह का प्रयोग करें,यदि त्रुटि हो तो उसके लिए फॉर्म आठ के तहत त्रुटिहीन दस्तावेज सलंग्न कर रिपोर्ट प्रेषित करें। मतदाता पहचान पत्र गुम हो जाने की दशा में भी फॉर्म आठ भरकर संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा,जिसके बाद ही दूसरा मतदाता पहचान पत्र मिल सकेगा। इस दौरान शेरखान साहिल, खुर्शीद,



शहजाद,सलीम,स्लीमुदीन, अजराखातून,अंशुल,राजुकमार, हाशिम अली अष्ट दर्जनों बीएलओ उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिड खनन वाहन भर रहे फर्राटे,अधिकारी मौन

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मानसून सत्र में खनन प्वाइंट बन्द होने के कारण सड़क किनारे लागये गया रेत के स्टॉक से खुलेआम ओवरलोडिड वाहनों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य मार्गों पर फर्राटे भरते इन वाहनों पर लगाम कसने को कोई तैयार नहीं है। संबंधित अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।

मानसून सीजन में खनन प्वाइंट बन्द होने के कारण खनन ठेकेदारों द्वारा नियमों की अनदेखी कर सड़क किनारे लागये गए रेत के



स्टॉक से ओवरलोडिड खनन वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ओवरलोडिड वाहनों के संचालन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे रखे है। बावजूद इसके जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आदेशों की जरा भी परवाह नहीं है। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर आला अधिकारियों को गुमराह करते हुए छोटे वाहनों पर करवाई कर दी जाती है, जबकि बड़े वाहनों को छोड़ दिया जाता है।

बिना नम्बर प्लेट दौड़ते हैं ओवरलोड वाहन

रेत से भरे ओवरलोडिड वाहनों पर नम्बर प्लेट तक नहीं लगी हुई है। हादसे के बाद यह वहान मौके से आसानी के साथ भाग जाते हैं। ऐसे में कोई इनका नम्बर कैसे पता कर सकता है। संबंधित विभाग खनन वाहनों पर आखिर इतना मेहरबान क्यों है? ओवरलोड भरकर सड़कों पर बिना नम्बर प्लेट फर्राटे भर रहे वाहनों पर कार्रवाई करे तो कौन?किसकी शह पर चल रहा है यह धंधा। क्या जिम्मेदारों पर होगी कोई कार्रवाई

## महिला की मौत पर परिजनों का क्लीनिक पर हंगामा-सीने में दर्द के बाद महिला को टीचर कालोनी स्थित क्लीनिक पर कराया गया था भर्ती, हार्टअटैक से हुई महिला की मौत

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उपचार के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने क्लीनिक के बाहर हंगामा किया। मौके पर पहुँची पुलिस ने मशक्कत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान पुलिस को परिजनों के कड़े विरोध का भी सामना करना पड़ा।

मंगलवार की दोहपर नगर की टीचर कालोनी में स्थित एक क्लीनिक पर सीने में दर्द की शिकायत के बाद विधवा महिला सत्तो देवी(54)पत्नी स्वर्गीय रोहताश निवासी मोहल्ला दरबार कलां को उसके बेटों द्वारा भर्ती कराया गया था। इस दौरान क्लीनिक पर चिकित्सक मौजूद नहीं थे। उनकी गैर मौजूदगी में ही कम्पाउंडर द्वारा महिला को प्राथमिक उपचार दे दिया गया,कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर परिजनों सहित मोहल्लावासियों की भीड़ जुट गई। परिजनों का आरोप था कि गलत उपचार देने के कारण मौत हुई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरिक्षक अनिल कपरवान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कर मामले की जानकारी ली।इस दौरान हंगामा कर रहे परिजनों को समझा–बुझाकर शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया गया, जिसका परिजनों व मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ा विरोध किया। थोड़ी देर के लिए वहां अफरा–तफरी का मौहाल पैदा हो गया। इस बीच पुलिस के साथ धक्का–मुक्की भी की गई। बाद में कोतवाल अनिल कपरवान द्वारा समझाने के बाद भीड़ शांत हो गई और शव को उठाने दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीने में दर्द की शिकायत पर महिला को क्लीनिक लाया गया था। हार्ट अटैक के मरीज को जो ट्रीटमें दिया जाता है वो दिया गया था। इस बीच महिला की मौत हो गई। ईसीजी रिपोर्ट भी देख नहीं पाए।प्रथम दृष्ट्या हार्टअटैक के कारण मौत हुई है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं डॉक्टर वेद प्रकाश।



## मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद, थाने में हुई अमन कमेटी की मीटिंग

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक मोहर्रम के सिलसिले में अमन कमेटी की एक मीटिंग सोमवार की शाम थाना प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमे मोहर्रम परम्परागत ढंग से व श्रद्धा के साथ मनाये जाने की अपील की गई।

इस मौके पर बोलते हुए एसडीएम नजीबाबाद ने कहा कि मोहर्रम गमो का त्यौहार है हम सब सोगवारो के गम में बराबर के शरीक हैं हमे कोई भी ऐसा काम नही करना चाहिए जिससे कि माहौल खराब हो और त्यौहार में खलल पड़े। उन्होंने कहा कि जुलूसों के रास्तों पर पुलिस प्रशासन तैनात रहेगा।

उन्होंने ताजिये दारो का आह्वान किया कि वह ताजिये इतने ऊंचे न बनाये की वह बिजली के तारों से टकरा जाए। सीओ गजेन्द्र पाल सिंह ने कहा किरतपुर थाना क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस ग्राम मेमन सादात ,भनेड़ा,हुसैनपुर तीरगर,शकरपुरी में निकाले जाते है जिनकी सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस सरकार की गाईड लाइन के मुताबिक निकाले जाएंगे और सार्वजनकि रास्तों पर गम के प्रतीक काले झंडे नही लगाने दिए जाएंगे।

मीटिंग को नगर पालिका परिषद के बड़े बाबू हसन मुस्तफा, इसरार



जैदी, हनि हुसैन,मुजतुबा, अब्बास नकवी, साबिर रजा,भाजपा नेता मनोज बालियान, ग्राम प्रधान कैलाश आदि ने भी सम्बोधित किया मीटिंग की अध्यक्षता एसडीएम नजीबाबाद ने की व संचालन प्रधानचार्य कैप्टन मजहर नामी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईदुल अजहा तथा कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कोतवाल मनोज कुमार सिंह व इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था सीरवासुचन्द की ओर से ईदुल अजहा तथा कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कोतवाल मनोज कुमार सिंह व इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सोमवार को सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष तेजपाल सिंह चौहान,ठाकुर रामबीर सिंह के नेतृत्व में कोतवाल मनोज कुमार सिंह व इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव को ईदुल अजहा व कांवड़ यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर समय पर ड्यूटी निभाने वाले कोतवाल मनोज कुमार सिंह व उनकी पूरी टीम में शामिल योद्धाओं को सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था सीरवासुचन्द की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष तेजपाल सिंह चौहान ने बताया कि हमारी संस्था की ओर से अच्छे व समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियो को वह चाहे समाज का व्यक्ति हो या कोई सरकारी पद पर कार्यरत हो को समय समय पर उनके कार्यो की सराहना कर सम्मानित किया जाता है। वही कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने ईदुल अजहा के त्योहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया और कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को फल पानी वितरित कर उनकी सेवा का कार्य किया। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव का प्रमोशन होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की संस्था की ओर से अच्छे व समाजहित में कार्य करने पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह व इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तेजपाल सिंह चौहान के अलावा ठाकुर रामबीर सिंह, देवराज सिंह चौहान, ठाकुर अंकित,आलोक राजपूत, बसंत कुमार,मतलूब अंसारी आदि उपस्थित रहे।



### इस्माईल साहब के आवास पर मज्लिसे इत्तिहादूल मुस्लिमीन पार्टी Aimim National की एक मीटिंग सम्पन्न हुई

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कस्बा कांधला मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन की एक मीटिंग संपन्न हुई जिसमे जिला शामली के जिला अध्यक्ष एडवोकेट नदीम अहमद साहब,शामली जिला उपाअध्यक्ष हाफिज इनाम साहब, जिला संगठन मंत्री कारी कासिम साहब,शामली विधनसभा अध्यक्ष हाजी जावेद अली साहब,कैराना नगर अध्यक्ष इमरान राणा साहब, डाक्टर सायाब साहब, वरिष्ठ कार्यकर्ता मिस्त्री इदरीस सैफी साहब, सलमान अंसारी आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए मीटिंग में लोगों ने अपनी अपनी परेशानियां भी बताई, जैसे सडक, लाईट, जल भराव आदि समस्याएँ बताई जिसका जिला अध्यक्ष एडवोकेट नदीम अहमद साहब ने पूरी टीम के साथ जायजा लिया मज्लिस की जिला टीम ने लोगों को पूरा सहयोग देने का वादा किया मीटिंग में जनाब इस्माईल साहब को जिला सचिव नियुक्त किया गया सभी पदाधिकारियों की उपस्तिथि मे काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली मीटिंग में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे पार्टी की और से जनाब इस्माईल साहब को जिला सचिव मनोनीत किये जाने पर हार्दिक बधाई व बहुत बहुत मुबारकबाद उम्मीद करते हैं कि आप पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का काम करेंगे सलमान अंसारी मजलिस खादिम।



### गृहकलेश के चलते महिला की हुई संदिग्ध मौत

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। गृहकलेश के चलते महिला की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पानीपत के अस्पताल में मौत हो गई मंगलवार को क्षेत्र के गांव पंजीठ निवासी सावित्री पत्नी श्रीपाल की गृहकलेश के चलते अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे स्थानीय चिकित्सकों को दिखाया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर महिला को पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ संदिग्ध परिस्थितियों के चलते उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।आनन– फानन में मृतक महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ग्रामीण बताते हैं कि महिला का घर में बच्चों के साथ विवाद हो गया था,जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी।

### लूट के मोबाइल की लोकेशन पर कैराना पहुँची करनाल टीम

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। लूट के मोबाइल केव लोकेशन कैराना पहुंची करनाल की अपराध शाखा टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से कई स्थानों पर दबिश डाली,लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।

मंगलवार को इसआई राजबीर सिंह जे नेतृत्व में करनाल अपराध शाखा की टीम लूट के मोबाइल की लोकेशन पर कैराना पहुँची, जहाँ टीम ने कोतवाली में आमद दर्ज कराई और स्थानीय पुलिस के सहयोग से लोकेशन के आधार दबिश डाली,लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। एसआई राजबीर सिंह का कहना है कि करनाल से एक मोबाइल लूटा गया था,जिसकी लोकेशन कैराना क्षेत्र में मिल रही थी,जिसके आधार पर टीम आरोपी को पकड़ने यहाँ पहुँची है।

### एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। एसडीएम शिवप्रकाश यादव ने बारिश के मौसम को देखते हुए यमुना किनारे बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही यमुना नदी के बांध की तैयारियों को भी परख और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव ने पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा के बाद पानी का अधिक दबाव होने पर हथिनीकुण्ड बैराज से लगातार यमुना नदी में छोड़े जा रहे पानी से बढ़ रहे यमुना नदी के जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित गांवों मोहम्मदपुर राई,इस्सोपुर,खुरगान,मंडावर,अकबरपुर सुन्हेटी,दभेदी,पठेड़ सहित एक दर्जन गाँवों का दौरा किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही यमुना नदी के बांध का निरीक्षण कर ड्रैनेज विभग द्वारा की गई तैयारियों की जाँच की और बाढ़ राहत चौकियों के बारे में जानकारी जुटाकर सतर्क रहने और पल–पल हालात पर नजर रखने के निर्देश दिए।

### बाइक लगे रेहड़े में कार सवार ने मारी टक्कर, चार घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बाइक लगे रेहड़े में तेजरफ्तार कार सवार ने टक्कर मार दी ,जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस के सहयोग से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहाँ से गंभीर घायल इकरार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है सोमवार की देर रात्रि पानीपत खटीमा राजमार्ग बाइपास रोड पर स्थित रमाडा चौराहे के निकट तेजरफ्तार आ रहे कार सवार ने बाइक लगे रेहड़े में टक्कर मार दी,जिसमें इकरार निवासी गाँव बाबरी सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया ,जहाँ से तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर घायल इकरार को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद कार की नम्बर प्लेट मौके पर ही गिर गई, जिसे राहगीरों द्वारा बाद में पुलिस को सौंप दिया गया है। नम्बर प्लेट के आधार पर ही पुलिस जाँच में जुट गई है।



## मुठभेड व दुकान से चोरी किया हुआ माल की बरामदगी के साथ 03 नफर अभियुक्तों को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया

पीलीभीत। मुखबिर की सूचना पर नेशनल पब्लिक स्कूल कस्बा बिलसण्डा के पास स्थित बाग से 03 नफर अभियुक्त गण 01.विशाल पुत्र नन्हे लाल निवासी गांव घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत 02.अमित पुत्र ढाकन लाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत 03.भागवान शंकर पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत से पुलिस मुठभेड करते हुये समय रात्रि करीव 02.20 वजे गिरफ्तार किया गया जिनमें प्रत्येक के कब्जे से 01—01 अदद नाजायज तंमचे 315 बोर कुल 03 तमंचे मय 05 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा बरामद हुआ। तीनों अभियुक्तो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 400/22 धारा 307/34 भादवि पंजीकृत किया गया तथा मु0अ0स0 401ध्22 धारा 3/25/27 ए एक्ट बनाम विशाल पुत्र नन्हे लाल निवासी गांव घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत व मु0अ0स0 402/22 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम अमित पुत्र ढाकन लाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत व मु0अ0स0 403/22 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम भगवानशंकर पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत



पंजीकृत किये गये। अभियुक्तगणो से पूछताछ मे संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग रात में बन्द दुकानो के ताले तोडकर सामान व नगदी चोरी करते हैं। अभियुक्त गणों की निशादेही पर मु0अ0स0 398/2022 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बधित साँची गारमेन्टस शोरुम से चोरी गये माल जीन्स ,टी शर्ट ,शर्ट ,सैन्डो बनियान व लोवर तथा नेकर 04 बडे गत्ते व मु0अ0स0 399/22 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बन्धित श्री कृष्ण की दुकान से माल गुटखा,तम्बाकू,सिगरेट,सुपारी के कुल 06 बडे गत्ते जिसकी कुल मालियत करीब 350000ध— (साढे तीन लाख रुपये) की बरामदगी की गयी। बरामद माल अभियुक्त भगवान शंकर के घर के अन्दर बने पूर्वी दक्षिण कमरे से बरामद हुआ।

## अवैध अतिक्रमण की जांच में लेखपाल पाया गया दोषी उप जिलाधिकारी ने आरोप पत्र तैयार करने के दिए निर्देश

पूरनपुर। शासकीय भूमि को नुकसान पहुंचा कर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया।जांच में तत्कालीन लेखपाल दोषी पाया गया।इस पर लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई है।

नगर के पूरनपुर देहात में शासकीय भूमि को नुकसान पहुंचा कर अवैध अतिक्रमण की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि वर्ष 2012 में देहात क्षेत्र में तैनात तत्कालीन लेखपाल राजीव कंचन ने अपनी पूर्व तैनाती की अवधि में ग्राम समाज की भूमि का नामान्तरण कराने की भूमिका निभाई गई। राजस्व अभिलेखों का नियमित सत्यापन न करने,दायित्वों का निर्वहन न करने,कर्मचारी आचरण नियमावली कर उल्लंघन करने की जांच मैं प्रथम दृष्टया लेखपाल राजीव कंचन की लापरवाही सामने आई है।इस पर उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई की है।एक सप्ताह के अंदर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है।

इस जांच का नायब तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया गया है।जो मामले की जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया लेखपाल राजीव कंचन जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं।इस पर विभागीय कार्रवाई की गई है। लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिलाधिकारी द्वारा आधार एकत्रीकरण कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ रामा इण्टर कालेज में किया गया। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुये अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बी0एल0ओ0, ई0आर0ओ0 या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म



कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही आज से प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने कहा कि फार्म 6 बी ऑनलाइन दअेच.पद पर उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टलध्एप पर ऑनलाइन फार्म 6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारीधनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण 6बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत कर दिये गए हैं। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 02 तिथियां 07 अगस्त एवं 21 अगस्त व 04.09. 2022 को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प समस्त मतदेय स्थलों पर लगया जायेगा। जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म 6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), कॉलेज के प्रधानाध्यापक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की प्रथम बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न आकर्षको— पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण तथा संवर्धन, विभिन्न पर्यटन स्थलों को करते हुए उनका समाधान पर चर्चा की गई।

जनपद की प्राकृतिक धरोहर टाइगर रिजर्व, ऐतिहासिक, पौराणिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक धरोहर इलाबास मंदिर, लिलहर शिव मंदिर, एकोत्तरनाथ मंदिर एवं गोमती उद्गम स्थल के महत्व के सम्बन्ध में चर्चा की गई। उन्होंने सभी से अपेक्षा



प्रमुख स्थलों से जुडे व्यक्तियों, कलाकारों एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास, प्रत्यक्षध्अप्रत्यक्ष रोजगार के साधनों का सृजन तथा सांस्कृतिक धरोहरों एवं परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना, जनपद के विभिन्न विशेषज्ञों को पर्यटन विकास कार्यक्रमों/सांस्कृतिक गतिविधियां से जोडनाध्जागरूक करना एवं प्रचार व प्रोत्साहन करना, पर्यटन एवं संस्कृति विकास में होने वाले गतिरोध/समस्या का चिन्हीकरण की कि सभी सम्बन्धित विभाग परिषद के उद्देश्य के अनुरूप अपने अपने प्रस्ताव अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बरेली बृजपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी, डीएफओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट लाइट घोटाला के बाद बनी झगड़े की जड

पीलीभीत पूरनपुर— ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई जिसमें जमकर घोटाला किया। घोटाला के बाद अब लाइटों को लेकर ग्रामीणों के बीच झगड़े की जड़ बन गई हैं। ग्रामीण ने दबंगों के खिलाफ तहरीर दी।

जब से ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई तब से चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्राम पंचायत में लगाई गई लाइटों का दुगनी कीमत का भुगतान कराया गया। दोगुना भुगतान करके जनपद में लम्बा घोटाला किया गया। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी पुलकित खरे ने घोटाले की जांच के आदेश दिए। स्ट्रीट लाइट घोटाला की फाइल जब नवागत मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के कार्यालय में पहुंचते ही मुख्य विकास अधिकारी ने भी जांच के निर्देश दिए और जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। अधिकारियों द्वारा मामला दबाते ही नये रुप में उछल जाता है। ग्राम पंचायत में लगाई गई स्ट्रीट लाइट झगड़े के रुप में तूल पकड़ लिया और दो पक्षों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। विकास खण्ड व कोतवाली पूरनपुर के ग्राम पंचायत अमरैया कलां निवासी धर्मपाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर दी। धर्मपाल ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण मेरा परिवार छत पर सोता है। मेरे घर के सामने तिराहे पर लाइट लगाई गई है। जिसकी रोशनी छत पर जाती है जो परिवारिक मर्यादाओं के लिए बाधा बनकर जल रही है। मैंने लाइट को नीचे करने का प्रयास किया और ग्राम प्रधान व सचिव से भी कहा। लेकिन गांव के ही गोपाल व सुम्मेर लाल पुत्र शिवलाल मुझे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। गाली गलौज करते हुए मेरे दरवाजे पर दस्तक देते हुए जान से मारने की कोशिश की और पुनः मारने की धमकी देते हुए वापस घर लौट गए। शिवलाल व उनकी पत्नी झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की नसीहत देते हुए गालियां देते हैं। बिजली के पोल में लगी स्ट्रीट लाइटों ने नया मोड़ ले लिया। धर्मपाल ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

## फर्जी फर्म बनाकर ग्राम पंचायत अधिकारी कर रहा भुगतान, प्रधानों ने किया बिरोध, मुख्य विकास अधिकारी को लिखा पत्र की कार्यवाही की मांग

- शिव आर्ट सेंटर जितौर टांडा के नाम से चल रही फर्जी फर्म का ग्राम प्रधान कर रहे विरोध

पीलीभीत पूरनपुर।

ग्राम पंचायतों में फर्जी फर्में बनाकर ग्राम पंचायत अधिकारी सरकारी धन डकारने का खाका तैयार कर चुके है जिसके चलते अन्य विकास खंडों में बड़े बड़े घोटाले उजागर हुए हैं। उसी तर्ज पर विकास खंण्ड पूरनपुर में फर्जी फर्म शिव आर्ट सेंटर जितौर टांडा खाता का नाम उजागर हुआ है। वहीं ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया है और मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने खाता संख्या 57610100002742 आईएफएससी कोड ठ।त्व्ठ्ल्न्ल्।क्प् खाताधारक परमिता देवी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गुलड़िया भूपसिंह के नाम फर्म बनाकर फर्जी भुगतान किया जा रहा है। जिसके बारे में ग्राम प्रधान को कोई जानकारी तक नहीं है। जिस फर्म में अधिकारी के निजी सहायक रोहित वर्मा का मोबाइल नंबर 0952846 5240 पंजीकरण है उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान अपनी मनमानी से स्वयं द्वारा बनाई गई संस्था शिव आर्ट सेंटर के माध्यम से करते हैं । आए दिन पंचायत के विकास कार्यों को स्वयं न करके प्रधान के ऊपर कार्य करने का दबाव बनाये जाने का आरोप लगाए है। स्वयं की फर्जी फर्म के माध्यम से भुगतान करके प्रधानों को गुमराह किया जाता है। ग्राम पंचायत गुलडिया भूपसिंह, पिपरिया मझरा, टांडा ,बिलंदपुर अशोक का भुगतान किया जा चुका है जिसका विवरण देकर प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत को शिकायत पत्र शिकायत पत्र देकर ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा बनाया गया फर्जी फर्म शिव आर्ट सेंटर की जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह, सिकरहना, पिपरिया मझरा, बिलंदपुर अशोक, सुंदरपुर, अजीतपुर विलहा, और गोपालपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी रत्नेश सोनकर विकास खंण्ड पूरनपुर जिला में तैनात है। वहीं रत्नेश सोनकर जिले के अन्य विकास खंण्ड से पूरनपुर विकास खंण्ड कुछ समय पूर्व तैनाती के बाद पुराने रवैये से कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं फर्जी भुगतान और फर्जी बाड़े को लेकर ग्राम प्रधानों में रोष है और मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

## महायोजना-2031 (प्रारूप) प्रदर्शनी का जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

पीलीभीत जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा पीलीभीत महायोजना—2031 (प्रारूप) प्रदर्शनी कार्यालय नियत प्राधिकारीध्नगर मजिस्ट्रेट विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कलेक्ट्रेट कमाउण्ड में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत 40 ग्राम सम्मिलित किये गये है।





नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास के फलस्वरूप भावी विकास को नियोजित करने हेतु अमृत मिशन के अन्तर्गत जनपद विनियमित क्षेत्र की प्रथम महायोजना 2031 बनाने का कार्य नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश सौंपा गयाा। नगर एवं ग्राम नियोजन द्वारा कन्सल्टेन्अ के माध्यम से नगर के वर्तमान विकास का सर्वेक्षण एवं विश्लेषण तथा नगर की वर्तमान समस्याओं का विस्तृत अध्ययन कर पीलीभीत विनियमित क्षेत्र हेतु वर्ष 2031 तक की अनुमाति 2.62 लाख जनसंख्या हेतु महायोजना का प्रारूप तैयार किया गया है। नगर के सुनियोजित विकास हेतु तैयार की गयी महायोजना पर नगर के नागरिकों एवं विभिन्न शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों/ अभिकरणों से आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से महायोजना का प्रारूप प्रदर्शित यिका गया है। उन्होंने कहा कि उक्त प्रदर्शनी आज से 31 अगस्त 2022 नियत की गयी है। उपरोक्त महायोजना के सम्बन्ध में नगर में स्थित समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं जनसामान्य आदि अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति डाक के माध्यम से अथवा विनियमित क्षेत्र पीलीभीत कार्यालय में दे सकते हैं।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) राम सिंह गौतम, नगर मजिस्ट्रेट डॉ0 राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डी0बी0टी0 योजना के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को किया जा रहा है आच्छादित-जिलाधिकारी

प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण के कार्य में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर।

कम्पोजिट विद्यालय चांट फिरोजपुर के प्रधानाचार्य एवं ग्राम प्रधान को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया सम्मानित।



पीलीभीत मा0 मुख्यमंत्री जी अध्यक्षता में डी0बी0टी0 योजना सम्बन्धित कार्यक्रम में यू—टयूब एवं दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारण लखनऊ से किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। जनपद में गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी को बताया गया कि शैक्षिक सत्र 2022—23 में परिषदीय विद्यालयों में 2,23535 छात्र/छात्रायं नामंकित है। उन्होंने कहा कि जनपद के दो लाख दो हजार दो सो अट्ठासी छात्र/ छात्राओं का आधार सत्यापन किया जा चुका है। आधार सत्यापन 94.07 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डी0बी0टी0) के कार्य में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि डी0बी0टी0 के द्वारा एक लाख अट्ठाइस हजार दो सौ छियालीस छात्र/ छात्राओं को प्रथम चरण में अच्छादित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में अवशेष छात्रध्छात्राओं को योजना से आच्छादित किया जायेगा। डी0बी0 टी0 के माध्यम से दो जोडी यूनीफार्म, स्वेटर, जूता मोजा, स्कूल बैग आदि क्रय करने हेतु धनराशि भेजी जा रही है।



उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वर्ष 2021—22 के लिए प्रदेश में चयनित 10 विद्यालयों में विकासखण्ड पूरनपुर का कम्पोजिट विद्यालय चॉट फिरोजपुर भी सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान को आज मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज—2 योजनान्तार्गत पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से जनपद मं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने हेतु समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन ग्राम पंचायतों के कार्यों में तेजी लाई और 14 अगस्त तक समस्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक पंचायत भवन पर 15 अगस्त को तिरंगा फहराया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि केयर टेकर व आपरेटरों का वेतन का भुगतान समय से किया जाये अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि चयनित 20 अमृत सरोवरों के कार्यों को 14 अगस्त तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों



को निर्देशित किया गया कि अपने कार्य क्षेत्र स्थल पर निवास करें निवास पर न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही की जाये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 45 ग्राम चिहिन्त किये गये जिनकी जनसंख्या 05 हजार या उससे अधिक है। ऐसे 10 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने हेतु धनराशि उपलब्ध हो गई है। चिहिन्त ग्रामों में रससिया खानपुर रू0 43 लाख, खमरिया पंडरी 41 लाख, पिपरिया भजा 35 लाख, कैंचू टांडा 30 लाख, भिखारीपुर 57 लाख रू0, घुंघचिहाई 33 लाख, जमुनिया खास 40 लाख 90 हजार, पिपरिया दुलई 45 लाख व शिवनगर रू0 35 लाख व माधौटांडा 73 लाख की धनराशि उपलब्ध हुई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया जिन कार्यों हेतु धनराशि उपलब्ध कराई गई है उन्हीं कार्यों में धनराशि का व्यय किया जाये। इसके साथ ही साथ कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गयें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## मजलिस में इमाम हुसैन की याद में जार-जार रोए सोगवार- दोनों मजलिसों में में मजलूम ए करबला इमाम ए हुसैन व उनके 72 साथियों को याद कर अश्क बहाए

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। इमाम बरगाहों व अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला जारी है। बड़े इमामबाड़े में मौलाना जावेद व छोटे इमामबाड़े में मौलाना रजी बिसवानी ने खिताब किया। इस दौरान इमाम हुसैन की याद में सोगवार जार—जार रोए नगर के मोहल्ला अंसारियान में स्थित छोटे इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना रजी बिसवानी ने हजरत अब्बास अलमदार के फजायल पढ़े इसी के साथ हजरत अब्बास की अपने प्रिय भाई इमाम ए हुसैन की इज्जतो एवं मोहब्बतों को बयान किया। मजलिस में सोज सलाम लवी जैदी,कुर्रत उल ऐन मेहदी, हैदर मेहदी, जाफर जैदी व मर्सिया ख्वानी हुसैन हैदर जैदी तथा नोहा ख्वानी फैसल जैदी और आगाज जैदी द्वारा किया गया। रात्रि की मजलिस को बड़े इमामबाड़े में खिताब करते हुए मौलाना जावेद हुसैन ने मजलिस में कुरान की आयतों पर रोशनी डालते हुए कहा कि अपनी जिंदगी को नेक कामों में व्यतीत करने और इमाम हुसैन की जिंदगी से सबक लेने का वक्त है। हम सबको इसी राह पर चलकर जिंदगी गुजारनी है। इस दौरान मसायब ए इमाम हुसैन बयान किया गया तो मजलिस में मौजूद सोगवार जार—जार रोए और इमाम हुसैन की याद में अश्क बहाए। गुलजार जैदी, कुर्रतउल ऐन मेहदी व यावर जैदी द्वारा संयुक्त रूप से नोहाखवानी की गई और मातामदारो द्वारा मातम किया गया। मजलिस का आगाज वासी हैदर



सकी द्वारा सोज सलाम वा मर्सिया ख्वानी करके किया गया। इस मौके पर हाजी शाहिद हुसैन, जावेद रजा, शराफत हुसैन, काजिम हुसैन, ड़ा सरवर हुसैन, शारिब हुसैनी,ड़ा फरहत हुसैन,कुर्रत उल ऐन मेहदी,जाफर अब्बास जामिन हुसैनी, अलमदार हुसैन आदि थे।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 ने श्रावण मास/काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग व जनपद पीलीभीत-बरेली बार्डर स्थित थाना जहानाबाद की चौकी शाही का किया निरीक्षण

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा श्रावण मासध्काँवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग व जनपद पीलीभीत —बरेली बार्डर स्थित चौकी शाही का निरीक्षण किया गया। ने थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित गौरी शंकर मंदिर पर जलाभिषेक हेतु काँवड़ियों के आने—जाने मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्वंय रूट मार्च का निरीक्षण



कर सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा लिया। द्वारा कांवडियों के मार्ग में ड्यूटी पर तैनात पीआरवी कर्मियों व सभी पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री लल्लन सिंह व प्र0नि0 जहानाबाद भी मौजूद रहे।

## धनारा घाट से जल भरकर पवित्र शिवमंदिर श्री त्रेतानाथ में जलाभिषेक किया

पीलीभीत ।पुरनपूर विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा आज विशाल जलाभिषेक यात्रा निकाली गयी जोकि सांई बैंकट हाल से चलकर धनारा घाट से जल भरकर पवित्र शिवमंदिर श्री त्रेतानाथ में जलाभिषेक किया जिसमें जगह जगह पर भव्य पुष्पवर्षा हुई सम्पूर्ण वातावरण भगवामय हो गया प्रशासन का भी अच्छा सहयोग रहा।



तत्पश्चात यात्रा महुआ गुन्दे होते हुये कुरैया ब्लाक प्रमुख प्र० आशुतोष दीक्षित जी के पेट्रोल पम्प पर पहुंची जहां सभी ने भोजन किया एवं यात्रा पर भव्य पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया प्रमुख रूप से विपिन मिश्र संजय मिश्र हर्ष प्रधान नवनीत मिश्र शेलेन्द्र गुप्ता अचलेन्द्र मिश्रा अचल अचल मोहन पांडेय राकेश मिश्रा अनुपम शर्मा मोनू सोनू सिंह बाबा राघव दास आदि सेकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

## स्काउट गाइड तीन दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

पीलीभीत, कलीनगर। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की ओर से सुरभि शोभित इंटर कॉलेज बिहारीपुर में तीन दिवसीय शिविर की शुरुआत हुई जिसमें कालेज के 160 छात्र— छात्राओं ने भाग लिया शिविर में अनुशासन के साथ पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया प्रथम दिन बच्चों ने टोलियां बनाकर झंडा गीत एवं स्काउट ताली प्रार्थना सैल्यूट आदि को सीखा ट्रेनिंग



काउंसलर सियाराम कुशवाहा ने स्काउट प्रमाण पत्रों से होने वाले लाभों के बारे में बताया इस मौके पर प्रधानाचार्य कृष्ण शर्मा प्रबंधक पुष्पा देवी संरक्षक सूरज पाल भोजवाल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## घर पर रखा पंपिंग सेट चोरी,पुलिस से शिकायत

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेरचोरा निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उसका पंपिंग सेट दरवाजे पर खड़ा था।24 जुलाई की रात्रि खेत की सिंचाई करने के बाद उसने अपना पंपिंग सेट दरवाजे पर खड़ा कर दिया। इसी दौरान चोरों ने पंपिंग सेट चोरी कर लिया।सुबह उठने पर इंजन गायब होने से परिजनों में खलबली मच गई।इधर—उधर जानकारी जुटाई।लेकिन कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## बच्चों के विवाद पर दो पक्षों में चले लाठी डडे, दोनो ओर कोतवाली पुलिस को दी गई मामले की तहरीर

पूरनपुर।बच्चों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से लाठी—डंडों व धारदार हथियार चलने से कई लोग घायल हो गए।एक अन्य मामले में चकरोड बंद करने के विरोध पर किसान को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तहरीर पुलिस को दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अमृतपुर निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि एक चक मार्ग है।उस चक मार्ग को गांव के ही दो लोगों ने दबंगई के बल पर बंद कर दिया।जानकारी लगने पर जब वे मौके पर गया और चकरोड को बंद करने का विरोध जताया तो उसको जमकर मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया।नगर के मोहल्ला रजागंज देहात निवासी आरिफ के बच्चे पड़ोस के रहने वाले आसिफ के बच्चों के साथ खेल रहे थे।दोनों बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।गाली गलौच के बाद विवाद बढ़ गया।दोनों पक्ष आमने—सामने लाठी व धारदार हथियारों से लैस होकर आ गए।दोनों ओर से जमकर लाठी—डंडे चलने से दोनो ओर से आरिफ,आसिफ,रेहान नौशाद,गुड्डू घायल हुए।झगड़े को लेकर खलबली मच गई।सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गय।कार्रवाई के लिए पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया घायलों के मेडिकल के बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

## आधा दर्जन गांवों में देखी गई बदमाशों की चहलकदमी गांवों में समूह वना कर रात को रखवाली कर रहे ग्रामीण

पूरनपुर।हथियारों से लैस बदमाशों की चहल कदमी देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत वनी हुई है।बीती रात तीन गांव में बदमाशों के घुसने की सूचना पर खलबली मच गई।समूह बनाकर ग्रामीणों ने शोर—शराबा शुरू कर दिया।इस पर बदमाश दबे पांव वापस लौट गए।कुछ लोग इसे अफवाह तो कुछ सच्चाई मान रहे हैं।फिलहाल पुलिस के लिए मामला मुसीबत का सबब बना हुआ है।

पूरनपुर सर्किल क्षेत्र में इन दिनों बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में है।कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलावरपुर,सिमराया,नरायनपुर, फत्तेपुर,निरंजनपुर सहित कई गांवो में बीती रात बदमाशों की गांव के बाहर चहल कदमी देखी गई।इसको लेकर ग्रामीण सतर्क हो गए। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।ग्रामीणों ने समूह बनाकर इधर—उधर खड़े होकर शोर—शराबा शुरू कर दिया।इस पर बदमाश दाएं वाएं के रास्तों से होकर फरार हो गए।लगातार ग्रामीण अंचलों में बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।बदमाश किसी अप्रिय घटना घटित ना करें इसको लेकर ग्रामीण समूह बनाकर पूरी रात तक रखवाली कर रहे हैं।हालांकि कुछ लोग इसे कोरी अफवाह मान रहे हैं,तो कुछ लोग इसे सच्चाई भी मान रहे हैं।बदमाशों की लगातार चहलकदमी पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है।हालांकि पुलिस लगातार सर्किल क्षेत्र में जायजा ले रही है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि गांव में चोरों की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।कुछ गांव में अफवाह फैलाई जा रही है।

## एसडीएम ने नगर पालिका गौशाला का किया निरीक्षण कमियां पाए जाने पर उनको दुरुस्त कराने के दिए आदेश

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला का उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मवेशियों के चारे व पेयजल की व्यवस्था देखी।निरीक्षण के दौरान गौशाला में कई खामियां पाई गई।इस पर उन्होंने दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।

उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनको गोवंश के विवरण एवं रखरखाव के संबंध निर्धारित पंजिका नहीं मिली,इस पर उन्होने नाराजगी जताई।गौशाला परिसर में बड़ी तादाद में गोबर के ढेर पाए गए।गंदगी और दुर्गंध मिलने पर उनको दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।इसके बाद गौशाला में एक मवेशी बीमार पाया गया।जिसकी देखभाल के लिए निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान गौशाला में 42 गोवंश संरक्षित पाए गए।गौशाला में उन्होने चारे एवं पेयजल की व्यवस्था को भी परखा,जो व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।इसके अलावा अन्य कई खामियां मिलने पर उनको जल्द दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया गया था। जिसमें कुछ खामियां मिलने पर उनको दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर करने का रहेगा प्रयास-जिलाधिकारी

☒ दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

☒ बाढ़ की समस्या को दूर करने एवं थारू जनजाति के विकास पर रहेगा विशेष फोकस–जिलाधिकारी

बलरामपुर! सोमवार को नवागत विशेष रूप से फोकस महत्वकांक्षी जनपद बलरामपुर के लिए नीति आयोग द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बेसिक इनफ्रास्ट्रक्चर पर निर्धारित मानकों में बेहतर करने पर रहेगा। जनपद की बाढ़ की समस्या को दूर करने के



जिलाधिकारी आईएएस डॉ महेंद्र कुमार द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, मीडिया से वार्ता की गई इस दौरान उन्होंने जनपद के विकास के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होंने बताया कि वे 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। शैक्षिक योग्यता एमबीबीएस एवं एमडी हैं। इससे पहले उन्होंने चित्रकूट एवं कानपुर नगर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्य किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास के लिए उनका लिए स्थाई हल निकालने एवं थारू जनजाति के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने एवं जन समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष कुमार, मीडिया बंधु, सूचना विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जिले में स्थित शिव मंदिरों पर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावण मास तृतीय सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले पाण्डव कालीन विभूति नाथ



मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार को श्रावण मास के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लगाई गई पुलिस डियूटी के बारे में आवश्यक दिशा–निर्देश दिया साथ ही साथ यातायात प्रबंधन को चेक किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उपनिरीक्षक अर्जुन पटेल सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण करेगी पत्रकार समाज कल्याण समिति श्रावस्ती

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पत्रकार समाज कल्याण समिति के स्थापना दिवस पर संपूर्ण तहसीलों में होगा वृक्षारोपण कार्यक्रम ।

इस वर्ष पत्रकार समाज कल्याण समिति श्रावस्ती 2 अगस्त को स्थापना दिवस व राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजभान बघेल का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। स्थापना दिवस के इस शुभ घड़ी पर आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पत्रकार समाज कल्याण समिति के स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस को लेकर श्रावस्ती जिला अध्यक्ष हसमत हुसैन खाँ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र के निर्देशानुसार आज स्थापना दिवस के अवसर पर जिले की सभी तहसीलों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम को सुचारू ढंग से संपन्न कराएं तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस केक काटकर मनाया जायेगा। स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष श्रावस्ती हसमत हुसैन खान ने समस्त तहसील अध्यक्षों से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिस पर तहसील अध्यक्ष भिनगा नसीम अहमद, तहसील अध्यक्ष जमुनहा रमेश कुमार गुप्ता ने बताया की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुबह 10 बजे तहसील व जिले के पदाधिकारी निश्चित स्थान पर पहुंचकर कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 01 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के 06 अदद बैटरा बरामद, ट्रक ट्रेलर सीज

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशवचन्द्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के कुशल निर्देशन मे



प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय थाना गिलौला पुलिस टीम के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 114/2022 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त संतोष मोदनवाल पुत्र नन्दलाल निवासी कस्बा बर्डपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को मुखबिर की सूचना पर तिलकपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 06 अदद बैटरा (05 अदद म्•पकम बैटरा व 1 अदद SF SONIC बैटरा) बरामद किया गया तथा ट्रेलर ट्रक सीज किया गया। पूछताछ में अभियुक्त संतोष मोदनवाल रिलायंस पावर प्रोजेक्ट जनपद शाहजहांपुर से कोयले की राख को शाहजहांपुर स्थित ट्रांसपोर्टर के ट्रक ट्रेलर के माध्यम से बढ़नी राष्ट्र नेपाल मे ले जाकर खाली करने का काम करता था तथा जब वापस शाहजहांपुर को राख लोड करने के लिए जाता था तो रास्ते में सुनसान जगहों में खड़ी ट्रक के बगल में अपना ट्रेलर ट्रक को खड़ा कर ट्रकों से स्टैफनी, डीजल, बैटरा आदि सामान को चोरी कर लेता था तथा नेपाल में ले जाकर बेच देता था। ट्रेलर ट्रक यूपी 32 एफएन 7339 को सीज किया गया तथा उसमें से 6 चोरी के ट्रक के बैटरा बरामद किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय, उपनिरीक्षक शिवकुमार, कांस्टेबल कृपाशंकर उपाध्याय आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षता में मानव तस्करी को रोकने के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारियों को मानव तस्करी को रोकने के लिए रिसोर्स पर्सन द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई कानून एवं पीड़ितों के पुनर्वास संबंधी जानकारी



बलरामपुर ! सोमवार को वर्ल्ड डे अगेंस्ट हुमन ट्रैफकिंग पर जनपद में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग निर्मला सिंह पटेल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मानव तस्करी को रोकने एवं पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन पायल शर्मा द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को विस्तारपूर्वक मानव तस्करी रोकथाम संरक्षण एवं पुनर्वास विधेयक 2016 की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी संबंधी मामलों में सुनवाई हेतु विशेष अदालत बनाई गई है। मानव तस्करी में सबसे ज्यादा महिला एवं नाबालिक बच्चों की खरीद–फरोख्त होती है। किसी व्यक्ति को डराकर, बल प्रयोग कर, दोषपूर्ण तरीके से भर्ती करने, परिवहन करके शरण में रखने की गतिविधि मानव तस्करी की श्रेणी में आती है जिसमें अधिकतर बच्चे होते हैं। कई जगह बच्चों का अपहरण कर उनसे बधुआ मजदूरी कराना, भीख मगवाना आदि कामों में लगाकर उनका शोषण किया जाता है , अगर कहीं भी यात्रा के दौरान या किसी भी शहर में फैक्ट्री में जोखिम भरे स्थल पर किसी भी जगह कोई बालक या बालिका दिखे तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर पर सूचना प्रदान करें। मानव तस्करी रोकने के लिए पंचायत लेवल पर कमेटी, ब्लॉक लेवल पर कमेटी का गठन किया गया है। जिसके द्वारा मानव तस्करी के मामलों पर नजर रखी जाती है।

एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन द्वारा मानव तस्करी से छुड़ाए गए पीड़ित के पुनर्वास के लिए चलाई जा रही स्कीम चाइल्ड प्रोटक्शन स्कीम, जेजे एक्ट 2015, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप ऑफ चिल्ड्रन, प्रोडक्शन बीफोर चाइल्ड वेलफेयर, नालसा एक्ट आदि जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण अयोग ने कहा कि मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस की भूमिका अति महत्वपूर्ण है, सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा स्पेशल टीम का गठन किया जाए। मानव तस्करी से छुड़ाए गए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए श्रम विभाग, प्रोबेशन भाग द्वारा चलाई जा रही इस स्कीम का लाभ दिया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योति गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, कमांडेंट नवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, महिला कल्याण अधिकारी रागनी मिश्रा, जिला समन्वयक राधिका मिश्रा, दीपिका तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से देश आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले के शिक्षा क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय जमुनहा के स्मार्ट कक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को के खाते में डीबीटी के तहत 12 सो रुपए की धनराशि स्थानांतरण का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तथा छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

ध्यातव्य है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेसिक शिक्षा परिषद में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को डीबीटी के तहत उनके यूनिफॉर्म, जूता– मोजा, बैग, स्वेटर तथा स्टेशनरी के लिए बारह सौ रुपए की धनराशि दी जा रही है।

इसी क्रम में विद्यालय के प्रांगण में अमृत महोत्सव के अंतर्गत छात्र–छात्राओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें भारत माता के चित्र पर प्रधानाचार्य, स्टाफ के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा माल्यार्पण किया गया। अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी के आंदोलन में भाग लेने वाले शहीदों और बलिदानों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया गया। और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें भारत के 75 वें वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत आत्मनिर्भर, भारत, ऊर्जावान भारत




,समृद्ध भारत , संकल्पित भारत, विकसित भारत, एक भारत , एवं श्रेष्ठ भारत को प्रतिबिंबित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह, सहायक शिक्षक आलोक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार शर्मा , श्री वीरेंद्र कुमार मौर्या, हरगोविंद ,रफत जहां,राधा देवी,अखिलेश कुमार वर्मा , पवन कुमार वर्मा, कृष्णा कुमारी एवं अनेकों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रावस्ती का जिला अभ्यास वर्ग दीप वाटिका मैरिज लान भिनगा में हुआ संपन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रावस्ती जिले का अभ्यास वर्ग दीप वाटिका मैरिज लॉन भिनगा में संपन्न हुआ ।अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रांत सह मंत्री शिवम पांडे ,विभाग संगठन मंत्री अंकुल राठौर, विभाग प्रमुख आशुतोष पांडे ,जिला प्रमुख महेंद्र भारती, जिला संयोजक मनीष कसौधन एवं जिला केंद्र की नगर मंत्री रिया सिंह ने किया। ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला अभ्यास वर्ग में प्रतिनिधि के रूप में जिले के 12 इकाइयों से कार्यकर्ता मौजूद रहे । एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 6 सत्रों में संपन्न हुआ। सैद्धांतिक




भूमिका ,कार्यपद्धती, संवाद संपर्क प्रवास ,अभाविप के 75 वर्ष,सदस्यता जैसे सभी सत्र पर चर्चा की गई। जिला अभ्यास वर्ग के दौरान कुछ दायित्व पर घोषणाएं की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में महेंद्र प्रसाद भारती द्वारा तहसील संयोजक एवं सहसंयोजक दायित्व की घोषणा की गई जिसमें इकौना तहसील के तहसील संयोजक शुभम मिश्रा एवं सहसंयोजक शिवा जायसवाल,जमुनहा तहसील के तहसील संयोजक शिवा पाठक एवं तहसील सह संयोजक विराट शुक्ला एवं भिनगा तहसील में तहसील संयोजक आकाश कसौधन एवं तहसील सह संयोजक राजा सिंह की घोषणाएं की गई इस दौरान जिले के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहें जिसमे विभाग संयोजक आशीष जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रज्वल मिश्रा, जिला विस्तारक हिमांशु ,जिला सह प्रमुख जे पी मिश्रा ,जिला सहसंयोजक राहुल, राममूर्ति पाठक ,विपिन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोभ-लालच, धर्म, वर्ग-विशेष, भाषा के आधार पर मतदान करना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है: - जिलाधिकारी

- कु. आर.सी.बालिका महाविद्यालय में जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभ्यांन के लिए कार्यक्रम किया
- जिलाधिकारी ने कुं. आर.सी. बालिका महाविद्यालय मे मतदाताओं के आधार नंबर एकत्रीकरण कायर्क्रम का शुभारंभ किया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ



मैनपुरी 1अगस्त, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कुं. आर.सी. बालिका महाविद्यालय मे भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं के आधार नंबर एकत्रीकरण कायर्क्रम, मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कायर्क्रम का शुभारंभ एवं उपस्थित मतदाताओं को मताधिकार की शपथ दिलाते हुये कहा कि निवार्चक नामावली को पूर्ण रूप से शुद्ध बनाने। 01 जुलाई 22 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे प्रत्येक नवयुवक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने मे सभी लोग सहयोग करे। उन्होंने विद्यालय के छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि आप में से ज्यादा तर मतदाता होंगे और आपके नाम मतदाता सूची में शामिल होंगे। कुछ छात्र ऐसे भी होंगे जिन्होंने अभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। वह भी भविष्य के मतदाता है, आप सब किसी न किसी रूप में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की उदासीनता के कारण विभिन्न निवार्चनों में मतदान का प्रतिशत संतोषजनक नहीं रहा, कुछ मतदाता जातीय आधार पर, कुछ मतदाता लोभ–लालच, धर्म, वर्ग–विशेष, भाषा के आधार पर मताधिकार करते हैं, जो लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि मत दाताओं की उदासीनता दूर करने में अपना सहयोग दें। मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न कायर्क्रमों से जुड़कर लोगों को प्रत्येक निवार्चन में भागीदारी कर मताधिकार करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें वोट की ताकत का एहसास करायें। मताधिकार न करने के कारण योग्य उम्मीदवारों का चयन न होने के कारण लोकतंत्र को होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाए। मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर राज कुमार भारती, स्वीप–को–ऑडिर्नेटर, प्राचार्य डॉ. शैफाली यादव, सहायक निवार्चन अधिकारी फूल चन्द, विद्यालय स्टाफ, छात्राएं आदि उपस्थित रहे। कायर्क्रम का संचालन डॉ. अलका पाठक ने किया।

## गृहकलेश के चलते महिला की हुई संदिग्ध मौत

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। गृहकलेश के चलते महिला की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पानीपत के अस्पताल में मौत हो गई मंगलवार को क्षेत्र के गांव पंजीठ निवासी सावित्री पत्नी श्रीपाल की गृहकलेश के चलते अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे स्थानीय चिकित्सकों को दिखाया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर महिला को पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ संदिग्ध परिस्थितियों के चलते उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।आनन– फानन में मृतक महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

ग्रामीण बताते हैं कि महिला का घर में बच्चों के साथ विवाद हो गया था,जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी।



# संक्षिप्त समाचार

## इस्लाम तलवार से नहीं किरदार से फैला है-डा. अली अजहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) पहली मुहर्रम के साथ ही क्षेत्र में कस्बे से लेकर ग्रामीण इलाकों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया है। रेहरा माफी मे इमामबारगाह मरहूम इब्ने हसन में जनाब इरफान हैदर ने मजलिस को संबोधित किया वहीं इमामबारगाह मरहूम हसन जाफर में डॉक्टर अली अजहर साहब ने मजलिस को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे रसुल और इमामों ने दीने इस्लाम को तलवार नहीं किरदार से फैलाया,इस्लाम मुहब्बत भाईचारे अम्न और शान्ति का मजहब है!

कर्बला की जंग सत्य और असत्य हिंसा और अहिंसा के बीच लड़ी गई थी। वहीं अंतिम मजलिस इमामबारग मरहूम मुहम्मद जाहिद में आयोजित हुई जिसे मौलाना ताहिर अब्बास साहब ने सम्बोधित करते हुए इमाम हुसैन और उनके बहत्तर शहीदों की शहादत का वर्णन किया

इस अवसर पर अली जाफर तौसीफ हसन अब्बास जाफर तौकीर हसन मुहम्मद आलिम मोजिज अब्बास अली शहंशाह मुहम्मद आरिफ रजा अब्बास मुहम्मद सालिम अता अब्बास आदि शामिल रहे!

## किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र वापस न लेने के कारण सभी पदों पर चुनाव नियत तिथि को संपन्न होगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) अधिवक्ता संघ चुनाव में नामांकन पत्र की वापसी की तिथि व समय के उपरांत किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र वापस न लेने के कारण सभी पदों पर चुनाव नियत तिथि को संपन्न होगा।

बताते चलें कि अधिवक्ता संघ के होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद पर महेन्द्र प्रताप पाण्डेय व वीरेन्द्र सिन्हा एडवोकेट आमने सामने हैं।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद मुस्तफा हुसैन व चन्द्रभान मिश्र के बीच रोचक मुकाबला है तो वहीं महामंत्री पद पर अभिमन्यु कुमार,गयासुद्दीन खां,राम कुमार सिंह,ओम प्रकाश श्रीवास्तव समेत चार प्रत्याशी मैदान में हैं।कोषाध्यक्ष पद के लिए आलोक कुमार श्रीवास्तव व सुनील कुमार तिवारी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।तो वहीं संयुक्त मंत्री पद पर राज कुमार मिश्रा,मारूति नंदन गुप्ता,अखिलेश कुमार यादव, नवीन कुमार प्रजापति ने नामांकन किया है।

## आने वाले नगर निकाय चुनाव के आहट से संभावित प्रत्याशियों ने नगर में जन संपर्क अभियान तेज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर)। आने वाले नगर निकाय चुनाव के आहट से संभावित प्रत्याशियों ने नगर में जन संपर्क अभियान तेज कर दी है। विभिन्न पार्टियों में टिकट की दावेदारी को लेकर होड़ है। इस बार टिकट के दावेदारों की सबसे ज्यादा भीड़ समाजवादी पार्टी में दिख रही है।

उतरौला नगर पालिका क्षेत्र में सपा से टिकट के दावेदारों की फेहरिस्त सबसे लंबी है। यहां नसीरुद्दीन नसीर खान, रब्बू सिद्दीकी, मलिक एजाज अहमद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र मोहसिन इदरीश खान, महफूज गनी, मोहम्मद शरीफ उर्फ बीरे, डॉक्टर सलाहुद्दीन सल्लू समेत लगभग दर्जन भर लोग अपना दावा ठोक रहे हैं। जबकि भाजपा में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूप चंद गुप्त, देवानंद गुप्ता, अंकुर गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता समेत कई अन्य दावेदार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। एआईएमआई एम से डॉक्टर शाइस्ता जबी को निकाय चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी भी उतरौला में निकाय चुनाव का प्रत्याशी उतार सकती है।

## तिमाही गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा ने हजारों दंपतियों की मुश्किल आसान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) ।तिमाही गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा ने हजारों दंपतियों की मुश्किल आसान किया है ।परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में तिमाही इंजेक्शन अंतरा को लाभार्थियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है ।सीएचसी उतरौला में वित्तीय वर्ष 2020–21में 475 अंतरा इंजेक्शन लगाए गए थे एंव 2021–22 में 592 अंतरा इंजेक्शन की सेवा दी गई है ।मिशन परिवार विकास में आने के कारण सरकार द्वारा अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रत्येक लाभार्थी महिला को 100रूपए प्रति डोज देने का प्राविधान भी शुरू किया गया है।

सीएचसी अधीक्षक डा0चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि अंतरा इंजेक्शन स्वास्थ केंद्रों व स्वास्थ उप केंद्रों पर लगाया जाता है ।उन्होंने बताया कि दंपति के बीच समझदारी बढ़ाने और मां बच्चे के बेहतर स्वास्थ व पोषण के लिए आवश्यक है कि शादी के दो साल बाद ही पहले बच्चे की योजना बनाई जाए ।इसके अलावा दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अन्तर रखा जाए ।इसके लिए तिमाही गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा बेहतर विकल्प है इसकी डोज प्रत्येक तीन माह में एक बार लेनी होती है।

## मारपीट और जातिसूचक गाली गलौंज करने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर) थाना श्रीदत्तगंज के ग्राम गोदहना निवासी जयराजी ने गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों पर उसके पुत्र राकेश के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली गलौंज करने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

आरोप है कि पीड़ित के खेत में लगे धान की फसल को विपक्षीगण की बकरियां हर रोज चरतीं हैं। 27 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे पीड़ित का पुत्र राकेश खेत पर पहुंचा तो देखा की बकरियायों का झुंड उसके खेत में फसल चल रही हैं। और बकरियां चराने वाले बैठे देख रहे हैं। खेत से बकरियों को भगाने तथा फसल चरने की शिकायत बकरी पालको से करने पर फैजानउल्ला, अरमानउल्ला, एहसानुल्लाह,रजीउल्ला उर्फ मूसे, आस मोहम्मद ने पीड़ित को लाठी–डंडों से मारना शुरू कर दिया। तथा जातिसूचक भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। मारपीट में पीड़ित का हाथ टूटने मुंह व पैर में चोट आने के अलावा अनेक गंभीर चोटें आईं। मारपीट की जानकारी होते ही पीड़ित राकेश की माता भागते हुए खेत पहुंची, तथा चोटिल राकेश को घर लेकर आई। राकेश की पत्नी ने डायल 112 पर मारपीट की सूचना दी। डायल 112 के पुलिसकर्मियों द्वारा चोटिल राकेश को थाने ले जाया गया। जहां से उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस ने तहरीर के आधार पर फैजानुल्लाह, अरमानुल्लाह, रफीउल्लाह के विरुद्ध एससी एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पिता ने ससुराली जनों के खिलाफ बेटी की हत्या करने का लगाया आरोप,दिया प्रार्थनापत्र

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा निवासी खुलबत राम पुत्र गया प्रसाद ने थाना मल्हीपुर में प्रार्थनापत्र देकर बेटी के ससुराली जनों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। पिता ने आरोप लगाते हुए कहा की मैने अपनी बेटी राधिका देवी की शादी ग्राम पंचायत चमरपुरवा के चिंता पुरवा निवासी बाबू राम पुत्र कृपा राम के साथ हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर शादी की थी।

शादी के बाद ससुराल के लोग बेटी को प्रताड़ित करने लगे और दहेज में एक भैंस व 50000 नगद की मांग करने लगे। बेटी किसी प्रकार शारीरिक मानसिक प्रताड़ना को सहन करती रही कि अचानक 28 जुलाई को बेटी की मौत हो गई और उसके शव को ले जाकर जला दिया गया। सूचना पाते ही जब बेटी के घर पहुंचा तो ससुराल के लोगों ने फांसी लगा लेने की बात कही। ऐसे में मृतक बेटी के पिता खुलबत राम ने 30 जुलाई 2022 को थाना मल्हीपुर में ससुराली जनों के खिलाफ बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## भारतीय लोधी संगठन महासभा की बैठक हुई सम्पन्न

☒ नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज
सेउता सीतापुर आज भारतीय लोधी महासभा के तत्वधान में सीतापुर जनपद के सेवता विधानसभा में ग्राम पकरिया पुरवा तथा ग्राम भरथा में नुक्कड़ बैठक का आयोजन किया इस कार्यक्रम में लोधी समाज में व्याप्त कुरीतियों नशा मुक्ति दहेज प्रथा तथा सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक स्थितियों पर भी चर्चा की गई इस कार्यक्रम के संचालक राम कुमार लोधी जिला संगठन मंत्री और इन कार्यक्रमों में विनीत लोधी मंडल अध्यक्ष लखनऊ प्रदेश अध्यक्ष लेखराज लोधी, उमेश लोधी, बसंत लाल लोधी जी जिला पंचायत सदस्य जगदीश लोधी, जिला उपाध्यक्ष और नागेश्वर लोधी, अशोक लोधी, रामगोपाल लोधी,ने संबोधित किया तथा इस कार्यक्रम में आदरणीय सर्वेश लोधी विधानसभा अध्यक्ष , कमलाकांत लोधी पंकज लोधी, जिला अध्यक्ष निलेश राजपूत,जिला महामंत्री नीरज







लोधी,राम नरेश लोधी,जिला प्रवक्ता हरद्वारी लोधी, शिवकुमार लोधी जिला सलाहकार दिनेश लोधी कार्यक्रम आयोजक धनीराम उर्फ धांधू लोधी मिश्री लाल लोधी पंकज लोधी नीरज लोधी दीपक लोधी विजय लोधी अरुण लोधी श्रीकांत लोधी महेश लोधी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नीलगाय के टक्कर से बाईक पे सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स फुरसतगंज अमेठी।
फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे हिमाचल पुर के पास रोड पार कर रही एक नीलगाय के चपेट में बाईक पे सवार तीन लोग आ गये जिससे तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर







मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को उठा कर सड़क से बाहर किया और 112नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112नंबर पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्रथम उपचार किया। घायलों की पहचान सपना पत्नी उमा शंकर उम्र 36वर्ष,लकी श्रीवास्तव पुत्र उमाशंकर उम्र 18वर्ष , उमाशंकर पुत्र छग्गन उम्र 45वर्ष निवासी हेमराज पुर उड़वा,के रूप में हुई है। वहीं चिकित्सकों ने सपना तथा लकी को गंभीर हालत में देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया।

## छात्रों द्वारा फाइनल सबमिट किये गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत संस्थान करें आनलाइन अग्रसारित

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी। 01 अगस्त 2022, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2022–23 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत जनपद में 01 जुलाई 2022 तक आवेदन करने वाले छात्रों के डाटा के स्कूटनी के उपरान्त 09 अगस्त 2022 तक मांग सृजित करके 11 अगस्त 2022 को आधार लिंक बैंक खातोंध्आवेदन में भरे गये बैंक खातों में धनराशि अन्तरित किया जायेगा।
उन्होंने बताया कि उक्त तिथि तक कक्षा–9 व 10 में प्रवेशित/अध्ययनरत किसी वर्ग के छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र का फाइनल सब्मिशन नही किया है, वर्तमान में आवेदन किये जाने हेतु पोर्टल खुला हुआ है। पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9–10 में अभी तक कोई भी ऑनलाइन आवेदन छात्रों द्वारा न किये जाने पर शासन स्तर पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।
इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों के कक्षा 9–10 में अध्ययनरत समस्त वर्गो के छात्र अपना छात्रवृत्ति आवेदन पत्र 04 अगस्त 2022 तक अनिवार्य रूप से फाइनल सबमिट कर दें एवं विद्यालय के सम्बन्धित प्रधानाचार्य 05 अगस्त 2022 तक छात्रों द्वारा फाइनल सबमिट आवेदन पत्र ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें, जिससे पात्र छात्रों को 11 अगस्त 2022 को छात्रवृत्ति का वितरण कराया जा सकें।

## छात्रों द्वारा फाइनल सबमिट किये गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत संस्थान करें आनलाइन अग्रसारित

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। बीते रोज देर शाम डीएम रविन्द्र कुमार मादंड़ व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने अचानक जिला कारागार का आकास्मिक निरीक्षण किया गया। जिले के आला अफसरों द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।




रविवार को देर शाम अचानक डीएम रविन्द्र कुमार मादंढ़ व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा जिला कारागार का आकास्मिक निरीक्षण किया गया। जिले के दोनो आला अफसरों के अचानक निरीक्षण करने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम व एसपी के संयुक्त रूप से निरीक्षण में जेल की साफ–सफाई आदि को चौक किया गया तथा जेल में बंद बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता कर जिला कारागार अधीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। आला अफसरों के अचानक आकास्मिक निरीक्षण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई। दोनो अफसरों के जाने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### तमंचे के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में दो अभियुक्तगिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। थाना दिबियापुर के उ0नि0 कालीचरण ने गस्त के दौरान अभियुक्त महिपाल पुत्र अरविंद निवासी पूर्वा गोविंद थाना दिबियापुर जनपद औरैया को गिरफ्तार कर आर्मस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। वहीं थाना ऐरवाकटरा के उ0नि0 द्वारा गस्त के दौरान अभियुक्त सुरजीत सिंह पुत्र दीनदयाल बेड़िया निवासी ग्राम पखनगोई थाना एरवाकटरा जनपद औरैया को गिरफ्तार कर मुकदमा आर्मस एक्ट पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।



अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेंड से लटकता मिला अधेड़ का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

• स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा जांच में जुटी।

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईग्स बाजार शुकुल,अमेठी। बीते रविवार की देर शाम घर से लापता एक अधेड़ का शव सोमवार की सुबह गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में चिलवल के पेंड से गमछे के सहारे लटकता हुआ पाया गया।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।परिजनों ने जमीनी विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई है।स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है।
थानाक्षेत्र के पूरे दयाल किशनी गांव निवासी हीरालाल पुत्र दुखी उम्र 48 वर्ष का शव सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के समीप चिलवल के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता हुआ पाया गया जिससे हड़कंप मच गया।परिजनों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों द्वारा मृतक के बीते रविवार की देर शाम से घर लापता



होने की बात बताई जा रही है। मृतक के पुत्र कन्हैया लाल पुत्र हीरालाल ने जमीनी विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई है।स्थानीय पुलिस जांच व अग्रिम एवं विधिक कार्यवायी में जुट गई है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने बताया कि भूमि विवाद से घटना का कोई मतलब नही है उसने गमछे से फांसी स्वयं लगाई है शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।जांच की जा रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट होगा।

## रामपुर नगर पालिका प्रशासन श्रावण मांस को लेकर पूरी मुस्तैदी के साथ काम पर डटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। रामपुर नगर पालिका प्रशासन श्रावण मांस को लेकर पूरी मुस्तैदी के साथ काम करता हुआ नजर आ रहा हैं। पालिका प्रशासन द्वारा श्रावण मांस के मौके पर आज सोमवार को मंदिरों के आसपास साफ–सफाई के साथ एंटीलार्वा आदि का छिड़काव कराया वहीं चूना डलवाया गया।
कांवड़ यात्रा को लेकर रामपुर नगर पालिका प्रशासन भी पुलिस की समान पूरी तरह मुस्तैदी के साथ काम कर रहा हैं। ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि सोमवार को जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होती हैं जिसको लेकर मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ–सफाई कराई गई वहीं एंटीलार्वा का भी छिड़काव कराया गया। मंदिरों के आसपास चूना डलवाये जाने की भी व्यवस्था की गई। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी रविन्द्र कमार मादंढ़ व पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं के निर्देश पर वह लगातार मंदिरों का निरीक्षण कर साफ–सफाई का जायजा ले रहे हैं जहां कुछ कमी पाई जा रहीं हैं तो उसे तत्काल ठीक कराया जा रहा हैं ताकि मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। पालिका प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया जा रहा हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो। उन्होने बताया कि मंदिरों के आसपास नगर पालिका के कर्मचारी तैनात हैं ताकि सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द बनी रहे इसके अलावा वह स्वयं मंदिरों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

## प्रेमचंद से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एवं प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयन्ती के उपलक्ष्य में रामपुर रजा लाइब्रेरी के दरबार हाल में आज प्रेमचंद से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डा. राजेश कुमार ने किया।
इस मौके पर डा. राजेश कुमार ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द की विरासत को जिस निष्ठा से रामपुर रजा लाइब्रेरी ने संजोया हैं वह प्रशंसनीय तो है ही प्रेरणादायक भी हैं। 31 जुलाई को उनकी रचनाओं, उनपर आधारित आलोचनात्मक समीक्षात्मक ग्रंथों तथा चित्रों–उद्धरणों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ करके इस पुस्तकालय ने साहित्य एवं संस्कृति के प्रति जनजागरूकता कला के प्रसार का महत्वपूर्ण प्रयास किया हैं। विरासत का मूल्य भी तभी हैं जब उसे उसकी वास्तविक उत्तराधिकारी जनता तक पहुंचाया जाये और यह महत्वपूर्ण कार्य रामपुर रजा लाइब्रेरी के अधिकारी एवं कर्मचारी सदैव पूरे समर्पणभाव और निष्ठा के साथ करते रहे हैं। मुंशी प्रेमचंद की पुस्तकों पर केन्द्रित इस प्रदर्शनी के अवलोकन से न केवल उनके व्यक्तित्व एवं कृतिव का परिचय प्राप्त होता हैं बल्कि भारतीय समाज के यथार्थ के प्रति उनके निष्पक्ष विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का उपयोग हमें स्वयं के तथा अपने समय, समाज, देश के मूल्यांकन एवं संवर्द्धन के लिए करना चाहिए। प्रो. सैयद मोहम्मद अरशद रिजवी ने कहा कि भारत सरकार की देशव्यापी योजना आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा देश प्रेम की भावना को जन–जन में जागृत करने का एक सराहनीय प्रयास हैं। डा. अब्दुल रऊफ ने कहा कि हिन्दुस्तान की एकता, समृद्धि, विकास एवं सर्वागीण विकास पर विशेष कार्य एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया तथा जनचेतना को जागृत किया गया। डा. अबुसाद इस्लाही ने कहा कि



रामपुर रजा लाइब्रेरी भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर निरन्तर कार्यक्रम करने के लिए प्रयासरत हैं।
प्रदर्शनी में गांधी और प्रेमचन्द, प्रेमचंद की हिन्दी–उर्दू कहानियां, प्रेमचंद कहानी–कोश, प्रेमचन्द और उनका युग, प्रेमचन्द की बस्ती, सोजे वतन, कफन एक पुनः पाठ, प्रेमचन्द अध्ययन के कुछ आयाम, कर्मभूमि, प्रेमचन्द की फटे जूते, प्रेमचन्द के उपन्यासों का शिल्प–विधान, प्रेमचंद की कहानियों का कालक्रमानुसार अध्ययन, प्रेमचन्द की नीली आँखें बहुत सी पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया हैं।

## औरैया मानसिक विक्षिप्त युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा फायर कर्मियों ने पहुंचकर दूसरी मंजिल से उतारा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज पर उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब एक युवक कोल्ड स्टोरेज की तीसरी मंजिल पर चढ़ गया और उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कोल्ड कर्मियों द्वारा उसे काफी समझाया गया, मगर उसने एक भी न सुनी। इस पर कोल्ड स्टोर संचालक द्वारा मामले की जानकारी डायल 112 को दी गई। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा।
सोमवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक मानसिक विक्षिप्त युवक कर्मियों को चकमा देकर कोल्ड स्टोरेज की छत पर चढ़ गया। कर्मियों द्वारा इसकी जानकारी कोल्ड स्टोरेज संचालक को दी गई। सूचना पाकर पहुंचे संचालक द्वारा युवक को उतारे जाने का काफी प्रयास किया गया, मगर युवक नहीं उतरा। कोल्ड स्टोरेज संचालक राहुल शुक्ला ने मामले की जानकारी डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने युवक को उतारने का प्रयास किया, वह नहीं माना। कोतवाली पुलिस ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने सीढ़ियों के सहारे चढ़कर कोल्ड स्टोरेज की दूसरी मंजिल पर पहुंचे। सब दरवाजे खोल कर उसे नीचे लगाया गया। युवक ने अपना नाम कौशिक निवासी त्रिपुरा बताया।



फायर कर्मी सुरेश परिहार ने जानकारी दी कि युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया है, और वह कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त भी लग रहा है।

## मिशन शक्ति फेज- 4 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

### महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार-बीएसए


संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जनपद में जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज–4 के तहत विशेष कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मिशन शक्ति फेज –4 के अंतर्गत 100 दिन के विशेष अभियान के दौरान विशेष कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करने के लिए डाइट प्राचार्य जी एस राजपूत के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति की नोडल ऑफिसर रचना यादव, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा विनीता दीक्षित, जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं एसआरजी सुनील दत्त राजपूत, अलका यादव की समिति द्वारा जनपद भर से मिशन शक्ति फेज –4 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों का चयन किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले तीन विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय नगला वैश्य, उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहना तथा प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर को पुरस्कृत किया गया, वहीं प्राथमिक विद्यालय जैतापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगी स्योरा, कंपोजिट विद्यालय गुलरिहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ी, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय अटसू, उच्च प्राथमिक विद्यालय विधूना, प्राथमिक विद्यालय पुठिया, प्राथमिक विद्यालय गणेश पार्क, कंपोजिट विद्यालय अरियारी को सांत्वना पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीएसए विपिन कुमार द्वारा पुरस्कृत सभी प्रतिभागियों के साथ बैठक करके उनके द्वारा किये गए कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा बालिकाओं के



लिये चलाई जा रही योजनाओं के व्यापक प्रचार – प्रसार की बात की। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम से समाज में बहुत बदलाव आया है। महिलाएं निडर, साहसी, सशक्त एवं मुखर होकर अपना लक्ष्य हासिल कर रही हैं। पुरस्कृत होने वाले शिक्षकों में सुभाष रंजन दुबे, चंद्रप्रकाश, निशा शुक्ला, संजय सेंगर, इंद्रजीत, सुनील यादव, राकेश कुमार, गुंजन शुक्ला, चंद्रकला प्रमुख थे।

### अंतर्जनपदीय टप्पेबाज गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यालय पर एसपी ने किया घटना का खुलासा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशन में एसओजी औरैया व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अर्न्तजनपदीय टप्पेबाज गिरोह के 04 सदस्यों को भारी मात्रा में टप्पेबाजीध लूट के माल (अनमानित कीमत करीब 4. 50 लाख रूपये ) सहित गिरफ्तार करते हुए जनपद विगत में घटित कई टप्पेबाजीध लूट की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया है।
मुख्यालय पर एसपी चारू निगम ने प्रेसवार्ता के दौरान घटना का खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में विगत काफी समय से एक टप्पेबाज गिरोह के संक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। उक्त गिरोह द्वारा जनपद की भोली–भाली महिलाओं को टारगेट करके उनको अपनी बातों में लेकर उनके पहने हुए आभूषणों को उतरवाकर फरार हो जाते थे। उक्त गिरोह द्वारा जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई घटनाएं कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में विभिन्न थानों पर कई अभियोग पंजीकृत किये गये थे। महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं की संवेदनशीलता तथा पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने हेतु एवं उक्त गिरोह की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक



औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक औरैया शिष्यपाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी औरैया तथा थाना कोतवाली से पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा जनपद में विगत में घटित हुई विभिन्न टप्पेबाजी की घटनाओं के सम्बन्ध में पीड़िताओं से वार्ता करते हुए विभिन्न साक्ष्य संकलन का कार्य किया जा रहा था तथा घटना स्थल के आस पास की सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा था। इसी क्रम पुलिस टीम द्वारा संकलित साक्ष्य के आधार पर कुछ लोगों को चिन्हित कर मुखबिरों को सक्रिय करते हुए उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे।इसी क्रम में 1 अगस्त 2022 को सावन में तृतीय सोमवार के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जा रही थी।चेकिंग के दौरान एसओजी औरैया व थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर समय सुबह करीब साढे 05 बजे नेशनल हाईवे भाउपुर के पास उक्त गैंग के 04 सदस्यों की गिरफ्तारी की गयी। जिनके पास से भारी मात्रा में टप्पेबाजी ध लूट की घटनाओं से सम्बन्धित माल की भी बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हम लोग औरैया, इटावा, जालौन तथा आस पास के जनपदों में टप्पेबाजी की घटनाएं करते हैं। हम लोग अकसर भोली–भाली व वृद्ध महिलाओं को टारगेट करते है तथा उन्हें उनके परिवारीजनों मृत्यु व दुर्घटना व बीमारी आदि की आशंका बताकर अपनी बातों ले लेते है फिर उनसे उनके पहने हुए आगषूणों को उतरवाकर एक रूमाल में बांधकर उन्हें 05 या 10 कदम आगे जाने को कहते है जब महिलाएं हमारी बातों में आ जाती है तो हम लोग वहां से सामान लेकर भाग जाते है तथा उक्त माल को राजपुर कानपुर देहात नि० ज्वैलर्स छोटे अवस्थी पुत्र विजय अवस्थी को बेच देते है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में शेरे अली पुत्र अंगूर अली नि0 जल्लापुर सिकन्दरा थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात, मो0 सफीक पुत्र सत्तार अली नि० मूसानगर खालेशहर बांगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात, मो0 इस्माइल पुत्र हसन खां नि0 जल्लापुर सिकन्दरा थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात व सुलेमान पुत्र स्व0 कुब्बत अली नि0 रूरा रोड अकबरपुर नेशनल हॉस्पीटल थाना अकबरपुर कानपुर देहात आदि शामिल हैं। जबकि छोटे अवस्थी पुत्र विजय अवस्थी निवासी राजपुर कानपुर देहात। (ज्वैलर्स) वांछित है। पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से 06 जोड़ी पायल चांदी की, 32 बिछिया चांदी के, 01 मंगल सूत्र सोने का,06 नाक के फूल साने के,01 कान का बाला सोने का, 02 कान के टॉप्स सोने के, 01 चांदी की अगूंठी, 04 चूडी चांदी की।14 हजार रुपए नगद बिके हुए माल से प्राप्त हुआ है। इसके अलावा 03 मोटर साइकिल घटनाओं में प्रयुक्त बरामद हुई हैं। पकड़ी गई अभियुक्तों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह यादव प्रभारी एसओजी, है०कां० रुपेन्द्र कुमार, कां० धर्मेन्द्र कुमार, कां० दीपक कुमार, कां० प्रभात मणि त्रिपाठी, का० अमित कुमार, का० सिद्धार्थ शुक्ला, का० धर्मेन्द्र शर्मा, का० सुबोध कुमार, का० ललित कुमार, कां० विवेक कुमार, का० भूपेन्द्र कुमार का० सुभाष का० विजयकान्त व मुकेश बाबू चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, उ0नि० प्रवीण कुमार मय टीम शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय पौधशाला बिसौरवाला में निर्मित मिनी सेंटर फार एक्सीलेंस फार वेजिटेबल का उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राजकीय पौधशाला बिसौरवाला में निर्मित मिनी सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद दिनेश प्रताप सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता के आवासे पर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और लोकसभा उपचुनाव में हासिल की गई ऐतिहासिक जीत पर जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता एवं उनकी टीम को बधाई दी। इसके अलावा उन्होने निकाय चुनाव पर चर्चा भी की।



इस मौके पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा देश के सभी वर्गों के लोगों के उत्थान बगैर किसी भेदभाव के किया जा रहा हैं। जिसमें वंचित, दलित, मुस्लिम और पिछड़ों वर्ग के लोगों को बराबर की हिस्सेदारी मिल रही है। जनसंवाद के माध्यम से लोगों तक पार्टी की नितियों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी देने की बात कही। पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व हैं कि वह निकाय चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी का प्रचार प्रसार एवं आमजन को पार्टी के हित में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। योगी–मोदी सरकार ने जनहित की सैकड़ों योजनाओं पर काम किया हैं एवं निरंतर जन सामान्य की चिंता एवं उनके विकास एवं हित की योजनाएं बनाई जा रही हैं। रामपुर के विकास के लिए जनता को बहुत सोच समझकर निर्णय लेना हैं। भाजपा डबल इंजन की सरकार हैं। विकास के भागीदार बनें देश को मजबूत करने के भागीदार बनें। इस मौके पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, फैसल मुमताज आदि मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत की 6 बीघा जगह हुई कब्जा मुक्त

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
फफूंद (औरैया)। विकास खण्ड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत रामपुर बिहारी में अवैध कब्जे की जांचकर राजस्व टीम ने ग्राम पंचायत की 6 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराया है।



विगत दिनों राजस्व टीम ने जांच की थी जांच के उपरांत खेल का मैदान व खलियान की जगह पर विष्णु दत्त शुक्ला,कृष्ण दत्त शुक्ला, अभय सिंह नायक, अतर सिंह नायक,गजराज सिंह नायक,मानसिंह उक्त भूमि पर कब्जा किये हुये थे। जिसके बाद क्षेत्रीय लेखपाल अशोक दोहरे ने कब्जा धारकों को कब्जा हटाने के लिए सभी को चेतावनी दी थी। जिसके बाद भी उक्त लोगो ने कब्जा नही हटाया। सोमवार को तहसीलदार रनवीर सिह की अगुवाई में राजस्व टीम ने गाँव पहुँच कर टैक्टर की मदद से जगह को कब्जा मुक्त कराया।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया अमृत महोत्सव ग्राम औतों में बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
दिबियापुर,औरैया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकर्ताओं ने एक अगस्त को सभी विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। प्राथमिक विद्यालय अबाबर में तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा भारतमाता का पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे जी रहे। जिला महामंत्री पंकज तिवारी ने बताया कि जनपद में लगभग सभी विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया।



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अखिल भारतीय स्तर पर 1 लाख विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।ब्लॉक अध्यक्ष सहार गौरव सक्सेना ने मुड़ेना छदामी लाल व ब्लॉक मंत्री आशुतोष ने गपचरियापुर में कार्यक्रम किया।।प्रधानाध्यापिका निशा ने बताया कि गांव में तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा हेतु सभी को प्रेरित किया गया तथा किशुनपुर के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी देवीदयाल के नाती मनोहर राजपूत को सम्मानित किया मनोहर राजपूत ने बताया कि उनके बाबा देवीदयाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी है वे जेल गए और कठोर कारावास झेला। आमंत्रित अतिथि विकास त्रिपाठी, मयंक चतुर्वेदी, टीटू भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य अर्पित यादव,अम्बुज सिंह व डॉ शिव दर्शन सिंह गौर ने बताया कि बहुत संघर्षों के बाद देश आजाद हुआ, हम सबको देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वालों का कृतज्ञ होना चाहिए। उधर आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत ग्राम औतों ब्लॉक अछल्दा में बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन चतुर्वेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामदुलारी के प्रधानाचार्य सरोज कुमार व प्रधानाध्यापक लोकेश शुक्ला ने हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें ग्राम प्रधान रजत मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली ने बच्चे नारे लगा रहे थे ष्जब जब हवा का झोंका आता है। हर घर तिरंगा लहराता हैष् घर–घर तिरंगा हम लहराएंगे आजादी का अमृत महोत्सव शान से मनाएंगे भारत माता की जय। बच्चों के साथ समस्त अध्यापक स्टाफ ने भी रैली में प्रतिभाग किया। रैली में राधा और उमाकांति ने सभी बच्चों को नारे लगवाए। कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन चतुर्वेदी ने बताया कि हम सभी को देश के सम्मान के लिए 11 अगस्त से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा लगाना है और उसकी रक्षा और सम्मान करना है। सरोज शकुमार ने बताया की सभी बच्चों को अपने अभिवावकों को घर जाकर तिरंगा के महत्व को बताना है।

### यूपी बार काउंसिल ने महिला अधिवक्ता के इलाज को भेजा चेक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। यूपी बार काउंसिल, प्रयागराज ने औरैया जिला जजी की अधिवक्ता पूजा द्विवेदी को 15 हजार रुपये की चेक भेज कर आर्थिक सहायता की है। यह धनराशि अधिवक्ता पूजा द्विवेदी को बीमारी के इलाज के लिए दी गई है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल प्रयागराज के उपाध्यक्ष अंकज मिश्रा एडवोकेट द्वारा प्रेषित चेक को पूजा द्विवेदी को सौंपते हुए बरिष्ठ अधिवक्ता अरुण त्रिवेदी एवं सौरभ पाठक ने बताया कि




अधिवक्ताओं की बीमारी में मदद के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त और आर्थिक रूप से कमजोर अधिवक्ताओं को अपना इलाज कराने में भारी दिक्कतें होती हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की यह आर्थिक सहायता विषम परिस्थितियों से लड़ने के लिए उनके हौसले को बनाने रखने में बड़ी मदद करता है। इस मदद के लिए अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अंकज मिश्रा को धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर अरविंद कुमार एड, सुरेश कुमार मिश्रा एड, हेमू चौबे एड, अतुल अवस्थी एड, सनी भदौरिया एड, धीरेंद्र शुक्ल एड, सनी तिवारी एड, ऋषभ चतुर्वेदी एड, अंकुर अवस्थी एड, अभिषेक द्विवेदी एड, नागेंद्र त्रिपाठी एड, शिवम त्रिपाठी एड, वैभव अवस्थी एड, सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एन.डी. राष्ट्रीय विद्यालय के शिक्षक प्रभारी पी. के. सिंह को शिक्षकों ने किया स्वागत, दी बधाई

नियामतपुर। एन.डी.राष्ट्रीय विद्यालय सीतारामपुर के नव नियुक्त शिक्षक प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह को शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। स्कूल प्रबंधन कमिटी की ओर से सहायक शिक्षक प्रमोद



कुमार सिंह को स्कूल का शिक्षक बनाये जाने पर स्कूल के शिक्षक,शिक्षिकाओं में खुशी का माहौल देखा गया। इस दौरान शिक्षकों ने नव नियुक्त शिक्षक प्रभारी पी.के.सिंह को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। पी.के.सिंह ने स्कूल के संचालन में सहयोग करने को लेकर शिक्षकों से अपील की। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी सहयोग करने का भरोसा दिया। पी. के.सिंह ने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से नियमित रूप से विद्यालय का संचालन किया जायेगा। स्कूल के छात्र छात्राओं को उनके मुताबिक शिक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। ताकि माध्यमिक बोर्ड एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन कर सकें।

इस अवसर पर राहुल राम, राजीव सिन्हा, संजय कुमार, दिलीप कुमार, सुजीत कुमार दास, तनुजा सिकदर, प्रमिला ओझा, अख्तर अंसारी, नजरूल बारी, अमित चौधरी, पुनम सिन्हा, जितेंद्र कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका शामिल थी।

## बस सेवा निलंबन के कारण राम नगर जीएम कार्यालय के समक्ष स्कूली छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

बराकर । सेल के रामनगर कोलियरी के जीएम कार्यालय के सामने स्थानीय स्कूली छात्रों ने बस सेवा के निलंबन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रबंधन द्वारा कोरोना महामारी से पहले छात्राओ को स्कूल



जाने के लिए बड़े बस का सुविधा दी गई थी। रामनगर कोलियरी की ओर से सेल में छात्रों को रामनगर से कुल्टी और बेगुनिया क्षेत्रों तक परिवहन की सुविधा गई थी । कोरोना महामारी के बाद बड़े बस को बंद कर दिया गया था । बाद में बड़े बस की जगह छोटे वाहन सुविधा दी गई थी ।

नतीजतन, लगभग 60–70 छात्रों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। छात्रों के अनुसार, माता–पिता की पहचान से अपना आधार कार्ड और स्कूल पहचान पत्र जमा करने के बावजूद, उनके साथ भेदभाव किया गया है। छोटी बस खाली होने पर भी, उन्हें बस सेवा प्रदान नहीं की जा रही है। स्कूल बस कुछ ही लोगों के साथ यात्रा कर रही है। इस स्थिति में, वे प्रति दिन एक सो रुपया भाड़ा के खर्च पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनकी शिक्षा बाधित हो रही है।

समस्या का समाधान नहीं होने के कारण मजबूरन सोमवार को अपने माता–पिता के साथ छात्रों ने जीएम कार्यालय के सामने धरना देने पर बाध्य हुए।

## पुलिस ने डेढ़ हजार किलोमीटर की दूरी से लापता बच्ची को ढूंढ निकाला

सलानपुर । सलानपुर थाना के रूपनारायणपुर फांड़ी पुलिस ने लापता नाबालिग को सलानपुर ब्लॉक के कल्याणग्राम क्षेत्र से ढूंढ निकाला।



ज्ञात हुआ है कि कुछ दिन पूर्व घर से लापता हुई नाबालिग के परिजनों ने अपहरण की शिकायत की थी।

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि नाबालिग दोस्तों के साथ यात्रा करते हुए उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पास पहुंची हुई थी। रूपनारायणपुर फांड़ी प्रभारी मनोजित धारा और एएसआई रंजीत सरकार के निर्देश पर बड़ी कुशलता से टीम बनाकर नाबालिग को छुड़ाकर रविवार को रूपनारायणपुर वापस लौट गए। सोमवार को नाबालिग को आसनसोल कोर्ट लाया जाएगा और कोर्ट के निर्देश पर पुलिस कार्रवाई करेगी। हालांकि पता चला है पुलिस ने नाबालिग की सारी जानकारी जुटाकर कुशल टीम अलीगढ़ भेजी और पुलिस ने नाबालिग को डेढ़ हजार किलोमीटर की दूरी से छुड़ाया। पुलिस की इस पहल से लापता नाबालिग के परिवार और स्थानीय लोगों में काफी खुशी है।

## ईस्ट बंगाल फंस क्लब ने 103 वां स्थापन दिवस मनाया

आसनसोल । आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 85 के शिमुलतला क्षेत्र में ईस्ट बंगाल फैन्स क्लब शिमुलतला की पहल पर सोमवार को धूमधाम से ईस्ट बंगाल क्लब का 103 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां क्लब का



झंडा फहराने के साथ स्थापना दिवस की शुरुआत की गई। फिर केक काटकर सभी के मोह मीठा कर एवं माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कई छात्रों का स्वागत करके और अंत में रक्तदान शिविर का आयोजन कर इस विशेष दिन को मनाया गया।

इस अवसर पर नगर निगम के मेयर परिषद सदस्य एवं पूर्व फुटबॉलर मानस दास, झारखंड संतोष ट्रॉफी के कोच और प्रमुख पूर्व फुटबॉलर रंजीत दास सहित अन्य हस्तियां मौजूद रहीं।

## सीतारामपुर आरपीएफ ने सलानपुर में चलाई यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान

सलानपुर । आरपीएफ बरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त आसनसोल श्री चन्द्र मोहन मिश्रा के दिशानिर्देश पर सोमवार निरीक्षक प्रभारी लक्ष्मण मीणा के नेतृत्व मेँ सीतारामपुर आरपीएफ ने सालानपुर रेलवे स्टेशन सहित ट्रैन एंव रेलवे फाटक पर यात्रियों व स्थानीय लोंगो के बीच यात्री सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला एबं बच्चों की सुरक्षा, मानब तस्करी, ट्रेसपासिंग, नशाखुरानी, यात्रियों की सामान की चोरी से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। चलती ट्रैन में अनावश्यक रूप से जंजीर खींच कर ट्रैन ना रोकने, जहाँ–तहा रेल लाइन ना पार करने एबं बंद रेलवे गेट को ना पार करने, ट्रैन पर पत्थर न फेकने और महिला बोगी मेँ पुरुष को यात्रा ना करने हेतु अपील किया गया, ताकि किसी के साथ कोइ अप्रिय घटना ना घटे, साथ ही यह भी बताया गया की यह एक दंडनीय अपराध हैँ, पकड़े जाने पर जुर्माना एंव जेल हो सकता हैँ, ट्रैन या रेलवे परिसर मेँ कोइ संदिग्ध



ब्यक्ति या बस्तु दिखने पर तुरंत आरपीएफ, स्थानीय पुलिस, जीआरपी को सूचित करने हेतु अपील किया गया। मोके पर उप निरीक्षक मदन पासवान, आर सरदार, सहायक उप निरीक्षक अमरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल प्रकाश दास, एस. के. दास तथा अन्य जवान मौजूद थे।

## मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

### आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान के अंतर्गत 07 व 21 अगस्त को विशेष कैम्प का होगा आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया 01 अगस्त 2022– भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही आज दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ कर दी गई है। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्र स्थित तिलक महाविद्यालय से इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आगे आकर अपना आधार नंबर उपलब्ध कराए जाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा सुधार किए जाने की दिशा में सतत प्रक्रिया चल रही है, और आधार जोड़ने का कार्य इसमें मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने युवाओं को पूर्ण उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता करने एवं जन जागरूकता प्रसारित करने में सहयोग के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहयोग के लिए तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त सहयोगी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद भी दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम 26 बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6–बी में दिया जाएगा। फार्म–6बी ऑनलाइन पर उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टल/एप पर ऑनलाइन फार्म–6 बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। स्व प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फार्म–6 बी ऑनलाइन जमा किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारीधनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फार्म जमा कराने के लिए समुचित मात्रा में फार्म 6 बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण के लिए अगस्त माह में 2 तिथियां–07 व 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–6 बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से




अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धनध्अपमार्जनध्संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मों को परिवर्तित किया गया है। परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तनधनिर्वाचक नामावली में संशोधनध्मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापनधदिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए फार्म 8 है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां–01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है।अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हुये हम अपना आधार नं0 उपलब्ध करायें। उन्होने पूरी प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये कहा कि देश को सशक्त बनाने में सभी अपना योगदान दें। उक्त अवसर पर उपस्थित छात्र–छात्राओं, अध्यापकों आदि को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा सहारनपुर के सरकारी स्कूलों में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

रिपोर्ट। अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर,अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर आज जनपद सहारनपुर के बेसिक व माध्यमिक के 500 से अधिक विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया।संगठन के द्वारा आज आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात भारत माता को पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया गया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार का सम्मान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र पंवार द्वारा बताया गया कि आज पूरे देश में संगठन की ओर से एक लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी के अंतर्गत सहारनपुर के सभी विकास क्षेत्रों में 500 से अधिक विद्यालयों द्वारा आज धूमधाम से यह कार्यक्रम मनाया गया। जिला महामंत्री वैभव चौहान द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाज जन के मध्य आयोजित इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन लगाने वाले सेनानियों का कृतज्ञता पूर्वक स्मरण करते हुए तथा उनके सपनों का भारत बनाने के लिए इंडिया से भारत की ओर जाने का आह्वान करते हुए संकल्प लिया गया।

संगठन मंत्री रजनीश सहगल ने अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं सैनिकों के परिवार का सम्मान किया। कार्यक्रम प्रभारी ब्लॉक साढोली कदीम– रीता गुप्ता,वंदना सैनी, ब्लॉक मुजफ्फराबाद– जनेश्वर कपिल, ब्लॉक सरसावा– धीरसिंह, ब्लॉक बलियाखेड़ी– वैभव चौहान, ब्लॉक



नकुड– राकेश तंवर, ब्लॉक गंगोह– आनन्द गुप्ता, ब्लॉक देवबंद– बृजपाल, ब्लॉक नागल– विनय, ब्लॉक पुंवारका– पूनम गुप्ता, सहारनपुर नगर– सोनिया पंवार द्वारा फूल भव्य तरीके से अपने अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम को आयोजित कराया गया।

## प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल नगर कार्यकारिणी चलाएगी हर घर तिरंगा वितरण अभियान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड दिबियापुर नगर कार्यकारिणी की प्रथम मासिक बैठक रविवार को संपन्न हुई। जिसमे तय किया गया कि दिबियापुर नगर कार्यकारिणी आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर ष्हर घर तिरंगाष्को सफल बनाने के लिए के लिए 11 अगस्त से 17 अगस्त के बीच दिबियापुर के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों और घरों पर तिरंगा लगाने हेतु तिरंगा वितरण अभियान जोर शोर से चलाया जाएगा।

नगर अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि व्यापारियों के हितों और समस्याओं के निवारण के लिए के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। महामंत्री नवीन गणेश पोरवाल ने कहा की व्यापार मंडल राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार को आगे रखकर व्यापारियों हित की चिंता करते हुए राष्ट्रीय पर्व मनाएगी और हर घर तिरंगा अभियान को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कोषाध्यक्ष अमित पोरवाल ने कहा नगर की समस्याओं को प्रमुखता से संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। नगर उपाध्यक्ष अजय पोरवाल ने कहा संगठन को मजबूती देने के लिए अधिक से व्यापारियों से जुड़ाव की आवश्यकता है। उपाध्यक्ष अख्तर राईन ने कहा व्यापार मंडल नगर में व्याप्त व्यापारिक समस्याओं हेतु समस्याओं के निवारण को प्रयासरत रहेगी । इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, वरिष्ठ मंत्री शैलेन्द्र सोनी, मंत्री रामचंद्र, छोटे पोरवाल, योगेंद्र



राजपूत,गौरव पोरवाल, संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता, राहुल सिंह, उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल ,दीपक गुप्ता , युवा नगर अध्यक्ष बृजेश यादव, युवा महामंत्री अरुण पाल ,युवा कोषाध्यक्ष श्याम पोरवाल, युवा मंत्री हिमांशु गुप्ता, मंत्री अखिलेश जैन, संगठन मंत्री संजीव कुमार सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय परिवार पार्टी द्वारा चलाया जाएगा भारतीयता की शपथ और हर घर तिरंगे के कार्यक्रम का अभियान मयंक शर्मा भारतीय

रिपोर्ट सरदार परमिंदर सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम सहारनपुर उत्तर प्रदेश आपको बता दें कि अखिल भारत परिवार पार्टी के राज्य सलाहकार समिति सदस्य मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही हर घर तिरंगे की मुहिम का हम पूरी तरह समर्थन करते है और इसी के साथ ही हम ष्गर्व से कहो हम भारतीय हैष कि मुहिम को भी हर घर तक पहुँचाएगे और अपने घर पर झंडा स्थापित करते समय यह शपथ लेगे कि हम किसी भी भारतीय के साथ जाति, धर्म, भाषा क्षेत्र या लिंग के आधार पर कोई भेद भाव नही करेगे तथा भारत के संविधान का सम्मान करेगे तथा अपनी इच्छा से अपने नाम के साथ भारतीय शब्द जोड़ेगे।

वही हम लोग 8 अगस्त से 15 अगस्त तक भारतीय सप्ताह भी मनाने जा रहे है। जिससे देश में एकता की भावना को भड़ाया जा सके। और हम भारत के युवा साथियों को भी संदेश देना चाहते है कि भारत को आगे लेकर जाने की जिम्मेदारी आप युवाओं के कन्धे पर ही निर्भर करती है और भारत का स्वर्णिम विकास तभी हो सकता है जब हम गाँधी वादि विचारों पर चलकर बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा तैयार किये गये संविधान को मानते हुए डा० ए० पी० जे अब्दुल कलाम जी के सपनों को साकार करके सम्राट अशोक के समय का भारत बनायेंगे जो जाति, धर्म, भाषा लिंग और क्षेत्र के भेद–भाव से ऊपर उठकर समानता एकता तथ



अखण्डता के साथ सरदार पटेल जी की ही सोच का एक धर्म निरपेक्ष संयुक्त भारत संघ होगा।

## चोरी के आरोप में युवक को दिनदहाड़े रस्सी से बांधकर बंधक बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और जिले स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में लाये जाने से आखिरकार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपीगण को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम

चीफ ब्यूरो निशी तिवारी। गोंडा

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय थाना कोतवाली के अंतर्गत कस्बा कर्नलगंज में शुक्रवार को कुछ लोगों द्वारा चोरी का आरोप लगाकर एक युवक को दिनदहाड़े दबंगई पूर्वक रस्सी से बांधकर बंधक बनाये जाने का हैरतअंगेज मामला सामने आया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और जिले स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में लाये जाने से आखिरकार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके नामजद आरोपीगण को गिरफ्तार कर लिया। घटना कोतवाली कर्नलगंज से चंद कदमों की दूरी पर ब्लॉक कार्यालय व बस स्टॉप चौराहे के बीच की है। जहाँ शुक्रवार को कुछ लोग चोरी का आरोप लगाकर एक युवक को पकड़ लिये और एक लोडिंग वाहन में पीछे बैठाकर उसका दोनों हाथ बांध कर बंधक बना लिये। मालूम हो कि घटना दिन दहाड़े की होने की वजह से तमाम लोग पहुंच गये और मूक दर्शक बनकर तमाशा देखते रहे। जबकि युवक बार बार कहता रहा कि उसने कोई चोरी नही की है। फिर भी लोग उसे छोड़ने को तैयार नही थे। इसे खुलेआम दबंगई कहा जाय या पुलिस की उदासीनता। इस तरह की घटनाएं लगभग होती रहती हैं मगर पुलिस ऐसे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश में लगी रहती है। जिससे यह घटनाएं आम होती जा रही है। वहीँ



लोग बेखौफ होकर ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में वार्ता करने हेतु जब प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी नंबर बंद मिला ।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और जिले स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में लाये जाने से आखिरकार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके नामजद आरोपीगण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के मुताबिक उपरोक्त मामले में एक व्यक्ति को कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी के आरोप में रस्सी से बांधकर मारने पीटने की जांच में पता चला कि सोनू सिंह पुत्र प्रेम कुमार सिंह निवासी बरवलिया कलहंसनपुरवा थाना कोतवाली करनैलगंज को शुक्रवार समय अपराहन 4 बजे खुर्शीद आलम, मोहम्मद जफर, रईस मोहम्मद ,साजिद निवासीगण कर्नलगंज द्वारा बैटरी चोरी का आरोप लगाते हुए मारा पीटा गया था, इस संबंध में वादी सोनू सिंह उपरोक्त की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 338/22 धारा 323/ 342/ 504/ 506 आईपीसी विरुद्ध विपक्षीगण उपरोक्त पंजीकृत कर संबंधित अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

### सीतारामपुर आरपीएफ द्वारा 120 पौधे लगाए गए

सीतारामपुर । दिनांक 01.08.22 को आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में पीसीध्एसटीएन की देखरेख में आरपीएफ पोस्ट सीतारामपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 08.10 बजे से 09.15 बजे तक वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कुल 120 विभिन्न प्रकार के पौधे आरपीएफ बैरक सीतारामपुर में लगाए गए हैं।



इस अवसर पर कुल 18 अधिकारियों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

### चित्तरंजन के चाय कारोबारी की हत्या की कगार पर रूपनारायणपुर फांड़ी पुलिस

सलानपुर । रूपनारायणपुर पुलिस फांड़ी को बड़ी सफलता मिली है। चाय व्यवसायी हत्याकांड आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



आठ दिन बाद रूपनारायणपुर फांड़ी की पुलिस ने चित्त साहा हत्याकांड के अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है।

चित्तरंजन अमलादिहि बाजार के व्यापारी चित्त शाहा की हत्या के आरोपित आदित्य चार (51) को पुरुलिया जिले से गिरफ्तार किया गया है.ल। पता चला है कि 22 जुलाई को हुई इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और आखिरकार आधुनिक तकनीक से अपराधी को पकड़ने में कामयाब रही। इतना ही नहीं पता चला है कि अपराधी आदित्य चार ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी आदित्य चार के मृतक चित्त शाहा की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। पुलिस ने उस सुराग का इस्तेमाल कर मुख्य आरोपी को पुरुलिया जिले से पकड़ने में कामयाबी हासिल की।

### 'आगामी त्योहारो को लेकर बेहट कोतवाली प्रभारी ने ली जिम्मेदार लोगों की मीटिंग'

रिपोर्ट अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स , आज दिनांक 1 अगस्त 2022 को सहारनपुररूकोतवाली बेहट में थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार पांडेय ने शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया जिसमे आने वाले त्यौहारो को लेकर मीटिंग आयोजित की जिसमें क्षेत्र के लोग मिलजुलकर त्योहार को मनाये ।शान्ति व्यवस्था को खराब करने वालो पर कारवाई को कहा। इस दौरान एसएसआई अजय कुमार–अनिल सिंघल मियां पीरु उे काजमी बॉबी कर्णवाल राकेश गाबा शाहजमाँ प्रधान–बिलाल प्रधान आदि क्षेत्र के ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे!!



### 3 अगस्त को समीक्षा बैठक, जागरूकता व महिला जनसुनवाई का कायर्क्रम आयोजित होगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 01 अगस्त, 2022– जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति– 4.0 के अन्तगर्त महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से दि 03 अगस्त को जनपद में समीक्षा बैठक, जागरूकता चौपाल–शिविर एवं महिला जनसुनवाई का कायर्क्रम सुमन चतुवेर्दी सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आयोजित होगा। उन्होने सम्बन्धित को सूचित करते हुये कहा है कि ट्रान्जिस्ट हास्टल में आयोजित उक्त कायर्क्रम में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर समस्याओं का निराकरण करायें।

### नगला चीटा मे अधिक बारिश होने के कारण हुआ हादसा

कासगंज। क्षेत्र के अंतर्गत ओमप्रकाश पुत्र मलिखान सिंह नगला चीटा



के रहने वाले है जिनका मकान अधिक बारिश होने के कारण भरभरा कर गिर गया । जिसमें रखा लाखों का सामान नष्ट हो गया इसमें 450 खादी की बोरी थी दवाइयां थी जिससे सब खत्म होगा घरेलू सामान था वह सब नष्ट होगा चक्की इंजन स्पेयर लगा हुआ था और भी बहुत कुछ सामान था जो कि पूर्ण रूप से नष्ट हो गया है अतः उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों में दिखा उत्साह, की पूजा-अर्चना

#### अमांपुर के शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष

अमांपुर/कासगंज । कस्बा के प्राचीन शिव मंदिर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भोलेनाथ को रिझाने के लिए शिवालयों में भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही शिवालयों में घंटा–घड़ियाल हर–हर महादेव के जयघोष की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और भोलेनाथ से सुख शांति की कामना। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उन्हे अत्यंत प्रिय भांग, धातुरा, बेलपत्र,चढ़ाकर पूजा–अर्चना की। सुबह से ही शिवालयों में हर हर महादेव, बम–बम भोले की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच शिव आराधना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भोले शंकर के दर्शन व गंगाजल से जलाभिषेक दुग्धाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। सावन माह में दूसरे सोमवार को भी मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ शिव उपासना के लिए उमड़ी। वही कस्बा के देवी मंदिर, सराफा बाजार स्थित साई बाबा मंदिर, कालेज रोड स्थित श्रीराम जानकी, राधाकृष्ण, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सहित आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पूजा–अर्चना करना शुरू कर दिया। इस मौके पर पुजारी धीरेन्द्र शास्त्री, दिनेश जौहरी, राकेश पाराशर, धीरज गुप्ता, सुलोचना गुप्ता, केशवदेव गुप्ता, राहुल जौहरी, पुष्पेन्द वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, मनोज गुप्ता, डॉ जय प्रकाश वर्मा, देवेश सोलंकी, शिव सिंह, तिर्मल सिंह, नितिन माथुर, शनिदेव आदि भक्तगण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी रामसिया मौर्य, इंस्पेक्टर क्राइम अवनीश कुमार, उपनिरीक्षक औसान सिंह, कस्बा ईचार्ज धर्मेंद्र सिंह, एसआई सुरेंद्र सिंह, एसआई शांति स्वरूप शंशाक दुबे, प्रेमपाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



## चित्रांगदा सिंह सुबेदार योगेंद्र यादव की इंस्पिरेशनल स्टोरी पर फिल्म बनाने के राइट्स हासिल किए



दैनिक अयोध्या टाइम्स मुंबई
सुशिलाजीत साहनी मुम्बई। बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने अपने पहले प्रोडक्शन के रूप में सूरमा का निर्माण किया था। ये फिल्म भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह की सच्ची कहानी पर आधारित थी। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और तापसी पन्नू नजर आई थी। अब चित्रांगदा सिंह ने अपने प्रोडक्शन हाउस के अंतरगत एक और इंस्पिरेशनल स्टोरी बनाने के राइट्स हासिल कर लिया हैं। ये फिल्म सुबेदार योगेंद्र यादव की बहादुरी की कहानी होगी। बता दें, सुबेदार योगेंद्र यादव ने कारगिल वॉर की लड़ाई लड़ी थी और अब तक 19 साल की सबसे कम उम्र में परमवीर चक्र हासिल करने वाले पहले शख्स हैं। वह देश के इतिहास में परम वीर चक्र के तीन एकमात्र जीवित प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं और तब से भारतीय सेना में अभी तक सर्व कर रहे हैं। चित्रांगदा सिंह कहती हैं, ष्मैं उन रियल हीरोज की कहानियां सुनाने के लिए बहुत उत्साहित हूं, जिन्हें कई बार भुला दिया जाता है फिर भले ही वे अभी भी हमारे बीच क्यों न मौजूद हो। हमें उनके सफर को ग्लोरिफाई करने की जरूरत है। यह वही करने की एक और कोशिश होगी जो मैंने सूरमा के साथ ट्राई किया था। फिल्म के राइट्स सीएसफिल्म्स के पास हैं जिसे दीपक सिंह को–ओन्ड करते हैं।

## भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रुपईडीहा में विद्युत व दुरसंचार उपभोक्ता संघ का हुआ गठन

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती रुपईडीहा कस्बे में विद्युत व दूरसंचार से सम्बंधित समस्याओं से इस क्षेत्र के उपभोक्ता काफी परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में विद्युत समस्या के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों से बताते बताते जनता अजिज व परेशान हो चुकी हैं। परन्तु इस विद्युत व दुरसंचार की विकराल समस्या को सुनने वाला न कोई जनप्रतिनिधि हैं न ही कोई अधिकारी। उपभोक्ता अपनी समस्या का समाधान किससे कहे इस परेशानी को देखते हुए रुपईडीहा पत्रकार संघ की मासिक बैठक संघ के उपाध्यक्ष सिद्धनाथ गुप्ता के प्रतिष्ठान पर हुई जिसमें संघ के उपाध्यक्ष शकील अहमद द्वारा कस्बे के इन समस्याओं से निजात दिलाने व इनके हक की आवाज बुलंद करने के लिए एक उपभोक्ता संघ बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका सभी लोगो ने समर्थन किया। तत्पश्चात बिजली उपभोक्ता संघ व दूरसंचार उपभोक्ता संघ को बनाया गया जिसमें सर्वसम्मति से विद्युत उपभोक्ता संघ का अध्यक्ष इंजीनियर सिद्धनाथ गुप्ता को तथा दूरसंचार उपभोक्ता संघ का अध्यक्ष श्याम कुमार मिश्रा को बनाया गया। विद्युत व दूरसंचार उपभोक्ता संघ का महामंत्री रजा इमाम रिजवी को बनाया गया। नवमनोनीत विद्युत उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष सिद्धनाथ गुप्ता ने कहा कि रुपईडीहा में विद्युत उपभोक्ताओं का शोषण रोकने व क्षेत्र में विद्युत समस्याओं के निदान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । वही नव मनोनीत अध्यक्ष दूरसंचार उपभोक्ता संघ श्याम कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्युत व दूरसंचार से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान कराने के लिए प्रत्येक रविवार को 2 घंटे पंचायत भवन रुपईडीहा में जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने की पूर्ण कोशिश की जाएगी । महामंत्री रजा इमाम रिजवी ने कहा कि रुपईडीहा क्षेत्र के उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी है इसीलिए रुपईडीहा के प्रत्येक वार्डों में जाकर कम से कम 10 शिक्षित व जागरूक व्यक्तियों को उपभोक्ता संघ से जोड़ा जाएगा जिससे और लोगो मे जागरूकता फैलाई जा सके और इस विकराल समस्या का समाधान कराया जा सके।



## आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज,अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय नानपारा, बहराइच। के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने आम के बागों को खरपतवार प्रबंधन करे एवं पौध पोषण की तैयारी करें। उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि इस समय आम के बागों की देखभाल करना बहुत ही आवश्यक है। आम के बागों में इस समय शाखा गांठ कीट का प्रकोप होता है, जिसमें जहाँ पौधों में पुष्पगुच्छ निकलने वाला स्थान होता है, यह कीट उसी जगह पर अंडे दे देता है, जिसकी वजह से गांठ बन जाती है। डॉ सिंह ने बताया कि फल की तुड़ाई के उपरांत शाखाओं की हल्की सी छटाई कर एक कीटनाशक जैसे इमिडाक्लोप्रिड, थियामेथोक्सम का छिड़काव करें। इससे आम में एकांतर फलन की समस्या को भी कम किया जा सकता है। डॉक्टर हर्षिता ने बताया कि जिन बागों में अभी आम के फल लगे हुए हैं वहाँ पर फल मक्खी के प्रबंधन हेतु युजिनॉल ट्रैप का प्रयोग करें।





## पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक, गई मासूम की जान



दैनिक अयोध्या टाइम्स खैरीघाट बहराइच। सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक करने आई मासूम की परिसर में बने कुंड में रात को गहरे पानी में नहाते समय डूबने से किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर तैनात पुलिस और ग्रामीणों की मदद से करीब दो घंटे के शव को बाहर निकाला गया। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के शिवनगर बस्थनवा स्थित जंगली नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आई 12 वर्षीय किशोरी की मंदिर परिसर में बने कुण्ड में रात को गहरे पानी में नहाते समय मौत हो गई। रात को करीब दो घंटे के बाद किशोरी की उतरती शव को देखने पर लोगो ने पुलिस को सूचना दी । मौके पर मंदिर के सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस व श्रद्धालुओं की मदद से किशोरी के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव निवासी शांति पुत्री रामनिवास उम्र 12 वर्ष जो अपने परिवार के साथ सोमवार को जंगली नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए गई थी।

जिसकी कुण्ड में नहाते समय मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुण्ड में रात को गहरे पानी में नहाने से मासूम की मौत हो गई है। जिसका पंचायत नामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महामहिम राज्यपाल की मंशा को धरातल पर रंग भर रहे हैं जिलाधिकारी



- जिलाधिकारी की प्रेरणा से समाज के विभिन्न वर्गों ने ग्रहण की रेड क्रॉस की सदस्यता

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पूरे प्रदेश में रेड क्रॉस सोसाइटी की तस्वीर में अपनी तूलिका से रंग भरने का काम कर रही हैं, और उसी का अनुसरण कर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी में सदस्यता अभियान चलाकर सेवा और संस्कार का नवजागरण पैदा कर रहे हैं।सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी समिति के वरिष्ठ सदस्य राकेश चंद्र श्रीवास्तव और आजीवन सदस्य सरदार परविंदर सिंह शम्मी के नेतृत्व में जिलाधिकारी की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने रेडक्रॉस की सदस्यता को ग्रहण किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के नवीन सदस्यों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा पलाश की अध्यक्षा पल्लवी केडिया, लायंस क्लब की सदस्य चरणजीत कौर, समाजसेवी एकता जयसवाल, ब्रह्म स्वरूप श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अधिवक्ता सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, मयंक जैन, राजकुमार मिश्रा, मुशर्रफुल हक जिशान सहित दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।



## भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही है नशीले पदार्थो की तस्करी



- बार्डर पर लगातार स्मैक तस्कर पकड़े जा रहे हैं फिर भी नशीले पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है
- पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्यवाही से 102 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफतार

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। स्मैक की कैरिंग करने वाले भारत व नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में लगातार पकड़े जा रहे हैं, परन्तु भारत से स्मैक की कैरिंग करा कर नेपाल भेजवाने वाले उसके मुख्य मुखिया तक सुरक्षा एजेंसियां के हाथ नहीं पहुंच पा रहे है।

इसी क्रम में रुपईडीहा पुलिस व 42 वीं वाहिनीं एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा पर 102 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इस स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत 51 लाख रुपये बतायी जा रही है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम को यह सफलता प्राप्त हुई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि मेरे नेतृत्व में बीती रात थाने की पुलिस टीम व एसएसबी जवानों की संयुक्त टीम भारत नेपाल सीमा के पीलर संख्या 651/11 के पास रात में गश्त पर थे तभी एक संदिग्ध व्यक्ति रुपईडीहा से नेपालगंज की ओर जाते दिखाई दिया जिसे रोक कर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 102 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान मोहम्मद आबिद पुत्र मोहम्मद तकी निवासी धनौली दा0 समोखन थाना मटेरा बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध मु0अ0स0 278/2022 धारा 8द्21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 अजेश कुमार, हे0का0 अरबिन्द कुमार यादव, का0 अशोक तिवारी तथा 42 वीं वाहिनीं एसएसबी के एएसआई कुलदीप ज्ञान,का0 विशाल डी सोना वाले,का0 सुशील कुमार राम,का0 संतोष कुमार सरोज,का0 बैकटेश एजी आदि लोग शामिल रहे।

## एंबुलेंस में गूंजी किलकारी एम टी द्वारा कराया गया सुरक्षित प्रसव जच्चा बच्चा स्वस्थ

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। एंबुलेंस में कराया महिला का सुरक्षित प्रसव बहराइच सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एंबुलेंस निरंतर अपनी सेवा से आपातकालीन सेवा एवं गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को बचाता आ रहा है इसी क्रम में आज बहराइच के ब्लाक विशेश्वरगंज के अंतर्गत ग्राम बेचई पुरवा पुरैना बाजार रेनू देवी पत्नी राजेश कुमार 24 साल को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई जिस पर रेनू देवी के परिजनों ने 108 कंट्रोल रूम पर फोन किया वहीं कुछ मिनट बाद एंबुलेंस उनके घर पहुंची और प्रस्तुता को लेकर जैसे ही अस्पताल के लिए निकली कुछ ही दूरी पर महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी जिस पर 108 एंबुलेंस UP32bg9201 के एमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन शिव कुमार चौधरी व पायलट बलराम यादव द्वारा एंबुलेंस सड़क के किनारे खड़ी कर प्रसूता का सुरक्षित प्रसव कराया गया जिसके उपरांत को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कट्टा विशेश्वरगंज में भर्ती कराया गया जहां मौजूदा डॉक्टर ने जच्चा और बच्चा दोनों को स्वास्थ्य बताया मउज शिव कुमार चौधरी और पायलट बलराम यादव ने इसकी सूचना 108/102 एंबुलेंस जिला प्रभारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह व जिला प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी को दी गई जिसकी उन्होंने प्रशंसा कीं।



## आबकारी टीम ने की छापेमारी, 800 किग्रा लहन मौके पर किया गया नष्ट



- अवैध शराब के साथ वाहन बरामद, एक गिरफ्तार।
- संदिग्ध स्थलों को चिन्हत कर, आगे भी करेंगे कार्रवाई : सुधांशु सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तर प्रदेश बहराइच। आबकारी आयुक्त उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी तथा उप आबकारी आयुक्त के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के मिहींपुरवा क्षेत्रों में ताबड़ तोड़ आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 800 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया, जबकि 45 लीटर अवैध शराब मयवाहन एवं मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार जेल भेजा गया। प्राप्त सूचना के अनुसार तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम लोधनपुरवा, अड़गोड़वा, कठौतिया में आबकारी विभाग की टीम ने आकस्मिक छापेमारी की। छापेमारी में 800 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस दौरान 45 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी एवं अवैध कारोबार में लिप्त एक बाइक बरामद की गयी। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब के विरूद्ध धरपकड़ तेज कर दी गयी है एवं सभी आबकारी निरीक्षक को निर्देश दिये गये हैं कि क्षेत्रों में निरंतर दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाय। छापेमारी करने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम विवेक सिंह चौहान, क्षेत्र 3 महसी सुनील कुमार एवं क्षेत्र 6 मोतीपुर आदित्य कुमार तथा प्रधान आबकारी सिपाही अमित कुमार, सुभाष पाण्डेय, आबकारी सिपाही पवन कुमार एवं कुड्डे समेत चाहलक जाबेद हुसैन शामिल रहे।

## कर्नलगंज क्षेत्र में छप्पर पर शेर देखकर ग्रामीण के उड़े होश,फैली दहशत



दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील क्षेत्र के एक गाँव में बीती रात्रि में शेर की दस्तक से ग्रामीण काफी भयभीत हैं और उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी है। घटना तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुम्हरौरा के मजरा भगन पुरवा से जुड़ी है। यहां के निवासी संतोष कुमार उर्फ करिया बीती रात्रि में अपने छप्पर के घर के आंगन में चारपाई पर मच्छरदानी लगाए सो रहे थे। तभी रात्रि करीब ढाई बजे उसके छप्पर पर डाली गई पन्नी के ऊपर खर–खर की आवाज सुनाई पड़ी। उसने टार्च जलाकर देखा तो छप्पर के ऊपर शेर था, जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। संतोष अपने भाई को आवाज देने लगा जिस पर शेर मुड़कर छप्पर के नीचे उतर गया। भयभीत परिवार के लोगों ने गांव वालों को सूचित किया, जिस पर पूरे गांव के लोग सहम गये। वहीं घटना से दहशत जदा गांव के लोग पूरी रात्रि जागते रहे। सुबह होते ही ग्रामीण ने आसपास खोजबीन करना शुरू किया तो संतोष के घर के आसपास ही नही गांव के अन्य लोगों के दरवाजे पर भी शेर के पंजो के निशान स्पष्ट दिखाई दिये। जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है और उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी है।जानकारी के मुताबिक हालांकि शेर ने किसी को कोई हानि नही पहुंचाया है। जबकि संतोष के दरवाजे पर गाय व उसके बच्चे बंधे थे। इस संबंध में वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि शेर जिलाधिकारी के आवास के पास व परसपुर क्षेत्र में भी देखा जा चुका है और रात्रि के समय कर्नलगंज क्षेत्र के भगन पुरवा में भी उसे देखे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि शेर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीएम ने आधार कार्ड से वोटर आईडी का स्वैच्छिक एकीकरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोण्डा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, डा0 उज्ज्वल कुमार ने आज एलबीएस डिग्री कालेज में दीप प्रज्वलित कर आधार कार्ड से वोटर आईडी का स्वैच्छिक एकीकरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित निर्वाचकों से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रित किये जाने की कार्यवाही 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ की जा रही है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के उपनियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जायेगा। फार्म–6बी ऑनलाइन NVSP-IN पर उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने बताया है कि स्व० प्रमाणन के साथ (With: Self-authentication) सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टल ६ एप पर आनलाइन फार्म 8बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में दो तिथियां यथा 07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है। जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म 6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते है। उन्होंने यह भी बताया है कि निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं से आफलाइन माध्यम से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रित किये जाने के लिए फार्म 6ख हार्ड कापी में मतदाताओं से प्राप्त करने हेतु बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2022 से घर–घर भ्रमण कर प्राप्त किया जायेगा और प्राप्त किये गये फार्म–6ख को बी०एल०ओ० द्वारा गरूड़ ऐप या ई०आर०ओ० द्वारा प्रयोग किये जा रहे ई०आर०ओ० नेट पर फार्म–6ख की प्राप्ति के सात दिनों के अन्दर डिजीटाइज्ड किया जायेगा। इसके साथ ही बी०एल०ओ० के घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाता सूची में अंकित मतदाता यदि अपने घर में किन्हीं कारणवश नहीं मिलता है तो उसके आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त कर पुनः उस घर का भ्रमण किया जाना अपेक्षित होगा। बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं को आनलाइन माध्यम से आधार नम्बर कैनइउपेपवद हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उसका नाम मतदाता सूची डाटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जायेगा कि



उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है, तथा प्राप्त आधार नम्बर को किसी भी स्थिति में सार्वजनिक नही किया जायेगा यदि मतदाता की जानकारी को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है तो आधार विवरण को हटाया/छिपाया जाना अपेक्षित है। इस सम्बन्ध में आधार संख्या वाले हार्डकापी में फार्म – 6ख के संरक्षण के लिए आधार (प्रमाणीकरण एवं आफलाइन सत्यापन) विनियम, 2002 (2021 का नम्बर–2) के विनियमन 14 (1एमबी) का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा, जिसके अनुसार भौतिक रूप से प्राप्त की गयी आधार नम्बर या आधार पत्रों की फोटो प्रतियों को अनुरोध कर्ता संस्था द्वारा संग्रहीत करने के पूर्व आधार नम्बर के पहले 8 अंको को छिपाया जायेगा। एकत्रित किये गये फार्म – 6ख को डिजीटाइजेशन के बाद संलग्न के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा डबल लाक में सुरक्षित रखा जायेगा। सार्वजनिक डोमेन में भौतिक रूप से रखे गये फार्मों के किसी भी लिकेज के लिए सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगे। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन ६ अपमार्जन ६ संशोधन इत्यादि से सम्बन्धित फार्मों को परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म 8 है। आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां यथा– 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा विनोद कुमार सिंह, प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य नियंता एलबीएस पीजी कॉलेज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार


## आजादी के अमृत महोत्सव, तिरंगा यात्रा, की निकाली गई प्रभात रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स फखरपुर बहराइच जनपद में आज दिनांक 1. अगस्त 2022 को प्राथमिक विद्यालय शारदा सिंह पुरवा फखरपुर बहराइच मे आजादी का अमृत महोत्सव बड़े हर्ष ,उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसार सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण झंडा गीत आदि के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाध्यापक चंचरीक कुमार पाण्डेय ने देश की आजादी पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति के साथ स्थानीय लेखपाल रमेश कुमार तिवारी शरद मौर्य ,पूजा ,वन्दना आदिसभी लोग उपस्तिथि रही।



## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स हुजूरपुर बहराइच। बहराइच जनपद में आज दिनांक 1 अगस्त 2022 को हुजूरपुर ब्लॉक के समस्त विद्यालयों सहित उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमुल्लापुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आकाश सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत स्टाफ में नरेंद्र कुमार मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हुजूरपुर, सहायक अध्यापिका शमा,रुचि तिवारी,शिक्षामित्र रजनी सिंह,रुबी सिंह, अनुचर सरजू प्रसाद एवं सभी रसोईयागण उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि आकाश सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भारत माता की आरती की गई । बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के शहीदों के नाम राष्ट्रीय गीत एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह का जन्मदिन मनाया गया

- हिन्दू युवा वाहिनी ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश नाथ राना ने राजन सिंह को उनके जन्मदिन पर स्मृति चिन्ह देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी





दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। राजन सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने रविवार को उनके ईंट भट्ठा पर जाकर बड़े धूमधाम से समाज सेवी शिवम् यादव के नेतृत्व में केक काट कर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह का जन्मदिन मनाया गया। हिन्दू युवा वाहिनी ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश नाथ राना ने राजन सिंह को उनके जन्मदिन पर स्मृति चिन्ह देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य,बीडीसी,व कार्यकर्ता भाजपा युवा नेता राम समुझ यादव, राजकुमार यादव, संजय प्रजापति, आनन्द यादव,बच्छन, महेश,मोनू चौधरी, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## डीएम ने ऐली-परसौली तटबंध का किया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा। गोण्डा डा0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज के अन्तर्गत ऐली–परसौली तटबंध का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर सभी बाढ़ चौकियां सक्रिय पाई गई तथा बाढ़ से संबंधित सारी व्यवस्था कर ली गई हैं। उन्होंने कहा है कि बाढ़ खण्ड व आपदा प्रबन्धन



सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से संबंधित पूरी तैयारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने के साथ ही स्टाफ की तैनाती तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय बनाकर तैयारी कर लें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी शत्रोहन पाठक, तहसीलदार तरबगंज पुष्कर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसओ उमरीबेगमगंज तथा बाढ़ खण्ड के अधिकारी विश्वनाथ शुक्ला सहित विभाग से संबंधित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित पिकप ने सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा को मारी टक्कर,चार लोग चोटहिल

दैनिक अयोध्या टाइम चीफ ब्यूरो निशी तिवारी कर्नलगंज, गोण्डा। सड़क पर जा रही पिकप गाड़ी अनियंत्रित होकर सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा से टकरा गयी, जिससे ई रिक्शा में बैठे चार लोग चोटहिल हो गए। जिन्हें आनन–फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ से दो लोगों को रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को क्षेत्र के कर्नलगंज–शाहपुर–धनावा मार्ग पर सवारी लेकर ई रिक्शा जा रहा था, इसी बीच बेलवा सम्मय टेपरा के पास तेज रफ्तार से जा रहे किसी पिकप वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमे बैठे कचनापुर गांव निवासी हलीम उनकी पत्नी रानी, उनके पिता बफाती तथा कर्नलगंज कस्बा निवासी नौसाद चोटहिल हो गए। घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ से रानी व उनके पति हलीम को रेफर कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चेयरमैन पद के संभावित प्रत्याशी ने कराया भंडारे का आयोजन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम पुवायां, शाहजहाँपुर। उन्नति प्रापर्टीज के स्वामी और भारतीय जनता पार्टी पुवायां से नगर कार्यकारणी सदस्य व



चेयरमैन पद के सम्भावित प्रत्याशी विकास गुप्ता ने पवित्र श्रवण मास के तृतीय सोमवार को अपने बंडा रोड स्थित कार्यालय के निकट गुरुद्वारा के सामने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया।जिसका शुभारंभ उन्होंने भगवान महाकाल के चित्र पुष्पार्चन और कन्याभोज कराकर किया।तमाम शिव भक्तों व राहगीरों को गर्मा गर्म पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता राष्ट्रवादी कवि प्रदीप वैरागी भाजपा मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ,आई टी नगर संयोजक रंजीत गुप्ता ,बूथ अध्यक्ष अनिक गुप्ता स,माजसेवी विपिन शर्मा, राजू त्रिवेदी ,एडवोकेट अतुल पांडेय, प्रभात मिश्रा ,भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक शिखर रस्तोगी, एडवोकेट दिवाकर गुप्ता, नन्हें गुप्ता ,विक्कू गुप्ता, अनिल शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने स्टाल लगाकर की कावड़ियों की सेवा

- काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग रहे मौजूद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष तनवीर खां नें सुभाष चंद्र बोस चौराहा के पास स्टाल लगाकर फर्रुखाबाद पांचाल घाट से छोटी काशी गोला गोकरण नाथ जल भरकर जा रहे कांवरियों की सेवा की इस समय सावन मांह चल रहा है और छोटी काशी गोला गोकरननाथ में कांवर चढ़ाने वालों का तांता लगता है जनपद से सटे फर्रुखाबाद पांचाल घाट से शिव भक्त भारी संख्या में जल भरकर जलालाबाद, कांट, होते हुए शाहजहांपुर से छोटीकाशी कहे जाने वाले गोला गोकरण नाथ के लिए रवाना होते हैं जहां जगह–जगह पर भंडारा जलपान गृह बनाए गए हैं जहां लोग कांवरियों की सेवा करके अपने आप को धन्य समझते हैं लेकिन शाहजहांपुर जिले में चेयरमैन रहे समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जो कभी हिंदू और मुस्लिम में भेदभाव नहीं करते ऐसे नेता ने सुभाष चंद चौराहा पर स्टाल लगाकर कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें जलपान कराया और खुद कावड़ियों के पास जा जाकर फल एवं पानी की बोतलें वितरित कीं इस



मौके पर निवर्तमान नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, लल्ला सिंह यादव, श्याम जी शुक्ला, टिंकू सिंह, सचिन तिवारी, शिवम सिंह, नाजिम फारुकी, असलम खान, आनंद शुक्ला, वलवीर सिंह यादव, राजा साहब, रानू खान, आरिफ खान, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने कावड़ं यात्रियों के लिए वरेली मोड पर विशाल भंडारे का किया आयोजन

- कांवड श्रद्धालुओं को अपने हाथों से कराया भोजन व पुष्पा वर्षा कर किया स्वागत सत्कार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने थाना क्षेत्र कोतवाली अन्तर्गत स्थित बरेली मोड पर जगत के पालनहार भगवान शंकर जी की पूजा अर्चना उपरान्त कावंड यात्रियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस आयोजन मे पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर सहित संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अखण्ड प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर , वृजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली द्वारा अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन व फलाहार कराया गया तथा पुष्पा वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत सत्कार किया गया । सरकार की मंशा के अनुसार कांवड़ यात्रियों को काँवड ले



जाने व वापस के रास्तों को सुलभ व सुगम बनाने का भी काम जनपदीय पुलिस कर रही है । पुलिस कावंड यात्रियों सुरक्षा के साथ–साथ उन्हें भोजन कराना और पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल बढ़ाना इस पुण्य के काम में भी पुलिस अपना योगदान दे रही है । इस दौरान थाना कोतवाली पुलिस सहित थाना क्षेत्र व अन्य सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

### सर्वेश त्रिवेदी बने सहकार भारती के जिलाध्यक्ष

- सहकार भारती का तीव्र गति से हो रहा है कार्य विस्तार : नीरज सिंह

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री सर्वेश कुमार त्रिवेदी को सहकार भारती के जिलाध्यक्ष तथा रंजीत सिंह को महानगर अध्यक्ष घोषित किया गया।सहकार भारती की ओर से डी एस वर्मा(उ प्र सदस्यता प्रमुख एवं बरेली मंडल प्रभारी,सहकार भारती) तथा दिग्विजय सिंह(सह विभाग संयोजक सहकार भारती, बरेली मंडल) की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।पैक्सफेड उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डी पी एस राठौर, उपाध्यक्ष अजय प्रजापति,डी सी बी डायरेक्टर एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह, दिनेशअवस्थी(जिलाध्यक्ष,भाजपा किसान मोर्चा)गजेंद्र सिंह, अशोक सिंह,ब्रजकिशोर कटियार, आकाश शुक्ल, विनोद अवस्थी,ओमेंद्र सिंह,कुलदीप भदौरिया सहित अनेक समर्थक उपस्थित रहे ।

## सुनासिर नाथ मंदिर की मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं की पूरी होती है मनोकामना

शाहजहांपुर । बंडा से छह किमी दूर खुटार रोड से डुडवा फार्म जाने वाले रास्ते पर सुनासिर नाथ मंदिर है। मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। शिवरात्रि के पर्व पर बंडा से सुनासिर नाथ तक विशाल शिव बरात निकाली जाती है। कहा जाता है कि भगवान इंद्र ने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी।मंदिर के पुजारी रमेश गिरि ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या पर आसक्त होकर इंद्र ने ऋषि पत्नी से छल किया था। तब क्रोधित ऋषि ने अहिल्या को पत्थर की शिला हो जाने श्राप दे दिया था। ऋषि ने इंद्र को भी श्राप दे दिया था। मान्यता है कि इंद्र ने इसी स्थान पर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न कर श्राप से मुक्ति को प्रार्थना की थी। तब भगवान शिव ने इंद्र को गोमती नदी के किनारे 101 स्थानों पर शिवलिंग स्थापित करने को कहा था। इससे उन्हें श्राप से मुक्ति मिल सके। बताते हैं कि इंद्र ने जिस स्थान पर भगवान शंकर को प्रसन्न किया, वहां पर उन्होंने भगवान शंकर, उनके बाईं तरफ माता पार्वती और उनकी गोद में बालरूप में भगवान गणेश जी की संयुक्त मूर्ति भी स्थापित की थी।बताया जाता है कि किसी मुगल शासक ने यह मंदिर तुड़वा दिया और मूर्ति को उखड़वाने की कोशिश की। बताया जाता है कि हाथियों तक से जोर लगवाने के बाद भी मूर्ति टस से मस नहीं हो सकीं। तब मुगल शासक ने स्थान को अपवित्र करने के लिए यहां गाय का वध करा दिया। उसी समय यह मूर्ति यहां से स्वतरू उखड़ कर लगभग एक किमी दूर गोमती नदी के बीचोंबीच धार में जाकर रुक गई। गोमती नदी भी अपनी धार बदलकर पास से बहने लगी। तब से दोनों स्थानों पर भगवान शंकर की सुनासिर नाथ नाम से पूजा की जाती है।

मूर्ति के रुकने की जगह काठ का कुंड बनाकर पूजा–अर्चना की जाने लगी।पुराना धूना तथा गद्दी स्थल ककईया ईंटों से निर्मित है। श्रद्धालु कुंड में फल, फूल, बेलपत्र और अन्य पूजा सामग्री चढ़ाते हैं। धूना स्थल से स्वतरू ही भभूत निकलती है और



यह कभी खाली नहीं होता। यहां रोजाना ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है।

संत गौरीशंकर सीताराम ने की थी तपस्या : वर्ष 1948 में बंडा के सुनासिर नाथ स्थान पर आए स्वामी गौरीशंकर सीताराम ने बंडा में शिव मंदिर का निर्माण कराकर भगवान शिव पार्वती की प्रतिमा की स्थापना की थी। सुनासिर नाथ इंटर कॉलेज का भी निर्माण कार्य कराया था। उन्होंने वर्षों तक गोमती नदी में खड़े होकर कठोर तप किया। तप के दौरान मछलियां उनके पैरों का मांस तक खा गई थीं। 2003 में वह ब्रह्मलीन हो गए।

महाशिवरात्रि पर निकलती है विशाल शिव बरात : महाशिवरात्रि पर बंडा से सुनासिर तक विशाल शिव बरात निकाली जाती है। बरात में दो सौ से अधिक वाहन, कलाकारों के कई दल शामिल होकर कला का प्रदर्शन करते हैं। कई स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोग भी शिव बरात में शामिल भक्तों को फल, पानी आदि वितरित करते हैं।

## जेल अधीक्षक व स्टाफ के सभी अधिकारी ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

शाहजहांपुर। जिला कारागार शाहजहांपुर के सभी अधिकारी व स्टाफ जेल अधीक्षक मिजाजीलाल की अगुवाई में श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा कर पुष्प वर्षा की गई तथा उन्हें फल एवं खाद्य पदार्थ वितरण कर उनका स्वागत किया गया।जिला कारागार शाहजहांपुर के अधिकारी व कर्मचारी कर उनको विविध प्रकार के खाद्य पदार्थ व मिनरल वाटर भेंट कर उनकी सेवा कर रहे हैं। यह कार्य प्रत्येक सोमवार को किया जा रहा है।ज्ञातव्य है कि पूरा श्रावण मास शिवमय हो जाता है।इस मास में पवित्र नदियों से जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है।

इसके बड़े कठिन नियम हैं। जल लाने वाला कांवड़िया नंगे पैर चलकर तथा कावड़ में रखे जलपात्र को जमीन पर बिना रखे अथक परिश्रम कर शिवालय तक एक निश्चित समय में ले जाना होता है। ऐसे में शिवभक्त कावडिये की सेवा करना भी भगवान शिव को प्रसन्न करना माना जाता है।उन्हें रास्ते में तकलीफ न हो तथा वह निर्बाध रूप से अपने गंतव्य तक जा सके, उसके सरकार व प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी कर राह आसान बनाती है, ऐसी स्थिति कांवड़ियों की सेवा करना इस अभियान में सहयोग



करना है। सेवा अपने आप में पवित्र कार्य है।इससे मन के विकार दूर होते हैं।

## अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरोह का किया भंडाफोड

- नौ शातिर लुटेरे गिरफ्तार, भारी मात्रा मे अवैध असलहा व दो मोटरसाइकिले, मोबाइल, फोन ,दस्तावेज बरामद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर।, पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार, अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व अखण्ड प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण मे एस ओ जी व थाना सदर बाजार पुलिस को टीम ने अंतर्जनपदीय 9 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है जिन से लूटी गई दो मोटर साइकिलें मोबाइल फोन आईडी तथा अवैध असलाह बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार एस ओजी व थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि पिछले दिनो लुटेरो व चोरो का एक गैंग जनपद में सक्रिय है जो शाहजहांपुर एवं आस पास के जनपदो में कई लूट व चोरी की घटनाए कर चुका है इनके साथ कुछ लोग बरेली जिले के भी है जो रूपयो का कलेक्शन करके लाने व ले जाने वाले लोगो की जानकारी करके लूट या चोरी की घटना को अंजाम देता है । मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा शहबाजनगर रोड पर बनी आई0टी0आई0 बिल्डिग के पास सुनसान स्थान पर बने विकास सक्सेना के मकान से पर छापेमारी की गयी तो पुलिस को देखकर गिरोह के सदस्यों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी । पुलिस टीम द्वार साहस व धैर्य का परिचय देते हुए मौके पर मौजूद सभी 09 अभियुक्तो. पवन भारती उर्फ कल्लू राईडर पुत्र रमेश चन्द्र नि0मो0 सेवा निकेतन कालोनी ग्राम नवादा इन्देपुर थाना कोतवाली ,सचिन मोर्य पुत्र सुमित नि0 मौ0 अजीजगंज, बाल्मिकी बस्ती थाना कोतवाली ,अभिजीत राठौर पुत्र विनोद राठौर नि0मो0 बिजलीपुरा खिलौना फैक्ट्री के पास थाना कोतवाली ,विकास सक्सेना पुत्र सुनील कुमार नि0 मौ0 गदियाना, शहवाजनगर रोड चॉदनी वाली पुलिया के पास थाना सदर बाजार ,रूपेश कुमार पुत्र अरविन्द कुमार नि0मो0 नई बस्ती अजीजगंज थाना कोतवाली ,अनुराग कश्यप उर्फ पुन्ना पुत्र प्रेमप्रकाश नि0मो0 गदियाना चुंगी चेतराम वाली गली थाना सदर बाजार ,मनोज यादव पुत्र वीरपाल सिंह नि0 ग्राम बकेनिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली,सचिन सैनी पुत्र राजपाल नि0 ग्राम बकेनिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली ,रणजीत कुमार पुत्र मनोज नि0 ग्राम पचौनी थाना फरीदपुर जनपद बरेली को आवश्यक बल प्रयोग कर पकड लिया गया । गिरफ्तार हुए अभियुक्तगणो के पास



से 07 तमंचा 315 बोर व 11 जिन्दा कार0 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर मय एक तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कार0 12 बोर व लूट का माल रेपर, बैनर, डीएल, 04 प्लास्टिक के बोरो मे चिंटबंदीशुदा मोटर साईकिल के कटे हुए पार्टस व एक अदद मोटर साईकिल हीरो एचएफ डिलक्स, एक अदद स्पलेन्डर मोटरसाइकिल आदि सामान बरामद किया गया । इस सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के बारे मे जानकारी की जा रही है ।

## बरसाना मैरिज लान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

- स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चले युवा : ममता यादव

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जलालाबाद इकाई ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर के बरसाना मैरिज लान में आयोजित किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव विशिष्ट अतिथि डॉ सोमशेखर दीक्षित एवं डॉ राम बाबू सिंह मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ब्रज प्रांत का प्रांत मंत्री गौरी दुबे कार्यक्रम अध्यक्ष प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने मां सरस्वती व विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।



इस दौरान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें जलालाबाद तहसील के 300 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया उनके परिणाम के आधार पर ओवराल विद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय व तृतीय को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ममता यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है उन से प्रेरणा लेते हुए सभी छात्र और छात्राएं अपने आप को आगे बढ़ाएं।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वामी जी एकाग्र चित्त होकर अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते गए उसी प्रकार सभी छात्र छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत करें।जिससे वह अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें।मुख्य वक्ता एबीवीपी की प्रांत मंत्री गौरी दुबे ने विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एबीवीपी सिर्फ छात्रों के लिए ही कार्य नहीं करती छात्रों के साथ–साथ सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है और देश के सम्मान के साथ खड़ी रहती है उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर मास्क और भोजन पैकेट का वितरण किया है इसके अलावा वर्तमान में वृक्ष मित्र के नाम से गांव गांव जाकर वृक्ष मित्र बनाने का संकल्प लिया है और वृक्ष मित्र दस पेड़ लगाकर जीवन पर्यंत उसकी सेवा करेंगे।

ऐसे पर्यावरण से संबंधित विषयों के साथ भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ सोमशेखर दीक्षित ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का लोगो ज्ञान , शील और एकता का विस्तृत अर्थ समझाते हुए कहा की पढ़ाई के साथ–साथ नैतिक गुण भी व्यक्ति के अंदर होने चाहिए क्योंकि अगर हम समाज में अपने आप को प्रतिष्ठित करना चाहते हैं अपने देश का गौरव बढ़ाना चाहते हैं तो निश्चित तौर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इन शब्दो के अर्थ को समझना होगा और अपने अंदर नैतिक गुणों का विकास करते हुए आगे बढ़ना होगा।उन्होंने सभी से व्यायाम और योगा को अपने जीवनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ रामबाबू सिंह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।अंत में प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री आकाश राठौर निखिल कुमार जिला प्रचारक नमन कुमार धीरेंद्र सिंह बृजेश मिश्रा बतन भारद्वाज अभी भारद्वाज आदर्श जोहर राज अमन द्विवेदी,संजय मोनू शुक्ला, गोपालगुप्ता,विवेक, अर्जुन, जितेंद्र, रजनी, पिंकी,सोनी, आदि उपस्थित रहे ।

## गोला गोकरण नाथ से लौट रहे कांवड़ियों व डीसीएम की टक्कर, एक की मौत एक घायल

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

जलालाबाद,शाहजहांपुर । फर्रुखाबाद –कटरा स्टेट हाईवे पर ग्राम दहेना के सामने एक सड़क हादसा हो गया ।जिससे एक कांवरिया प्रदीप पुत्र राजेंद्र 32 वर्ष निवासी मेहरपुर सेजू फतेहगढ़ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अनमोल पुत्र राज कुमार 28 वर्ष निवासी याकूब गंज फर्रुखाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आल्लाहगंज में प्राथमिक उपचार के बाद फर्रुखाबाद के राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक व डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है और सब का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार अनमोल ब प्रदीप श्रद्धालु कांवरिया गोला गोकरण नाथ शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने के बाद अपने घर के लिए वापस लौट रहे थे ।तभी ग्राम दहेना के निकट अल्लाहगंज की तरफ से आ रही फलों से भरे डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर उसने उल्टी साइड में जाकर मारी ।ग्रामीणों के अनुसार डीसीएम का चालक शराब के नशे में था।



ग्रामीणों ने डीसीएम चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने चालक व डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। वही मौके पर पहुंचे कोतवाल प्रदीप शेरावत ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।जबकि घायल अनमोल पुत्र राजकुमार को गंभीर हालत में फर्रुखाबाद अस्पताल रेफर किया गया है ।वही कावड़ियों कि दुर्घटना के समय राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। जब से कावड़ यात्रा चल रही है तब से फर्रुखाबाद से स्टेट हाईवे जाने वाले पर अब तक एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो चुकी है।

## पूर्व विधायक की बहू ने योगी सरकार से लगाई गुहार

पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की बहू सरिता ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भी सौंपा। कलेक्ट्रेट में मीडिया से बात करते हुए बहू ने अपने विधायक ससुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उस के पति विनोद कुमार की मौत के बाद उसके विधायक ससुर रोशन लाल वर्मा ने पुलिस से मिलकर जबरन उसे घर से निकाल दिया है। बहू का कहना है कि उसके साथ उसकी एक छोटी बच्ची भी है। अब ऐसे में वह अपनी बच्ची को लेकर कहां रहेगी इसका संकट खड़ा हो गया है।





अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

षाहजहांपुर। पूर्व विधायक की बहू ने न्याय की गुहार लगाते हुए जिलाधिकारी से फरियाद की है। विधायक की बहू का आरोप है कि उसके पति की मृत्यु के बाद उसके विधायक ससुर ने उसे घर से निकाल कर बेघर कर दिया है । जबकि पूर्व विधायक की विधवा बहू की एक छोटी बच्ची भी है। बहू का कहना है कि उसके विधायक ससुर ने उसे और उसकी बच्ची को पुलिस की दादागिरी से जबरन घर से निकलवा दिया है। बहू का आरोप है कि विधायक ससुर बहू को गुजर–बसर करने के लिए जमीन जायदाद में हिस्सा भी नहीं दे रहे हैं । पूर्व विधायक से पीड़ित बहू ने योगी से न्याय की गुहार लगाई है।पूर्व विधायक की विधवा बहू ने अपने विधायक ससुर पर जबरन घर से निकालने का आरोप लगाया है। जिले की तिलहर विधानसभा से पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा की बहू सरिता आज जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाने उनके कार्यालय पहुंची। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की बहू सरिता ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भी सौंपा। कलेक्ट्रेट में मीडिया से बात करते हुए बहू ने अपने विधायक ससुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उस के पति विनोद कुमार की मौत के बाद उसके विधायक ससुर रोशन लाल वर्मा ने पुलिस से मिलकर जबरन उसे घर से निकाल दिया है। बहू का कहना है कि उसके साथ उसकी एक छोटी बच्ची भी है। अब ऐसे में वह अपनी बच्ची को लेकर कहां रहेगी इसका संकट खड़ा हो गया है। बहू सरिता का यह भी आरोप है कि उसके पति विनोद की मृत्यु के बाद उसके ससुर उसे जमीन जायदात में हिस्सा भी नहीं दे रहे हैं। बहुत सरिता ने बताया कि अभी दो दिन पहले वह किसी तरीके से अपने पति के मकान में रहने गई थी। तभी उसके ससुर ने पुलिस को भेजकर जबरन उसे घर से निकलवा दिया। पुलिस द्वारा बहू सरिता को धक्का देकर घर से जबरन निकालते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व विधायक की बहु सरिता ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। और कहा है कि अगर योगी जी उसे न्याय नहीं दिला सकते तो उसे और उसकी बच्ची को आत्महत्या करने की इजाजत

## खुटार रोड पर इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन न होने से क्षेत्रवासियों को नहीं मिला लाभ

पुवायां अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनपद शाहजहांपुर को जनपद से विभिन्न क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन के लिए सरकार ने सुविधाएं दी हैं जिसका लाभ धीरे धीरे नागरिक उठाने लगे हैं तथा इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन से नागरिकों ने खुशी भी जताई वही जनपद शाहजहांपुर से इलेक्ट्रॉनिक बसों का जिला प्रशासन द्वारा पुवायां तक किया जा रहा है इलेक्ट्रॉनिक बसों का पुवायां से खुटार संचालन ना कराए जाने के कारण क्षेत्रवासियों को इसका लाभ अभी तक नहीं मिला है इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन न किए जाने के कारण खुटार से पुवायां दर्जनों प्राइवेट बगैर कागज डग्गामार वाहन धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं बसों के संचालन न किए जाने के कारण क्षेत्रवासियों को मजबूर होकर डग्गामार वाहनों में बैठकर सफर करना पड़ रहा है कहने के लिए तहसील पुवायां विधानसभा क्षेत्र से विधायक चेतराम को क्षेत्रीय जनता नहीं अपना अमूल्य मत देकर भारी मतों से विजई बनाया था किंतु इस छोटी सी समस्या का निराकरण कराने के लिए माननीय विधायक जी ने अभी तक इस और कोई भी प्रयास नहीं किए हैं जिससे जनता में असंतोष व्याप्त है नागरिकों ने तत्काल जनप्रतिनिधि से मांग की है की पुवायां से खुटार तक इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन तत्काल शुरू किया जाए जिससे क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके।

ब्लाक प्रमुख खुटार एवं मिर्जापुर ने भीइलेक्ट्रॉनिक बसों की उठाई मांग। पुवायां खुटार मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन के लिए खुटार ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित ने नगर आयुक्त शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देकर बसों के संचालन एवं बसों के चार्जिंग प्वाइट निर्माण कराए जाने की भी मांग रखी। इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन के लिए मिर्जापुर ब्लाक प्रमुख ने भी नगर आयुक्त से संपर्क किया तथा चार्जिंग प्वाइंट एवं इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन के लिए प्रार्थना पत्र दिया बताया गया है कि जनपद में इलेक्ट्रॉनिक की 4 बसें सरकार और जनपद को उपलब्ध करा रही है मिर्जापुर एवं पूवाया खुटार बंडा में चार्जिंग प्वाइट ना होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक बसों के आगे संचालन करने में दिक्कत हो रही है जिला प्रशासन एक –एकचार्जिंग प्वाइट खुटार एवं मिर्जापुर में बनाए जाने के लिए अपनी मांग रखी है जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके।

## लड़ती प्राथमिक विद्यालय में अमृत महोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय लड़ती विकास क्षेत्र खुटार, जिला शाहजहांपुर में बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में गांव के सबसे प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ व्यक्ति जय करन नाथ दीक्षित, ग्राम पंचायत लड़ती के ग्राम प्रधान संदीप सिंह, मुख्य वक्ता श्री सचिन दीक्षित, बेसिक शिक्षा विभाग के ए आर पी अवनीश मिश्रा एवं विद्यालय स्टाफ इंचार्ज प्रधानाध्यापक मितेश कुमार मिश्रा, सहायक अध्यापक सुरेंद्र कुमार, शिक्षामित्र सरोजनी देवी, शिक्षामित्र अवधेश कुमार सहित बच्चों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति गरिमामय रही। भारत माता एवं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के पश्चात सर्वप्रथम अवनीश मिश्रा के द्वारा सभी को आजादी के अमृत महोत्सव और शाहजहांपुर के गौरवमई इतिहास एवं शाहजहांपुर के शहीदों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान ठाकुर रोशन सिंह के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि जय करण नाथ दीक्षित जी के द्वारा आजादी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सचिन दीक्षित ने आजादी का अमृत महोत्सव की शुरुआत सहित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मितेश कुमार मिश्रा जी के द्वारा किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## एकल विद्यालय के प्रशिक्षण मे सभासद ने बच्चो को किया सम्बोधित



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम खुटार,शाहजहांपुर। नगर के बजरिया में स्थित प्राथमिक विद्यालय में एकल विद्यालय के प्रशिक्षण सत्र के दौरान बजरिया के सभासद छत्रपाल कश्यप चल रहे दस दिवसीय प्रशिक्षण शत्र के समापन शत्र में पहुंचकर बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण मे नई उर्जा के साथ जो भी आप सभी ने सिखा उसी प्रकार छात्र छात्राओं को हमारी सनातन संस्कृति के आधर पर नई उर्जा देने का काम करेगें यही आप सभी से आशा है इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित भी किया गया तथा इस मौकै पर विद्यालय सभी अध्यापक मौजूद रहे ।

## पुलिस ने किए दो पशु तस्कर गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम कांट,शाहजहांपुर। काट थाना क्षेत्र के पुलिस ने पशु तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया जानकारी के अनुसार कांट पुलिस ने इमलिया गांव से सरथौली जाने वाले रास्ते के पास से दो भैंस एक पडडा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी मनोज कुमार त्यागी ने पशुओं के तस्करी करने वाल छोटे पुत्र बाबूराम ग्राम मितेपुर सुरजीत पुत्र राजेश ग्राम सूरजपुर थाना जैतीपुर को गिरफ्तार किया गया इन पर पहले से ही संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है थाना जैतीपुर में छोटे ब सुरजीत इन्होंने 2 भैंस एक पडडा के साथ दोनों लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार पशु तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

## शिविर लगाकर मरीजों को निशुल्क प्रशिक्षण व दवाइयां वितरित की गई

कैसरगंज।जीएम क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ योगेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण व उनके उपचार हेतु शिविर का आयोजन बीते रविवार के दिन बरखुरद्वारापुर चौराहे पर स्थित जीएम क्लीनिक पर किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जुलाई माह के आखरी रविवार को आयोजित किया गया जिसमें शहर के तीन प्रतिष्ठित डॉक्टरों के द्वारा लगभग 525 मरीजों का चिकित्सीय प्रशिक्षण तथा उनके निशुल्क उपचार भी वितरण किए गए इस शिविर के आयोजक डॉ योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि इसी प्रकार से प्रत्येक हर माह के आखरी रविवार को दूसरे शहर से प्रतिष्ठित डॉक्टरों को बुलवाकर यहां के आम जनमानस को लखनऊ जैसी सुविधाओं का लाभ दिलाया जाएगा इस शिविर में डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह,डॉक्टर अंकित प्रताप सिंह व डा, योगेश प्रताप सिंह ने मरीजों का प्रशिक्षण करके उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई इस शिविर के अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह, अनिल कुमार वर्मा, नियाज अहमद,अनुपम धवन, गुड्डू अंसारी, विकास सिंह विसेन, धर्मेंद्र सिंह पूर्व प्रधान,आशीष कुमार सिंह,इकराम अली प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में मरीजों को निशुल्क प्रशिक्षण हुआ दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

## बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा 10 अगस्त से रैली



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। लालगंज कांग्रेस कार्यलय में नवसंकल्प घोषणा स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी के खिलाफ लालगंज ब्लॉक कार्यालय में 10 अगस्त को पदयात्रा लालगंज शहर में निकालना तय हुआ है आज उसी की तैयारियों के लिए मीटिंग आयोजित की गयी जिसमे मुख्यरूप से कांग्रेसी नेता अनूप बाजपेयी , जिला सचिव राजकुमार द्विवेदी , कांग्रेसी नेता कमल सिंह चौहान , रामनारायण सिंह पंचू, राधे सिंह अतुल शर्मा महिला प्रभारी सुनीता आदि लोग मौजूद रहे। अनूप बाजपेयी ने कहा कि जिस तरह से आम जनता पर केन्द्र सरकार बोझ डालती जा रही है उसे मुद्दा बनाकर कांग्रेस पार्टी पूरे देश मे विरोध प्रदर्शन करने जा रही है।वही कमल सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है चाहे किसानों की बात हो ,जवानों की बात हो, नवजवानों की बात हो या फिर देश के विकास की बात हो मौजूदा सरकार ने देश को विकास के नही विनाश के रास्ते पर ले जाने का कार्य हुआ है। वही राजकुमार द्विदेदी ने ब्लॉक के हर कार्यकर्ता से अपील की है 10 अगस्त को भारी संख्या में आकर ब्लॉक कार्यलय में अपनी सहभागिता दे।

## पहरेमऊ ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के भ्रष्टाचारो की खुली पोल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज,रायबरेली। जहां योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त है वहीं पहरेमऊ ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि राम किशोर यादव के भ्रष्टाचार की पोल तब खुल गई जब मामला जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचा। खड़ंजा से निकला दो ट्राली ईंट प्रधान की सांठगांठ से बेच दिया गया जिससे पूरे गांव वालों को किचड से होकर आना जाना पड़ता है स्कूली छात्रों को स्कूल आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और प्रधान भ्रष्टाचार करने में मस्त है। ग्राम पंचायत पहरेमऊ विकासखंड अमावा के ग्राम प्रधान भ्रष्टाचार कर गांव के विकास को रोक रहे हैं। अमावा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा पहरेमऊ का है जहां एक पीड़ित राजकुमार चोरसिया परेशान होकर जिलाधिकारी कार्यालय आया और अपनी आपबीती बताया कहा हमारे गांव के ग्राम प्रधान और ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि रामकिशोर यादव द्वारा पानी टंकी की पाइप डालने में उखाड़े गए खड़ंजा के लगभग 2 ट्राली ईंट बेच दिया गया जिसकी शिकायत कई बार किया गया लेकिन कोई भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं कर रहा है पीड़ित ने बताया टंकी की बिछाई जाने वाली पाइप में खड़ंजा के ईट ग्राम पुरे दलजीत सिंह का पुरवा में उखाड़े गए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर यादव प्रधान की सहमति से उखाड़े गए ईट



को बेच दिये गये और रास्ता बद से बदतर हो गया लोगों को चलने में हो रही है दिक्कत जिसका वीडियो आप देख सकते हैं। किस प्रकार से बरसात के मौसम में बडे गड्ढे व कीचड़ से होकर आना जाना पड़ता है। जिलाधिकारी से गुहार लगाई गई।

# माननीय स्मृति ईरानी सांसद के आदर्श गांव सुजानपुर का किया निरीक्षण, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा नें देखी हकीकत



अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्र अमेठी। उत्तर प्रदेश आज अमेठी सांसद माननीय स्मृति ईरानी के द्वारा गोद लिए गए सुजानपुर ग्राम सभा को विकास की मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने की संकल्प बंद्ध माननीया सांसद द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्य को किस कदर गति देने का काम किया है। सतीश चंद्र शर्मा खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री के निरीक्षण में ग्राम पंचायत सुजानपुर की पेयजल परियोजना, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, के प्रधानाध्यापक चंद्र मोहन तिवारी ने बताया हमारे यहां 6 सहायक अध्यापक समेत दो अनुदेशक एवं एक शिक्षामित्र की नियुक्ति है,कुल हमारे यहां 303 छात्र संख्या है।जिसमें आज दिन तक बाउंड्री वाल नहीं है पूर्णतया समुचित रूप से शौचालय नहीं चालू सरकारी राशन की दुकान ग्राम पंचायत सुजानपुर के कोटेदार जगमोहन के प्रतिनिधि संग्राम ने बताया कि हमारे यहां कुल 443 पात्र गृहस्थी एवं 147 अंतोदय राशन कार्ड धारक हैं 590 रात राशन कार्ड धारक हैं जिनको नियमित बराबर मानक के अनुसार राशन दिया जाता है। अमृत सरोवर, सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का एवं संपर्क मार्ग इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया पंचायत भवन में पंचायत सहायक मौसमी कनोजिया, सामुदायिक शौचालय में केयरटेकर सीतापती की नियुक्ति की गई है। ग्राम पंचायत सचिव सरला कनौजिया एवं ग्राम प्रधान रेनू कनौजिया के प्रतिनिधि तेजभान शर्मा ने बताया कि हमारे यहां अमृत सरोवर का निर्माण कर सुसज्जित करवाया गया है एवं पंचायत भवन चालू है राज्य मंत्री ने बने अमृत सरोवर की सराहना की है। अमृत सरोवर में काम कर वास्तव में सौंदर्यीकरण करवाया गया है । तो वहीं ग्रामीण सिरता पत्नी रामनाथ, कर्मा पत्नी नंदलाल,नूर जहां पत्नी गफ्फार,उदय राज,तेज बहादुर, नन्ही बाबा आदि ग्रामीणों ने बताया कि आज दिन तक हम लोगों को सरकार द्वारा जनहित में संपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है ना पेंशन,न,ही आवास और ना, ही बराबर अन्य सुविधाएं मिलती हैं।

नाली, संपर्क मार्ग,खड़ंजा,स्ट्रीट लाइट तो दूर की बात।माननीय दीदी जी द्वारा गोद लिया गया परंतु अभी तक जस की तस स्थिति है।

राकेश पासी,राजा राम लोधी, दान बहादुर लोधी, विनय सिंह ग्राम पंचायत सदस्य समेत दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हमारे यहां बुनियादी सुविधाओं से वंचित, विकास से जूझता हुआ विकास की राह जोह रहा है।अनियमितता एवं भ्रष्टाचार कोई देखने वाला है ही नहीं.। विनय सिंह ने बताया कि हमारे गांव में लगभग 700 मीटर पिच रोड से गोसाई का पुरवा सरौली राजस्व ग्राम में संपर्क मार्ग श्रमदान करके बनवाया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो बार रिपेयर के नाम पर शौचालय का पैसा निकाला गया आज भी शौचालय का गड्ढा भी नहीं खोदा गया।परंतु कागज में चालू है हमारे गांव सुजानपुर में लगभग 200000 की लागत से स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है, परंतु मौके पर 25 लगी है जिसमें से कुछ जलती भी नहीं है। यह विकास की गति है संपर्क मार्ग, इंटरलॉकिंग,रास्ता,अत्यंत जर्जर एवं दयनीय है,। विजय कुमार मंडल महामंत्री भाजपा, विनय सिंह,राकेश पासी ने एवं तेजभान शर्मा ने अपने गांव में बारात घर,अंत्येष्टि स्थल, एवं खेल मैदान बनवाए जाने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री जी ने सबसे पहले सराय हृदय शाह जहां टीवी टावर के नाम से जाना जाता था निरीक्षण में कोटेदार कन्हैया लाल ने बताया कि हमारे यहां पात्र गृहस्थी 386 एवं अंत्योदय 111 बात राशन कार्ड धारकों को नियमित मानक के अनुरूप राशन बराबर दिया जाता है। यूनिट वाला राशन आया है अभी वितरण नहीं किया गया जैसे ही निर्देश जारी होता है वितरण कार्य करवाया जाएगा। ग्राम पंचायत सराय हृदय शाह के ग्राम प्रधान सियाराम के प्रतिनिधि रामकरन यादव ने बताया कि हमारे यहां इस समय 65 गोवंश संरक्षित हैं चारा, भूसा उपलब्ध है पंचायत सचिव धर्मेंद्र पटेल एवं पंचायत भवन में कंचन सरोज का चयन हुआ है. ।सामुदायिक शौचालय चालू है केयरटेकर गीता विश्वकर्मा का चयन हुआ है। प्राथमिक विद्यालय में इंटरलॉकिंग कुल लगभग 400 मीटर मानक के अनुरूप लगवाई गई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सिंह ने बताया कि हमारे यहां कुल 212 छात्र संख्या है, जिसमें नया नामांकन 69 एवं पास आउट 47 विद्यार्थी हुए हैं,विद्यालय में टायली करण करवाया गया है। प्रधान प्रतिनिधि राम करन यादव ने बताया कि हमारे यहां हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर एवं स्वास्थ्य उप केंद्र, अत्यंत जर्जर हो चुका है।सुशीला राय एएनएम एवं ममता मौर्य एसएचओ ने बताया कि शौचालय एवं बाथरूम की दशा अत्यंत दयनीय है

ग्राम प्रधान सियाराम के प्रतिनिधि रामकरन यादव ने बताया कि सबसे बड़ी विकट आर्थिक समस्या गोवंश के भरण पोषण से हो गई है मार्च माह से लेकर अगस्त माह 2022 आज दिन तक भुगतान नहीं हो सका जैसे में कम से कम लगभग ₹540282 मेरे व्यक्तिगत रुपए भी गोवंश के पीछे खर्चा हो जा रहे हैं जैसे में गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं और गाय में 36000 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। मैं सेवा में पीछे नहीं हटूंगा यदि कम से कम समय में गौशाला में व्यय हुए धन को संबंधित अधिकारियों एवं राज्यमंत्री से धन अवमुक्त कराने की मांग की है ।जैसे में गौशाला सुचारू रूप से चल सके। इसी अगस्त माह में धन मुक्त कराने की मांग की है , अन्यथा की स्थिति में गौवंशो को गेट खोलकर बाहर निकाल दिया जाएगा यह बात कही है। मेरे ग्रामसभा की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी,और अपने किए गए प्रत्येक वादों पर हमेशा खरा उतरूंगा एवं आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत घर–घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की लोगों से अपील किया है।

# राष्ट्रीय ध्वज का हो रहा है अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज और कटिंग कर रहे कारीगर राष्ट्रीय ध्वज का कर रहे हैं अपमान पैरों से खुन्द रहे हैं और कूड़ेदान में डाल रखे हैं राष्ट्रीय ध्वज

दैनिक आयोध्या टाइम्स मथुरा

- प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के होते हुए राष्ट्रीय ध्वज का कर रहे हैं मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले अपमान कर रहे हैं

मथुरा ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का हो रहा है अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज एवं कटिंग कर रहे कारीगर कर रहे हैं राष्ट्रीय घ्वज का अपमान पैरों से खुन्द रहे हैं और कूड़ेदान मैं डाल रहे हैं और नाड़े बना रहे हैं मथुरा की फैक्ट्रियों में कूड़ेदान में पढ़े हुए हैं राष्ट्रीय ध्वज को मथुरा के फैक्ट्री वाले जानबूझकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान कर रहे हैं क्या राष्ट्रीय ध्वज का मथुरा के फैक्ट्री वालों को पता नहीं है क्या यह राष्ट्रीय ध्वज है क्या कोई अधिकारी इन फैक्ट्रियों में घूमने गया है क्या जिन फैक्ट्रियों में राष्ट्रीय ध्वज का छपाई का काम हो रहा है वह मथुरा की करीब 75ऋ. परसेंट फैक्ट्री यह राष्ट्रीय ध्वज छाप रही हैं यह बैनर फैक्ट्री वाले राष्ट्रीय ध्वज को देखते हुए भी इस पर लगाम नहीं लगा रहे हैं और इन मथुरा की फैक्ट्रियों पर राष्ट्रीय ध्वज छापने का कोई भी लाइसेंस नहीं है और जो फैक्ट्री राष्ट्रीय ध्वज को छाप रही हैं उनका नाम ब्रज उद्योग. बरसाना साड़ी. कन्हैया लाल. अक्षरा फैब्रिक. सुशील प्रिंट. राजश्री साड़ी सेंटर. रसिया साड़ी सेंटर पाली खेड़ा. घनश्याम साड़ी सेंटर. जयशंकर साड़ी सेंटर. हनुमान टेक्सटाइल. रेखा साड़ी सेंटर. नैना टेक्सटाइल एवं ऐसी अन्य फैक्ट्रियां राष्ट्रीय ध्वज को छाप रहे हैं इसमें अधिकारी और राजनेता भी सम्मिलित हैंअधिकारियों की देखरेख में छापा जा रहा है मथुरा की फैक्ट्रियों में फिर भी उस राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है क्या उत्तर प्रदेश सरकार इन मथुरा की फैक्ट्री वालों पर और अधिकारियों पर और राजनेताओं पर कोई कार्यवाही होगी या राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता रहेगा कुछ फैक्ट्री वाले तो ऐसे भी हैं जिन पर जीएसटी नंबर नहीं है मगर फिर भी इंडस्ट्रीज लगाकर बैठे हुए हैं और राष्ट्रीय ध्वज को अपनी फैक्ट्री में छाप रहे हैं जो कि कुछ साइज हैं जो 8 रुपए का राष्ट्रीय ध्वज पड़ता है उसे राजनेता खरीद कर ओने पौने दामों में आगे सप्लाई कर रहे हैं इससे पता लगता है इसमें कितनी धांधली बाजी हो रही है और मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले जो भी कलर का पानी होता है उसे नालों के द्वारा जमुना नदी में कलर के पानी को बहा देते हैं जिससे पे जमुना नदी का पानी गंदा हो रहा है और पोलूशन हो रहा है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री कहते हैं जमुना मैया को पोलूशन मुक्त करेंगे जब के उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार इस जमुना नदी पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है मगर आज तक जमुना मैया मैं गंदा पानी डालने से आज तक न कोई अधिकारी रोक पाया है ना कोई मंत्री रोक पाया है जब कि मथुरा में 2 .2 मंत्री रह चुके हैं और अब भी मथुरा में एक मंत्री जी हैं ।

वही नहीं देख रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि इस खेल में कौन कहां तक इस भ्रष्टाचार में लिप्त है जब कि पोलूशन की खबरें पहले भी चल चुकी है मगर अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से बचते हैं क्योंकि उनकी जेब गरम होती है हर महीने सूत्रों की माने तो मथुरा की इंडस्ट्रीज को दिखावे के लिए नोटिस भेजे हुए हैं और मथुरा वृंदावन नगर निगम भी कुछ नहीं करती है क्योंकि नगर निगम की भी जेल गर्म होती है।


# आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

- आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान के अंतर्गत 07 व 21 अगस्त को विशेष कैम्प का होगा आयोजन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही आज दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ कर दी गई है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने नगर क्षेत्र स्थित जी. एफ. कालेज शाहजहांपुर से इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आगे आकर अपना आधार नंबर उपलब्ध कराए जाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा सुधार किए जाने की दिशा में सतत प्रक्रिया चल रही है, और आधार जोड़ने का कार्य इसमें मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने युवाओं को पूर्ण उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता करने एवं जन जागरूकता प्रसारित करने में सहयोग के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहयोग के लिए जी.एफ. कालेज के प्राचार्य, समस्त सहयोगी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 2 तिथियां–07 व 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा।। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां–01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। अपर जिलाधिकारी श्री राम सेवक द्विवेदी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हुये हम अपना आधार नं0 उपलब्ध करायें। उन्होने पूरी प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये कहा कि देश को सशक्त बनाने में सभी अपना योगदान दें। कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य डा0 मो0





तारिक ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान छात्रों द्वारा ''जागो मतदाता'' गीत का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मंसूर अहमद सिद्दीकी ने किया।

# सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

- राशन वितरण एवं घटतौली बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जायेगी : जिलाधिकारी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राशन वितरण एवं घटतौली की शिकायतों के सम्बन्ध में समिति के सदस्यों एवं ठेकेदारों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होने बताया कि सबसे अधिक शिकायतें विकास खण्ड ददरौल, मदनापुर, निगोही, कटरा अदि से प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि राशन वितरण की शिकायतों को लेकर प्रशासन सजग है लगातार घटतौली की आ रही शिकायतों की जांच की जा रही है, यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि गरीबों को दिये जाने



वाले राशन में भ्रष्टाचार करने वालो का बख्शा नही जायेगा। बैठक के दौरान मौजूद सप्लाई इंस्पेक्टर ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुये कहा कि कई अपात्र कार्डो को निरस्त करने के बाद भी अपात्र राशन कार्ड धारक पुनः अपना पंजीकरण करवाकर राशन की सुबिधा का लाभ लेने लगते है जिसे लेकर जिलाधिकारी ने सप्लाई इंस्पेक्टर से कहा कि वह राशन कार्ड पंजीकरण पोर्टल पर अपात्र कार्ड धारक के पुनः पंजीकरण को प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव बनाकर भेजे जिससे की पोर्टल में सुधार किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि राशन के परिवहन में प्रयोग की जाने वाली सभी गाड़ियों में जी0पी0एस0 लगवाया जाये, जिन ठेकेदारों की गाड़ियों में अभी तक जी0पी0एस0 नही लगवाया गया है ।

उन्हे 02 दिन के भीतर जी0पी0एस0 लगवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में मिड डे मिल में बनने वाले भोजन में प्रयोग किये जाने वाले चावल की गुणवत्ता की जांच कर अवगत करायें साथ ही मिड डे मिल में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरी उपाध्याय, कृषि अधिकारी सतीश पाठक, सहित अन्य अधिकारी व सतर्कता समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों के अभिभावक के खाते में डी बी टी के माध्यम से धन भेजने का हुआ शुभारंभ



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य सलोन, रायबरेली। सलोन तहसील में सरकार की मंशा के अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करते हुए किसी भी वर्ग का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए निरूशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु भेजा जा रहा है जिसका शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज किया। इसी कड़ी में ब्लॉक संसाधन केंद्र राजापुर माफी के प्रशिक्षण सभागार में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कोरी रहे।

उन्होंने मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के प्रसारण को शिक्षकों के साथ साझा किया और कहा हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम सब विद्यालय ग्रुप पर बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उपरोक्त धन राशि का शत प्रतिशत उपभोग बच्चों के हित में कराएं ।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा ने विधायक का स्वागत करते हुए कहा मुझे पूरा विश्वास है पूर्व की भांति भविष्य में भी आप शिक्षा विभाग को मार्गदर्शन देते रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर विधायक द्वारा माल्यार्पण से हुआ कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।टीम सलोन ने अल्पना के माध्यम से अमृत महोत्सव पर आधारित अल्पना चित्र बनाया। जिसमें साधना शर्मा,एजाज,गौरव शर्मा,आशीष प्रकाश ,अजय जैन ,सूरज जायसवाल ,सुनीता यादव, प्रियंवदा पांडे, अमर लता वर्मा, ज्योति सोनी, रचना वर्मा , गरिमा शर्मा विशेष हैं विधायक का स्वागत प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पांडे, नरेंद्र सिंह ,सुरेश यादव, निहाल अहमद पूर्व बीडीसी, लल्लन वर्मा ,विकास पाल, साधना शर्मा, जमुना प्रसाद वर्मा आदि शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खमरिया पूरे कुशल रघुराज प्रताप सिंह राणा ,पूर्व प्रधान बगहा राम सजीवन, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने विशेष योगदान किया ।

संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल खान ने किया।

# दबंगों द्वारा सरकारी खड़ंजा पर कब्जा हटवाए जाने के संबंध में दिया शिकायती पत्र





दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,डलमऊ रायबरेली। निवासी ग्राम गुरुदीन का पुरवा मजरे रसूलपुर धरावा ग्राम निवासी महेंद्र कुमार उमाशंकर राजेश कुमार सोनी देवी निशा कमलेश राजबहादुर ललित यादव अनुज कुमार वीरेंद्र सिंह सभी लोग इस खड़ंजा रास्ते का इस्तेमाल करके जाते हैं लेकिन दबंग प्रवृति के व्यक्ति गांव के निवासी देवी शंकर पुत्र रामअवतार मनोज कुमार दिनेश देशराज पुत्र रामेश्वर दबंग प्रवृति के व्यक्ति हैं जिन्होंने खड़ंजा मार्ग को उखाड़ कर अपने निजी आवास में इस्तेमाल किया है और रास्ता को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिससे कि गांव के लोगों को आने जाने की काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है रास्ता को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है जब महेंद्र कुमार आदि लोग उनसे अपनी बात रखते की आप रास्ता क्यों बंद कर दिए हैं तो वह गाली देते हुए लड़ाई झगड़ा आमादा हो जाते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं कहते हैं रास्ता तो बंद कर देंगे जो करना है वह कर लो शासन–प्रशासन भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है यह सब दबंग सारंग गिरोहबंद प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जो सरकारी मार्ग को अवैध रूप से पूर्णता बंद कर दिया है ।

जिससे आम जनमानस को आने जाने में अत्यंत कठिनाई होती है आज दिनांक 01 अगस्त 2022 को महेंद्र कुमार एवं गांव के अन्य लोगों ने जिला अधिकारी महोदया को प्रार्थना पत्र दिया और जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने के लिए गुहार लगाई। देखना है कि जिला अधिकारी महोदया के आदेशानुसार शासन–प्रशासन कब उचित कार्रवाई करता है आम जनमानस को तकलीफों की समस्या से कब छुटकारा मिल पाएगा।

# पीस कमेटी की बैठक के बाद प्रशासनिक अधिकारियों संग पुलिस का फ्लैग मार्च



☒ कर्बला में आ रहे अवरोधों पर प्रशासन को संज्ञान दिलाकर करायें समाधान : एसडीएम

☒ किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र के के प्रदर्शन पर रोक : क्षेत्राधिकारी

सुनील कुमार पोरवाल कैसरगंज, बहराइच। जिले के कैसरगंज थाना पर बीते शनिवार के दिन पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई,जिसमें आगामी मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आयोजित की गई उक्त कमेटी की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी महेश कुमार कैथल एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह की अगवाई में संपन्न हुआ,इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग शान्ति एवं धैर्य का परिचय देते हुए मोहर्रम जैसे त्यौहार को मनाएं क्योंकि वैसे भी यह गर्मी का त्यौहार है।जिसको सभी समुदाय के लोग प्यार मोहब्बत और अमन शान्ति के साथ मनाकर एक मिसाल पेश करे और यदि किसी की कोई शिकायत है तो हम लोगों से मिलकर बताये उस समस्या का समाधान हम लोग करायेगें।जिसके के सम्बन्ध में एसडीएम महेश कुमार कैथल ने आये हुये आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम के त्यौहार में किसी को कोई भी समस्या का सामना ना करना पड़े इस पर हमारे सभी अधिकारी व कार्मचारी तत्पर रहेंगे तथा किसी गाँव में बिजली के तार व पेड़ों की डालियों जैसी कोई समस्या उत्पन्न हो तो शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेगें। इस बैठक के मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामेन्द देव सिंह, प्रधान कौशलेन्द चौधरी,राकेश कुमार सिंह, बदलू महराज,रामेश कुमार मौर्या,वरिष्ट पत्रकार सिराज अहमद कादरी सहित सैकड़ों संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक समापन के उपरांत कैसरगंज मुख्य बाजार में उप जिला अधिकारी महेश कुमार कैथल व पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह थाना प्रभारी दद्दन सिंह सहित आदि पुलिस कर्मियों के द्वारा फ्लैग मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया इस दौरान मुख्य बाजार में नेशनल हाईवे पर खड़े छोटे–बड़े वाहनों को नाले के उस पार खड़ी करने की अपील की।

# संक्षिप्त समाचार

## सावन मास के तीसरे सोमवार को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

अल्ताब अहमद, बछरावां रायबरेली। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा भोलेनाथ की कृपा से सावन के तीसरे सोमवार को



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जानकारी के अनुसार स्थान बजरंग धाम मलपुर तिराहे शुभम टेंडर्स द्वारा कराया गया भोले बाबा के भक्त शुभम बाजपेई द्वारा बताया गया चतुर्थ भंडारे का आयोजन किया गया है पहले भोले बाबा के दर्शन हवन पूजन इत्यादि किया गया उसके बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया प्रातः 11:00 बजे से शुरू हुआ प्रभु की इच्छा तक चलता रहेगा शुभम् बाजपेई जिसमें सहभागिता दिखाते हुए श्रद्धालुओं को अपने हाथ से प्रसाद वितरण किया सावन मास के तीसरे सोमवार को क्षेत्र में कई जगह भोले बाबा के विशाल भंडारे का,आयोजन हुआ तो,कहीं पूड़ी सब्जी तो कहीं मिष्ठान आदि वितरित किए गए भारी संख्या में भीड़ रही लोगों ने जमकर प्रसाद का आनंद लिया आयोजित विशाल भंडारा मुख्य चर्चा मे रहा क्योंकि बजरंग धाम मलपुर तिराहे से राहगीरों व उक्त मार्ग से निकलने वाले भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## सीएम ने स्वच्छता पुरस्कार के लिए चने चित्रकूट के तीन विद्यालय

चित्रकूट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के तहत जिले के तीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया है। इसमें मानिकपुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैंया भाग एक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़चपा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलगदहिया शामिल हैं। गौरतलब है कि प्रदेश स्तर पर कुल 26 विद्यालयों का चयन हुआ था, जिनमें नौ विद्यालयों को सीएम योगी ने अपने हाथों से पुरस्कार दिया है। इन नौ में से तीन विद्यालय केवल चित्रकूट जनपद के हैं। पुरस्कार पाने वाले सरैंया विद्यालय के शिक्षक उमाशंकर पांडेय ने बताया कि यह जिले और बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव की बात है। बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग के बेहतर समन्वय से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने जिले के तीन विद्यालयों को स्वच्छता पुरस्कार के लिए चयनित होने पर प्रसन्नता जताई है।

## 18 वर्ष की उम्र करती पार, मिला वोट का अधिकार

चित्रकूट। भारत निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन नामावली में सम्मिलित मतदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शाहूजी महाराज महिला महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी छात्र छात्राओं की वोटिंग की उम्र हो गई है, आप लोग ज्यादा से ज्यादा युवा वोटर जुड़े और वोटर कार्ड बनाकर भारत देश को एक अच्छा देश बनाए। उन्होंने कहा कि जनपद चित्रकूट में वोटिंग प्रतिशत बहुत कम रहा है, इसलिए वोटर कार्ड बनाने एवं मत प्रतिशत बढाने में महत्वपूर्ण कार्य रहेगा, आप लोग जागरूक मतदाता बने। उन्होंने कहा यह निर्वाचन द्वारा आधार कार्ड लिंक किया जा रहा है जो स्वैच्छिक से हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो बाहर कमा रहे हैं, उनका भी आधार एकत्रीकरण किया जाय, इससे काफी सफलता मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपने घर परिवार बुजुर्ग, माता–पिता को भी बताएं। इसका कैंप लगाकर आप लोग कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि इसमें आप लोग के सहयोग की आवश्यकता है एवं अच्छी तरह से चुनाव कराना है। एक अच्छे नेतृत्व को चुनना है जिससे देश मजबूत होगा। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य से कहा कि जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करा कर विद्यालय की छात्राओं एवं उनके पारिवारिक जनों को अधिक से अधिक मतदाता सूची में आधार कार्ड से लिंक कराएं। अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि यह कार्य आज पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। आधार कार्ड अब हर जगह लग रहा है। हम एक ही जगह रह सकते हैं। हमारे चारों तहसीलों में आज यह कार्यक्रम हो रहा है, यह कार्यक्रम तहसील कर्वी का आपके विद्यालय से प्रारंभ किया गया है जो फार्म 6 बी दिया गया है, उसको भरकर बीएलओ को दें। उन्होंने कहा 30 जून तक जो 18 साल के हो गए हैं वे मतदाता बन सकते हैं वे लोग फार्म 6बी भर कर जमा कर दें आप के आधार से लिंक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जोर जबरदस्ती नहीं है स्वैच्छिक से हो रहा है। सबका आधार नंबर बीएलओ को अधिक से अधिक उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि पहले यह कार्य 1 जनवरी को होता था, लेकिन अब यह 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होगी वह अपना मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव ने कहा भारत एक लोकतंत्र देश है हमें अधिकार है वोट देने का भारत निर्वाचन कुछ बदलाव किया है। पहले एक साल में एक बार संशोधन होता था, लेकिन अब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक साल में 4 बार संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा आधार नंबर से लिंक होगा इससे फर्जी वोट नहीं पड़ेगा, फर्जीवाड़ा बंद हो जाएगा, आप नई जनरेशन के बच्चे हैं आप लोग मोबाइल चलाना जानते हैं और गरुड़ा एप्स के माध्यम से भी लिंग कराएं। जहां पर इसका केंद्र बना है, वहां पर जाकर लिंक कराएं। आज प्रारंभ हुआ है अब यह चलता रहेगा। उन्होंने महिला महाविद्यालय की प्राचार्य को इस कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई दिए । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 5 छात्राओं मानसी अग्रहरी, सुष्मिता चौधरी, शिक्षा ,सुशीला देवी, स्वाति कसौधन आदि छात्राओं द्वारा फार्म 6 बी भी भराया गया। तहसीलदार कर्वी राजेश कुमार पाठक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावली में मतदाता द्वारा स्वैच्छिक आधार नंबर एकत्रीकरण कार्यक्रम में आए जिलाधिकारी एवं सभी अधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश प्रसाद ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, महाविद्यालय के प्रचार डॉक्टर आरती गुप्ता, नायब तहसीलदार रामानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# क्षत्रिय समाज ने परिवहन मंत्री का किया स्वागत एवं अभिनंदन

- समाज के वरिष्ठजनों का मंत्री ने जाना हाल चाल
- अपनो को अपने बीच पाकर मंत्री ने जताई प्रसन्नता



चित्रकूट : उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह धर्मनगरी चित्रकूट में आयोजित भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण शिविर प्रवास के दौरान बीती शाम रविवार को क्षत्रिय समाज के बुलावे पर पूर्व ब्लाक प्रमुख आरडी सिंह के आवास पर आगमन हुआ। इस दौरान समाज के वरिष्ठों, महिलाओं एवं बच्चों ने मंत्री दयाशंकर का बाजे–गाजे और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों द्वारा मंत्री को अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समाज की महिलाओं ने भी मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस दौरान समाज के लोगों ने विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराते हुए पत्र सौंपा। साथ ही समाज के पूर्वजों द्वारा किए गए निष्ठा और कर्तव्य के बारे में अवगत कराया। क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह ने परिवहन मंत्री से कर्वी से बूढ़ा सेमरवार, गनीवां होते हुए राजापुर के लिए नियमित रोडवेज बस चलाने का आग्रह किया। जिला महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द रघुवंशी ने मंत्री से कर्वी से राजापुर में एक से अधिक नियमित रोडबेज बस संचालन एवं अपने तिरहार क्षेत्र के ग्रामीण आंचल में नियमित रोडबेज बस संचालन और तुलसी जन्मस्थली राजापुर में बस डीपो बनाये जाने का आग्रह किया। ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने लोहदा गांव में बांके बिहारी मंदिर के रास्ते को दबंगों द्वारा किये हुए कब्जे एवं अतिक्रमण से मुक्त कराने की मंत्री से मांग की है। ग्राम पंचायत अगरहुंडा में निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल, पावर प्लांट एवं नमामि गंगे परियोजना के द्वारा निर्मित पेयजल टंकी को रैपुरा ग्राम से हटाकर अगरहुंडा ग्राम पंचायत में जोड़ने की प्रधान प्रदीप सिंह ने मंत्री से मांग की। जिसपर परिवहन मंत्री ने क्षत्रिय समाज द्वारा सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुये समाज के वरिष्ठों से भेंट–मुलाकात कर उनका हाल–चाल भी जाना और प्राप्त सभी जन समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए विभागीय मीटिंग के बाद प्राथमिकता से समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

मंत्री ने क्षत्रिय समाज को संबोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज स्वाभिमानी, वीर और शौर्य से परिपूर्ण समाज है। क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली और अनुकरणीय रहा है। इस अवसर पर सांसद आरके सिंह पटेल, क्षत्रिय समाज से शिवशंकर सिंह, अम्बुज प्रताप सिंह, उग्रसेन सिंह, कुशल सिंह, डॉ सीएन सिंह, संतोष सिंह, प्रमेन्द्र प्रताप सिंह, अर्चना सिंह, साधना सिंह, श्याम सिंह परिहार, संजय सिंह चौहान, वरिष्ठ जन, महिला एवं युवा आदि उपस्थित रहे।

# धनाभाव में रुक जाती कृष्णा की पढ़ाई, आर्थिक मदद ने जगाई नई उम्मीद, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से पूरी हो रही कृष्णा के पिता की हसरत

चित्रकूट। कृष्णा की माँ ने अर्चना श्रीवास्तव बताया कि उनका परिवार बहुत ही बुरे दौर से गुजर रहा था। ऐसा लगा कि बच्चे की पढ़ाई रुक जाएगी। क्योंकि इसके खर्चे वहन करने में मैं असमर्थ थी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना परिवार के लिए आशा की किरण बनकर आई। कच्ची छावनी तरौन्हा निवासी अर्चना बताती है कि उनके पति जेपी श्रीवास्तव का सपना था कि बच्चे कृष्णा को अच्छे स्कूल में पढ़ाना है। इसी सोच के आधार पर उन्होंने कृष्णा का दाखिला एक अच्छे स्कूल में करा दिया। कृष्णा के पिता जेपी श्रीवास्तव एक छोटी कोचिंग चलाते थे, अन्य बच्चों के साथ साथ कृष्णा को भी पढ़ाते थे। नियति को कुछ और ही मंजूर था। कृष्णा के पिता कोविड–19 संक्रमण की चपेट में आ गए। इलाज के वावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनकी मौत के बाद कठिनाइयों का दौर शुरू हो गया। पति की मौत के सदमे से उबर नहीं पाए थे। उधर कृष्णा की पढ़ाई लिखाई में होने वाले खर्चे को लेकर चिंता सताने लगी। लग रहा था कि अब बच्चे का स्कूल से नाम कटाना पड़ेगा। क्योंकि स्कूल फीस, ट्यूशन सहित पढ़ाई के अन्य खर्चे की व्यवस्था करना बहुत मुश्किल हो रहा था। ऐसे कठिन वक्त में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक आशा की किरण लेकर आई। इस योजना से नवंबर 2021 तक पढ़ाई लिखाई अच्छे से चलती रही।

इधर कई माह से योजना के तहत मिलने वाली धनराशि नहीं मिल पाई। उम्मीद है कि जब धनराशि आएगी तो स्कूल की फीस के साथ साथ अन्य कर्जों की अदायगी हो जाएगी। जनपद आगमन पर कलेक्ट्रेट में अध्यक्ष बाल आयोग उत्तर प्रदेश डा देवेन्द्र शर्मा से मुलाकात के बाद आश्वासन मिला है कि शीघ्र ही धनराशि आने वाली है। जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना दो प्रकार की है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड–19) और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड–19) के तहत 0 से 18 वर्ष के उन बालक बालिकाओं को आर्थिक मदद दी जा रही है, जिनके माता पिता (दोनों) या उनमें से किसी एक की मौत कोविड–19 संक्रमण, महामारी से 1 मार्च 2020 या उसके पश्चात हुई है। ऐसे परिवारों के सभी बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, को 4000 रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री बाल योजना (सामान्य) के तहत उन बालक बालिकाओं को लाभ मिलता है, जिनके माता–पिता (दोनों) या दोनों में से किसी एक अथवा वैध अभिभावक की मौत कोविड से हटकर अन्य कारणों से 1 मार्च 2020 या उसके पश्चात हुई है। ऐसे बालक–बालिकाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड–19) में अब तक 62 बालक–बालिकाओं के खाते में धनराशि भेजी जा रही है। जबकि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में 81 बालक–बालिकाओं के खाते में धनराशि दी जा रही है।

# गायत्री शक्तिपीठ के पांच दिवसीय महिला जागृति प्रशिक्षण शिविर का समापन

चित्रकूट। गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे 5 दिवसीय महिला जागृति प्रशिक्षण शिविर का समापन दीप यज्ञ के साथ हुआ। समापन पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्टीय संगठन सचिव अभय महाजन, कुलपति ग्रामोदय विवि चित्रकूट वाराणसी जोन समन्वयक प्रसेन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने मार्गदर्शन तथा शांतिकुंज से आई ब्रह्म वादिनीटोली नायक सुधा महाजन चंद्रिका और आरती बहन का अभिनंदन किया।

पांच दिवसीय शिविर में मातृ शक्तियों को कर्तव्य बोध कराया गया की राष्ट्र की निर्मात्री शक्ति नारी है। संवेदना शक्ति नारी है, संवेदना के बिना न तो धर्म सेवा हो सकती। महाभारत में भीष्म पितामह ने कहा कि जहा प्रकृति और नारी का संरक्षण होता है वही राष्ट्र आगे बढ़ता है। इसी बात को युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने कहा कि नारी संगठन पूरी दुनिया में खड़ा कर दिया। हम सभी मिलकर समाज में ग्रामीण जीवन में नारी के पिछड़ेपन से मुक्त कराना है। नारी को गरिमा का बोध कराना है। नरीजागरण का प्रभाव ही है की सबसे निचले सुविधा से वंचित समाज की महिला देश की राष्ट्रपति बन सकी। भगवती देवी शर्मा जिनकी संवेदना करुणा प्यार से गायत्री परिवार खड़ा हुआ 2026 जन्म शताब्दी तक प्रत्येक घर में महिलाओं के माध्यम से ही गायत्री माता गुरुदेव के विचार घर घर यज्ञ पहुंचाना है। इसके लिए 18 टोलिया बनाई गई।



शुभारंभ प्रथम दिवस के सत्र का गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी उप जोन समन्वयक रमाशंकर द्विवेदी ने किया। दूसरे दिन अखिल विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी अतिथि रहे, तीसरे दिन कौशांबी जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर, जितेंद्र सोनकर रहे। चतुर्थ दिवस में प्रांत अध्यक्ष आंगनबाड़ी माया सिंह तथा जगतगुरु रामभद्राचार्य विवि के शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

अंतिम दिवस में अतिथियों के अतिरिक्त शांतिकुंज के बीघनेसवर तथा बृजेश त्रिपाठी, जिला समन्वयक भवानी दीन यादव, जिला संयोजक भारतीय संस्कृति रामशरण शास्त्री, विजयचंद्र गुप्ता, सह समन्वयक जितेंद्र सिंह, तहसील समन्वयक डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ संग्राम सिंह, शंकर दयाल त्रिपाठी, कालिका श्रीवास्तव, शांतिकुंज से राधेश्याम त्रिपाठी, युवा समन्वयक प्रमोद पटेल, रामसेवक त्रिपाठी तथा जिलों से आई प्रशिक्षणार्थी बहने जिला समन्वयक आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी सुधा तिवारी, रामजनकी शुक्ला, प्रेमलता, सविता तिवारी, पुष्पा शर्मा, स्थानीय चित्रकूट की बहने विद्यावती त्रिपाठी, उर्मिला त्रिपाठी, गायत्री गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, रेखा दीक्षित, निधि त्रिपाठी, पंडित श्रीराम शर्मा आदि का योगदान रहा।

# जिला जज ने ली अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक



चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सोमवार को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जेल से प्राप्त विचाराधीन बंदियों की सूची में से चिह्नित प्रकरणों को सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट द्वारा कमेटी के समक्ष रखा गया। समिति द्वारा नालसा एसओपी के अंतर्गत उचित मामलों में प्रार्थना पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई ।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपर जनपद न्यायाधीश नोडल अधिकारी लोक अदालत दीप नारायण तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। न्यायिक अधिकारीगण को पुराने लंबित वाद, एनआईएक्ट के मामले एवं लघु प्रकृति के मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस तामील करवाने के लिए निर्देशित किया। जिससे आगामी लोक अदालत में इन मामलों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सिविल जज (सीडि) सुशील कुमार वर्मा, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट विदुषी मेहा, सिविल जज (जूडि) सोनम गुप्ता, न्यायिक दंडाधिकारी वसुंधरा शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी संघमित्रा मौर्य आदि मौजूद रहे ।

जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आर्बिट्रेशन मामलों के लिए विशेष लोक अदालत के आयोजन 6 अगस्त को जनपद न्यायाधीश की सुविधा के अनुसार आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उनके अनुपालन में आर्बिट्रेशन मामलों के लिए इस न्यायिक अधिष्ठान में विशेष लोक अदालत के आयोजन 6 अगस्त की तिथि नियत की जाती है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के उक्त पत्र के साथ अनुपालन में सूचना न्यायालय को अविलंब प्रेषित की जाए तथा सभी संबंधित तदनुसार सूचित हो।

# 9 से 15 अगस्त तक चलेगा घर-घर तिरंगा अभियान

चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने की। प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी देवेश कोरी ने आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारियों युवा मोर्चा के साथ बैठक की।

प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी देवेश कोरी ने बैठक को संबोधित करते हुए ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लग जाएं। आजादी के 75 अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा लहरना चाहिए। 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा लगाने का अभियान चलाना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए। 9 से 10 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली निकाली जाएगी । 11 अगस्त को महापुरुषों स्मारक पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाना है 12 से 13 अगस्त को और हर बूथ में तिरंगा के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी और सभी के घरों में हर कार्यकर्ताओं को तिरंगा लगवाना है । हर मंडल शक्ति केंद्र मे बूथ स्तर पर तैयारी कर ले।

भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि 9 से 11 अगस्त तक के कार्यक्रम में लोगों में देशभक्ति का वातावरण बनाने, तिरंगा यात्रा निकलने, बाजार, हाट और मेले आदि में होर्डिंग्स बैनर लगाकर देशभक्ति की भावना पैदा की जाएगी. इसके बाद 11 से 13 अगस्त तक देश के हर एक गांव या वार्ड में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रघुपति राघव राजाराम और वंदे मातरम गीत बजाई जाएगी।

हर–घर तिरंगा कार्यक्रम में सभी सांसद, विधायक और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रबल भागीदारी सुनिश्चित करना पार्टी की जिला, मंडल से लेकर बूथ स्तर तक 3–3



नेता, कार्यकर्ता का ग्रुप बनाया जाएगा जो अपने–अपने इलाकों में झंडारोहण आयोजित कराने से लेकर उसकी फोटोग्राफी लोगों को तिरंगे के साथ एक सेल्फी भी लेनी और लिंक अपलोड करना है और सोशल मीडिया साइट्स के जरिये प्रचार प्रसार करना है।

भाजपा नेता आनन्द त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे अभियान के जरिए लोगों ने राष्ट्र के प्रति प्रेम ओर समर्पण की भावना बढेगी। इस मौके पर जिला महामंत्री आलोक पांडेय, अश्वनी अवस्थी, हरि ओम, बन्ना करवरिया, ,दिनेश तिवारी, बृजेश पांडे, हीरो मिश्रा, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जयसवाल ,संजय पांडे, अरविंद मिश्रा, तीरथ तिवारी, रामबाबू गुप्ता, राजीव तिवारी, अखिलेश रैकवार, लवलेश निषाद, श्रवण पटेल, विनोद पांडेय, महेंद्र कोटार्य, गौरव करवरिया, किशन अग्रहरी, सुखेंद्र सिंह, मनीष सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, घनश्याम पटेल, गंगाधर, पुष्पेंद्र सिंह, देव त्रिपाठी, रामेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

# चार अगस्त को भव्यता के साथ मनाई जाएगी तुलसी जयंती



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को तुलसी जयंती समारोह शांतिपूर्ण मनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती तुलसी जन्मस्थली राजापुर में 4 अगस्त को भव्यता के साथ मनाई जाएगी 26 जुलाई 2022 से राजापुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी प्रकार राम घाट पर भी गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई जाएगी ताकि विश्व पटल पर चित्रकूट हमारा आगे आए तथा राजापुर का विकास हो, उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा जो 4 अगस्त को पूर्ण होगी और यमुना तट कालन्दी तीर से गोस्वामी तुलसीदास के मंदिर से झांकी निकल कर तुलसी स्मारक सभा कार्यक्रम स्थल पर जाएगी, वहीं पर संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजापुर बीएन कुशवाहा को निर्देश दिए कि तुलसी मंदिर, कार्यक्रम स्थल सहित सभी मार्गों की अच्छी तरह से साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। लूप लाइन चौराहा का भी सुंदरीकरण करा दे। मूर्ति के अगल–बगल रेलिंग प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा उसी चौराहा पर तुलसी चौक का बोर्ड भी लगाया जाए। उप जिलाधिकारी राजापुर से कहा कि तुलसी जयंती के कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया जाए तथा कार्यक्रम के पूर्व सभी व्यवस्थाएं देखकर संबंधित विभागों से दुरुस्त कराएं कोई समस्या हो तो अवगत कराएं ताकि संबंधित विभागों से निस्तारण कराया जा सके। इसके साथ ही जल संस्थान पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत विभाग निर्बाध रूप से विद्युत व्यवस्था जारी रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर एसपी सोनकर को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की सुनिश्चित करें, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि रामघाट में तुलसीदास की मूर्ति की साज सजावट अच्छी तरह से कराएं और पूरे रामघाट की साफ सफाई व्यवस्था करा कर कार्यक्रम आयोजित कराएं। तुलसीदास के मंदिरों की साज सज्जा अच्छी तरह से कराया जाए। अपर जिलाधिकारी से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क स्थापित करके तुलसी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विद्यालयों के बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएं ताकि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर अच्छा कार्यक्रम हो सके।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर एसपी सोनकर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम अचल कुरील, अधिकारी नगर पंचायत राजापुर बीएन कुशवाहा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चौहान, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नवागंतुक डीसी एनआरएलएम ने सम्भाला कार्यभार

चित्रकूट। जिले में नवागंतुक डीसी एनआरएलएम भीम उपाध्याय ने सोमवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि वह 1988 बैच के पीडीएस अधिकारी है और गाजीपुर के मूल निवासी है। उन्होंने बताया कि एटा, बदायूं, जेपी नगर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर एवं आगरा में परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इसी बीच शासन ने उसका स्थानांतरण चित्रकूट जनपद में उपायुक्त स्वतः रोजगार (डीसी एनआरएलएम) के पद पर कर दिया।



उन्होंने बताया कि शासन की नीतियों के अनुसार विकास कार्यो को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला समूह के माध्यम से जिले में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे गांव की महिलाएं इन समूहों के माध्यम से जुड़कर अपने घरों में अचार, पापड़, बड़ी, दोना पत्तल, मिट्टी की मूर्ति, खिलौने, गोमूत्र, राखियां एवं और भी विभिन्न प्रकार के सामग्रियों का निर्माण करके इनको खुले बाजार में बेचने का काम किया जाएगा। जिससे गाँवो का भी सम्पूर्ण विकास हो। उन्होंने बताया कि मिशन से जुड़ने वाली महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अपने तरीके से लोन भी उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि जिले को नीति आयोग ने गोद लिया हुआ है, आयोग के दिशा–निर्देश में जिले का सम्पूर्ण विकास कराया जाएगा। शासन के निर्देश पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर मे झंडे लगाए जाएंगे। इस पूरे कार्य की जिम्मेदारी एनआरएलएम समूह की महिलाओं को सौंपा गया है, उनके द्वारा लाखो झंडे तैयार किये गए है, जिनको प्रत्येक ब्लॉक में भेज दिये गए है।

## आधार के साथ वोटर कार्ड लिंक कराने के प्रति लोगों को करें जागरुक

मऊ, चित्रकूट। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ के सभागार में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें उन सभी बच्चों को फार्म 6 बी प्रदान किए गए। जिनकी उम्र 18 वर्ष की पूरी हो गई है। साथ ही इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि आधार कार्ड वोटर कार्ड के साथ लिंक किया जाये। इस फार्म के साथ आधार कार्ड लगाना आवश्यक होगा। भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि सभी को मतदान का अवसर मिले और इसके लिए आवश्यकता इस बात की है कि उन सभी का मतदाता सूची में नाम शामिल हो जिनकी उम्र 18 वर्ष की हो गई हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवदीप शुक्ला उप जिलाधिकारी मऊ ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जो 18 वर्ष के हो गए हो फार्म प्राप्त कर मेरे कार्यालय में भरकर जमा कर दें। हम उनकी औपचारिकताएं पूर्ण करा कर उनका मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी इस संदेश को समाज के कोने कोने तक पहुंचाने का काम करें। भारत निर्वाचन आयोग 7 अगस्त और 21 अगस्त के दिन सभी बूथों पर विशेष कैंप का आयोजन कर रही है। इस दौरान बीएलओ सहित सभी पदाधिकारी बूथों पर मौजूद रहकर नए मतदाताओं को जोड़ेंगे और पुराने मतदाता जो इस समय यहां नहीं रह रहे हैं या जिनकी मृत्यु हो गई है। उन सभी का नाम हटा करके शुद्ध व परिमार्जित मतदाता सूची तैयार करना है। इस कार्य में आप सभी सहयोग प्रदान करें। इसी क्रम में स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ एस कुरील ने कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक फार्म 06 बी पूर्ण कर महाविद्यालय में जमा करा दें। हम उसे मतदाता पंजीकरण केंद्र मऊ में जमा करा देंगे ताकि सभी मतदाता आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। आप सबकी भागीदारी से लोकतंत्र सशक्त और मजबूत हो सकता है। आइए हम सब मिलकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और साथ ही इसे दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता बनने से न छूटे और न ही चूके। शत प्रतिशत मतदाता बने। तभी शत प्रतिशत मतदान होगा। यही भारत निर्वाचन आयोग का संकल्प है और यही लोकतंत्र की मांग है। इसी क्रम में तहसीलदार मऊ शशिकांत मणि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र छात्राएं व बीएलओ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ एस कुरील ने किया।

## डाक कांवड़ियों के जत्थे की अगवानी एसडीएम सीओ ने की,सोमवार को पहलहू शिव मंदिरपर किया जलाभिषेक




अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। नगर के मोहल्ला स्थित साईं मंदिर से डाक कांवड़ियों का विशाल जत्था गंगा तट को रवाना हुआ था जिसने एसडीएम सीओ की अगवानी के बीच सोमवार को भुता रोड स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया और भोलेनाथ की भव्य आरती के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर अपने घरों को रवाना हुए! सावन के तीसरे सोमवार के चलते नगर के मोहल्ला परा साईं मंदिर से दल बल के साथ डाक कांवरियों का विशाल जत्था रविवार की देर शाम रवाना हो गया था जो जिला बदायूं के कछला घाट से जल भरकर सोमवार को भोले की भक्ति में लवलीन नाचते गाते पांडवों द्वारा स्थापित पहलहू शिव मंदिर पर पहुंचा लेकिन इससे पूर्व बुखारा रोड से ही उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार फोर्स के साथ अगवानी पर उतर आए जिससे डाक कांवड़ियों के जत्थे को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े और प्रशासन को शासन के कोप का शिकार ना होना पड़े रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही समाजसेवियों एवंपालिका प्रशासन द्वारा लगाए गए स्वागत रूपी टेंट में कांवरियों को जलपान करा कर रवाना किया गया ।

भगवान डाक कांवड़ियों के जत्थे ने भोलेनाथ का जलाभिषेक और भव्य आरती कर भोलेनाथ से परिवार के अमन चौन की कामना की साथ ही एनपी ग्रुप के सौजन्य से आयोजित पांचवें विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के बाद अपने अपने घरों को रवाना हो गए इस दौरान पुलिस प्रशासन डाक कांवड़ियों की सुरक्षा में मुस्तैद रहा।

जत्थे की अगुवाई महंत राहुल पाठक, उपमहंतगौरव पांडे करेंगे सुरेंद्र शर्मा, अनुराग पाठक, अमित शर्मा, सुमित राठौर, सुकू के अलावा तमाम डाक काबढ़िया मौजूद रहें।

## भद्र शीला नदी से जल भरकर नन्हे-मुन्ने बच्चो ने किया बाबा पंचेश्वर नाथ का जलाभिषेक



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। नगर के सैकड़ों नन्हे–मुन्ने शिव भक्तों ने नगर के समीप गुजरने वाली पौराणिक नदी भद्र शीला से जल भरकर पदयात्रा करके पांडव कालीन पुरातत्व शिवलिंग बाबा पंचेश्वर नाथ पर सावन के तीसरे सोमवार को जलाअभिषेक किया हर–हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा! नगर के मोहल्ला बाजार जनूबी के शिव मंदिर पर सभी नन्हे–मुन्ने शिव भक्त एकत्र होकर सुबह सवेरे ही सोमवार को नगर के पूर्व दिशा में बहने वाली भद्र शीला नदी के तट पर पहुंचे और मंत्र उच्चारण के साथ भद्र शीला नदी के पवित्र जल को भरने के उपरांत पंडित राजेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा भगवान शिव की आरती और मां गंगा की पूजा अर्चना करने के उपरांत समस्त नन्हे–मुन्ने शिव भक्त डीजे और ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते हुए नगर से 17 किलोमीटर दूर अज्ञातवास के समय पांडवों द्वारा स्थापित शिवलिंग एवं ऋषि मुनियों की तपोस्थली पचौमी गांव स्थित पंचेश्वर नाथ महादेव पर पहुंचकर भोलेनाथ का जल अभिषेक किया इस दौरान भोले भाले बच्चों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी पदयात्रा करते हुए और एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए डीजे की धुन पर नाचते हुए साथ में चल रहे थे थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह फोर्स के साथहाईवे पर छोटे–छोटे कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मुस्तैदरहे नगर के सैकड़ों नन्हे–मुन्ने कांवरियों ने दोपहर में बाबा पंचेश्वर नाथ पहुंचकर भोलेनाथ को जल समर्पित किया और परिवार और देश के अमन चौन की कामना की।

## ट्यूबबेल पर पानी पीने गए युवक की करंट लगने से मौत, घर में मचा कोहराम



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। खेत में लगे 2 बेड पर पानी पीने गए युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेजा !

क्षेत्र के ग्राम बरगंवा के एक व्यक्ति के खेत में सुमनीष यादव पुत्र हरीश यादव उम्र उन्नीस वर्ष निवासी ग्राम भनपुरा शाहजहांपुर जो कि सुबह दस बजे अपने जानवरों के लिए चारा लेने अपने खेत पर गया हुआ था जब दोपहर एक बजे के करीब उसे प्यास लगी तो वही पास के खेत में ट्यूबेल चल रहा था जो कि ग्राम बरगंवा के किसान का था जिस पर पानी पीने के लिए सुमनीष गया तो उसमे लाइट का करंट आ रहा था जैसे ही वह पानी पीने को झुका अचानक उसके शरीर में कोई बिजली का तार छू गयातार छूने से उसकी करंट लगने से मौके पर ही दर्दनाकहो गई उसका सब कई घंटे ट्यूबेल पर पड़ा रहा खेतों में काम कर रहे किसान ट्यूबेल के निकट से गुजरे तो उन्होंने युवक का शव पड़ा देखा जिसे देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई सब की सूचना इलाके में आग की तरह फैल गई और परिजनों को जानकारी हुई तो वह रोते बिलखते ट्यूबेल पर जा धमके घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया वहीं युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है ।

## विद्युत करंट से 22 वर्षीय एक युवक की मृत्यु



संवाददाता अयोध्या टाइम्स सुरियावां।। स्थानीय नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या 10 अशोकनगर में सोमवार को विद्युत करंट लगने से 22 वर्षीय शनी मौर्य की मृत्यु हो गई। बताते हैं कि मुन्नू मौर्य का सबसे छोटा पुत्र 2 मंजिले भवन पर चढ़कर विद्युत केबल को ठीक कर रहा था। अचानक बिजली आ जाने से विद्युत के चपेट में आ गए और वही गिर पड़े। काफी देर के बाद परिजन ढूंढने लगे इसी बीच दो मंजिले पर कार्य कर रहे मजदूर भी आ गए जब ऊपर जाकर देखा तो गिरे पड़े हुए हैं आवाज देने पर परिजन भी आ गए विद्युत केबुल गिरा पड़ा था। परिवार के लोग तत्काल निजी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों को संतोष ना होने पर उन्हें भदोंही ले गए किंतु कोई सफलता नहीं मिला। मृत युवक का अभी शादी नहीं हुई थी। तीन भाई एवं एक बहन है ।भाइयों में सबसे छोटा था। पिता एवं दो भाई प्रदेश में रहते हैं घर पर मां एवं छोटी बहन रहती है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पहलहू मंदिर पर पांचवा भंडारे में जुटी हजारों की भीड़, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद




अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। श्रावण माह के तीसरे सोमवार के मद्देनजर भूता रोड स्थित शिव मंदिर पर एमपी एग्रो ग्रुप के सौजन्य औरभोले के भक्तों के सहयोग से सोमवार को पांचबे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भोले के भक्तों के अलावा इलाके के लोगों की हजारों की भीड़ जुटी पुलिस प्रशासन भी मोर्चा संभाले रहा भंडारा देर शाम तक चलता रहा!

शासन की पहल पर कांवड़ियों की सुरक्षा और खान पान सुरक्षित यात्रा बिजली व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला है वही 2 वर्षीय कोरोना कल के बाद भगवान भोलेनाथ के भक्तों मैं एनपी एग्रो ग्रुपमें प्रतिवर्ष की भांतिइस वर्ष भी विशाल भंडारे की आस्था जागी उन्होंनेनगर से 2 किलोमीटर दूर फरीदपुर भुता रोड स्थित पांडवों द्वारा स्थापित पहलहू गांव के शिव मंदिर पर भोले के विशाल पांचमें भंडारे का आयोजन किया जिसकी तैयारियां विगत सप्ताह से चल रही थीभंडारे में दर्जनों कारीगर जुटे रहे जिसे आजअंतिम रूप दिया गया भंडारे के संरक्षक में भोले के भक्तों के लिए रात्रि जागरण कर सुबह 9रू00 बजे भंडारे का शुभारंभ करा दिया जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें भोले के भक्तों के अलावा नगर व देहात के हजारों लोगों की भीड़ जुटी जमकर लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और भोले के जयकारे लगाकर घर को रवाना हो गए वही भंडारे के संरक्षक सिपट्टर लाल पांडे ने भोलेनाथ के भंडारे में पहुंचे शिव भक्तों का हृदय से आभार जताया भंडारे में सुधीर शर्मा उर्फ पिंटू ,वीरेंद्र पाठक, परशुराम यादव, अर्जुन सिंह, रामनिवास शर्मा के अलावा सैकड़ों भोले के भक्तों का सहयोग रहा इस दौरान उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार भारी फोर्स के साथ इलाके में मुस्तैदी से गस्त करते रहे जिससे कांवरियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।

## भुता इलाके में चोरों ने व्यापारी को निशाना बनाया, दुकान में नकाब लगाकर नगदी और परचून का सामान उड़ाया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। भुता अज्ञात चोरों ने रात्रि के दौरान व्यापारी को निशाने पर लेकर दुकान में नकाब लगाकर हजारों की नगदी समेत लाखों का माल उड़ा दिया व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है!

क्षेत्र के ग्राम अहिरोला भुता बीसलपुर मार्ग तिराहे पर अहिरौला ग्रामवासी अहिरौला ग्रामवासी उमेश कुमार की एक किराना की बड़ी थोक की दुकान है। दुकान स्वामी उमेश कुमार ने बताया कि रविवार को रोज की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे, सोमवार सुबह जब आकर शटर खोलकर देखा तो चोरों ने पीछे से दीवार काटकर दुकान का सारा सामान तहस–नहस कर दिया जिसे देखकर व्यापारी के पैरों तले जमीन खिसक गई चोरी की भनक पर तमाम ग्रामीणों के साथ व्यापारी भी मौके पर जमा हो गए। अज्ञात चोरों ने व्यापारी की दुकान में नकाब लगाकर गल्ले में रखें नकद 88000 व कीमती सिगरेट के 12 पटले एक कैमरा वाईफाई तार का बंडल घी, तेल की टीने आदि किराने का सामान चोर चुरा ले गए हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बाद में दुकान स्वामी उमेश कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है । पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है! बता दे इलाके में चोरों का आतंक है फिर भी पुलिस फास्ट पुलिसिंग का दावा कर रही है जबकि पिछले 15 दिनों से यहां थाना प्रभारी की पोस्टिंग नहीं होने के कारण क्षेत्र में चोरियों की बाढ़ सी आ गई है, क्योंकि पिछले 3 दिनों पहले भी थाना क्षेत्र के ग्राम कोहनी में भी अज्ञात चोर एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर नकदी माल जेवर सहित लाखों का सामान चुरा ले जाने में सफल रहे थे, लेकिन अभी तक इन दोनों चोरियों का खुलासा नहीं हो पाया। और फिर मेन हाईवे पर किराना की दुकान काटकर नगदी सामान चोर चुरा ले जाने में सफल रहे मजे की बात यह है कि थाना तथा 112 नंबर की पुलिस की ड्यूटी होने के बावजूद भी यह चोर पुलिस से बेखौफ होकर चोरियों की घटना करने में सफल हो रहे हैं जो पुलिस के लिए खुली चुनौती है। इससे यह साबित हो रहा है। कि थाना प्रभारी का जिम्मेदार पद खाली होने के कारण क्षेत्र मे ताबड़तोड़ वारदातें हो रही है। क्षेत्र वासियों ने शीघ्र थाना प्रभारी की तैनाती किए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।इधर कार्यवाहक थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह का कहना है चोरी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरी का खुलासा करने के लिए टीमों को लगा दिया गया है चोरों को शीघ्र पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

## फरीदपुर से 71 कांवरियों का जत्था कछला गंगा तट से जल लेकर पहुंचा, लोगों ने की पुष्प वर्षा, गोला गोकरननाथ में करेगा जलाभिषेक



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। सावन के पवित्र माह में नगर के मोहल्ला कानूनगो यान बक्सरिया से 71 कांवरियों का जत्था बदायूं जनपद के कछला घाट से गंगाजल भरकर गोला गोकरण नाथ के लिए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। हिंदुओं केपवित्र सावन माह मैं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए नगर के मोहल्ला कानूनगोयान बक्सरिया से 71 कांवरियों का जत्था महंत राजेश तोमर उप महंत भुवनेश जयसवाल के नेतृत्व में कछला घाट के लिए जल भरने के लिए रवाना हुआ था सोमवार को कांवरियों का जत्था बदायूं केकछला गंगा घाट से जल भर कर बुखारा रोड से नाचते गाते जैसे ही नगर में दाखिल हुए तो नगर वासियों ने मठिया मंदिर पर भोले के भक्तों को जलपान कराया और गोला गोकरण नाथ के लिए रवाना कर दिया क्योंकि सोमवार को सुबह से ही नगरवासी भोले के भक्तों में आंखें बिछाए बैठे थे जत्थे के पहुंचते ही नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और उन्हें रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही स्टेशन रोड पर सर्वप्रथम राजेश गुप्ता पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय लालाराम गुप्ता की पत्नी गिरजा रानी गुप्ता बेटे धर्मेंद्र रविंद्र स्टेशन मोड़ के रैन बसेरा पर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता के पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता और पूर्व पालिका अध्यक्ष हरिओम गुप्ता मेंजलपान कराया उसके बाद भोले के भक्तों का जत्था बीसलपुर रोड होते हुए गोला गोकरण नाथ को रवाना हुआ लेकिन लंबे सफर के दौरान आज बीसलपुर में विश्राम करेगा और बुधवार को छोटीकाशी गोला गोकरननाथ में भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की कुशलता एवं खुशहाली की कामना करेगा जबसे की भनक पर उपनिरीक्षक नवीन कुमार , कांस्टेबल पंकज, कपिल और इंतजार अहमद ने बुखारा रोड से जत्थे की अगुवाई कर फरीदपुर की सीमा से निकालकर गंतव्य को रवाना कियाइस दौरान विनीत तोमर बबलू यादव राघव चौहान के अलावा तमाम भोले के भक्त मौजूद रहे।

## कावड़ियों के सैलाब की अग्नि परीक्षा में भी खरा उतरा पुलिस प्रशासन, सावन के तीसरे सोमवार को बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय




अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। सावन के तीसरे सोमवार को निकाली गई कांवड़ियोंके सैलाब कीअग्नि परीक्षा में भी खरा उतर गया पुलिस प्रशासन कावड़ियों के स्वागत में नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह जलपान कराया पालिका अध्यक्ष पति एवं स्वर्गीय पूर्व पालिका अध्यक्ष की पत्नी के अलावा समाजसेवियों ने भगवाधारी कांवरियों को दूध से बनी खीर और फल बांटे उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार नेभारी फोर्स के साथ दूरदराज से आए हुए कांवड़ियों के सैलाब की अगुवाई की वही सावन माह के तीसरे सोमवार को मोहल्ला परा साईं बाबा मंदिर से पावन गंगा नदी के तट कादरगंज रामगंगा और कछला से गंगाजल लेकर पहलऊं गांव स्थित शिव मंदिर पांडवों द्वारा स्थापित पचौमी गांव के पंचेश्वर नाथ मंदिर के शिवालय में जलाभिषेक किया जिससे समूचा वातावरण बम भोले के जयकारों से गूंज उठा! तीसरे सोमवार को काबड भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तहसील प्रशासन की कड़ी अग्नि परीक्षा थी जिसमें प्रशासन खरा उतर गया वही भगवाधारी डीजे पर नाचते गाते कांवड़ियों का जनसैलाब सड़कों पर बम बम भोले के जयकारों के साथ ग्राम पड़ेरा कादरगंज रामगंगा, कछला घाट रामगंगा से जल भरने को रविवार से ही टोलियों के साथ रवाना होना शुरू हो गया था तहसील व पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले से ही तैयारी कर ली थी।

तहसील व पुलिस प्रशासन के अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था मैं पूरे दिन मुस्तैद रहे। कांवड़ियों के गुजरने वाले संवेदनशील मार्गों पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही चप्पे–चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात थे। उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह तहसीलदार शेर बहादुर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार,फतेहगंज पूर्वी कोतवाल प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सुबह से ही भारी फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे कांवड़ियों को गंतव्य तक रवाना करने में पुलिस प्रशासन ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और देर शाम चौन की सांस ली।

जलाभिषेक से पूर्व कांवड़ियों के जत्थो का हुआ जलपान और स्वागतइ नगर व देहात से रविवार को ही कावड़ियों के जत्थे राम गंगा कछला एवं हरिद्वार से गंगाजल लेने रवाना हो गए थे और सोमवार को जल लेकर लौटने का सिलसिला शुरू हुआ भोले के भक्त गंगा तटों से जल भर कर जब बुखारा मार्ग से निकले तो सबसे पहले गोपाला सिद्ध बाबा मंदिर पांडवों द्वारा स्थापित पहलऊ शिव मंदिर एवं पचौमी के पंचेश्वर नाथ मंदिर बम भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर परिवार और देश में अमन चौन की कामना की लेकिन इससे पूर्व स्टेशन रोड पर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय राम गुप्ता की पत्नी गिरिजा रानी गुप्ता ने दोनों बेटे रविंद्र धर्मेंद्र ने कांवरियों को श्रद्धा के साथ जलपान कराया वही कांवरियों के स्वागत के के लिए आतुर राजेश गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ टेंट लगाकर कांवरियों को मेवों की बनी खीर फल वितरित कर पुण्य कमाया।

# संक्षिप्त समाचार

## निपुण भारत अभियान : एक जन आंदोलन

एटा। मेरे सभी सम्मानित प्रिंट मीडिया के बंधुओं आपको यह जानकर हर्ष होगा कि हमारे देश और प्रदेश के ऐसे सभी बच्चे जो 3 से 9 वर्ष की आयु वर्ग में आते हैं अब तक पूरे देश में ऐसे 50000000 बच्चे हैं जिन्हें समझ के साथ भाषा का पठन एवं संख्या ज्ञान नहीं है उन बच्चों के लिए देश में पहली बार निपुण अभियान चलाया है आइए जाने क्या है निपुण अभियान निपुण् मीन्स नेशनल इनिसियेटिव फॉर प्रॉफिसिएंसी इन रीडिंग विद अंडर स्टैंडिंग एंड न्युमरेसी अर्थात समझ के साथ भाषा का पठन एवं संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की दक्षता प्राप्त कराने की राष्ट्रीय पहल एक ऐसी पहल जो सुनिश्चित करती है कि भारतवर्ष का प्रत्येक बच्चा जो 3 से 9 वर्ष की आयु का है उसे बाल वाटिका से कक्षा 3 के अंत तक वर्ष 2026 27 समय सीमा के अंतर्गत समझ के साथ भाषा का पठन और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित दक्षता प्राप्त कर आना है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 5 जुलाई 2021 को निपुण अभियान की शुरुआत की गई जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने पहला शासनादेश 23–12– 2021 को निपुण भारत मिशन के लिए जारी किया और बाद में 27 जून 2022 को अद्यतन आदेश जारी किया गया जिसमें यह सुनिश्चित किया गया की निपुण अभियान के अंतर्गत केंद्र की टाइमलाइन 20 26– 27 के स्थान पर हम उत्तर प्रदेश में 1 वर्ष पूर्व 2025– 26 तक इस निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे और इसके लिए हमारे उत्तर प्रदेश में पहले से 3 वर्ष पूर्व से मिशन प्रेरणा संचालित है जिसके अंतर्गत हमने प्रेरणा लक्ष्य तय किए और निर्धारित समय सीमा 20 22रू23 तक प्रेरणा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न शैक्षिक सामग्री और सैकड़ों ज.स.उ. कक्षा कक्ष को समृद्ध बनाने के लिए और शिक्षकों के लिए तमाम मैनुएल्स और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन ऑफलाइन क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण भी चलाए जा रहे हैं इसी दिशा में निपुण लक्ष्यों को लेकर एससीईआरटी औरराज्य परियोजना कार्यालय ने मिलकर मंथन किया और इसको प्राप्त करने के लिए नेशनल अचीवमेंट सर्वे का वर्ष 2021 22 का जो डाटा निकल कर आया जनपद वार उस डाटा को बेस लाइन रेफरेंस प्वाइंट मानकर त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित किए और वर्ष 2025 26 तक ट्रैमासिक लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए मार्च 2026 तक हंड्रेड परसेंट निपुण लक्ष्य प्राप्त करने का उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों को एक निर्धारित लक्ष्य दिया गया है जो 27 जून 2022 के अद्यतन शासनादेश में संपूर्ण प्रदेश का त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है और इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं प्रथम चरण में हम इसने पूरा बयान के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जन आंदोलन के रूप में सभी प्रबुद्ध वर्गों जनप्रतिनिधियों प्रशासकों मीडिया के सम्मानित बंधुओं और समुदाय अभिभावक सभी लोगों को इसके बारे में जन जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें इनके बारे में जानकारी देंगे और उनके अपेक्षित सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे जिसमें द्वितीय चरण के अंतर्गत अकादमिक टीम एसआरजी ए आर पी संकुल शिक्षक अपनी विजिट और संकुल मीटिंग में विभिन्न शैक्षिक सामग्री प्रिंट मैटेरियल और गतिविधि आधारित शिक्षण पर नियमित कार्य करेंगे और जो लक्ष्यों के अनुरूप रोचक गतिविधियां और हेल्प बुक मटेरियल उपयोगी होगा उस पर अनवरत रूप से कार्य करते हुए हर 3 मासिक लक्ष्य को प्राप्त करते रहेंगे समय–समय पर सतत आकलन करते हुए जो बच्चे कमजोर हैं उन बच्चों के लिए एक उपचारात्मक शिक्षण देकर हम सतत प्रयास करेंगे कि सभी बच्चे अपेक्षित कक्षा अनुरूप दक्षता ओं को प्राप्त करें। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए निपुण लक्ष्य मेजरब्ल गोल्स भाषा और गणित में बाल वाटिका से कक्षा तीन तक निर्धारित प्रारूप पर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत बाल वाटिका में दी गई सूची में से दो अक्षर से बने 5 सरल शब्द बच्चे पढ़ लेते हैं। और उनके पैटर्न भी बना लेते हैं कक्षा 1 में भाषा में 5 सरल शब्द (दो अक्षर ) से बने वाक्य को पढ़ लेते हैं और पढ़ कर 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं इसी तरह कक्षा 1 गणित में एक अंकीय जोड़ घटाव को हल कर लेते हैं और 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं। कक्षा दो में भाषा में किसी अनुच्छेद को 45 शब्द प्रति मिनट के प्रभाव से पढ़ लेते हैं और अनुच्छेद को पढ़कर 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं इसी तरह गणित में कक्षा दो में दो अंकीय जोड़ घटाव 99 तक की संख्याओं का, कर लेते हैं और 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं। कक्षा तीन में भाषा में किसी अनुच्छेद को 60 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेते हैं और पढ़कर 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं इसी प्रकार गणित में तीन अंकीय 999 तक की संख्याओं का जोड़ घटा कर लेते हैं। साथ ही 2 से 10 तक की संख्याओं का गुणा जिनका गुणनफल 100 तक कर लेते हैं और 75ः प्रश्नों का सही उत्तर दे पाते हैं।



यह न्यूनतम अधिगम स्तर मिनिमम लर्निंग ऑफ लेबल निर्धारित कर दिया गया है इसके लिए पूरी टीम और डिजिटल रिसोर्स दीक्षा एप, रीड अ लोंग एप,प्रेरणा लक्ष्य ऐप, क्लास साथी ऐप ,और अनुश्रवण हेतु प्रेरणा निरीक्षण प्रेरणा गुणवत्ता एक विकसित किए गए हैं। इस पहल में समाज के सभी वर्ग समुदाय अभिभावक शिक्षक बच्चे प्रशासनिक अधिकारी गण विभागीय अधिकारी गण डाइट फैकेल्टी के सभी मेंटर्स एकेडमिक रिसोर्स टीम जनप्रतिनिधि प्रिंट मीडिया सोशल मीडिया सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे आइए हम सब मिलकर भारतवर्ष के ऐसे सभी बच्चे जिन्हें समझ के साथ पढ़ना और लिखना अभी तक नहीं आता और ना ही संख्या ज्ञान है जो कि वह जीवन के लिए जरूरी है उनके सर बाइबल के लिए जरूरी है।

## दो अगस्त को मीडिया कार्यशाला का आयोजन

- ☒ ज्ञानपुर में पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा होगा आयोजन
- ☒ विधायक और जिलाधिकारी संयुक्त रूप से करेंगे उद्घाटन

संवाददाता अयोध्या टाइम्स ज्ञानपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी के तत्वावधान में भदोही जनपद के ज्ञानपुर में क्षेत्रीय पत्रकारों और भारत सरकार के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय वार्तालाप का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 2 अगस्त 2022 को दिव्या होटल के सभागार में होगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक पत्रकार हिस्सा लेंगे। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ औराई विधायक श्री दीनानाथ भाष्कर और जिलाधिकारी आर्यका अखौरी संयुक्त रूप से करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्र में होगा। प्रथम सत्र में जहां केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करेंगे वही दूसरे सत्र में पत्रकारिता के विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी।




## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25000 का इनामियां अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुबेहा पुलिस द्वारा गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में वांछित 25,000–रूपये का इनामिया अपराधी इरफान पुत्र मोलहे निवासी ग्राम इस्माइलपुर मजरे भटगंवा थाना सुबेहा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 25,000/–रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त के द्वारा गोवंशीय पशुओं का वध कर आपराधिक घटनाएं कारित की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–प्रभारी निरीक्षक श्री शिव नारायण सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदन पाल, उप निरीक्षक राज बहादुर सिंह,का.आदित्य कुमार, का. विनय पाल,का.पवन सिंह।



## 134 परिषदीय विद्यालयों के 14933 बच्चो के खाते में 12 सौ रुपये के हिसाब से भेजी गई धनराशि



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। डीबीटी के माध्यम से यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता–मोजा व स्टेशनरी खरीद के लिए सोमवार को अभिभावकों के खाते में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धनराशि भेजने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का सभी परिषदीय विद्यालय एव बीआरसी में लाइव प्रसारण दिखाया गया। सोमवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ल ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र मसौली के 134 परिषदीय विद्यालयों के 14933 बच्चो के खाते में 12 सौ रुपये के हिसाब से धनराशि भेजी गयीं है। मुख्यमंत्री के आज हुए प्रसारण में 789 स्थानों पर टीवी एव 213 स्थानों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से कुल 15935 लोगो ने प्रसारण देखा। बीईओ संजय शुक्ल ने बीआरसी में आयोजित प्रसारण में उपस्थित लोगों से रूबरू होते हुए कहा कि शिक्षा विकास की कड़ी है आप सभी लोगो की जिम्मेदारी बनती है कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजे क्योंकि सरकार की मंशा है बच्चे सुसज्जित एव अच्छे ढंग से स्कूल आये।जिसके लिए यूनिफॉर्म, बैग, जूता मौजा खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजी गयीं है। आप सभी लोग ईमानदारी से बच्चो की समाग्री का क्रय करे। इस मौके पर संजय कुमार श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, माया सैनी, कुमुदलता, सना फातिमा, विजय सिंह, सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## ग्राम न्यायालय से गरीबों को मिलेगा न्याय : संजीव फौजदार



दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या। बीकापुर कस्बे में ग्रामीण न्यायालय का उद्‌घाटन जिला जज संजीव फौजदार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की जनता को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय प्राप्त होगा।उन्होंने यह भी कहा कि न्याय को लोगों के घर तक पहुंचाने की मंशा से ग्रामीण न्यायालयों की स्थापना की गई है। त्वरित व सुलभ न्याय के लिए यदि जरूरत समझी जाएगी तो मोबाइल कोर्ट के माध्यम से संबंधित गांव विशेष में मौके पर सुनवाई की जा सकेगी। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। कोर्ट में दो साल तक की सजा वाले मुकदमें, बिजली चोरी, 125–सीआरपीसी, बाइक चालान, 25000 की धनराशि तक के सिविल केस आदि की सुनवाई की जाएगी। उद्‌घाटन के दौरान कुलदीप सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय राजदीप सिंह के अलावा उप जिला अधिकारी बीकापुर प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस प्रमोद कुमार यादव, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा ,ईओ नगर पंचायत श्रीमती रागिनी वर्मा, बीकापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम सजीवन पांडे, श्रीकांत त्रिपाठी, मंसाराम वर्मा हरगोविंद वर्मा तुलसीराम तिवारी श्याम नारायण पांडे अवध राम यादव महावीर गुप्ता समेत दर्जनों अधिवक्ता शामिल रहे

दो स्टाफ की हुई नियुक्ति ग्रामीण न्यायलय में जज के साथ–साथ दो स्टाफ की भी नियुक्ति की गई है। इनमें पेशकार संदीप कुमार, लिपिक मनोज कुमार को नियुक्त किया गया है। ग्रामीण न्यायालय मंगलवार से विधिवत अपना कार्य शुरू कर देगा।

## धोखाधड़ी के मामले में फरार सफाई कर्मचारी गिरफ्तार

सुधीर बंसल रूदौली–अयोध्या। मवई पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे सफाईकर्मी को न्यायालय द्वारा जारी किये गये वारंट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । मिली जानकारी के अनुसार मवई ब्लाक स्थित सरकारी आवास में रह रहे सफाई कर्मचारी कमलाकांत मिश्रा पुत्र कल्याण करन मिश्रा ने पूर्व में फैजाबाद शहर में विजय पाल यादव से जमीन खरीदी थी। जमीन बेचने वालों को कमलाकांत ने चेक के माध्यम से भुगतान किया गया था जो बाउंस हो गया था। इसी आधार पर विजय पाल यादव द्वारा न्यायालय में धारा 138 एन आयी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया। पेशी के दौरान सफाई कर्मचारी के न्यायालय में उपस्थित न होने पर न्यायालय द्वारा धारा 82 सी आर पी सी के तहत कमलाकांत के विरुद्ध फरारी की उद्‌घोषणा जारी कर उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी कर दिया गया । न्यायालय द्वारा जारी किये गये वारंट पर पुलिस हरकत में आ गयी और आज मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक गुलाम रसूल ने सिपाही सौरभ यादव को लेकर मवई चौराहे से फरार चल रहे सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना रूदौली के खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता तथा ए डी ओ पंचायत गंगा प्रसाद श्रीवास्तव को दे दी है। उप निरीक्षक गुलाम रसूल ने बताया कि सफाई कर्मचारी कमलाकांत पूर्व में मवई ब्लाक में तैनात था कुछ समय पहले विभाग ने इनको निलंबित कर रूदौली ब्लाक में अटैच कर दिया था इस समय वह जखौली में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है । प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारी को जेल भेज दिया गया है ।

## शव का दाह संस्कार कराने को लेकर दो पक्षों में तनाव

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या
रुदौली–अयोध्या। मवई थाना क्षेत्र के ग्राम तकिया मजरे कुशहरी में सोमवार को शव दफनाने को लेकर दो पक्षों में तनाव हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी सूझ बूझ से मामले को शान्त कराकर शव का दाह संस्कार करा दिया।

प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम तकिया मजरे कुशहरी में बिजली विभाग से सेवा निवृति हुए फूलचंद निषाद पुत्र स्व0 बाबूलाल 72 वर्ष की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी।मृतक राम मुकेश निषाद ने अपने पिता के शव को जिस जगह पर दाहसंस्कार कराने की तैयारी कर रहे थे तो दूसरे पक्ष के रामू निषाद पुत्र प्रताप निषाद ने दाह संस्कार कराने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में तनाव की स्थिति पैदा हो गयी।इसकी सूचना जब प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह को मिली तो उन्होंने तत्काल उप निरीक्षक गुलाम रसूल को मौके पर भेजा।उप निरीक्षक गुलाम रसूल ने सिपाही सौरभ यादव को लेकर मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराकर दाहसंस्कार करा दिया।

# राहुल शिक्षा निकेतन के मेधावी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या
अयोध्या–राहुल शिक्षा निकेतन रामपुर भगन ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक बार फिर परचम लहराया है विद्यालय में हाईस्कूल के सभी छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं,जिसमें से मेधावी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने आज एक सम्मान समारोह राहुल शिक्षा निकेतन रामपुर भगन में आयोजित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के युवा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह व महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रियंका मौर्या एवं विद्यालय प्रबंधक विनय सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें मेधावियों को प्रमाणपत्र एवं अन्य उपहार दिए गए। मेधावियों ने मेहनत से अपने लक्ष्य को पाने का संकल्प दोहराया।

इसी क्रम में संगठन के प्रदेश युवा अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेहनत से मेधावी अपनी अलग पहचान बनाते हैं। उनके लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है उन्होंने कहा कि मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि अपने मुकाम तक पहुंच जाए,मेधावी छात्र लक्ष्य बनाकर कार्य करें,माता–पिता के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापार मंडल की प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ प्रियंका मौर्य कहा कि छात्र–छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष सिंह ने किया। सम्मानित हुए मेधावी छात्र–छात्राओं ने खुशी जताते हुए कहा कि नियमित पढ़ाई करना जरूरी है। हर विषय मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों से जानकारी लेते रहना चाहिए। पढ़ाई में स्वास्थ्य शरीर का विशेष ध्यान रखें। आज का काम कल पर न टाले, टाइम टेबल बनाकर पढे ं। कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों ने मेधावियों से पूछा कि आगे चलकर वह क्या बनना चाहते हैं तो कई ने कहा कि वे आईएएस,आईपीएस, डाक्टर बनना चाहते हैं। सम्मानित किए गए छात्रों में श्रेयांश सिंह,राजन सिंह,आदित्य वर्मा,अक्षिता मिश्रा,अमन निषाद,नितिन साहू,स्वाति वर्मा,संध्या सोनी,साक्षी शर्मा,अभिनय सिंह इस मौके पर बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा,प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा,महिला मोर्चा से विभा मौर्य,मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव,रामफूल यादव,पूर्व प्रधान छोटेलाल कसौधन,राष्ट्रीय व्यापार मंडल रामपुर भगन के अध्यक्ष श्री एसपी विश्वकर्मा,राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिले के पदाधिकारी डॉ रविक्रांत श्रीवास्तव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ डीपी प्रजापति,राम तीरथ कसौधन,मनोज



पाण्डेय,दिलीप कुमार सैनी ,अजय वर्मा,आलोक वर्मा,बलजिंदर वर्मा,मो0इरफान,राम तीरथ कसौधन,जियालाल भारती, संतोष वर्मा विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक राजबहादुर शर्मा,अनिल पांडे,शीला सिंह देवेंद्र यादव,जितेंद्र,रेखा तिवारी, रमाकांत तिवारी,पूजा, मनीषा,तुषा,प्रिया किरन,मीरा,खुशबू सहित मुख्य रूप से रहे मौजूद। 'कार्यक्रम के अंत में राहुल शिक्षा निकेतन के प्रबंधक विनय सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों, छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## बीआरसी रुदौली पर आयोजित किया गया धनराशि अंतरण कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली–अयोध्या। ब्लॉक संसाधन केंद्र रूदौली पर सोमवार को धनराशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रामचंद्र यादव ने उपजिलाधिजारी स्वप्निल यादव, खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्त, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामशंकर व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात उन्हों ने पांच छात्र–छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध कराकर योजना का शुभारंभ किया।विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों की हालत में



अभूतपूर्व सुधार का परिणाम है कि इन स्कूलों में बच्चों की संख्या साल–दर–साल बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ड्रेस, स्वेटर, बैग, जूते–मोजे व स्टेशनरी के क्रय के लिए प्रत्येक छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खाते में 1200–1200 रुपए भेज रही है, आज इसी योजना का शुभारंभ किया गया है। विधायक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत रुदौली क्षेत्र के 35432 छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खाते में कुल 4 करोड़ 25 लाख 18400 रुपए की धनराशि पहुंच रही है। विधायक ने अफसरों को जर्जर भवन तथा आवागमन में असुविधा वाले विद्यालयों को चिह्नित करते हुए उसे सही कराने के निर्देश दिए।बीईओ रामशंकर ने कार्यक्रम में पधारें सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामकृष्ण गुप्त ने किया। इस मौके पर बीआरसी रामानुज तिवारी, सत्येंद्र पाल, रामकृष्ण गुप्त, मो. गयास, रवि सिंह, राम जानकी सिंह, विपिन पालीवाल, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। बीआरसी पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक रामचंद्र यादव के हाथों प्राथमिक विद्यालय करीमपुर की बच्चियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी सेनाध्यक्षों के लिए राखी भेजी।

बच्चियों की इस पहल की सराहना करते हुए विधायक ने कहा, जहां देश की शिक्षा के प्रति सजग श्री प्रकाश पाठक जैसे शिक्षक होंगे वहां शिक्षा की लौ अवश्य उजाला फैलाएगी विधायक ने प्राथमिक स्कूल करीमपुर के शिक्षकों की सराहना की।

## सांसद लल्लू सिंह ने भू-माफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। भू माफियाओं के खिलाफ सांसद लल्लू सिंह ने मोर्चा खोल दिया है। सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अयोध्या में जमथरा से गोलाघाट तक भूमाफियाओं की ओर से नजूल तथा सरयू नदी की डूब क्षेत्र (दरिया बुर्ज) की जमीन में किए गए अवैध कब्जों की जांच कराने की मांग की है। सांसद की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भू – माफियाओं का ऐसा दबदबा है कि पूर्व में सम्बन्धित तात्कालिक अधिकारियों ६ कर्मचारियों के साथ मिलकर नजूल तथा डूब क्षेत्र ( दरिया बुर्ज ) की जमीनों में कामी हेराफेरी करके लोगों को गुमराह कर जमीनों को ऐन – केन – प्रकारेण उनके नाम कर दिया गया। जिसमें रोजी – रोटी कमाने वाले जो व्यक्ति शहर में रहना चाहते हैं ऐसे लोगों के साथ उक्त जमीनों को करोड़ो/अरबों रूपयों की हेराफेरी की है । जमथरा घाट से गोलाघाट तक की जमीनों पर भू माफियाओं का व्यापार फल फूल रहा है । गत तीन दशकों से उत्तर प्रदेश शासन की ओर से नजूल का किसी भी प्रकार का पट्टा नहीं किया जा रहा है और न ही किए गये पट्टे का रिन्यूनल हो रहा है। डूब की जमीनों पर किसी प्रकार का फ्री – होल्ड भी नहीं हो रहा है। फिर भी उक्त जमीन का किन परिस्थितियों में भू – माफियाओं ने डूब क्षेत्र नजूल की भूमि विक्रय किया गया। जिसपर लोगों की ओर से स्थायी अस्थायी निर्माण कराया जा रहा है । उस जमीन की जाँच एसआईटी से होना आवश्यक है । जिसमें भू – माफियाओं के साथ तत्कालीन दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हो सके । सांसद ने पत्र में यह अनुरोध किया है कि अयोध्या महानगर विकसित होने में विभिन्न योजनाओं में जमीनों का आरक्षित होना आवश्यक है। अयोध्या में जमथरा से गोलाघाट तक भू –



माफियाओं की ओर से नजूल तथा डूब क्षेत्र की विक्रय की गई भूमि में भ्रष्टाचार की जाँच करवाकर तत्कालीन दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय। जिससे भविष्य में भू – माफियाओं पर लगाम लगाया जा सके ।

## जिलाधिकारी ने आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान का किया शुभारम्भ





दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी । राजकीय पुस्तकालय में डॉ0 आदर्श सिंह जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस देश की महानता है कि यह लोकतंत्र का त्यौहार होता चला आ रहा है। यह हमारे देश के लिए खुशी की बात है, इसकी सराहना हर जगह होती है। जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है वह मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फार्म–6 को भरकर विशेष तिथियों में जमा कर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान प्राविधान में एक व्यक्ति एक ही वोट दे सकता है। उन्होंने कहा कि आधार नम्बर एकत्रीकरण का कार्य जनपदवासियों को जागरूक करने के साथ किया जाये। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया।

अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि 01 अगस्त, 2022 से आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान शुरू कर दिया गया है, जिसके लिए आगामी 07 अगस्त व 21 अगस्त दिन रविवार को फार्म–6बी के माध्यम से मतदेय स्थल पर विशेष कैम्प लगाकर स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण के कार्य को पूरा किया जायेगा, जिससे मतदाता सूची में शुद्धता व पारदर्शिता आयेगी। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/अपमार्जन/संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्म को परिवर्तित किया गया है। परिवर्तित फार्मो में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तनध निर्वाचक नामावली में संशोधनध्मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापनधदिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है। आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता, आशीष पाठक ने किया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज सुमित यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ राजेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जीजीआईसी प्रधानाचार्या डॉ0 पूनम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया जनसेवा केंद्र का उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। सोमवार को विकासखण्ड बंकी अंतर्गत स्थित जहांगीराबाद बाजार में सदरुद्दीन पुर रोड पर हरी कृपा एसेसिरीज एन्ड जनसेवा केंद्र का उद्घाटन जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश कुमार व उनकी माता श्रीमती फूलमती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया।प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि किन्हौली निवासी अमन मौर्या जी के माध्यम से जहां क्षेत्रीय ग्राहकों को जनसेवा केंद्र के जरिये संबंधित सभी सरकारी सुविधाओं को लाभ मिलेगा वहीं चालू हालत में पुराने मोबाइलों की भी बिक्री की जाएगी।प्रोप्राइटर अमन मौर्या ने बताया कि हमारे यहां मोबाईल रिपेयरिंग के साथ सभी मोबाइल पार्ट्स भी उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर सीतापति यादव,मधुकर यादव उर्फ मोहित यादव, आजाद यादव,बेचुलाल,दिनेश यादव,आदित्य कुमार,मोहम्मद हलीम,अनूप कुमार,नौमीलाल,धर्मेन्द्र यादव,परशुराम यादव,अंशिका मौर्या, धर्म सिंह,सुधा यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# संक्षिप्त समाचार

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

रिपोर्टर प्रतीक पटेल अंबेडकर नगर। एनटीपीसी टांडा मखदूम नगर बाजार में कांवरिया वालों के लिए 2 दिन के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर साहब फैजान अहमद और ओटी टेक्निशियन शैलेंद्र जी साहू के द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।



### रुदौली तहसील में स्थापित होगा ग्राम न्यायालय

पवन कुमार रुदौली–अयोध्या। उच्च न्यायालय की ओर से जारी अधिसूचना के बाद अयोध्या जिले की रुदौली तहसील में ग्राम सचिवालय के सुचारू होने का रास्ता साफ हो गया है रुदौली तहसील में





बनने वाले ग्राम न्यायालय में इनके थाना क्षेत्र के 2 वर्ष तक की सजा के मामलों की सुनवाई होगी इसके लिए न्यायिक अधिकारियों की भी तैनाती कर दी गई है मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह प्रथम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 2 वर्ष तक की सजा से संबंधित परिवाद मामले संबंधित ग्राम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे 2 वर्ष से अधिक सजा से संबंधित परिवाद पूर्व की भांति संबंधित न्यायालय में चुने जाएंगे रुदौली में कोतवाली रुदौली थाना मवई और थाना पटरंगा के मामलों की सुनवाई होगी।

### मडलायुक्तने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या
अयोध्या। बैठक के बाद मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह ने संयुक्त रूप से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का नगर निगम, पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों जिन्हें मेला क्षेत्र



में साफ सफाई का दायित्व सौपा गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर साफ सफाई, सुलभ शौचालय का निरीक्षण करने के साथ वर्तमान में मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्वालुओं एवं कांवरियों की संभावित संख्या को देखते हुये आवश्यक व्यवस्थायें कराने के निर्देश दिये है। अधिकारियों द्वारा बन्धा तिराहा से राम की पैड़ी, नयाघाट, नागेश्वरनाथ मंदिर व उसके आसपास क्षेत्रों का भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत होने के साथ वहां लग रहे अस्थायी ठेला आदि को अनयत्र स्थान पर स्थानान्तरित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी दुकानदारों से अपील की गयी है कि वे अपने प्रतिष्ठान के सामने एक डेस्टबिन अवश्य रखे तथा पर्किंग की इस प्रकार व्यवस्था करायी जाय कि श्रद्वालुओं एवं कांवरियों के लिए घाट तक जाने का रास्ता सुगम हो और उन्हें कोई बाधा उत्पन्न न हों। अधिकारियों ने राम की पैड़ी पर लगे स्ट्रीट लाइट एवं म्युजिकल सिस्टम को तत्काल ठीक कराकर क्रियाशील करने के निर्देश दिये है। सुलभ एवं सामुदायिक शौचालयो को 24 घंटे क्रियाशील रखने के साथ उसकी सत्त सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

### नहर में मिला अज्ञात का शव, जांच में जुटी पुलिस, नहीं हो सका शव की शिनाख्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा गोसाईगंज ।थाना क्षेत्र में शारदा सहायक नहर खंड 16 निकटतम गांव नेवदिया के पास झील में एक व्यक्ति का शव उतराता मिला।नहर में शव को देखते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ढेका पखनपुर गांव के सुदनापुर के पास की है। जहां सोमवार की सुबह



ग्रामीणों ने शारदा सहायक खंड–16 के बंधे में एक व्यक्ति का शव उतराता दिखाई दिया।नहर में शव उतराता हुआ दिखाई देने जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही गोसाईगंज थानाध्यक्ष संदीप राय, भटमई चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज बब्बू जायसवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया,पर मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी।

इस सम्बंध में थानाध्यक्ष संदीप राय ने बताया कि शव करीब तीन दिन पुराना लग रहा है। पानी में रहने की वजह से डेड बॉडी फूल सी गई है। मृतक के शरीर पर काली पैंट और लाल रंग की शर्ट है। दाहिने हाथ में सिल्वर रंग का कड़ा है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रधानाध्यापक ने बच्चों को वितरित की पाठय पुस्तकें

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। पूर्व माध्यमिक सादामऊ में प्रधानाध्यापक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय में पढ़ने वाले



समस्त छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने आशीर्वाद वचन देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के सभी वर्ग के लोगो के लिए अनिवार्य है क्योंकि जब समाज शिक्षित होगा तभी समाज का विकास होगा। बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अध्यापिका मंजू सिंह, नीरज कुमार,विकास चौहान,संजय चौहान सहित गांव के अन्य सम्मानित लोगों के साथ छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# क्षय रोगियों की सूचना निजी चिकित्सक भी दें : सीएमओ

☒ प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलेंगे 500 रुपए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। निजी चिकित्सक संभावित क्षय रोगियों की सूचना जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र में दें। क्षय रोगियों की सूचना देने पर निजी चिकित्सकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 500 रुपये दिये जाएंगे। यह निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने दिए।
डा. शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विशेष रूप फील्ड में काम करने वाले कार्यकर्ताओं और निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के तहत निजी चिकित्सक यदि किसी क्षय रोगी का पंजीकरण कराते है तो उन्हें 500 रुपये प्रति रोगी के हिसाब से दिया जाता है। यही नहीं इलाज कराने पर भी 500 रुपये प्रति रोगी एक बार दिया जाता है। शासनादेश में यह भी है कि यदि कोई निजी चिकित्सक या मेडिकल स्टोर संचालक किसी क्षय रोगी के बारे में सूचना छिपाता है तो उस पर कार्रवाई करने का भी प्रावधान है।
जिला क्षय रोग अधिकारी डा. कौशल किशोर सिंह ने बताया कि इस समय सरकारी अस्पतालों में 1411 क्षय रोगी इलाज करा रहे हैं। साथ ही प्राइवेट चिकित्सकों के यहां 320 क्षय रोगियों का इलाज चल रहा है। यह आकंड़े जनवरी 2002 से जुलाई 2022 तक के हैं। उन्होंने बताया कि क्षय रोग का समय से इलाज कराने पर यह रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। लक्षण आने पर जांच कराए और रोग होने पर इलाज शुरू कराए। इलाज के दौरान मरीज को प्रतिमाह पांच सौ रुपये दिए जाते हैं। यह लक्षण होने पर कराएं टीबी की जांच
15 दिन से अधिक खांसी आने पर खांसी के साथ बलगम आने पर बलगम में खून आने पर भूख न लगने और वजन कम होने पर प्रतिदिन शाम को हल्का बुखार आने पर सीने में दर्द होने और प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर।

# हिन्दू अपने ही देश में असुरक्षित इस विषय पर ऑनलाइन विशेष संवाद का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। गले काटनेवाले जिहादियों से स्वयं को और परिवार को बचाना हो, तो हिन्दुओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहना पडेगा ! – टी. राजासिंह, विधायक, तेलंगाना नुपुर शर्मा का समर्थन करने के कारण राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक में हिन्दू विरोधी शक्तियों द्वारा हिन्दुओं के गले काटकर हत्याएं की जा रही हैं । हिन्दू और देशविरोधी जिहादी शक्तियों में युद्ध प्रारंभ हो गया है । युद्ध का बिगुल बज गया है । हिन्दू यदि 'सेक्युलर' बना रहा, तो वह और उसका परिवार नहीं बचेगा । हिन्दू इस भरोसे पर न रहें कि, सरकार और पुलिस उन्हें बचाएगी । हिन्दू आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण लेंगे, तो ही वे बचेंगे । हिन्दुओं को स्वयं को एवं परिवार को बचाना हो, तो प्रत्येक हिन्दू को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहना पडेगा, ऐसा आवाहन प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ और तेलंगाना के भाजपा के विधायक श्री. टी. राजासिंह ने किया है । वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'हिन्दू अपने ही देश में असुरक्षित ?' इस ऑनलाइन विशेष परिसंवाद में बोल रहे थे। इस समय 'श्रीराम सेना' के कर्नाटक के कार्याध्यक्ष श्री. गंगाधर कुलकर्णी ने कहा कि, कर्नाटक में प्रवीण नेट्टारू से पहले फरवरी में हर्ष की हत्या हुई थी । इसका प्रारंभ कर्नाटक के भटकल से वर्ष 1993 में हुआ है । उस समय विधायक चित्तरंजन की हत्या होने के उपरांत दंगा रोकने के लिए नौ महीनों की संचारबंदी लगाई गई थी । तब से कर्नाटक में निरंतर हिन्दुओं की हत्याएं हो रही हैं । गत पांच महीनों में कर्नाटक में 36 से अधिक हिन्दुओं की हत्या हुई है । इसके विरोध में यदि सभी हिन्दुत्वनिष्ठ संगठन एकत्रित नहीं हुए, तो कर्नाटक में हिन्दुओं को बाहर घुमना भी कठिन हो जाएगा । कर्नाटक के फिल्म वितरक और उद्योगपति श्री. प्रशांत संबरगी ने कहा कि, प्रवीण नेट्टारू ने उसकी मांस की दुकान में काम करनेवाले एक मुसलमान को 3 महीने पहले निकाल दिया था। 'हलाल मांस' बंद कर हिन्दू पद्धति का 'झटका मांस' बेचना प्रारंभ कर दिया । इसलिए उसकी हत्या हुई है । हिन्दुओं की हत्या कर हम कितने शक्तिशाली है, यह दिखाने का 'पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया' का (च्थ्) प्रयत्न है । पी.एफ.आई. भारत की 'अल कायदा' है ।


श्री. टी. राजासिंह

उस पर तत्काल कार्यवाही नहीं की गई, तो आगे चलकर और बडा राक्षस बन सकता है। हिन्दू जनजागृति समिति के कर्नाटक राज्य प्रवक्ता श्री. मोहन गौडा ने कहा कि, कर्नाटक में पहले 23 हिन्दुओं की हत्या में से 10 हत्याओं में पी.एफ.आई. और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (क्य्) का सहभाग है, ऐसा आरोपपत्र न्यायालय में प्रविष्ट हुआ था । कांग्रेस के नेता सिद्धरमैय्या ने भी इन संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी । भाजपा के वर्ष 2018 के चुनावी घोषणापत्र में भी सरकार आने पर पी.एफ.आई. और कर्नाटका फोरम फॉर डिग्निटी (झ्थ्) इन संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया गया था । उसके अनुसार कर्नाटक सरकारने केंद्र सरकार से सिफारिश कर इन कट्टरतावादी संगठनों पर कार्यवाही करनी चाहिए । (श्री. रमेश शिंदे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिन्दू जनजागृति समिति)।

# मथुरा में हरियाली तीज पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। चंदा ग्रीन्स वेलफेयर सोसाइटी ट्रांसपोर्ट नगर मथुरा ने हरियाली तीज के उपलक्ष में सावन तीज पर होटल हीरा कुंजी डैंपियर नगर मथुरा में धूमधाम के साथ मनाया जिसका शीर्षक हमारी रीत हमारी तीज था। भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार एवं हरे परिधान और हरे रंग को महत्ता दी गई। सावन का महीना सभी का मन मोह लेता है सब तरफ हरियाली एवं सारा वातावरण प्रफुल्लित रहता है। माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए तपस्या की और वर रूप में प्राप्त किया। महिलाएं भगवान शंकर का व्रत रखती है एवं सोलह सिंगार करती है और अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हैं । सोलह सिंगार में मेहंदी ,महावर ,हरी चूड़ियों को प्रमुखता दी जाती है सावन तीज उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत । नृत्य की प्रतियोगिता हुई जिसमें 40– 50 महिलाओं ने भाग लिया। गेम भी खिलाए गए कार्यक्रम में रिंकी दीक्षित, रिशु अग्रवाल, सरिता, विनीता शर्मा, रश्मि अग्रवाल, पूर्णिमा चौधरी, गुंजन प्रीति ,रेखा, ममता, शालू ,सुधा, स्वाति, सविता आदि मुख्य रूप से रही शामिल।



# पूर्व छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय परिवार ने किया पौधारोहण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा,कोसीकलां। नगर के निकास द्वार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसीकलाँ में पूर्व छात्र छात्रा सम्मेलन आयोजित किया गया।
इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 54 पूर्व छात्रों के साथ साथ , प्रबन्ध समिति के सम्माननीय सदस्यों व आचार्यों ने मिलकर फल व फूलों के 200 पौधों का रोपण किया।इसके बाद सभी पूर्व छात्र– छात्राओं ने अपना परिचय दिया तथा कैरियर के विषय में जानकारी दी। पूर्व छात्र ने कला वर्ग में कैरियर बनाने की जानकारी देते हुए कहा कि कला वर्ग हो या विज्ञान वर्ग हर वर्ग हर क्षेत्र में अवसर हैं। नौकरी करने की बजाय नौकरी देने की योग्यता बढ़ाएं।
कार्यक्रम के पश्चात छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर अपने अध्ययन काल के अनुभव साझा किये। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्यालय के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल , प्रबंधक चंद्रप्रकाश अग्रवाल , मातृ संस्था के मंत्री अवधेश, जिला प्रचारक संदीप , पूर्व आचार्य अशोक जी जैन , खुशहाली फाउंडेशन के सक्रिय कार्यकर्ता शरद जी के साथ साथ अनेक आचार्य एवम कर्मचारी बन्धु उपस्थित रहे।



# खेलकूद प्रतियोगिताओं से राजनीति को रखा जाए दूर बृज के परंपरागत खेलों को दिया जाए बढ़ावा श्री राम मिलन जिला खेल अधिकारी मथुरा

दैनिक आयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के तत्वधान में अखाड़ा शिवशक्ति आधुनिक मल्ल विद्या केंद्र के सहयोग से स्वर्गीय मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नवनियुक्त जिला खेल अधिकारी श्री राममिलन जी का स्वागत सम्मान खेलगुरू ब्रजरत्न अशोकशेखर पहलवान द्वारा पटुका, माला, पगड़ी, स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया जिला खेल अधिकारी जी ने कहा खेलकूद प्रतियोगिताओं से राजनीति को दूर रखना चाहिए और ब्रज के जितनी भी परंपरागत खेल हैं उन सबको बढ़ावा मिलना चाहिए जिससे मथुरा जनपद के खिलाड़ी मथुरा जनपद का नाम राष्ट्र ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर सकें इस अवसर पर स्टेडियम बाबू, लक्ष्य पहलवान, अंकित पहलवान, जय भगवान पहलवान, कान्हा पहलवान, सीएम पहलवान आदि उपस्थित थे।



# मथुरा के नौहझील में भाकियू टिकैत की होगी विशाल किसान महापंचायत, बैठक कर तैयार की गयी रणनीति



☒ मानागढ़ी के घूरेलाल नेताजी व इंद्रपाल सिंह बनाये गए कार्यक्रम संयोजक

☒ तैयारी बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश,मंडल व जिला स्तर की संमस्त इकाइयां रही मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। जनपद के नॉहझील बाजना में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। महापंचायत आगामी सात अगस्त को रखी गयी है। जिसमें राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। इसे लेकर सोमवार को प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र परिहार की अध्यक्षता में नॉहझील के मानागढ़ी (बाजना) स्थित श्रीकृष्ण वनस्थली इंटर कालेज में भाकियू द्वारा बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गयी। जिसमें मानागढ़ी के घूरेलाल नेताजी व इंद्रपाल सिंह को किसान महापंचायत का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। आगामी 7 अगस्त को नॉहझील के गावँ माना गढ़ी स्थित श्रीकृष्ण वनस्थली इंटर कालेज में होने जा रही इस विशाल किसान महापंचायत को लेकर आगरा भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव से पूर्व किसानों से किया कोई वायदा पूरा नहीं किया है। भारतीय किसान यूनियन व संयुक्त मोर्चा से दिल्ली में किये करार व वायदे भी अभी तक पूरे नहीं किये । इस सरकार ने पूंजीपतियों व धनाढ्यों के इशारे पर चल किसान,मजदूर एवं देश के नोजवानों को ठगने का काम किया है। बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मथुरा के नॉहझील में किसान महापंचायत पर आव्हान किया गया है। जिसमें महापंचायत में चौ. राकेश टिकैत मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी से महापंचायत को सफल बनाने के लिये एकजुट होकर जुटजाने की अपील की है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान , प्रचार मंत्री चौधरी करुआ सिंह , जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी, गिर्राज सिंह परिहार आगरा मंडल सलाहकार,तहसील अध्यक्ष महावन चंद्रभान सिंह ,योगेश सचिव, इंद्रपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष चुनमुन मुकेश पहलवान ,मंडल महासचिब आगरा तेज बहादुर सॉनी ,मंडल प्रमुख महासचिब जगदीश परिहार, तहसील अध्यक्ष गोवर्धन राजकुमार नैन,सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# छह माह तक नवजात को केवल स्तनपान विश्व स्तनपान सप्ताह हुआ शुरु



☒ एक से सात अगस्त तक प्रत्येक चिकित्सा इकाई पर प्रतिदिन आयोजित होगा स्तनपान घंटा मा. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के लाइव कार्यक्रम को सुना गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। सोमवार से जनपद में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ हो गया। जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों पर स्तनपान से संबंधित राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के वक्तव्य को सुना गया । अब पूरे सप्ताह स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है। मां के दूध शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह शिशु को डायरिया, निमोनिया और कुपोषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एक से सात अगस्त तक मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम इस बार स्तनपान प्रोत्साहन– समर्थन एवं सहयोग रखी गई है। इसके तहत प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर एक घंटे तक स्तनपान के बारे में जागरुकता कार्यक्रम होंगे। इसमें स्तनपान की महत्ता लोगों को बताई जाएगी। यदि बच्चा स्तनपान नहीं कर रहा है तो उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि बच्चे को जन्म के एक घंटे के अंदर गाढ़ा पीला दूध पिलाना आवश्यक है। यह नवजात और मां दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि डिब्बा बंद दूध बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इसलिए बच्चे को



डिब्बाबंद दूध पिलाने से परहेज करें और छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही पिलाएं। स्तनपान के शिशु को लाभ मां की त्वचा का संपर्क शिशु के तापमान को बनाए रखता है दूध उतरने में सहायक पहला गाढ़ा दूध अथवा कोलेस्ट्रम शिशु को बीमारियों से बचाता है दस्त रोग, निमोनिया, कान व गले संक्रमण आदि का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। शिशु और मां के बीच जुड़ाव रहता है। बौद्धिक स्तर में सुधार होता है।

# राष्ट्रीय ध्वज का हो रहा है अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज और कटिंग कर रहे कारीगर राष्ट्रीय ध्वज का कर रहे हैं अपमान पैरों से खून्द रहे हैं और कूड़ेदान में डाल रखे हैं राष्ट्रीय ध्वज



दैनिक आयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

☒ प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के होते हुए राष्ट्रीय ध्वज का मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले अपमान कर रहे हैं

मथुरा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का हो रहा है अपमान मथुरा की इंडस्ट्रीज एवं कटिंग कर रहे कारीगर कर रहे हैं राष्ट्रीय ध्वज का अपमान पैरों से खून्द रहे हैं और कूड़ेदान मैं डाल रहे हैं और नाड़े बना रहे हैं मथुरा की फैक्ट्रियों में कूड़ेदान में पढ़े हुए हैं राष्ट्रीय ध्वज को मथुरा के फैक्ट्री वाले जानबूझकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान कर रहे हैं क्या राष्ट्रीय ध्वज का मथुरा के फैक्ट्री वालों को पता नहीं है क्या यह राष्ट्रीय ध्वज है क्या कोई अधिकारी इन फैक्ट्रियों में घूमने गया है क्या जिन फैक्ट्रियों में राष्ट्रीय ध्वज का छपाई का काम हो रहा है वह मथुरा की करीब 75श्. परसेंट फैक्ट्री यह राष्ट्रीय ध्वज छाप रही हैं यह बैनर फैक्ट्री वाले राष्ट्रीय ध्वज को देखते हुए भी इस पर लगाम नहीं लगा रहे हैं और इन मथुरा की फैक्ट्रियों पर राष्ट्रीय ध्वज छापने का कोई भी लाइसेंस नहीं है और जो फैक्ट्री राष्ट्रीय ध्वज को छाप रही हैं उनका नाम ब्रज उद्योग. बरसाना साड़ी. कन्हैया लाल. अक्षरा फैब्रिक. सुशील प्रिंट. राजश्री साड़ी सेंटर. रसिया साड़ी सेंटर पाली खेड़ा. घनश्याम साड़ी सेंटर. जयशंकर साड़ी सेंटर. हनुमान टेक्सटाइल. रेखा साड़ी सेंटर. नैना टेक्सटाइल एवं ऐसी अन्य फैक्ट्रियां राष्ट्रीय ध्वज को छाप रहे हैं इसमें अधिकारी और राजनेता भी सम्मिलित हैंअधिकारियों की देखरेख में छापा जा रहा है मथुरा की फैक्ट्रियों में फिर भी उस राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है क्या उत्तर प्रदेश सरकार इन मथुरा की फैक्ट्री वालों पर और अधिकारियों पर और राजनेताओं पर कोई कार्यवाही होगी या राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता रहेगा कुछ फैक्ट्री वाले तो ऐसे भी हैं जिन पर जीएसटी नंबर नहीं है मगर फिर भी इंडस्ट्रीज लगाकर बैठे हुए हैं और राष्ट्रीय ध्वज को अपनी फैक्ट्री में छाप रहे हैं जो कि कुछ साइज हैं जो 8 रुपए का राष्ट्रीय ध्वज पड़ता है उसे राजनेता खरीद कर ओने पौने दामों में आगे सप्लाई कर रहे हैं इससे पता लगता है इसमें कितनी धांधली बाजी हो रही है और मथुरा की इंडस्ट्रीज वाले जो भी कलर का पानी होता है उसे नालों के द्वारा जमुना नदी में कलर के पानी को बहा देते हैं जिससे पे जमुना नदी का पानी गंदा हो रहा है और पोलूशन हो रहा है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री कहते हैं जमुना मैया को पोलूशन मुक्त करेंगे जब के उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार इस



जमुना नदी पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है मगर आज तक जमुना मैया मैं गंदा पानी डालने से आज तक न कोई अधिकारी रोक पाया है ना कोई मंत्री रोक पाया है जब कि मथुरा में 2 .2 मंत्री रह चुके हैं और अब भी मथुरा में एक मंत्री जी हैं वही नहीं देख रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि इस खेल में कौन कहां तक इस भ्रष्टाचार में लिप्त है जब कि पोलूशन की खबरें पहले भी चल चुकी है मगर अधिकारी कोई भी कार्रवाई करने से बचते हैं क्योंकि उनकी जेब गरम होती है हर महीने सूत्रों की माने तो मथुरा की इंडस्ट्रीज को दिखावे के लिए नोटिस भेजे हुए हैं और मथुरा वृंदावन नगर निगम भी कुछ नहीं करती है क्योंकि नगर निगम की भी जेल गर्म होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## बटन दबाकर एसडीएम ने किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

☒ एलईडी से शैक्षणिक विडियो देख पढेगे बच्चे

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। बिंदकी नगर के प्राथमिक विद्यालय ललौली रोड हजरतपुर ठठराही मे मुख्य अतिथि एसडीएम अंजू वर्मा ने बटन दबाकर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया।एसडीएम ने खुशी जताते हुए अपने खर्च पर यह पहल करने पर समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र उर्फ मोना ओमर के प्रयास की सराहना की।एसडीएम ने कहा स्मार्ट क्लास का यह प्रयोग वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक है। शैक्षणिक विडियो देख बच्चों को पढनें मे आसानी होगी।युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा स्मार्ट क्लास से बच्चो की शैक्षणिक गुणवत्ता पर धनात्मक प्रभाव पढेगा।ईओ नगर पालिका निरुपमा प्रताप सिंह,तहसीलदार शशिभूषण मिश्रा,पहरवापुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह भदौरिया ने विद्यार्थियो से संवाद किया।अतिथियो को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।संचालन अंशुल गुप्ता ने किया।मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विकास द्विवेदी,विष्णु द्विवेदी,प्रदमचंद्र ओमर,अनुपम ओमर,हर्ष सिंह,संजय ओमर रहे।



## नाग पंचमी का आध्यात्मिक लाभ नाग पंचमी का त्यौहार श्रवण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नाग पंचमी का त्यौहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। इस दिन नाग पूजा करने की परंपरा है । प्राचीन काल से ही हिंदू धर्म में नाग पूजा का उल्लेख पाया जाता है, यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में की जाती है। नागपंचमी संपूर्ण भारत में मनाया जाने वाला त्यौहार है । इस वर्ष अंग्रेजी माह के अनुसार 2 अगस्त को यह त्यौहार मनाया जाएगा ।
इतिहास रू पांच युगों से पूर्व सत्येश्वरी नामक एक कनिष्ठ देवी थी । उनका सत्येश्वर नाम का भाई था । सत्येश्वर की मृत्यु नागपंचमी से एक दिन पूर्व हो गई थी । सत्येश्वरी को उसका भाई नाग के रूप में दिखाई दिया । तब उसने उस नाग रूप को अपना भाई माना । उस समय नाग देवता ने वचन दिया कि, जो बहन मेरी पूजा भाई के रूप में करेगी, मैं उसकी रक्षा करूंगा । इसलिए प्रत्येक स्त्री उस दिन नाग की पूजा कर नागपंचमी मनाती है । नागपंचमी में किए जाने वाले कृत्य का आध्यात्मिक लाभ रू 'जो स्त्री नाग की आकृतियों का भावपूर्ण पूजन करती है, उसे शक्ति तत्व प्राप्त होता है। इस विधि में स्त्रियां नागों का पूजन 'भाई' के रूप में करती हैं, जिससे भाई की आयु बढती है। नागपंचमी के दिन नाग की पूजा करना अर्थात नाग देवता को प्रसन्न करना। नागपंचमी के दिन नाग की पूजा करना अर्थात सगुण रूप में शिव की पूजा करने के समान है । इसलिए इस दिन वातावरण में आई हुई शिव तरंगें आकर्षित होती हैं तथा वे जीव के लिए 364 दिन उपयुक्त सिद्ध होती हैं।नए वस्त्र और अलंकार परिधान करने का कारण रू भाई के लिए सत्येश्वरी का शोक देखकर नागदेव प्रसन्न हो गए । उसका शोक दूर करने और उसे आनंदी करने के लिए नागदेव ने उसे नए वस्त्र परिधान करने हेतु दिए तथा विभिन्न अलंकार देकर उसे सजाया । उससे सत्येश्वरी संतुष्ट हो गई । इसलिए नागपंचमी के दिन स्त्रियां नए वस्त्र और अलंकार परिधान करती हैं। मेंहदी लगाने का महत्व रू नागराज, सत्येश्वर के रूप में सत्येश्वरी के सामने प्रकट हुए । 'वह चले जाएंगे', ऐसा मानकर सत्येश्वरी ने उनसे अर्थात नागराज से अपने हाथों पर वचन लिया । वह वचन देते समय सत्येश्वरी के हाथों पर वचन चिन्ह बन गया । उस वचन के प्रतीक स्वरूप नागपंचमी से एक दिन पूर्व प्रत्येक स्त्री अपने हाथों पर मेहंदी लगाती है। नाग पंचमी की परंपराएं – नागपंचमी के दिन कुछ अन्य बातें भी परंपरागत रूप से चली आई हैं । उनमें से एक है– झूला झूलना । नागपंचमी के दिन स्त्रियों के झूला झूलने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है । झूला झूलते समय आकाश की ओर ऊपर जाते झूले के साथ, अपने भाई की उन्नति हो, एवं नीचे आते झूले के साथ भाई के जीवन में आने वाले दुख दूर हों, ऐसा भाव रखा जाता है । इस परंपरा का पालन आज भी देहातों में होता है । इस दिन स्त्रियां अपने भाई की सुख–समृद्धि तथा उसकी उन्नति के लिए उपवास रख नाग देवता से प्रार्थना करती हैं। नागपंचमी के दिन जो बहन, भाई की उन्नति हेतु ईश्वर से उत्कंठा पूर्वक एवं भावपूर्ण प्रार्थना करती है, उस बहन की पुकार ईश्वर के चरणों में पहुंचती है। अतः प्रत्येक स्त्री को इस दिन ईश्वरीय राज्य की स्थापना हेतु प्रत्येक युवक को सद्बुद्धि, शक्ति एवं सामर्थ्य प्राप्त हो, ऐसी प्रार्थना करनी चाहिए। क्या अन्य दिनों पर भी काटने अथवा तलने जैसे कृत्यों से पाप लगता है ? अन्य दिनों पर देवता जन्य इच्छा तरंगें भूमि के निकट नहीं होती । इस कारण काटने अथवा तलने का कृत्य करने से समष्टि पाप लगने की मात्रा अल्प होती हैय इसलिए कलियुग में सुविधा की दृष्टि से इस कृत्य को स्वीकारा गया है । प्राचीन काल में कंद– मूल उबालकर खाते थे। इस प्रक्रिया में काटना, तलना ये कृत्य अंतर्भूत नहीं थे। इस कारण व्यक्ति के हाथों पाप होने की संभावना अत्यंत अल्प थी। अवतार कार्य से नाग का संबंध रू पृथ्वी पर जब अधर्म बढता है, तब दुर्जनों द्वारा अत्याधिक कष्ट दिए जाते हैं । इस कारण साधकों के लिए साधना करना कठिन हो जाता है। तब दुर्जनों का विनाश करने हेतु ईश्वर प्रत्यक्ष रूप धारण कर जन्म लेते हैं।
ईश्वर के इसी प्रत्यक्ष रूप को अवतार कहते हैं । ईश्वर का यह अवतार रूप दुर्जनों का विनाश कर धर्म संस्थापना करते हैं । यह धर्म संस्थापना का कार्य ही अवतार कार्य है। जब ईश्वर अवतार लेते हैं, तब उनके साथ अन्य देवता भी अवतार लेते हैं एवं ईश्वर के धर्म संस्थापना के कार्य में सहायता करते हैं। उस समय नाग देवता भी उनके साथ होते हैं । जैसे, त्रेतायुग में भगवान श्रीविष्णु ने राम अवतार धारण किया तब शेषनाग लक्ष्मण के रूप में अवतरित हुए। द्वापर युग में भगवान श्रीविष्णु ने श्रीकृष्ण का अवतार लिया। उस समय शेष बलराम बने । संदर्भ रू सनातनका ग्रंथ 'त्यौहार, धार्मिक उत्सव व व्रत' (कु. कृतिका खत्री,



## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले स्वतंत्रता सेनानियों का किया गया सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में सोमवार को देशभर के एक साथ एक लाख से अधिक विद्यालयों में भारत माता पूजन व सैनिक स्वतंत्रता सेनानी परिवार सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में महेबा ब्लाक का कंपोजिट विद्यालय खल्ला, जालौन ब्लाक का कन्या प्राथमिक विद्यालय सहाव, कदौरा ब्लाक के महंत भगवत विशाल इंटर कालेज कदौरा, नदीगांव के प्राथमिक विद्यालय कैलिया, डकोर ब्लाक में उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐर, माधौगढ़ ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय इकहरा, कोंच ब्लाक में उच्च प्राथमिक विद्यालय अटा, रामपुरा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय रामपुरा वार्ड नंबर सात, कुठौंद ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय रामपुरा किरवाहा समेत करीब एक हजार स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन लगाने वाले सेनानियों का कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया गया। उनके सपनों का भारत बनाने के लिए इंडिया से भारत की ओर जाने का आह्वान करते हुए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में स्थानीयस्वतंत्रता सेनानियों के परिवार का सम्मान किया गया। महासंघ की तरफ से विद्यालय को भारत माता का चित्र भेंट की गई। अंत में भारत माता की आरती का सामूहिक गायन हुआ। महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्कूलों में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उत्साह रहा। आयोजन को लेकर गठित टीमों ने सराहनीय काम किया। इस दौरान महामंत्री इलयास मंसूरी, ब्रजेश श्रीवास्तव, तनवीर अहमद, राकेश कुमार,अरविंद स्वर्णकार, उपेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



## शिव रुद्राक्ष सेवा समिति आगरा में 15 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। सोमवार को कैलाश मेले के पावन पर्व पर श्री शिव रुद्राक्ष सेवा समिति आगरा में 15 वां विशाल भंडारा कामायनी हॉस्पिटल के सामने आगरा दिल्ली राजमार्ग पर सुबह से आयोजित किया गया।

जिसका शुभारंभ डॉव संदीप



अग्रवाल ने सपरिवार बाबा भोलेनाथ की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर तथा आरती कर किया। मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक श्रीमान पुरषोत्तम खण्डेलवाल भाजपा बरिष्ठ नेता प्रमोद गुप्ता उपस्थित रहे। भंडारे में शिव भक्तो के लिए विशेष प्रकार के व्यंजनों की समिति द्वारा व्यवस्था की गई पूड़ी सब्जी खीर खिचड़ी हलुआ पोहा राजमा चावल मटर पतीला उपमा जलेबी आइसक्रीम कुल्फी कोल्डड्रिंक छांछ छोले चावल बच्चों के लिए विशेष प्रकार के आइटम देर शाम तक वितरित किए गए। समिति के संदीप सिंघल सचिन गोयल ने बताया कि समिति का उद्देश्य है कि जो शिव भक्त सुबह सुबह घर से खाली पेट शिव जी के दर्शन के लिए आते हैं उन्हें वापस घर जाते समय भूखे ना पड़े इस प्रकार के भंडारे की प्रेरणा बाबा बर्फानी अमरनाथ में होने वाले भंडारों से मिली थी। भंडारे की व्यवस्था में मुख्यरूप से मेघराज शाक्य, संदीप सिंघल, अविनाश राणा, सचिन गोयल, शैलेन्द्र गोयल, सौरभ वर्मा, दीपक अग्रवाल, सुनील यादव, पवन कुमार, नन्दू जैसवार, आदि उपस्थित रहे।

## 2001 बैच के विद्यार्थियों ने कॉलेज आकर यादें की ताजा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कॉलेज, आगरा के रसायन विज्ञान विभाग में आज सत्र 2001 के एमएससी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं ने विभाग में आकर अपने पुराने शिक्षकों से मिलकर अनुभव साझा किए। जिन शिक्षकों ने उन्हें पढ़ाया, उनको शॉल ओढ़ाकर तथा पौधा भेटकर उनका अभिनंदन किया तथा उनके प्रति अपना आदर व सम्मान व्यक्त किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्राचार्य डॉ अनुराग शुक्ला ने कहा की यह वर्ष कार्यक्रम का संचालन डॉ अमित अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व छात्रा डॉ गीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ एससी अग्रवाल, डॉ एससी गोयल, डॉ मिथिलेश शुक्ला, डॉ विनीता गुप्ता आदि का पूर्व छात्रों ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ संचिता सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉ कल्पना चतुर्वेदी, चेतन गौतम, गौरव प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष यादव फर्रुखाबाद,



महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि महाविद्यालय अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इस अवसर पर आप जैसे पुरातन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में आकर अपने पुराने अनुभवों का उन्हें सुना या अपने गुरुओं का सम्मान किया यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। समारोह में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार रावत ने सभी अतिथियों एवं एवं पुरातन विद्यार्थियों का स्वागत किया। डॉ अभिषेक श्रीवास्तव मुंबई, बबीता सिंह फरीदाबाद, सुनीता सिंह मथुरा मनी अग्रवाल मानेसर, आशीष अग्रवाल हिमाचल प्रदेश, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह नोएडा, डॉ राजेश सिंह लखनऊ, प्रतीक्षा गर्ग, राहुल शर्मा, चारु अग्रवाल, शिवानी गुप्ता, सारिका पाराशर, राजीव कुमार सिंह, डॉ श्यामवीर सिंह, डॉ मधुर अग्रवाल, प्रगति सिंह गाजियाबाद आदि पूर्व छात्रों ने सहभागिता की तथा महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

## गोस्वामी कॉन्प्लेक्स के के नगर सिकंदरा आगरा पर भव्य भंडारे का किया आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। सोमवार को कैलाश मेले पर रही भक्तों की धूम गोस्वामी कॉम्प्लेक्स पर धूमधाम से किया गया भंडारा उ.



प्र.श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों का भंडारे में आए शिव भक्त पत्रकारों का भी स्वागत सत्कार किया गया। पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर कैलाश मंदिर एवं सिकंदरा क्षेत्र में लगने वाले मेले पर गोस्वामी कॉन्प्लेक्स के के नगर सिकंदरा आगरा पर भव्य भंडारे का आयोजन किया।

जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नितेश शर्मा संपादक हिंदी दैनिक जनसंदेश टाइम्स, के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष अमित उपाध्याय , जिला सचिव मनोज पुरी द्वारा संपादक नितेश शर्मा , उप संपादक गिरजा शंकर शर्मा एवं कुलदीप शर्मा वहीं ब्यूरो चीफ चंद्र प्रकाश का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

कांपलेक्स के व्यापारियों द्वारा बताया गया कि पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों का भंडारे में विशेष सहयोग रहा एवं नितेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनि यन के पत्रकारों के हितों में किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया इस अवसर पर दैनिक अयोध्या टाइम्स के जिला प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह, सांध्य पहल के संवाददाता महिपाल सिंह , देवेंद्र पुरी , आकाश पुरी, अमन गोस्वामी, नारायण सिंह, अशोक पुरी, शिवम लवानिया आदि उपस्थित रहे।

## बनखंडी महादेव मंदिर पर हुआ मेले का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता ईशू चेनानी अछनेरा। सावन माह के तीसरे सोमवार को अछनेरा के मोहल्ला चुहरा में प्राचीन बनखंडी महादेव मंदिर पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ साथ भोलेनाथ के जयकारे लगाए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अछनेरा के सभी शिवालयों पर पुलिस की पैनी नजर थी सावन मास के तीसरे सोमवार को अछनेरा के प्राचीन बनखंडी महादेव मंदिर पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक किया और पुष्प अर्पित किए महिला श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा भोलेनाथ बड़े ही दयालु हैं बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से मन को एक विशेष ऊर्जा प्राप्त होती है और साथ साथ मुँह मांगी मुरादे भी पूरी होती हैं सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगाये सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मन्दिर के चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर थी मन्दिर के महन्त बन्टी शर्मा ने बताया कि आज सोमवार की रात को भोलेनाथ के मंदिर पर फूलबंगला सजाया जाएगा और बाबा भोलेनाथ को छप्पनभोग भी लगाया जाएगा साथ ही एक विशेष भंडारे का भी आयोजन किया



जायेगा बिजली विभाग के लाइन मैन बन्टी शर्मा ने बताया कि मैं सावन के प्रत्येक सोमवार को मन्दिर पर डेकोरेशन का कार्य वर्षों से करता चला आ रहा हूँ बाबा भोलेनाथ की सभी लोगों पर असीम कृपा बरसती है।

## भदोही जिले में रामा संगठन में अनिल उपाध्याय और ज्योति मिश्रा को मिली जिम्मेदारी

☒ प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में मिली जिम्मेदारी

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की एक जिलास्तरीय बैठक गोपीगंज में आयोजित की गई। जहां पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह की मौजूदगी में जनपद के जिलाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए जिम्मेदारी दी गई।

बैठक का शुभारंभ आये हुए अतिथियों के स्वागत और माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम उपाध्याय ने लोगों को संबोधित करते हुए मानवाधिकार और जीवन के मूल्यों की चर्चा करते हुए बताया कि अपनी आत्मा का कल्याण हो और जगत का हित हो। परमात्मा से सद्बुद्धि की मांग करना चाहिए यदि सद्बुद्धि मिल जाये तो सब कुछ मिल जाता है। जीवन का उद्देश्यों की श्रृंखला में एक भी मनुष्य का कल्याण कर दिया तो समझे जीवन सफल हो गया। कहा कि मानवाधिकार जिस तरह कार्य करता है वह अपने आप विशेष है। किसी जीव के साथ कोई गलत हो तो वहां मानवाधिकार कार्य करता है। मनुष्य को पद का नही बल्कि कर्तव्य का अधिकारी होना चाहिए। मानवीयता से ओतप्रोत होकर कार्य करे तो यह सच्ची मानवता है। क्योकि आज मनुष्य अपनी मानवता भूल चुका है। कहा कि कोई जीव काट ले तो उसका ईलाज है लेकिन मनुष्य काटने का ईलाज मानवाधिकार में ही संभव है। पत्रकारों को पुरोहित बताते हुए कहा कि देश समाज की रक्षा व सुरक्षा के सदैव पत्रकार तैयार रहते है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह ने देश के पिछड़ेपन पर चिंता जाहिर करते हुए लोगों का आह्वान किया कि सरकार की गलत नीतियों का खुलकर विरोध करें जिससे मानवीय मूल्यों और मानवाधिकार की रक्षा हो सके। मनोज सिंह ने कहा कि आजादी के पहले देश को अंग्रेजों ने विभिन्न तरह के टैक्स लगाकर लूटा और अब देश के सफेदपोश नेता देश को विभिन्न तरह से लूट रहे है। कहा कि जब तक लोग अपने हितों को ध्यान में रखकर कार्य नही करेंगे तब तक देश व



समाज की तरक्की सही ढंग से नही हो पायेगी। कहा कि मानवाधिकार ऐसा अधिकार है जिनपर प्रत्येक व्यक्ति के जन्म से लेकर पूरे जीवन तक अधिकार होता है। जो मानवता के दृष्टि से बहुत ही अनिवार्य है। पूरे नागरिक को समान अधिकार प्रदान कराना ही मानवाधिकार का परम लक्ष्य है।

इसलिए सभी मानवाधिकार कार्यकर्ताओ को इस पर कानून और कर्तव्य का पालन करते हुए समाज की सेवा करें।

भदोही जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी लगन और निष्ठा से पूरा करते हुए मानवाधिकार की रक्षा में अहम भूमिका निभाऊंगा। और समाज में लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करूगा। जनपद की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति मिश्रा ने लोगों का आभार जताते हुए मानवाधिकार की रक्षा के लिए महिलाओं को जागरूक करने तथा उनकी आवाज को आगे बढाने की बात कही। इस मौके पर राधेश्याम उपाध्याय, मुन्ना पाण्डेय, कमलेश दूबे, दिनेश दूबे, चन्द्रशेखर तिवारी, रमाशंकर पाण्डेय समेत काफी लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विमल कुमार पाण्डेय ने किया।

## पुलिस ने चौन स्नैचिंग करने वाले एक व्यक्तिको दबोचा



☒ कब्जे से एक चौन पीली एक मोटर साइकिल बुलेट, दो मोबाइल बरामद

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दिन 29 जुलाई को थाना हरीपर्वत पर तहरीर प्राप्त हुयी कि वादिया सेंट जोसेफ कॉलेज अध्यापन हेतु जायी थी। विद्यालय के गेट के सामने काले रंग एक्टिवा पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीछे से चौन लोकेट सहित छीनकर भाग गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पर मु0 पंजीकृत किया गया। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को निर्देश दिये गये। पुलिस टीमों द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु सीसीटीवी, लोगों से पूछताछ, मुखबिर आदि। सूचना के विभिन्न माध्यमों द्वारा तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में एक अगस्त को स्वॉट टीम, सीआईडब्ल्यू टीम सर्विलांस टीम व हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चौकिंग की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि सीसीटीवी फुटेज में चौन लूट की घटना में दिखने वाला व्यक्ति, पालीवॉल तिराहे के पास बुलेट मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है, अगर जल्दी करें तो पकड़ा जा सकता है।

पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा एक वारगी दविश देते हुये चारों ओर से घेर घोटकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम शाहरूख उर्फ बिट्टू बताया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि मैने बजीरपुरा रोड विद्यालय गेट के सामने एक महिला रोड पार कर रही थी, उक्त महिला की चौन तोड़कर स्कूटी से भाग गया था। अब मैं दूसरी मोटरसाइकिल से दोबारा पटना करने के उद्देश्य से आया था लूटी हुयी चौन के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि. मैने अपने घर पर कमरे में लगे ।ब के पास छिपाकर रखी है। अभियुक्त की निशानदेही पर अभियुक्त के घर से लूटी चौन पीली धातु को बरामद किया गया। गिरफ्तार, 01. शाहरुख उर्फ बिट्टू पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी 4जी फ्लोर नम्बर 23 सी धाकरे एन्क्लेव धौलपुर हाउस थाना रकाबगंज आगरा। पुलिस टीम ने, 1. प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार, 2. निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार प्रभारी सीआईडब्ल्यू टीम, 3. उ0नि0 श्री अजय कुमार प्रभारी स्वॉट टीम, 4. उ0नि0 श्री उदयवीर सिंह थाना हरीपर्वत, 5. है०काव रिषी यादव सर्विलांस टीम जनपद आगरा।

## बच्चा मां का दूध न पिए तो एएसटी से कराएं स्तनपान

☒ अभिराज ने मां का दूध छोड़ा, एसएसटी तकनीक से दो दिन में मां का दूध पीना शुरू,ज्यादातर लोगों को होती है समस्या, मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार –विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है। इसके लिए स्तनपान जरूरी है। स्तनपान के प्रति जागरुकता के लिए हर वर्ष एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जात है। इस बार इसकी थीम समर्थन एवं सहयोग रखी गई है। नाला काजीपाड़ा निवासी संध्या का बच्चा अभिराज मां का दूध नहीं पी रहा था। दूध पिलाने पर दूर भागता था। संध्या ने बताया कि उसे डिब्बे का दूध पिलाया और बच्चे की तबियत खराब होने लगी। उसका पेट फूल गया। क्षेत्रीय आशा ने उसे जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र जाने की सलाह दी। यहां पहुंचने पर डायटिशियन ललितेश द्वारा सप्लीमेंट्री सकलिंग टेक्निक (एसएसटी) का प्रयोग किया गया। अभिराज ने दो दिन में ही मां का दूध पीना शुरू कर दिया और मां का भी दूध आने लगा है। अब बच्चा स्वस्थ होने लगा है और अब भी एनआरसी में एडमिट है। जिला अस्पताल की डायटिशियन ललितेश शर्मा ने बताया कि जो बच्चे स्तनपान नहीं कर रहे हैं या करना छोड़ दिया है। उन्हें सप्लीमेंट्री सकलिंग टेक्निक (एसएसटी) से स्तनपान कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एसएसटी एक प्रक्रिया है, जिसमें बच्चे को आर्टिफिशियल तरीके से स्तनपान कराया जाता है। इसमें एक पतली नली प्रयोग होती है, नली के दोनों सिरे खुले होते हैं। इक सिरे को मां के स्तन पर लगाया जाता है, दूसरे सिरे को दूध से भरी कटोरी में लगाया जाता है। कटोरी को मां के कंधे के पास रखते हैं। इसके बाद बच्चे को स्तनपान कराया जाता है। जब दूध नली से बच्चे के मुंह में जाता है तो बच्चे को लगता है कि दूध मां के स्तन से आ रहा है और बच्चा दूध पीना शुरू कर देता है। यह प्रक्रिया दो से तीन दिन लगातार कराने पर जो बच्चे स्तनपान छोड़ चुके हैं वह दोबारा स्तनपान करना शुरू कर देते हैं और मां को भी दूध आने लगता है।



स्तनपान को प्रभावित करने वाले कारक–बोतल से दूध पिलाना –डिब्बे का दूध पिलाना–माताओं को स्तनपान से होने वाले लाभ की जानकारी न होना–बच्चे का मां के संपर्क में अधिक समय तक न रहना– मां का गुटखा, अधिक चाय, कॉफी लेना या संतुलित आहार न लेना मां के दूध की उपलब्धता बढ़ाने के लिए यह करें–शिशु व मां की त्वचा का संपर्क बढ़ाएं। इसे ऑक्सीटोसिन व प्रॉलेक्टिन हार्मोन का स्त्रवण हो, जो कि मां का दूध बढ़ाने में सहायक है।– मां को जीरा, आजवायन, सौंठ, मैती व शतावरी, दूध, दालें आदि का अधिक सेवन कराये।

## हेलीकाप्टर से दूसरे दिन भी कांवरियों पर बरसाए गए फूल



प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए प्रयागराज से जाने वाले कांवरियों पर तीसरे सोमवार को भी पुष्पवर्षा हुई। सुबह 11 बजे पुष्पवर्षा के लिए पुलिस लाइन हेलीपैड से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। इस दौरान मंडलायुक्त विजय विकास पंत, आईजी राकेश सिंह, एसएसपी शैलेष पांडेय मौजूद रहे।

दशाश्वमेध घाट दारागंज, मनकामेश्वर मंदिर के बाहर खड़े दर्शनार्थियों पर, शास्त्री ब्रिज और भीटी बॉर्डर तक फूलों की बारिश हुई। पुष्पवर्षा के दौरान कांवरियों ने बोल–बम के नारे लगाए। जहां–जहां फूलों की बारिश हुई, वहां लोगों ने भारी उत्साह के साथ दिखे।

## हरियाली तीज महिलाओं के लिए प्रेम, आस्था व सौभाग्य का प्रतीक : राजेश खुराना




दै, अयोध्या टाइप्स ब्यूरो आगरा। हिंदू धर्म में हर वर्ष, इन उत्सवों के जरिये भगवान की भक्ति तो होती ही है, साथ ही साथ ये उत्सव, महिलाओं के हर्षोल्लास का कारक भी बनते हैं। हरियाली तीज का उत्सव इन्हीं उत्सवों में शामिल है। इस संदर्भ में आगरा स्मार्ट सिटी, भारत सरकार के सलाहकार सदस्य एवं व्यापारी, उद्योगपति, निर्यातक तथा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के सचिव व हिन्दू जागरण मंच, ब्रज प्रान्त उ.प्र. के प्रदेश संयोजक और फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय मानवाधिकार संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष, बेटी बचाओ आयाम के अध्यक्ष तथा आत्मनिर्भर एक प्रयास के चेयरमैन व सुप्रशिद्ध समाज सेवक श्री राजेश खुराना ने सभी देशवासियों को पूरे परिवार सहित हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनायें एवम बधाइयाँ देते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि हरियाली तीज के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखकर पूजा–पाठ करती हैं। हर वर्ष सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यह त्यौहार मनाया जाता है। मान्यता है कि सावन के महीने में चारों तरफ हरियाली छा जाने के कारण से इस तीज को हरियाली तीज के नाम से जाना जाता है। इसी महत्वपूर्ण विचार को आगे बढ़ाते हुए समाजसेविका श्रीमती नोनिता खुराना ने बताया कि भारतीय समाज में इस दिन महिलाएं झूले का आनंद लेती हैं। महिलाएं झुंड बनाकर झूला झूलती हैं और हरियाली तीज का आनंद लेती हैं, भगवान शिव एवं मां पार्वती आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा जीवन में सदैव खुशहाली, उमंग व सुख – समृद्धि बनाएं, ऐसी हमारी कामना है।

# संक्षिप्त समाचार

## आगरा लेडी लॉयल एक्सटेंशन प्लान के तहत, प्रथम भवन का हुआ भूमी पूजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एस एवं मेडिकल कॉलेज के लेडी लॉयल एक्सटेंशन प्लान के तहत प्रथम भवन लायनेक ब्लाक का भूमी पूजन हुआ। यह लायनेक ब्लॉक पी एम एस एस वाय फेज ४ के अंतर्गत बन रहा है। कैंसर के मरीजों के लिये अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित होगा यह बलॉक। एस एन मेडिकल कॉलेज के लेडी लॉयल विस्तारीकरण योजना के



अंतर्गत कैंसर बलॉक इस भवन के साथ ही स्थापित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रशांत गुप्ता, रेडियेशन ऑंकोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ए के आर्या, विभाग के रेडियेशन फिजीसिसट एवं आर एस ओ प्रोफेसर अनुज त्यागी, हाईट्स के चीफ इंजीनियर साईट श्री पंकज कपिल, जे ई श्री तरुन कुमार , जे ई श्री कुमार केतन व अन्य अधिकारी उपस्थिति रहे।

## भूपेंद्र सिंह सोबती फेम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हुए घोषित

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित के



अनुसार कल आगरा में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अधिवेशन में देर शाम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेंद्र वी तन्ना जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री आर के गौड़ ने सयुंक्त रूप से वर्तमान प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह सोबती को फेमउत्तर प्रदेश का अध्यक्ष घोषित किया। इसी समय प्रदेश के वर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम मिश्रा को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इस घोषणा के होते ही सम्मेलन स्थल पर हर्ष की लहर दौड़ गई ।और आगरा एवं अन्य सभी जिलों से आये हुए जिलाध्यक्षों ने दोनों का बुके देकर,पटका पहना कर अभिनंदन किया। ब्रजेश पंडित–महामंत्री फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल।

## समाजसेवी बच्चू सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। सोमवार को अभेदोंपुरा निवासी 68 वर्षीय समाजसेवी बच्चू सिंह के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । बच्चू सिंह ने गांव में पानी की किल्लत को देखते हुए अपने निजी कृषि भूमि में समरसेबल के साथ टैंक का निर्माण कराया ताकि क्षेत्रवासियों को पानी की आपूर्ति हो सके एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं मृत्यु भोज रोकने के लिए समाज को आजीवन जागृत किया। इनके निधन पर सांसद



राजकुमार चाहर, विधायक चौधरी बाबूलाल, डॉ रामेश्वर सिंह, पूर्व चेयरमैन जगदीश सिंह ग्राम प्रधान, पिस्ता देवी ,लाखन सिंह प्रधान ,घँसू सरपंच, रन सिंह इंदौलिया, दीवान सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## व्हीलचेयर से उड़ान भरने को दिव्यांगजनों को लगेंगे पंख

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। मोती कटरा स्थित हेल्प आगरा भवन पर भारत विकास परिषद उड़ान शाखा की ओर से डॉ. रश्मि गोयल के



निर्देशन में रविवार को दो व्हीलचेयरो को जरूरतमंदों के लिए हेल्प आगरा के पदाधिकारियों को सौंपा गया। कार्यक्रम का का शुभारंभ संस्था के संस्थापक हरेन मल्होत्रा, मुकेश मित्तल, तपन अग्रवाल, अध्यक्ष इंजीनियर रूपल गोयल और सचिव एडवोकेट उमेश खन्ना ने भारत माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि गोयल ने कहा कि जो जरूरतमंद दिव्यांगजन लंबे समय से व्हीलचेयर के लिए प्रतीक्षा कर है उन्हें ये व्हीलचेयर मिलने से उनके सपनों की उड़ान को पंख लग जाएंगे। संस्था सोमवार को कावंड़ भक्तो को प्रसादी सेवा का आयोजन भी कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेल्प आगरा के कोषाध्यक्ष नरेंद्र जैन, शशि मल्होत्रा, अवधेश गोयल, उमेश गोयल, संजीव मित्तल, धर्मेंद्र जैन, विजित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में दो घायल सैफई भेजे

जैतपुर । सोमवार की शाम चित्राहाट के शाहपुर ब्राह्मण गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल हो गये। घायलों मदियापुरा, पिनाहट के



रहने वाले शिवशंकर और सैलू को एंबुलेंस से इलाज के लिए जैतपुर सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से सैफई पीजीआई भेज दिया।

## जमीनी विवाद में भिडे चाचा-भतीजे गिरफ्तार

जैतपुर । सोमवार को जैतपुर के पडुआ की मडैया गांव में जमीन के बटवारे को लेकर चाचा–भतीजे भिड गये। झगडे मारपीट की सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने चाचा जगदीश, भतीजे नरेश को गिरफ्तार कर लिया। एसओ जैतपुर अवनीत मान ने बताया कि दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

## करकौली के महेबा मंदिर पर हरिद्वार से डाक कांवर लेकर पहुंचे युवा, उमड़े श्रद्धालु

पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत करकौली के चंबल के बीहड़ में स्थित महेवा शिव मंदिर पर हरिद्वार से डाक कांवर दर्जनों युवा लेकर पहुंचे, और शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। आपको बता दें पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत करकौली गांव के चंबल बीहड़ में स्थित प्राचीन शिव महेवा मंदिर पर सावन के तीसरे सोमवार को भारी संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ा जहां सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने पहुंचकर चंबल नदी में स्नान कर शिव मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान से



कामना कर मनौती मांगी। वही दर्जनों की संख्या में शिव भक्त युवा हरिद्वार हरि की पौड़ी से गंगाजल भरकर डांक कावर लेकर युवा महेवा शिव मंदिर पहुंचे। जहां दो अलग–अलग डांक कांवर टोली के शिव भक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की और भगवान से अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मनौती मांगी। इस दौरान बम बम भोले बम लहरी ओम नमः शिवाय के जयकारों से चंबल का बीहड़ हो गुजांयमान हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर क्षेत्र में पुलिस तैनात रही। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए कतार में लगे नजर आये .वही कस्बा स्थित इच्छेश्वर शिव मंदिर पर भी युवाओ ने पहुंचकर डाक कावर चढ़ाई .इस दौरान युवा शिवभक्ति में ढूबे दिखे।

# निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने के लिए चलेगा अभियान : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष सचिव एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक में बताया गया कि निर्वाचक



सूची को आधार लिंक किया जाना है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग से दिशा निर्देश प्राप्त है। प्राप्त दिशा निर्देश के प्रति सभी उपस्थित मांगों को दिया गया जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य आज 1 अगस्त 2022 से प्रारंभ हो रहा है और उसे 31 मार्च 2023 तक पहुंच कर लिया जाना है।
जिलाधिकारी ने कहा कि आधार संख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचक ओं द्वारा प्रपत्र 06 ख का प्रयोग किया जाएगा। जिसे भरकर ऑनलाइन अथवा बीएलओ के माध्यम से ऑफ लाइन जमा कराना होगा। ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत निर्वाचित प्रपत्र 06ख को एनवीएसपी आत्मा वोटर हेल्पलाइन एप पर जाकर भरेंगे तथा अपने आधार संख्या से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर प्रमाणीकरण करेंगे। ऑफलाइन प्रक्रिया में बीएलओ घर–घर जाकर आधार संख्या का संग्रहण करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार संख्या उपलब्ध कराया जाना स्वैच्छिक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सितंबर 2022 में दिनांक 12 एवं 25 सितंबर को अक्टूबर 2022 में दिनांक 9 एवं 23 अक्टूबर को नवंबर 2022 में 6 एवं 20 नवंबर को तथा दिसंबर 2022 में 4 एवं 11 दिसंबर को कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन शाखा से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार जिला में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2555 है। जिला में कुल 2558073 मतदाता हैं जिसमें 1367820 पुरुष मतदाता तथा 1190154 महिला मतदाता है। जिला में कुल 99 थर्ड जेंडर मतदाता है।
इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ प्रेम सिंह कुशवाहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री महेश प्रसाद राय सीपीआई के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पटेल सीपीआई माले के श्री दीनबंधु प्रसाद हम के जिलाध्यक्ष श्री अरविंद पासवान बीएसपी के जिला अध्यक्ष श्री उदय कुमार एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सड़क मरम्मत नहीं होने से नाराज लोगों ने किया रोड जाम

दलसिंगसराय उजियारपुर (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। प्रखंड की महिसारी पंचायत के महावीर चौक पर दलसिंह सराय–विशनपुर मार्ग मरम्मत नहीं किए जाने से नाराज कांवरिया सेवा दल सह युवा शक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सड़क जाम किया। आंदोलन कारियों ने पथ निर्माण विभाग के संवेदक और पदाधिकारी से लेकर विधायक एवं सांसद के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण का कार्य चार वर्ष पहले शुरू हुआ, लेकिन संवेदक ने अबतक मात्र कोनैला चौक से विशनपुर चौक तक पूर्व से बनी सड़क को खोदकर फिर उसपर पत्थर डालकर काम रोक दिया। इससे सड़क दिन–प्रतिदिन बदतर होती चली गई। आए दिन सड़क पर हादसे होते रहते हैं। विभाग इस सड़क के निर्माण के प्रति लापरवाह बनकर तमाशा देख रही है। जबकि सावन मास की अंतिम सोमवारी को इसी पथ से हजारों की संख्या में कांवरिया बेगूसराय के बछवारा स्थित झमटिया घाट से गंगाजल लेकर थानेश्वर स्थान समस्तीपुर मंदिर जलाभिषेक के लिए जाते हैं। सड़क की दशा इस तरह हो गई है कि पथ से कांवरिया का गुजरना खतरों से खाली नहीं होगा। करीब तीन घंटे चली सड़क जाम के पश्चात पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता उदयशंकर



सिंह, बीडीओ भृगुनाथ सिंह, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, जिला पार्षद अरुण कुमार ने आंदोलनकारी से वार्ता किया। कार्यपालक अभियंता ने सड़क को फिलहाल बालू डालकर सही करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने सड़क से जाम हटा लिया। मौके पर समाजसेवी अर्जुन सहनी, युवा शक्ति संगठन के सुभाष कुमार, अर्जुन कुमार, प्रीति कुमारी, रजनीश कुमार, मुखिया श्रवण पासवान, रामपुनित राय, नवीन सहनी आदि उपस्थित थे!!

# देव द्वार काली स्थान पतरघट शिव मंदिर के प्रांगण में सावन में दंपती मिलकर भोलेनाथ का पूजा किए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड अंतर्गत
देव द्वार काली स्थान मंदिर के सहयोगी श्री महंत शिरोमणि दास जी महाराज समिति की ओर से श्रावण मास के सोमवार के दिन स्थानीय स कृष्णा मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। महाराज महंथ शिरोमणि दास जी कथा सुनाते हुए श्रावण मास में भगवान शंकर की कैसे पूजा करनी चाहिए तथा कौन–कौन से ज्योतिष उपाय करने चाहिए के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती को केसर मिश्रित खीर का भोग लगाने से धन प्राप्ति के मार्ग खुलते हैं। सावन के महीने में पति–पत्नी द्वारा एक साथ मिलकर भगवान शंकर का पंचामृत से अभिषेक करने से दांपत्य जीवन में आ रही परेशानी समाप्त होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर शादीशुदा जोड़े सावन के सभी सोमवार का व्रत रखते हैं तो उनके जीवन की सभी विपत्तियां दूर हो जाती हैं। वहीं, आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए सावन के सोमवार को अनार के रस से शिवलिग का अभिषेक करें। उन्होंने बताया कि सावन के किसी सोमवार को केवल एक बार सरसों के तेल से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से परिवार के सभी सदस्यों को रोग और दोष से मुक्ति मिलती है। मौके पर उपस्थित सिया राम सा पुजारी नसीब दास वैजनाथ दास रामानंद दास शत्रुघ्न दास सुरेश महतो शांति देवी सुशीला देवी लीला देवी जानकी देवी कमला देवी एवं ढेर सारे श्रद्धालु मौजूद थे।

# चौतरवा पुलिस ने छापेमारी कर 5 लीटर देशी शराब व एक बाइक के साथ कारोबारी को किया गिरफ्तार

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा पुलिस द्वारा शराब कारोबारी के विरुद्ध चलाई जा रही छापेमारी अभियान में रविवार की शाम पांच लीटर देशी चुलाई शराब और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना की गुप्त सूचना मिली कि रायबारी महुअवा गांव के समीप कारोबारी शराब का खेप लेकर आने वाला है।
उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में पुलिस ने रायबारी महुअवा गांव के समीप रास्ते में अपनी जाल बिछा दी। तथा वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। इसी क्रम में बाईक को रोक कर तलाशी शुरू कर दी गई। जांच के दौरान बाईक की डिक्की से पांच लीटर शराब के साथ कारोबारी सनोज साहनी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरूद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए सोमवार को न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया।

# वर्षो से भीड़ उमड़ती हिरौता-दुम्मा गांव में स्थित है गौरी शंकर महादेव मंदिर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।
शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस संदर्भ में बता दिया जाए कि श्रावण का महिना भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिए जाना जाता है। जिला मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी पर शिवहर–मुजफ्फरपुर पथ के किनारे हिरौता–दुम्मा गांव में स्थित है गौरी शंकर महादेव मंदिर। जिसे ष्छोटी देकूलीष भी कहा जाता है। जहां सालों भर रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। श्रावण और सोमवारी सहित अन्य महत्वपूर्ण तिथियों पर भक्तों की अनियंत्रित भीड यहां जमा रहती है। उक्त शिव मंदिर शिव भक्तों का आस्था केंद्र है, जहां पहुंचने मात्र से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। एकाएक प्रकट हुए शिवलिंग से लोगों के बीच इस शिव मंदिर के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। लोगों का कहना है सन् 1890 के करीब यहां पर घना जंगल था, जहां एक पोखर भी था उक्त जंगल में चरवाहे मवेशी चराते थे। एक रोज की घटना ने सबको सकते में डाल दिया। चरवाहों ने देखा एक काले शिवलिंग को भयंकर नाग ने लपेट रखा है और घसीटने का प्रयास कर रहा है।
जिसे देख कर चरवाहों की मंडली डर कर भाग खड़ी हुई और गांव में जाकर लोगों को बताया तो इस अद्भुत घटना को देखने गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई किंतु इस शोर शराब का भी नाग पर कोई असर नहीं हुआ। लोगों ने भगाने का प्रयास भी किया गया लेकिन निरर्थक। अंत में एक श्रद्धालु के सुझाव पर अक्षत बेल पत्र उक्त शिवलिंग पर चढाये गए तब जाकर नाग कही झाड़ी में लुप्त हो गया। और उसके बाद से वहां पूजा अर्चना प्रारंभ हो गया। यदुनी अर्चना पब्लिक स्कूल हिरौता के संचालक धर्मेन्द्र कुमार उर्फ रामबाबू प्रसाद यादव बताते हैं कि प्रारंभ काल में सर्वप्रथम गौरीशंकर शिवमंदिर का पुजा अर्चना ग्रमीण श्री शिवचंद्र सिंह के पिता स्व० रामस्वरूप सिंह के द्वारा हुआ था प्रारंभ काल में संपूर्ण ग्रामवासी के साथ साथ कई ग्राम पंचायत यथा माधोपुर–छाता, रेवासी, अटकोनी, रामवन–रोहूआ धोबाहि के ग्रामवासियों के द्वारा सहयोग मिलता रहा तथा विकास की ओर अग्रसर रहा उसके बाद गौरीशंकर स्थान का देखरेख ईत्यादि के प्रति स्व० राम स्वार्थ राय की अभिरुचि काफी रहा इस मद्देनजर हमेशा पहल करते रहे हैं
अभी गौरीशंकर स्थान व मठ में संचालन पूजारी के रूप में गांव के महंत श्री शिवनारायण आचार्य पूजा–अर्चना का भार निरूशुल्क समर्पण भाव से करते हैं। वही मंदिर के प्रबंधन के लिए राशि का प्रबंध ग्रामीणों एवं चढ़ावे की राशि से की जाती है। जो प्रयाप्त नही है। बावजूद उक्त मंदिर मे साफ सफाई एवं व्यवस्था में कही कमी नही है। मंदिर पर हमेशा भक्तों का आना





जाना लगा रहता है क्योंकि स्वयंभू गौरी शंकर महादेव सबकी पुकार सुनते हैं और किसी को खाली हाथ नही लौटाते है। अभी वर्तमान में फिर से रामलला मंदिर बन रहा है इसमें भी ग्रमीण का काफी सहयोग है इस रामलला मंदिर का कार्य संचालन ग्रमीण श्री कैलाश प्रसाद (मुंशी) के द्वारा किया जा रहा हैं।
ग्रमीण श्री धर्मेन्द्र कुमार (रामबाबू प्रसाद यादव) ने बताएं है कि आज से 60 वर्ष पूर्व शिवलिंग की खुदाई किया गया ताकि शिवलिंग को और उच्चाई पर अवस्थित किया जाए परन्तु शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला तव जिस स्थिति में शिवलिंग था वही पर प्रतिष्ठित कर पुजा अर्चना शुरू किया गया शिवलिंग मनोकामना शिवलिंग में परिवर्तित हो चुका है सैकड़ों भक्तगणों का मनोकामना पूर्ति हो चुका है हमेशा भक्तगण अपनी अपनी मुराद पुरा करने आते रहते हैं यहाँ आस्था विश्वास का शैलाब है इस स्थान पर महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान संपन्न भी हो चूका है अभी भी महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान का मण्डप है कई बार यज्ञ अनुष्ठान के अवसर पर शिवलिंग से दिव्य ज्योति निकलते देखा गया है यह शिवलिंग पुरातत्व के अनुसार बुद्ध कालीन यानि छठी शताब्दी का है इस शिवलिंग का एक मुख्य विषेशताए है शिवलिंग में माँ पार्वती का रूप है इसलिए इन्हें गौरीशंकर शिवलिंग के नाम से जाना जाता है यहाँ रविवासिय जलार्पण बारहो मास होतें रहता है श्रावण मास में सोमवर्ती का तांता लगा रहता है इसके अलावा सोमवार व्रत दिवस के दिन शिवहर देकूली धाम के डुब्बा धाट से जलबोझी कर बोलबम के जयघोष के साथ हिरौता गौरीशंकर स्थान पर जलाभिषेक करते हैं इस दिन अभूतपूर्व सौंदर्य नजारा देखने को मिलता है इस वर्ष भी जलाभिषेक का नजारा देखने को मिला है।

# मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य भर में खरीफ फसल धान रोपनी कार्य प्रगति से संबंधित राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, के पदाधिकारियों के द्वारा जिला स्तर पर धान रोपाई की समीक्षा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए ।
राज्य भर में वर्षापात की स्थिति एवं धान रोपनी कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ससमय धान रोकने का कार्य शत–प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए ।जिन क्षेत्रों में वर्षा जल की कमी के कारण धान रोपने का कार्य मंथर गति से चल रहा है उन क्षेत्रों में बिजली की समुचित उपलब्धता, नहर ,कैनाल ट्यूबवेल आदि के माध्यम से सिंचाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि डीजल अनुदान हेतु प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शीघ्रता शीघ्र सुनिश्चित करें ।जहां धान की रोपाई कम हुई है , वहां 12 किस्म के वैकल्पिक फसलों का अनुदानित बीज वितरण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबवेल से सिंचाई हेतु 16 घंटे विद्युत की सप्लाई सुनिश्चित की गई है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सही मूल्य पर उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए ।जिले के बॉर्डर वाले सभी क्षेत्रों में उर्वरकों की आवाजाही पर विशेष चौकसी बरती जाए ।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिला एवं प्रखंड स्तर पर कृषि टास्क फोर्स की प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर धानरोपनी कार्य में प्रगति सुनिश्चित की जाए। इसी परिपेक्ष्य में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की धान रोपनी कार्य प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अपर समाहर्ता आपदा अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी , जिला कृषि पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा , कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग , कैनाल आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें ।

# छोटी देकुली के नाम से जाना जाता है गौरी शंकर महादेव मंदिर

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स। लेखक –दानिश खान।)
शिवहर। श्रावण का महिना भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिए जाना जाता है। जिला मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी पर शिवहर–मुजफ्फरपुर पथ के किनारे हिरौता–दुम्मा गांव में स्थित है गौरी शंकर महादेव मंदिर। जिसे ष्छोटी देकूलीष भी कहा जाता है। जहां सालों भर रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।
श्रावण और सोमवारी सहित अन्य महत्वपूर्ण तिथियों पर भक्तों की अनियंत्रित भीड यहां जमा रहती है। उक्त शिव मंदिर शिव भक्तों का आस्था केंद्र है, जहां पहुंचने मात्र से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। एकाएक प्रकट हुए शिवलिंग से लोगों के बीच इस शिव मंदिर के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। लोगों का कहना है सन् 1890 के करीब यहां पर घना जंगल था, जहां एक पोखर भी था उक्त जंगल में चरवाहे मवेशी चराते थे। एक रोज की घटना ने सबको सकते में डाल दिया। चरवाहों ने देखा एक काले शिवलिंग को भयंकर नाग ने लपेट रखा है और घसीटने का प्रयास कर रहा है। जिसे देख कर चरवाहों की मंडली डर कर भाग खड़ी हुई और गांव में जाकर लोगों को बताया तो इस अद्भुत घटना को देखने गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई किंतु इस शोर शराब का भी नाग पर कोई असर नहीं हुआ। लोगों ने भगाने का प्रयास भी किया गया लेकिन निरर्थक। अंत में एक श्रद्धालु के सुझाव पर अक्षत बेल पत्र उक्त शिवलिंग पर चढाये गए तब जाकर नाग कही झाड़ी में लुप्त हो गया। और उसके बाद से वहां पूजा अर्चना प्रारंभ हो गया। यदुनी अर्चना पब्लिक स्कूल हिरौता के संचालक धर्मेन्द्र कुमार उर्फ रामबाबू प्रसाद यादव बताते हैं कि प्रारंभ काल में सर्वप्रथम गौरीशंकर शिवमंदिर का पुजा अर्चना ग्रमीण श्री शिवचंद्र सिंह के पिता स्व० रामस्वरूप सिंह के द्वारा हुआ था प्रारंभ काल में संपूर्ण ग्रामवासी के साथ साथ कई ग्राम पंचायत यथा माधोपुर–छाता, रेवासी, अटकोनी, रामवन–रोहूआ धोबाहि के ग्रामवासियों के द्वारा सहयोग मिलता रहा तथा विकास की ओर अग्रसर रहा उसके बाद गौरीशंकर स्थान का देखरेख ईत्यादि के प्रति स्व० राम स्वार्थ राय की अभिरुचि काफी रहा इस मद्देनजर हमेशा पहल करते रहे हैं
अभी गौरीशंकर स्थान व मठ में संचालन पूजारी के रूप में गांव के महंत श्री शिवनारायण आचार्य पूजा–अर्चना का भार निरूशुल्क समर्पण भाव से करते हैं। वही मंदिर के प्रबंधन के लिए राशि का प्रबंध ग्रामीणों एवं चढ़ावे की राशि से की जाती है। जो प्रयाप्त नही है। बावजूद उक्त मंदिर मे साफ सफाई एवं व्यवस्था में कही कमी नही है। मंदिर पर हमेशा भक्तों का आना जाना लगा रहता है क्योंकि स्वयंभू गौरी शंकर महादेव सबकी पुकार सुनते हैं और किसी को खाली हाथ नही लौटाते है। अभी वर्तमान में फिर से रामलला मंदिर बन रहा है इसमें भी ग्रमीण का काफी सहयोग है इस रामलला मंदिर का कार्य संचालन ग्रमीण श्री कैलाश प्रसाद (मुंशी) के द्वारा किया जा रहा है।
ग्रमीण श्री धर्मेन्द्र कुमार (रामबाबू प्रसाद यादव) ने बताएं है कि आज से 60 वर्ष पूर्व शिवलिंग की खुदाई किया गया ताकि शिवलिंग को और उच्चाई पर अवस्थित किया जाए परन्तु शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला तव जिस स्थिति में शिवलिंग था वही पर प्रतिष्ठित कर पुजा अर्चना शुरू किया गया शिवलिंग मनोकामना शिवलिंग में परिवर्तित हो चुका है सैकड़ों भक्तगणों का मनोकामना पूर्ति हो चुका है हमेशा भक्तगण अपनी अपनी मुराद पुरा करने आते रहते हैं यहाँ आस्था विश्वास का शैलाब है इस स्थान पर महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान संपन्न भी हो चूका है अभी भी महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान का मण्डप है कई बार यज्ञ अनुष्ठान के अवसर पर शिवलिंग से दिव्य ज्योति निकलते देखा गया है यह शिवलिंग पुरातत्व के अनुसार बुद्ध कालीन यानि छठी शताब्दी का है इस शिवलिंग का एक मुख्य विषेशताए है शिवलिंग में माँ पार्वती का रूप है इसलिए इन्हें गौरीशंकर शिवलिंग के नाम से जाना जाता है यहाँ रविवासिय जलार्पण बारहो मास होतें रहता है श्रावण मास में सोमवर्ती का तांता लगा रहता है इसके अलावा सोमवार व्रत दिवस के दिन शिवहर देकूली धाम के डुब्बा धाट से जलबोझी कर बोलबम के जयघोष के साथ हिरौता गौरीशंकर स्थान पर जलाभिषेक करते हैं इस दिन अभूतपूर्व सौंदर्य नजारा देखने को मिलता है इस वर्ष भी जलाभिषेक का नजारा देखने को मिला है।





# हसनपुर में 14 अगस्त को लगेगा रक्तदान शिविर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले के हसनपुर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 14 अगस्त 2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए मारवाड़ी युवा मंच के तरफ से रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। आपको बता दे की रक्तदान शिविर हसनपुर अंग्रसेन भवन में आयोजित होगी। शाखा के सचिव शुभम चाँद ने बताया की हसनपुर में रक्तदान शिविर के लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया की रक्तदान हर व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि हमारे शरीर के ठीक से फंक्शन करते रहने के लिए खून बहुत जरूरी होता है. यही कारण है कि रक्तदान को महादान बताया जाता है। ब्लड डोनेट करके हमारे शरीर मे अनेकों फायदा होती है जैसे–
1. ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है
2. कैंसर होने का जोखिम कम होता है।
3. लिवर से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलती है।
4. ब्लड डोनेट करने से वजन भी कंट्रोल में रहता है। और भी अनेकों तरह के लाभ होती है ।
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आप संपर्क कर सकते है – विकास चाँद (अध्यक्ष)– 9507045456 , शुभम चाँद (सचिव)– 7903462948 ।




# संक्षिप्त समाचार

## गुड़गांव, के एक दम्पत्ति राणा सत्यजित प्रताप सिंह एवं श्रीमती अंशु कुमारी ने 10 माह की रोहिणी को गोद लिया हैस

☒ विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान , मोतिहारी में आवासित बालिका रोहिणी कुमारी (काल्पनिक नाम) की परवरिश अब गुडगाँव, हरियाणा में होगी।
☒ गुड़गांव, के एक दम्पत्ति राणा सत्यजित प्रताप सिंह एवं श्रीमती अंशु कुमारी ने 10 माह की रोहिणी को गोद लिया है
(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)।
जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक ने अपने हाथों से बालिका को उसके भावी दत्तक ग्रहण माता पिता को सौंपा। मौके पर श्रीमती ममता झा, सहायक निदेशक,जिला बाल संरक्षण इकाई, श्याम कुमार समन्वयक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, अल्का



कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी महोदय ने इस पुनीत कार्य के लिये भावी माता पिता की प्रशंसा करते हुए बालिका के बेहतर जीवनयापन हेतु शुभकामनाएं दी। बालिका को गोद लेने वाले पिता एक आर्किटेक्ट हैं जबकि माता गुड़गांव में ही शिक्षिका हैं समाता–पिता बालिका को प्राप्त कर बहुत खुश हैं, उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में CARA वेबसाइट पर दत्तक ग्रहण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया था, 3.5 साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद उनका नम्बर आया हैसउन्होंने जिलाधिकारी महोदय को धन्यवाद दिया। वर्तमान में दत्तक ग्रहण संस्थान, मोतिहारी में 0–06 आयु वर्ग के 05 बालक बालिकाएं आवासित है।

## बजार समिती रोड मोतिहारी No -24 का हाल हुआ बेहाल मोहल्ले वासी हुऐ परेशान

(ई अशोक कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स छौडादानो, मोतिहारी। मोतिहारी बजार समिती रोड॑ छ॰ –24 का हाल हुआ बेहाल मोहल्ले वासी हुऐ परेशान। इस रोड को बनाने के लिए कहा नही कमपलेन हुआ है मोहल्ला वासि सभी जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद को कह कह कर थक गए है। अब घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है रोड पर दो फिट पानी बह रहा है लोग अब यह कह रहे है कि नगर परिषद के चुनाव आ रहा



है इस चुनाव मे रोड नही तो भोट नही का नारा रहेगा सभी मोहल्ला वासी वोट का बहिष्कार करने का मुड बना रहे है। तभी रोड बनेगा। जिलाधिकारी को भी इसका सुचना है रोड का लेकिन वहा से भी कोई असर नही है।अब यह देखना है कि रोड कैसे बनेगा।

## भक्तों का जन सैलाब, आधी रात से ही लोग कर रहे है पूजा

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पूर्वी चम्पारण।



भक्तों का जन सैलाब, आधी रात से ही लोग कर रहे है पूजा नमः शिवाय आज बिहार का काशी बाबा सोमेश्वरनाथ धाम में श्रावण मास के तृतीय सोमवार को महादेव भक्तो (कावरियों) पर पुष्प वर्षा करते हुए धर्म की ओर प्रोत्साहित करते स्वामी रविशंकर गिरी जी महराज ,विधायक श्री सुनील मणि तिवारी जी , अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजीव कुमार जी एवम डीएसपी श्री रंजन कुमार जी उपस्थित रहे ।

## बाबा श्री सोमेश्वरनाथ महादेव सबका कल्याण करे

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज। प्रखंड के पशुपतिनाथ चौक पर हुआ हादसा बुलेट मोटरसाइकिल की ठोकर से मुन्ना बैठा के बच्चे की मौत।



## गाजे बाजे के साथ शिवभक्त जलाभिषेक को जमानिया हुए रवाना

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सावन के तीसरे सोमवार को बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने को लेकर शिव भक्तों का



जत्था यूपी के जमानिया रवाना हुआ। मां छेरावरी समिति देवहलियां के द्वारा रविवार की दोपहर पुलिस प्रशासन की देखरेख में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रामगढ़ थाना से होते हुए रामलीला मैदान की परिक्रमा करते हुए दुर्गा चौक पहुंचे। इस दौरान हर हर महादेव का जयघोष भी होता रहा। डीजे पर बम बम बोल रहा है काशी आदि भक्तिगीतों से पूरा माहौल गूंज रहा था। दुर्गा चौक से बक्सर रोड होते हुए यह शोभायात्रा जीबी कालेज गेट के पास पहुंची। जहां भक्तों पर फूलों की बारिश भी हुई।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी, गंदगी के अंबार से नगर की बिगड़ी सूरत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं होने के चलते बीते बुधवार से हड़ताल पर गए नगर परिषद भभुआ के सफाई कर्मियों की पांचवें दिन रविवार को भी हड़ताल जारी रही। इसके चलते नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो गई है।



पांच दिनों से नगर में सफाई नहीं होने से चारों तरफ गंदगी पसरी है। इसके चलते नगर की सूरत बिगड़ गई है। चारों तरफ गंदगी से दुर्गंध निकल रही है। इसके चलते लोगों को कहीं खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। लोग मुंह व नांक बंद कर ही कहीं जाने को विवश हैं। नगर के किसी भी स्थान पर खड़ा होने पर सिर्फ कूड़ा ही दिख रहा है। इससे आमलोगों के अलावा दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है।

## केसरिया थाना में नए थानाध्यक्ष ने किया योगदान

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार पूर्वी चम्पारण।



केसरिया में नए थानाध्यक्ष के रूप में रविवार को कृष्णा प्रसाद सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिए है।नए थानाध्यक्ष श्री कृष्णा प्रसाद सिंह ने कहा की सबसे उनकी पहली प्राथमिकता होगी,अपराध को खत्म करना, और अपराधी को हवालात की हवा खिलाना। उन्होंने यह भी कहा की शराब के विरूद्ध अभियान चला कर शराब कारोबारी को हर संभव धर दबोचना। आपको बता दें की थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के निलंबन के बाद करीब डेढ़ माह बाद नए थानाध्यक्ष के रूप में कृष्णा प्रसाद सिंह ने

## बजरंगबली पूजा समिति ने भक्तिसूर सागर कार्यक्रम का किया आयोजन

☒ गीतकारों के भक्ति और देशभक्ति गीतों पर देर रात तक झुमते रहे लोग

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बजरंग बली पूजा समिति मलकौली पठखौली के तत्वावधान में महावीरी झंडा के पूर्व संध्या पर भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक मिश्र और 21 वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रकाश मौजूद रहे। वही इस अवसर पर बजरंगबली पूजा समिति ने उपस्थित पत्रकारों,कलाकारों और समाजसेवियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।कार्यक्रम मे देशभक्ति की भावना भरने के लिए मुख्य अतिथि और कमांडेंट को भारत के राष्ट्रीय तिरंगा झंडा युक्त उपहार देकर सम्मानित किया गया।गीतकारों मे मुख्य रूप से मनोज यादव,राजन कुमार,अनूप कुमार पाण्डेय और परमेश्वर जयसवाल के अलावे वाद्ययंत्र में ढोलक पर तारकेश्वर कुमार चौधरी, संतोष कुमार, गोविंद कुमा को लोगों ने खूब सराहा। वही तारकेश्वर कुमार ने जब माता पिता पर अपने गीत की प्रस्तुति दी तो श्रोता झूमते नजर आए और उनके मधुर आवाज पर बधाइयां दी।कार्यक्रम का संचालन बजरंग बली पूजा समिति के अध्यक्ष निप्पू कुमार पाठक ने किया। अपने संबोधन में निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देकर उनका उत्साहवर्धन करना है। उक्त अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय मोहन गुप्ता ,सुनील कुमार गुप्ता, समाजसेवी ने नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट की सदस्या शशि पांडे,लक्ष्मी खत्री,डिप्टी कमांडेंट अंशुमान कुमार,मुख्य अतिथि बगहा एसडीएम दीपक कुमार मिश्रा,आशीष कुमार, किशन कुमार ,बजरंग बली पूजा समिति के उपाध्यक्ष सुमन कुमार पाण्डेय,सचिव रवि कुमार यादव, मधुसूदन कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जयश्री सोधन यादव, राजन पाठक, विनय कुमार दुबे, पंकज कुमार पाठक ,प्रभु शर्मा, लल्लन यादव, सिकंदर यादव, मदन बैठा मैनेजर साह समेत दो दर्जन लोगों को अंग वस्त्र देकर एसडीएम बगहा और कमांडेंट के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित करवाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार श्री माधवेंद्र पांडे और श्री जयप्रकाश वर्मा को भी सम्मानित किया गया ।अंत में बजरंगबली पूजा समिति के बाल कलाकारों विनय कुमार पाठक, चंदन यादव ,विवेक दुबे ,आयुष्मान अर्क और मिठू कुमार को मोमैंटो से सम्मानित किया गया ।अपने संबोधन में एसडीएम ने कला और संस्कृति को शिक्षा का एक आवश्यक अंग बताए।



## बगहा के पिपरिया में सड़क जगह जगह टूट जाने व गड्ढे में तब्दील हो जाने से आवागमन बाधित

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक अंतर्गत सिंगाड़ी पिपरिया पंचायत के पश्चिमी टोला पिपरिया वार्ड नं 09,10 में जाने वाली सड़क जगह जगह गड्ढे में तब्दील हो चुका है। जिसमे आवागमन बाधित हो गया हैं। जो सड़क एन एच 727 मुख्य मार्ग से सटे छोटकीपट्टी कब्रगाह होते हुए गांव में जाती है। बता दें कि सड़क जगह जगह टूट जाने और मिट्टी में धंस जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। बारिश होने के कारण किचड़ युक्त सड़क पर दो पहिया व चार पहिया वाहन तो क्या पैदल चलना दुश्वार हो गया है। लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ग्रामीण सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए ढिंढोरा पीटती है,पर जमीनी सच्चाई कुछ और बायां करती है। ऐसी हालात को देखते हुए सड़क की सुधि लेने अभी तक कोई अधिकारी व प्रतिनिधि तक नहीं आया। चिंता की विषय यह है कि इस रास्ते प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है वही छोटे एवं बड़े बच्चे कोचिंग या स्कूल में पढ़ाई करने के लिए इस सड़क से गुजरते हैं। जिससे टूटे सड़क से गुजरते समय डर सताने लगता है कि कहीं पैर फिसल कर गिर ना जाए जो किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।वहीं ग्रामीण लोगों ने अधिकारियों व प्रतिनिधियों से टूटे हुए सड़क की तत्काल मरम्मती और सड़क का पक्कीकरण करने की गुहार लगाई है।



## मांझी ने मुख्यमंत्री रहते जनहित में लिए 34 निर्णय : डॉ दानिश रिजवान

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ बिहार पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ दानिश रिजवान ने कहा कि हम के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कॉमन स्कूलिंग सिस्टम, किसानों को मुफ्त बिजली, गरीबों के मकान बनाने के लिए जमीन, क्लास वन से ग्रेजुएट तक बच्चों को निशुल्क शिक्षा, बेरोजगारों को 5000 बेरोजगारी भत्ता आदि निर्णय उन्होंने मुख्यमंत्री रहते जनहित में 34 निर्णय लिए थे। डॉक्टर दानिश ने कहा कि जीतन राम मांझी की सरकार कुछ दिन और उनकी सरकार सत्ता में रहती तो उन के कैबिनेट की बैठक से आम और गरीब लोगों को ध्यान में रखकर लिए गए 34 निर्णय, वह आज जमीन पर दिखता। जिसका लाभ सभी वर्गों के लोगों को जरूर मिलता। डॉ० दानिश ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमारे 34 निर्णयों में आंशिक परिवर्तन कर कुछ निर्णय को उन्होंने अपने अस्तर से लागू भी किया है । हमारी पार्टी इस पहल के लिए उन्हें सराहना भी करती रही है। लेकिन आज भी हमारी पार्टी के एजेंडे में वह 34 निर्णय है। सभी 34 निर्णयों को लागू कराना हम पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता है। हमारी पहली प्राथमिकता पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के मुख्यमंत्री काल में लिए गए 34 निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाना और उसे लागू कराना हमारी पार्टी की पहली प्राथमिकता है। हम अपने एजेंडे पर आज भी कायम हैं।



## तीसरी सोमवारी को भक्तों ने किया भव्य कीर्तन का आयोजन

अश्विनी कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटोरी, समस्तीपुर। सावन के यह पवित्र मास यूं तो प्रत्येक दिन ही पवित्र होता है,लेकिन सोमवार को भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय दिन माना जाता है।श्रद्धालु पवित्र बड़े मंदिरों के साथ साथ अपने आस पास के मंदिरों को भी बड़ी श्रद्धा के साथ सजा कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं। यह तस्वीर समस्तीपुर जिले के पटोरी अनुमंडल के चांदपुर धमौन में स्थित रामदल मंदिर की है।यह मंदिर पुराने समय से ही भक्ति के साथ साथ कला समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। सावन के तीसरे सोमवार को यहां एक भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय कलाकार व सद विचारों के विद्वान गायक ब्रजेश कुमार, डॉ बाबुल, दयानिधि राय, डॉ शिवनाथ,अशोक कुमार,धनेश्वर दास जैसे लोगों ने अपनी उपस्थिति दी। साथ ही बच्चों करुणानिधि, सुरेन्द्र, रोहित विकास ने भी अपनी सहभूमिका साफ सफाई के कार्यों में निभाई। किसी गांव में इस प्रकार बड़े जनों द्वारा निर्देशित कार्यक्रम गांव में एकता,भाईचारा एवं एक अनुशासित माहौल का निर्माण करती है।



## खाद की कालाबाजारी के लिए सरकार जिम्मेवार : माकपा



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले में खाद के कालाबाजारी के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार दोषी है। जिससे किसानों को निर्धारित दर से अधिक दामों पर यूरिया एवं अन्य उर्वरक खरीदना पड़ रहा है। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पूर्वी चंपारण के जिला कृषि पदाधिकारी के समक्ष आयोजित धरना के संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने कहीं। नेताओं ने आम जनता का आह्वान किया कि खाद की कालाबाजारी के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों को धरातल पर पकड़ कर उस पर कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन को मजबूर करें। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी यदि प्रखंड स्तर पर उर्वरक निगरानी समिति का गठन कर ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने की दिशा में अग्रेतर करवाई करें। अन्यथा हम आगे तक भी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे तत्पश्चात पार्टी के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद से मिल कर मांग पत्र सौंपा जिसमें कालाबाजारी पर रोक लगाने प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति का गठन करने एवं किसानों को पर्याप्त मात्रा में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा उक्त मांगें स्वीकार करते हुए बताया गया की मेरे द्वारा सरकार से आवंटन हेतु मांग किया गया है किंतु आवश्यकता के अनुरूप खाद नहीं मिल पाने के कारण ऐसी परेशानी हो रही है। इस दिशा में हम सरकार से अभी डिमांड कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री के अतिरिक्त सचिव मंडल सदस्य कामरेड ध्रुव त्रिवेदी किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड बंकिम चंद्र दत्त,अशोक पाठक, मो०एजाजुल, हरेंद्र सिंह,राकेश झा,पुरुषोत्तम सिंह,उगम राम सामिल थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड अशोक पाठक ने की।धरना को संबोधित करने वालो में जिला मंत्री कामरेड सत्येन्द्र कुमार मिश्र,ध्रुव त्रिवेदी, बंकिम चंद्र दत्त, मो०एजाजुल, हरेंद्र सिंह,राकेश कुमार झा,उगम राम, ओम प्रकाश पांडेय प्रमुख थे। अंत में गगन भेदी नारों के साथ धरना समाप्त हुआ।

## टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट प्रखंड इकाई निर्मली का बैठक संपन्न।




(अलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)
निर्मली। टीईटी– एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट प्रखंड इकाई निर्मली की बैठक संघ के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष श्री जयप्रकाश की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव, जिला सचिव श्री सुभाष कुमार मंडल,जिला कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश यादव,जिला कार्य कारिणी सदस्य विरेंद्र कुमार,जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्री चंदन कुमार मंडल जिला इकाई टीम से उपस्थित हुए जिसके पश्चात आज के बैठक के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। के बैठक का मुख्य विषय। 1. संघीय पदाधिकारियों एवं संघ के सदस्यों के बीच आपसी समन्वय स्थापित की गई और आगे से संघीय अनुशासन कायम रखने की सभी को हिदायत दी गई। 2.संघ के विगत ढाई साल के कार्यकाल की समीक्षा गई,जिसके पश्चात संघ में पुनर्गठन की आवश्यकता को देखते हुए आगामी रविवार को मध्य विद्यालय निर्मली सुपौल की प्रांगण में सांगठनिक चुनाव मत–पत्र से करने का निर्णय लिया गया।और आगामी चुनाव करवाने हेतु सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को व्यापक प्रचार प्रसार के जरिए चुनाव में वोट करने हेतु मीटिंग में उपस्थित करने हेतु निर्णय लिया गया। 3. Index-3 की बाध्यता को खत्म करने एवं 5 साल बाद प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति हेतु न्यायायिक लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया। 4. डीपीओ स्थापना सुपौल के द्वारा निर्वतमान डीपीओ प्रेम रंजन के पत्र को निरस्त करने के विरुद्ध संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। बेसिक ग्रेड बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पूर्व के भांति ही वेतन दिलवाने एवं लिए गए वेतन कटौती पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया।
5. सभी नवनियुक्त शिक्षकों का सांगठनिक चुनाव के बाद सेवा पुस्तिका का संधारण शीघ्रता शीघ्र करवाने का निर्णय लिया गया।
आज के बैठक में निम्नांकित शिक्षक उपस्थित हुए।प्रदीप कुमार यादव चन्द्रजीत कुमार,अमर कुमार यादव, संजीत भारती,जय प्रकाश,नरेश कुमार,पवन कुमार पासवान,राजेश कुमार रंजन,जमाल हैदर,संतोष कुमार साह,रामानन्द मंडल,इंद्रजीत कुमार,बडेलाल यादव,राम बाबू रमण,सतीश कुमार दर्पण पासवान, मनोज कुमार दास, मनोज कुमार, रामनन्दन यादव,चन्द्र नारायण यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## बिहार स्टेट चौंपियनशिप समापन में बाढ़ के एथलीटों ने दिखाई जौहर

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुक्रवार दोपहर से शाम तक एथलीटों का उत्साह दिखा 88 वें बिहार राज्य जूनियर सीनियर एथलेटिक्स स्टेट चौंपियनशिप में सुबे के सभी जिलों के एथलीटों ने हिस्सा लिया 100 मीटर दौड़ 5000 मीटर दौड़ शॉटपुट हाय जम के मुकाबले में प्रतिभागियों ने दम दिखाया अलग–अलग जिलों की टीम के खिलाड़ियों ने अपने वर्ग में मेडल पर निशाना साधा बिहार पुलिस भवन निर्माण के प्रबंध निदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विनय कुमार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संघ के अध्यक्ष सलीम परवेज एवं अन्य लोगों ने उद्घाटन किया इस कार्यक्रम का समापन 31 जुलाई को हुआ।
अंडर 18 वर्ष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में जिले के शाषिकेश कुमार ने 10. 84 सेकंड में गोल्ड जीता सिल्वर मेडल बांका से करण कुमार सिंह 11.16 सेकंड है जबकि पटना पूर्वी के रजत राज ने 11.10 में 35 सेकंड में ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया वहीं बालिका अंडर 18 के 100 मीटर दौड़ में नवादा जिले से गोल्ड मेडल पर कब्जा निशा कुमारी ने किया इस्ट पटना से स्वीकृति राज और पटना वेस्ट से उम्मे हबीबा ने 13.10 सेकंड में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा कर रिकॉर्ड दर्ज किया। वही श्वेता कुमारी को हाई जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त की उम्मे हबीबा ने लंबी कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त की जैवलिन थ्रो में संजना कुमारी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। यह तीनों बालिकाएं संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू बाढ़ की छात्राएं हैं। बाढ़ वासियों की और से विद्यालय के प्रधानाचार्या शिक्षक शिक्षिकाओं और सहपाठियों के द्वारा इन बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की मंगल कामना करते हुए ढेर सारी बधाई दी गई है। साथ में विद्यालय कोच प्रमोद कुमार को भी उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।



## शिक्षक के विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो
शिवहर,सीतामढ़ी। जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ शिवहर के बैनर तले जिला स्तरीय एक दिवसीय बैठक आहूत की गयी। जिसमें शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पे विचार विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षक नवनीत कुमार मनोरंजन भी उपस्थित थे।
नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान एवं सेवा पुस्तिका संधारण की स्थिति पर विचार– विमर्श किया गया।
अनुकंपा नियुक्ति अनुग्रह राशि एवं इपीएफ से मिलने वाली लाभ,अप्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन भुगतान,15: वेतन वृद्धि में व्याप्त त्रुटि पर चर्चा।नवनियुक्त शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक का वेतन भुगतान,ऐच्छिक स्थानांतरण करवाने हेतु महिला शिक्षिकाओं को एकजुट करने पर चर्चा की गई।
संघ की सदस्यता का अधतन स्थिति व व्यापक कार्य योजना, प्रखंड,अनुमंडल ,जिला संघ में नए एवं सक्रिय नेतृत्व को लाने तथा मजबूत करने हेतु व्यापक रणनीति तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया। संघ के प्रखंड एवं जिला सम्मेलन पर रणनीति,आगामी कार्य योजना एवं रणनीति पर ठोस निर्णय, साथ ही शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं का समाधान हेतु विचार विमर्श किया गया।
बैठक में प्रधान सचिव मो शर्फुद्दीन, जिला संयोजक मणिकर्ण, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष मो अब्राहम अकरम, वकील अहमद ,नवीन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अवधेश सिंह सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित हुए।

## यूरिया खाद के लिए किसान हो रहे हैं परेसान

(सत्य नारायण कामत अनुमंडल ब्यूरो चीफ निर्मली सुपौल)। निर्मली अनुमंडल क्षेत्र के कई पंचायत में यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को दर दर की ठोकरें खाने को मजबुर है स यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान कभी सरकारी एजेंसि तो कभी विभागीय अधिकारियों के कर्यालय में चक्कर लगा रही है स सरकारी खाद एजेंसियों ने अपने गेट पर लगे बोर्ड में यूरिया खाद नहीं होने का स्टॉक दिखा रहे हैं स जब कभी स्टॉक नजर आता है तो किसानों की अत्यधिक भीर लग जाते हैं और कुछ ही किसानों को यूरिया मिल पाते हैं स क्षेत्र के किसानों को खाद की आवश्यकता अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। एक तो कोशी नदी की कहर से किसान तंग है जो भी बचा हुआ जमीन में फसल लगाया है वो भी अब खाद की किल्लत से धान की फसलें बर्वाद होने की कगार पर है।
वही एजेंसियों का कहना है कि विभाग से जितना आवंटन मिल रहा है उतना हम किसानों के बीच बांट देते हैं, और जितना आवंटन मिल रहा है उससे पांच गुना किसानों की भीड़ खड़ी हो जाती है।वही मरौना प्रखंड के किसान प्रवीन कामत, चंदन राय, रामदेव साह, नवोद कुमार का कहना है कि खाद की खेती अनुसार यूरिया अभी कम मिल रही है।
निर्मली प्रखंड के किसान ओम प्रकाश साह, बिमल कुमार (दीघिया), अशोक मेहता, छोटे लाल मुखिया, बच्चु मुखिया, हीरा कामत, इत्यादि का कहना है कि विभाग को आवंटन बढ़ाने की आवश्यकता है।



## पारु प्रखण्ड के देवरिया कोठी पेट्रोल पंप के समीप खुशी ऑटो मोबाइल एजेंसी का शुभारंभ हुआ



(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पेपर साहेब गंज)
पारु प्रखण्ड के देवरिया कोठी पेट्रोल पंप के समीप खुशी ऑटो मोबाइल एजेंसी का शुभारंभ हुआ जिसमें उद्घाटन कर्ता के रूप मे सम्मिलित हुए जिला पारिषद पति पृथ्वी नाथ राय खुशी ऑटो मोबाइल के मालिक महमद रहमान अली और साथ मे थे ।
देवेश चंद्र प्रजापति (पूर्व जिला परिषद) और डाक्टर नौशाद आलम खुशी ऑटो मोबाइल के मालिक ने मीडिया को जानकारी दिए कि मेरे यहां फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है मेरे यहां हर गाड़ी की सुविधा उपलब्ध है।


# संक्षिप्त समाचार

## 09-24 घंटे में जिले के 6 प्रखंडों के 19 लोग मिले कोरोना पॉजिटिव

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पिछले 24 घंटे में 719 संदिग्धों की सैम्पल लेकर आरटीपीसीआर से की गई कोरोना जांच में रविवार को जिले के 6 प्रखंडों के 19 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव होने की आई है। जबकि पहले के कोरोना संक्रमितों में से 16 लोग स्वस्थ हुए हैं,जिन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।इस तरह से जिले में अब कोरोना संक्रमित कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 54 पहुंच गई है।इसकी पुष्टि सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी ने की है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के मदूसूदन कुमार ने बताया है कि जिले में अब तक कुल 5147 लोग कोरोनावायरस से संक्रमित हो चुके हैं,जिनमें 5050 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। इधर,जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि पिछले 24 घंटे के भीतर कुल 1962 संदिग्धों की सैंपल लेकर जांच की गई,जिनमें 719 संदिग्धों की सैंपल की जांच आरटीपीसीआर से की गई,जिसमें जिले के भगवानपुर में चार, चौनपुर में तीन, चांद में एक,दुर्गावती में पांच,कुदरा में तीन और मोहनिया में तीन लोगों की रिपोर्ट कोरोनावायरस होने की आई। स्वास्थ्य महकमा से मिली रिपोर्ट के मुताबिक जिले में अब पिछले करीब 15 दिनों से कोरोना संक्रमण के अमूमन रोज केस सामने आ रहे हैं। इधर,जिला प्रशासन की नसीहत है कि जिलेवासी लागातार बढ़ रहे संक्रमण के केस के बीच सतर्कता बरतें।

## समस्तीपुर में किराना व्यवसाय से पिस्टल के बल पर लूटकर अपराधी आराम से फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर में बेखौफ अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। अब समस्तीपुर भी अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। आए दिन लूटपाट, हत्या, मडर जैसी घटना आम हो गई है समस्तीपुर में, ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केबस निजामत गांव की है। जहां बीती रात बाइक सवार चार की संख्या में पहुंचे हथियारबंद अपराधियों ने पिस्टल के बल पर किराना व्यवसाय रंजीत शाह को अपना निशाना बनाया। बताया गया कि चार की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल के बल पर किराना व्यवसाय के साथ मारपीट कर 25 हजार नगद व दुकान का कुछ समान लेकर फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया की अपराधी जल्द से जल्द पकड़े जाएगा।



## नौतन सरपंच संघ के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर बैठक

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। जगदीशपुर नौतन सरपंच संघ के अध्यक्ष दीपक तिवारी के द्वारा नौतन के सभी पंचायतों के सरपंच उपसरपंच के द्वारा सोमवार को नौतन में एक बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि अपनी 11सूत्री मांगों के लिए हम सभी लोग 5 अगस्त को बेतिया जिला मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना देंगे नौतन प्रखंड के सरपंच संघ अध्यक्ष दीपक तिवारी बताया गया कि हम लोगों की मांगों में सभी सरपंच को मजिस्ट्रेट का दर्जा दिया जाए नोटिस तामील कराने के लिए चौकीदार की व्यवस्था हो पेंशन सुरक्षा की व्यवस्था हो भू मापक अमीन की व्यवस्था हो आदि मांगों को लेकर हम लोगों के द्वारा सामूहिक निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे इस मौके पर सन सरैया के सरपंच संजय यादव पूर्वी नौतन के सरपंच सुनैना देवी पूनम देवी सुकांति देवी सुमी पासवान बरकत अली सुशीला देवी सोनी खातून जिवनारायण सिंह भोगल साहनी मरछियदेवी प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।



## मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दिवस के अवसर पर सभी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव भाइयों को बधाई एवं शुभकामनाये

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पुर्वी चम्पारण मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दिवस के अवसर पर सभी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव भाइयों को बधाई एवं शुभकामनाये!
मुझे गर्व है अपने उस पहले वर्किंग बैग पर जिसने मुझे आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ समाज में एक पहचान दिलाई और मेरी आजीविका का साधन बना।




## आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया गया टीएचआर का वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। कोटवा। (एसएनबी) ।प्रखंड संचालित 166 आंगनवाड़ी केंद्रों पर शनिवार को टीएचआर का वितरण सेविका द्वारा किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती,प्रसूति महिलाओ सहित पोशाक क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के बीच चावल, दाल, सवाबीन का वितरण किया गया। टीएचआर का वितरण की निगरानी करने वास्ते जिला एवम प्रखंड के पदाधिकारी को लगाया गया है।साथ बालविकास परियोजना कार्यालय से सभी एल एस अनिता कुमारी, पिंकी कुमारी,राज श्री अपने अपने सेक्टर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर अपने देख रेख पर लाभार्थियों के बीच टीएच आर का वितरण कराती देखी गई।



## श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी में माता विषहर की जागरण

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा ग्राम वार्ड संख्या 14 में राकेश झा भगत जी के दरवाजे पर माता विषहर की जागरण मानर गीत आदि आरती से प्रारंभ किया गया। वही माता के जागरण में आसपास के कई गांवों से सैकड़ों व्यक्तियों ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## जिलाधिकारी द्वारा की गयी धान रोपनी-कवरेज की स्थिति कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्तिनहरों में सिंचाई जल की उपलब्धता आकस्मिक फसल योजना आदि की समीक्षा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा आज धान रोपनी–कवरेज की स्थिति कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नहरों में सिंचाई जल की उपलब्धता, डीजल अनुदान योजना, आकस्मिक फसल योजना आदि के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी।



इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित जिला कृषि पदाधिकारी विजय प्रकाश, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी लालदेव रजक, कार्यपालक अभियंता विद्युत मनीष शाक्य आदि उपस्थित रहे।समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ मौसम में धान रोपनी के निर्धारित लक्ष्य का 97 प्रतिशत हासिल किया जा चुका है। इसी तरह 82 प्रतिशत मक्का बुआई, 69 प्रतिशत दलहन तथा 67 प्रतिशत तेलहन का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा 97 प्रतिशत धान रोपनी की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया गया तथा निदेश दिया गया कि शेष लक्ष्य की प्राप्ति भी सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही मक्का, दलहन एवं तेलहन में भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत–प्रतिशत आच्छादन कराना सुनिश्चित किया जाय।

कृषि फीडर से 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि जिले में अबतक लगभग 5600 कृषकों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है तथा कृषक इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृषकों को कृषि फीडर से 16 घंटे (प्रातः 05.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक) निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है।जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि इसे हर हाल में बरकरार रखना हैं। प्रयास ऐसा होना चाहिए कि 16 घंटे से ज्यादा विद्युत आपूर्ति हो जायें परंतु कम नहीं होना चाहिए। इससे कृषकों को निर्बाध 16 घंटे प्रॉपर वोल्ट के साथ विद्युत सप्लाई हो सकेगी। उन्होंने कहा कि कृषि टास्क फोर्स की बैठक नियमित रूप से आयोजित किया जाय। इस बैठक में कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, आपदा आदि संबंधित विभागों के अधिकारी अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ भाग लेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि जिला कृषि पदाधिकारी कृषि समन्वयकों के साथ बैठक करें। उन्हें डीजल अनुदान, 16 घंटे बिजली, यूरिया की उपलब्धता आदि के बारे में बतायें तथा उनसे फीडबैक लें। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि आकस्मिक फसल योजना के तहत भी तैयारी अपडेट रखी जाय।

## सड़क दुर्घटना में दसवीं की परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों को स्कॉर्पियो ने रौंदा

(कृष्ण कुमार धीरज प्रखंड संवाददाता किशनपुर सुपौल) किशनपुर। सुपौल जिला के किशनपुर क्षेत्र अंतर्गत मलाड गांव में NH327 ए पर वर्ग 10 की चल रही परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गई तथा दूसरे गंभीर रूप से जख्मी हो गया जानकारी के अनुसार मलाढ पंचायत के वार्ड नंबर 7 के माहीपट्टी निवासी बेचन यादव का 16 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार एवं वार्ड नंबर 8 निवासी राम गुलाम शाह के 14 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर से परीक्षा देकर वापस घर जा रहा था। जहां मलाढ गांव में NH 327ए पर सरायगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें जिसमें दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों छात्रों को पीएचसी किशनपुर लाया गया।

जहां डाक्टर अभिषेक कुमार सिंह ने जांच उपरांत छात्र नीतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि विकास कुमार को प्रार्थी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है जहां डॉ कुमार ने बताया कि नीतीश की मौत रास्ते में ही हो गई जबकि विकास को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं नीतीश के मौत की सूचना मिलते ही मां कविता देवी एवं धन लक्ष्मी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा गया जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## आधार कार्ड मे नाम जोड़ने हटाने के लिए नए प्रपत्रों में करने होंगे ऑनलाइन आवेदन : डीएम

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)
शिवहर। निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने हेतु निर्वाचको से आधार डाटा के संग्रहण को लेकर



जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने समाहरणालय के सभाकक्ष में उपस्थित विभिन्न पार्टियों के जिला अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, बीएलओ को आवश्यक जानकारी दी है। बताया है कि अब प्रपत्रों में बदलाव किया गया है। डीएम श्री गुप्ता ने बताया है कि आधार कार्ड का संग्रहण करना है वोटर की इच्छा से, अब नाम जोड़ने, हटाने, विलोपित करने सहित कोई भी कार्य के लिए अब नए प्रपत्र में करने होंगे ऑनलाइन। आधार कार्ड प्रपत्र 6–(ख) के माध्यम से भरना होगा ऑनलाइन आवेदन। अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को प्रेरित करना है, इसकी जिम्मेवारी बीडीओ जो पंचायत चुनाव के आरओ होते हैं उनको जिम्मेवारी दी गई है। डीएम ने बताया है कि कोई भी निर्वाचन स्वच्छ एवं पारदर्शी तभी हो सकता है जब उसका मतदाता सूची सही हो। जिला निर्वाचन कार्यालय से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है विभिन्न प्रपत्रों को चेंज किया गया है। इस बाबत डीएम के द्वारा बताया गया कि स्पेशल कैंप लगाकर इस कार्य को किया जाएगा, इसके लिए तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। इस बाबत सितंबर में चार बार कैंप का आयोजन होगा। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पहले अहर्ता तिथि 1 जनवरी को माना जाता था। लेकिन अब चार कर दिया गया है, 1 जनवरी, 1 अप्रैल ,1 जुलाई तथा 1 सितंबर को ।इसमें किसी भी नए मतदाता अपना नाम जोड़ने का काम ऑनलाइन कर सकते हैं। जिले में अब हम महिला मतदाताओं की अनुपात 888 के बदले 908 हो गया है। इस पर ताली से सभी ने स्वागत किया।

## हॉस्पिटल से दो मोबाइल चोरी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद



संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा बजरंगी चौक स्थित साईन हॉस्पिटल जन सेवा केंद्र से दिनांक 31–07–22 रविवार की देर रात्रि 3 बज के 6 मिनट पर एक चोर चोरी के उद्देश्य से हॉस्पिटल के अंदर दाखिल हुआ और बड़े ही सफाई के साथ 3 मिनट के अंदर मे दो मोबाइल जो करीब 40000 का बताया जा रहा है, लेकर रफूचक्कर हो गया। वहीं दृष्टि न्यूज विद्यापति धाम यूट्यूब चौनल पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों के द्वारा उस चोर की पहचान कर ली गई। वही चोर चमथा गोपटॉल बेगूसराय का बताया जा रहा है। किंतु चमथा के कुछ जनप्रतिनिधियों की पहल पर साईन हॉस्पिटल जन सेवा केंद्र के प्रबंधक डॉ रौशन ने दोनों मोबाइल रिकवरी कर लेने के पश्चात उक्त चोर को अर्ध बाल गंजा करके उसे छोड़ दिया गया। हॉस्पिटल से दो मोबाइल चोरी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद ।

## समाहरणालय स्थित टी.सी.पी भवन, सुपौल में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई

(अलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)
सुपौल। समाहरणालय स्थित टी.सी.पी भवन, सुपौल में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिले में प्रत्येक माह के 9वी तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल संचालन हेतु सभी प्रखंडों को आवश्यक दिशा निदेश दिए गए। सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक के द्वारा प्रत्येक माह के 9वी तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन प्रत्येक गर्भवती महिलाओं के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु एक ही काउंटर रखने का निदेश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ आने वाले परिजनों हेतु अलग बैठने की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। सभी HRP वाले प्रसूता के नियमित जांच हेतु सभी संबंधित को निदेशित करते हुए HRP वाले प्रसूता को प्रसव के निर्धारित तिथि से 5 दिन पूर्व उनसे संपर्क कर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र प्रसव हेतु लाने का निदेश दिया गया। घर पर प्रसव का डाटा को देख जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड इसमें कमी लाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाई करें जिससे स्वास्थ्य संस्थान में सुरक्षित प्रसव कराया जा सके। इस हेतु जिले के सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को अपने क्षेत्र के आशा, आशा फैसिलिटेटर एवं ए.




एन.एम से समन्वय स्थापित कर इसमें सुधार लाने का निदेश दिया गया। \डाटा की समीक्षा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बी.एच.एम अपने स्तर से करते हुए पोर्टल पर इंट्री करने का निदेश दिया गया। टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों को ससमय टीका लगाने हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर सभी छोटे बच्चों को सभी टीका लगाने का निदेश सभी संबंधितों को दिया गया। अंत में जिलाधिकारी, सुपौल के द्वारा सभी को निदेशित किया गया कि हर–हाल में मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में सभी प्रकार की सुविधा मिलनी चाहिए जिससे उनका विश्वास सरकारी अस्पतालों पर कायम हो सके।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीएम- एसपी ने की बैठक



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
शिवहर। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा स्वतंत्रता दिवस की तैयारी संबंधी एक बैठक उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत की गई ,जिसमें पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ,अपर समाहर्ता कृष्ण मोहन सिंह, सिविल सर्जन शैलेंद्र कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी विनीत कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पदाधिकारी गणों द्वारा भाग लिया गया। मुख्य समारोह स्थल समाहरणालय मैदान में पूर्वाहन 9:00 बजे जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता शिवहर के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण एवं गांधी भवन स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा, परेड का पूर्वाभ्यास 8 अगस्त से लेकर 12 अगस्त 22 तक की जाएगी। मुख्य समारोह स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज की सलामी दी जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद राम आशीष तिवारी को निर्देशित किया गया है कि शहर की साफ–सफाई एवं समाहरणालय मैदान की साफ सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आयोजित मुख्य समारोह स्थल पर 9 विभागों के द्वारा सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न प्रकार की योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित झांकी निकाली जाएगी, इसकी तैयारी हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों द्वारा महादलित स्कूलों में भी झंडोत्तोलन किया जाएगा। 15 अगस्त को हर घर तिरंगा के संबंध में सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 15 अगस्त को सभी पंचायत के वार्ड में झंडोत्तोलन किया जाना है ,इस हेतु तैयारी करने का निर्देशित किया गया है।

## श्री ओमप्रकाश, लिपिक (निलंबित) को सरकारी सेवा से किया गया बर्खास्त

☒ लंबे समय से अनाधिकृत उपस्थिति एवं स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर जिला पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई

☒ अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं आदतन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण जिला प्रशासन द्वारा श्री ओमप्रकाश, लिपिक (निलंबित), अंचल कार्यालय, बगहा–01 को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। ज्ञातव्य हो कि श्री ओमप्रकाश, लिपिक (निलंबित) अपने पदस्थापन स्थान अंचल कार्यालय, बगहा–01 से दिनांक–15.09.2018 से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री ओमप्रकाश लिपिक द्वारा दिनांक–11.09.2018 को अंचल कार्यालय, बगहा–01 में योगदान दिया गया। योगदान करने के पश्चात आकस्मिक अवकाश हेतु दिनांक–13.09.2018 से 14.09.2018 तक दो दिनों के अवकाश के लिए आवेदन दिया गया, जिसे स्वीकृत किया गया था। अवकाश समाप्ति के बाद श्री प्रकाश कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। अंचल कार्यालय, बगहा–01 द्वारा अनुपस्थित रहने के संबंध में पत्राचार किया गया। परंतु इसके बाद भी श्री प्रकाश के द्वारा शारीरिक अस्वस्थता दिखाते हुए अवकाश विस्तारण का अनुरोध किया गया। परंतु इसके बाद भी श्री प्रकाश के द्वारा कभी भी आवेदन या दूरभाष द्वारा कार्यालय से सम्पर्क नहीं किया गया।दिनांक–27.07.2019 तक भी ये कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। इनकी अनुपस्थिति के कारण कार्यालय कार्य बाधित है। इस प्रकार श्री प्रकाश दिनांक–15.09.2018 से आजतक अनाधिकृत रूप से अपने कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री प्रकाश के मोबाईल पर संकर्प करने का प्रयास किया गया, किन्तु संपर्क नहीं हो सका है। मोबाईल हमेशा बंद रहता है। इसके लिए इनसे नैसर्गिक न्याय के तहत कारण पृच्छा भी किया गया। श्री प्रकाश द्वारा इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन भी किया गया जिसके संचालन पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) को नामित किया गया था।



कारणपृच्छा का तामिला नहीं होने की स्थिति में दैनिक समाचार पत्र में समय–समय पर विज्ञापन प्रकाशित कराकर उपस्थिति दर्ज कराने हेतु निदेशित भी किया गया।जिला प्रशासन द्वारा उक्त कृत्य को अत्यंत ही गंभीरता से लिया गया। संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा द्वितीय कारणपृच्छा के माध्यम से अपना बचाव हेतु पर्याप्त अवसर देने के बावजूद आरोपी कर्मी द्वारा अपना बचाव पक्ष नहीं रखना इनके मनमानेपन को सिद्ध करता है। उक्त के मद्देनजर जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण कुंदन कुमार द्वारा संचालन पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन, निष्कर्ष पर सम्यक विचारोपरांत श्री ओमप्रकाश, लिपिक (निलंबित), अंचल कार्यालय, बगहा–01 के विरूद्ध लगाये गये आरोप प्रमाणित होने के आलोक में सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–14 के तहत विभागीय कार्यवाही को निष्पादित करते हुए सरकारी सेवा से बर्खास्तगी का दंड अधिरोपित किया गया है।

## नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर गंडक सहित अन्य नदियों पर भी रखें कड़ी नजर : जिलाधिकारी



☒ अधिकारी रहें सतर्क, एसओपी का करें सख्ती से पालन

☒ गंडक बराज से आज 03 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की है संभावना

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर सतर्कता बरतने हेतु निदेशित किया गया है। नेपाल में कुछ जगहों पर बारिश की मात्रा 300 एमएम से भी ज्यादा रिकॉर्ड की गयी है। गंडक बराज से आज 03 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सतर्क रहें और गंडक नदी सहित अन्य नदियों पर भी कड़ी नजर बनायें रखें। साथ ही बाढ़, कटाव से संबंधित एसओपी का सख्ती के साथ अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एसओपी के तहत सभी एसडीएम एवं अंचलाधिकारी अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी तैयारी अपडेट रखेंगे। एक–एक चीज की तैयारी ससमय करा लें। संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए सभी तैयारियां ससमय कर लेनी है ताकि जान–माल की सुरक्षा की जा सके।उन्होंने कहा कि गंडक बराज द्वारा अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने की स्थिति में नदियों के जलस्तर में तेजी के साथ बढ़ोतरी होगी। ऐसी स्थिति में निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को माईकिंग आदि के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर जाकर रहने को कहा जाय। उन्होंने निदेश दिया कि सभी एसडीएम संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ संयुक्त रूप से तटबंधों का निरीक्षण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ शरण स्थल को पूरी तरह से फंक्शनल रखा जाय ताकि विषम परिस्थिति में उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि नाव तथा नाविकों को भी अलर्ट मोड में रखा जाय। परिचालन की स्थिति में लॉगबुक का संधारण किया जाय। संभावित प्रभावित स्थलों पर नाव, नाविकों की प्रतिनियुक्ति की जाय तथा उक्त कार्य की समुचित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि नाव दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी अंचलाधिकारी कारगर उपाय करेंगे।उन्होंने निदेश दिया कि सामुदायिक रसोई घर के संचालन हेतु सभी तैयारियां अपडेट रखी जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके। सिविल सर्जन संभावित बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई घर सहित बांधों अथवा उंचे स्थानों पर रहने वाले व्यक्तियों के लिए समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी पशुओं के लिए पर्याप्त चारा एवं मेडिसिन की समुचित व्यवस्था करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ क्षेत्रों में एसडीओ, बीडीओ, सीओ संबंधित कार्यपालक अभियंता के माध्यम से फलड फाईटिंग मेटेरियल डिसेन्ट्रलाइज तरीके से स्टॉक कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से सुरक्षात्मक कार्य कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जेसीबी, ट्रैक्टर, क्रेन मालिकों की लिस्टिंग कर ली जाय। ट्रैक्टर पर फलड लाईट्स, जेनरेटर सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता होनी चाहिए। साथ ही डिसेन्ट्रलाइज तरीके से गोताखोरों की भी प्रतिनियुक्ति की जाय। एसडीआरएफ की पूरी टीम आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा मुस्तैद रहेगी। जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला आपदा शाखा द्वारा संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है। आपातकालीन संचालन केन्द्र पूर्णरूपेण 24×7 कार्यरत है। जिसका संपर्क नंबर–06254 247002, फैक्स संख्या–06254 247003 तथा ईमेल आईडी disastermgmtbettiah@gmail-com है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी, श्री अनिल राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अगली खरीफ फसल के लिए बढ़ा न्यूनतम समर्थन मूल्य


हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। अगली खरीफ फसल के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाई है। धान की अधिप्राप्ति अब 2040 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी। भारत सरकार की ओर से एमएसपी की दर जारी कर दी गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी संगीता सिंह ने जिला सहकारिता विभाग के पदाधिकारी को पत्राचार कर दिशा निर्देश जारी किया है।जिसमें कहा गया है कि धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय की गई है। धान ग्रेड ए के लिए 2060 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त ज्वार 2970–2990, बाजरा 2350, रागी 3578, मेज 1962 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय की गई है।

## टेंशन तार के चपेट में आने से युवक की मौत

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पुर्वी चम्पारण। इजरा भितभेरवा चवर में हाईटेंशन तार के चपेट में आने से युवक की मौत गांव वालों ने लगाया बिजली विभाग पर आरोप।

## तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत बैलघटी ग्राम में अवैध रूप से एक पीकअप यूरिया दूसरा जिला से लाकर कालाबाजारी के नियत से लाया गया था

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



1. जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आज दिनांक 01.08.2022 को तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत बैलघटी ग्राम में अवैध रूप से एक पीकअप यूरिया दूसरा जिला से लाकर कालाबाजारी के नियत से लाया गया था। तुरकौलिया थाना द्वारा गश्ती के दौरान यूरिया से लदे पीकअप पकड़कर थाना लाया गया तथा विभाग को सूचना दी गई। तत्पश्चात् अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सदर मोतिहारी द्वारा जाँचोपरांत पीकअप संख्या BR05GC-5638 पर अवैध रूप से कालाबाजारी हेतु उर्वरक के होने के विरूद्ध पीकअप संख्या BR05GC-5638 के चालक एवं पीकअप मालिक के विरूद्ध तुरकौलिया थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। 2. जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिनांक 23.07.2022 को तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत परशुराम ग्राम में किसान के द्वारा शिकायत की गई कि मे0 गुप्ता खाद बीज भंडार, प्रो0 – श्री रवि कुमार, ग्राम – परशुरामपुर, प्रखंड – तुरकौलिया द्वारा उर्वरक अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। उक्त शिकायत की जाँच सहायक निदेशक (रसायन), पूर्वी चम्पारण द्वारा की गई। विक्रेता द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के विरूद्ध उर्वरक निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बेचने के विरूद्ध उर्वरक निरीक्षक –सह– प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पीपराकोठी द्वारा मे0 गुप्ता खाद बीज भंडार, प्रो0 – श्री रवि कुमार, ग्राम – परशुरामपुर, प्रखंड – तुरकौलिया पर प्राथमिकी दर्ज किया गया।

## सर्व स्माइल फाउंडेशन (ट्रस्ट) द्वारा गोरखपुर में एक मरीज के दो यूनिट रक्तउपलब्ध कराया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे



महाराजगंज सिवान। सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट के गोपालगंज यूनिट के सबसे सक्रिय सदस्य मो. नसीम आलम को जैसे ही पता चला कि गोरखपुर सिटी स्पेशलती हॉस्पिटल में एक लहुवान निवासी हैदर अली एडमिट हैं जिन्हे लीवर में प्रॉब्लम था ऑपरेशन होना था ब्लड की कमी थी तब नसीम आलम जी को मालूम चला तुरंत गोपालगंज से दो डोनर लेकर गोरखपुर के लिए निकल गए फातिमा ब्लड बैंक पहुँचे कर रक्तदान किए और मरीज वाले को उपलब्ध कराए गया, जो कि काफी सराहनीय कार्य है ,नसीम आलम को सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट टीम के तरफ से प्रशंसा है।

## पटना विवि में पहली मेरिट लिस्ट में 2633 विद्यार्थियों का हुआ नामांकन 2 अगस्त को जारी होगी दूसरी सूची

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। राजधानी के पटना विश्वविद्यालय में पहले मेरिट लिस्ट के अनुसार सामान्य कोर्स के साथ वोकेशनल कोर्स नामांकन की प्रक्रिया रविवार को समाप्त हो गई है। पहली मेरिट लिस्ट के अनुसार विभिन्न कॉलेजों में 2633 सीटों पर नामांकन रविवार तक हो चुका है। विवि में कुल सीटें 4300 हैं। विवि के अनुसार अभी तक सबसे ज्यादा नामांकन बीएन कॉलेज में हुआ है, यहां कुल 675 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है।

सामान्य कोर्स में 580 और वोकेशनल में 95 नामांकन सामान्य कोर्स में 580 और वोकेशनल कोर्स में 95 नामांकन हुए। वहीं वोकेशनल कोर्स में मगध महिला कॉलेज में 120 सीटों पर नामांकन हुआ। अब बची हुई सीटों पर नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची मंगलवार तक जारी होगी। इसके बाद सीटें खाली रही तो तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

## सीतामढ़ी जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है। उर्वरक अधिकृत विक्रेता से बैग पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य पर पॉस बायोमेट्रिक से ही क्रय किया जायेगा एवं बिक्री रसीद दिया जायेगा। 1 अगस्त 2022 को प्रखंड वार उपलब्ध यूरिया उर्वरक की मात्रा बैरगनिया 10.145, बाजपट्टी 35.685, बथनाहा 10.457, बेलसंड, 0.585 बोखरा 12.42, चोरौत 126, डुमरा 20.835, मेजरगंज 2.79, नानपुर 90.675, परिहार 48.015 परसौनी 8.899, पुपरी 168.165, रीगा 1.985, रुनीसैदपुर 77.12 सोनबरसा 18.844, सुप्पी 0, सुरसंड 166.5 कुल 799.12 टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है। किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता की शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06526–250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत दूरभाष संख्या–0612–2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक। डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम) यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा ( 45 किलोग्राम)।

## बीएनएमयू के दीक्षांत समारोह में वाणिज्य विभाग के स्वर्ण पुरस्कार विजेता विष्णुपुर का लाल प्रभु कुमार



(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) पिपरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 3 अगस्त को दक्षिणी परिसर दीक्षा स्थल में आयोजित होगा । जिसमें विश्वविद्यालय के अलग–अलग विषयों में लगभग 45 छात्र – छात्राओं को स्वर्ण पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाएंगे । जिसमें भूपेंद्र नारायण विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में नामांकित प्रभु कुमार , पिता– कृष्णदेव मेहता , ग्राम – विष्णुपुर, वार्ड नंबर –12 , थाना– पिपरा, जिला– सुपौल'य परिवार से आते हैं , लेकिन एक सच्ची लगन और मेहनत से आज पूरे विश्व विद्यालय में अपने विषय के स्वर्ण पुरस्कार विजेता बने हैं । इनका प्रारंभिक शिक्षा – दीक्षा भी का निवासी है , जो एक मध्यमवर्गकोई खास नहीं रहा है द्ययहा सरकारी स्कूल से पढ़कर यहां तक पहुंचे हैं द्य इनका नामांकन सत्र 2017–19 में क्रमांक 38790 पर वाणिज्य विभाग में हुआ था और इनका पंजीयन संख्या 33427/15 है । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग में इन्होंने प्रथम सेमेस्टर में 306 अंक प्राप्त किए थे । दूसरे सेमेस्टर में 326 , तीसरे सेमेस्टर में 350 और चौथे सेमेस्टर में 363 अंक प्राप्त कर कुल 1351 अंक प्राप्त किए हैं , जबकि स्नातकोत्तर में कुल 1600 अंक की परीक्षा होती है । इनके कामयाबी को देखते हुए पूरे परिवार में हर्षो उल्लास का माहौल बना हुआ है एवम विष्णुपुरवासी को इन पर गर्व हो रहा है । चारो तरफ इनके ही चर्चे हो रहे है ।

## हरियाली तीज के मैके पर सवान मिलन का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। इनरव्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन की ओर से हरियाली तीज के अवसर पर धूम धाम से और गीत संगीत के साथ सावन मिलन समारोह का आयोजन अध्यक्ष रखी साह के निवास पर किया गया। सभी सदस्यों ने हरा परिधान, हरी चुडिया, मेहंदी आदि से सज धज कर, झूले पर बैठ कर कजरी एवं सावन गीत के संग सावन मिलन मनाया। हरा रंग सौभाग्य और हरियाली का अदिति गुप्ता, पार्वती के रूप मे जान्हवी,शिव के रूप मे एडी,छोटा कान्हा के रूप मे कान्हा इन सभी बच्चो ने माहौल मे चार चाँद लगा दिया। वही शिक्षिका लालमुनि कुमारी ने बड़े ही शालीनता से अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सभी ने लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। अध्यक्ष राखी साह ने सभी को बेहतर उपहार दिया साथ ही बेहतरीन मेजबानी भी किया। इसके लिए सभी ने उनको धन्यवाद दिया। उक्त मौके पर संगीता चित्रांश,शिला गुप्ता, मीरा सिंह, धीरा



प्रतिक माना जाता है। इस मौके पर क्लब की पी पी आशा सिंह की कजरी और जूही कुमारी के नृत्य ने सब का मन मोह लिया। कृष्ण के रूप मे प्राची गुप्ता,राधा के रूप मे गुप्ता,रंजीता गुप्ता, निशा देव, अमृता, पुतुल सिन्हा,अल्का सिन्हा तथाक्लब की सभी सदस्य उपस्थित थी। उपरोक्त जानकारी क्लब की एडिटर नीलम वर्मा ने दी।

## फर्नीचर की दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर खाक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल



अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के परसौनी चौक स्थित फर्नीचर दुकान में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लाखों की संपत्ति जल कर खाक हो गई है। वही फर्नीचर दुकानदार सीताराम शर्मा ने बताया कि अचानक लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप ले ली, जहां घर में रखे गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया। जबकि आग को बुझाने का अथक प्रयास किया गया, लेकिन आग नही बुझ सकी। वही आगलगी मे सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिससे आग और बेकाबू हो गई। आग बुझाने के क्रम मे अंजू देवी, ईश्वर साह, लालमती देवी आग की चपेट में आकर जख्मी हो गये। आग लगी की घटना की पुष्टि मझौवा पंचायत के मुखिया रूदल मुसहर व बीडीसी प्रतिनिधि बबलू मिश्र ने संयुक्त रूप से की है। उन्होंने बताया कि अचानक लगी आग से फर्नीचर दुकान जल गया तथा हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। अग्नि पीड़ित ने बताया कि आग लगी की घटना की सूचना चौतरवा थाना को दे दी गई है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आग लगी की घटना की जांच की जा रही है।आवेदन अभी प्राप्त नहीं है आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## 44 वाहिनी द्वारा हर घर झंडा हर घर तिरंगा का विशाल आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज सम्वाददाता दीपू साह। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 01.08.2022 को समय 16.15 बजे से 17.30 बजे



तक 44 वाहिनी स.सी. बल नरकटियागंज द्वारा वाहिनी मुख्यालय से रेलवे स्टेशन होते हुए हरदिया चौक नरकटियागंज तक राष्ट्रीय गीत के साथ "हर घर झंडा / हर घर तिरंगा" का विशाल रैली का आयोजन करते हुए वाहिनी में वापसी किया द्य इस दौरान भारतीय झंडा संहिता– 2022 के विषय में "हर घर झंडा ६ हर घर तिरंगा" नारे के साथ स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया द्य यहाँ के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम व रैली करने से हम सब में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम, स्नेह, सम्मान एवं निष्ठा की भावना जागृत होती है । साथ ही युवाओं में बल के प्रति सम्मान बढता है । कार्यक्रम को सफल बनाने में 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, के उप–कमांडेंट श्री प्रदीप कुमार मेधी, उप–कमांडेंट श्री राजेश कुमार कुजूर, एवं वाहिनी के 77 अन्य बलकर्मी के साथ क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के बलकार्मिक भी उपस्थित रहे।

# विद्यापतिधाम तीसरी सोमवारी पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

विद्यापतिनगर दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! सावन मास की तीसरी सोमवारी पर आज विद्यापतिधाम उगना महादेव मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा, अहले सुबह करीब 2रू00 बजे से ही पूरा मंदिर परिसर भक्तों की से खचाखच भर गया ! सभी ओर बोलबम – बोलबम, के नारे अनुगुंजित हो रहे थे ! मंदिर तक आने वाली प्रायः सभी मुख्य सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार देखी गई, लाल – गेरुआ वस्त्र में सजे कांवड़ियों से पूरा विद्यापति धाम शोभायमान दिख रहा था ! ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आज एक लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रार्थना किया ! तीसरी सोमवारी को लेकर विद्यापतिधाम में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला रविवार से ही प्रारंभ हो गया था, दूरदराज से लोग बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए सड़क एवं रेल मार्ग से विद्यापति धाम पहुंचे थे ! सोमवार की सुबह मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान शंकर का विधिवत पूजन किया गया, इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए गए, जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया लोगों की भीड़ और बढ़ती चली गई ! श्रद्धालुओं में अधिकांशतः महिलाएं एवं युवतियां देखी गई, हालांकि पुरुषों का उत्साह भी अपने चरम पर था ! इस बार मंदिर पहुंचने वालों में वृद्ध महिलाओं की संख्या भी अधिक देखी गई, सभी बाबा भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आ रहे थे ! बच्चों एवं युवाओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र झूला रहा, सुबह से लेकर देर शाम तक लोग झूला का आनंद लेते नजर आए, वहीं महिलाएं पूजा अर्चना के बाद खरीददारी में व्यस्त दिखी! तीसरी सोमवारी पर लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी पूरी तैयारी की थी, पुलिस के द्वारा विद्यापतिनगर प्रखंड मुख्यालय से मंदिर होते हुए मालगोदाम स्टेशन तक सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था की गई थी ! प्रशासन के द्वारा सुबह से ही विद्यापति प्रखंड मुख्यालय से मंदिर की ओर आने वाली मुख्य सड़क पर गाड़ियों के परिचालन को रोक गया था, वही दलसिंहसराय की ओर से आने वाली गाड़ियों को भी इण्डेण गैस एजेंसी के पास ही रोका जा रहा था ! मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, मुख्य द्वार एवं मंदिर प्रांगण में सादी वर्दी में भी सुरक्षा बलों को लगाया गया था, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी ! पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में था ! हालांकि पूजा अर्चना करने आए श्रद्धालुओं के अनुसार सुरक्षाबलों की संख्या नाकाफी थी! कई महिलाओं ने बताया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा बलों की के कारण युवकों द्वारा हुड़दंग किया जा रहा था ! श्रावण मास की तीसरी सोमवारी को लेकर विद्यापतिधाम एवं आसपास के सभी शिवालयों में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने के लिए ताता लगा रहा। इसके लिए सभी शिवालयों को रंग रोगन कर ,फूल पत्तियों से सजाया गया है और शाम में महा आरती की गई! ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव की पत्नी देवी सती ने जब अपने पिता के घर पर अपने पति शिव का अपमान होते देखा तो वह बर्दाश्त नहीं कर पाई और राजा दक्ष के यज्ञ कुंड में अपनी आहुति दे दी इसके बाद उन्होंने हिमालय पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया पार्वती के रूप में भी उन्होंने भगवान शिव को ही अपना वर चुना। भगवान शिव की प्राप्ति के लिए पार्वती ने कठोर तप किया। सावन के महीने में ही भगवान शिव उनके तप से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया इसके बाद पार्वती का भगवान शिव के साथ विवाह हुआ ।तब से यह पूरा सावन माह शिव और पार्वती दोनों का प्रिय माह बन गया। सोमवार का दिन महादेव और मां पार्वती को समर्पित होता है। ऐसे में उनके प्रिय महासावन में पढ़ने वाले सोमवार का महत्व कहीं ज्यादा बढ़ जाता है इसलिए आज ज्यादा से ज्यादा कावरिया भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं और ऐसी मान्यता है कि सावन माह के सोमवार को पूजन व जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है

डीएसपी तथा एसडीओ ने भी किया जलाभिषेक सावन की तीसरी सोमवारी पर दलसिंहसराय के एसडीओ प्रियंका कुमारी एवं डीएसपी दिनेश कुमार पाण्डेय ने भी विद्यापतिधाम के उगना महादेव मंदिर पहुंचकर अहले सुबह बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, इस अवसर पर विद्यापतिनगर प्रखंड के अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष भी मौजूद थे ! डीएसपी दिनेश कुमार पाण्डेय एवं एसडीओ प्रियंका कुमारी



ने पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर एवं मुख्य द्वार का जायजा भी लिया ! विद्यापति नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर लोग पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे थे, इस अवसर पर युवा नेता शिवम कुमार झा, आशीष झा, अजय सिंह, चंदन कुमार (शिक्षक), एवं मनीष निषाद ने बताया कि सुबह सवेरे भगवान शिव की आराधना कर मन प्रसन्न हो गया ! वही अधिकांश लोगों ने मंदिर के बगल में बनाए गए साइकिल, मोटरसाइकिल स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली से दुखी थे, कुंदन कुमार एवं सुधीर कुमार साह ने बताया कि थोड़ी देर गाड़ी खड़ी करने के लिए 20 से 50 लिए जा रहे थे, जो उचित नहीं है !

# मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। मोकामा घाट में समाजसेवी अर्चना कुमारी वार्ड प्रत्याशी मोकामा नगर परिषद वार्ड 27 के सहयोग से मोकामाघाट वार्ड 27 में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष ने अपने आंखों का जांच करवाया, मौके पर समाजसेवी विमल कुमार ,संतोष जयसवाल , विक्रांत आर्य ,दिवाकर सर आदि लोगों ने इस जांच शिविर में सहयोग कर जांच शिविर को सफल बनाया! एसएस बी 65 वीं वाहिनी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निशुल्क मानव शिविर का किया आयोजन पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। 65वी वाहिनी एसएसबी बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत समवाय मुख्यालय परसा के बनहवा परसा गाँव मे निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।डॉ विनय अग्रवाल , कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65वी वाहिनी तथा वाहिनी के चिकित्सा टीम की उपस्थिति मे इस शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे उक्त ग्राम के अलावा बनहवा मटियरिया एवं आस पास के गावों के लोगों के द्वारा लाभ लिया गया ।कार्यक्रम के दौरान लगभग 280 लोगों की निः शुल्क जांच कर उन्हे संबन्धित दवा का वितरण किया गया, जिसमे पुरुष,महिलाए तथा बच्चो का इलाज किया गया ।डॉ विनय अग्रवाल कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65वी वाहिनी के द्वारा गाँव को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस तरह के कल्याणकारी कार्यक्रम समय समय पर वाहिनी के द्वारा सीमावर्ती इलाके मे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए सदैव किया जाता रहा है ।जिसके अंतर्गत हाल ही मे दोन इलाके मे निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा चुका है तथा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । उक्त कार्यक्रम मे डॉ विनय अग्रवाल, कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65 वी वाहिनी तथा वाहिनी के चिकित्सा टीम के अलावा मटियरिया सीमा चौकी के बल कर्मी और सैकड़ो की संख्या मे लाभार्थी मौजूद रहे ।हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ही वाहिनी मुख्यालय मे भी NGOS के साथ एकच सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के अलावा स्वतंत्रता सेनानी के के परिजन भी मौजूद रहे।

# मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं को सरकार का खास तोहफा

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। प्रदेश की नीतीश कुमार सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहीं छात्राओं को एक खास तोहफा दिया है। हालांकि इसका लाभ सिर्फ पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग की छात्राओं मिलेगा। बिहार सरकार इन छात्राओं को फ्री में ऑनलाइन क्लासों के जरिए ये तैयारी कराएगी। यानी अब घर बैठे ही छात्राएं आराम से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की तैयारी कर सकती हैं और वो भी बिल्कुल फ्री ऑफ कॉस्ट। कल्याण विभाग प्रदेश के सभी 38 जिलों में पिछड़े–अतिपिछड़ा वर्ग के कन्या आवासीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा शुरू कराएगी। इसका फायदा 35 हजार से ज्यादा छात्राओं को मिलेगा। अगर सब कुछ ठीक–ठाक रहा तो सरकार इस योजना पर अगस्त से काम करना शुरू कर देगी। यानी इसी अगस्त माह से छात्राओं को योजना का लाभ मिलने लगेगा। इस योजना के तहत छात्राओं को आवासीय सुविधा के अंतर्गत कोचिंग दिलाने का काम किया जाएगा और इसमें इंटरनेट भी बिल्कुल मुफ्त में मिलेगा। इसके अलावे पिछड़े–अतिपिछड़े वर्ग की पात्र छात्राओं को मशहूर कोचिंग सेंटर से क्लास का परीक्षा मैटेरियल भी दिया जाएगा! मेडिकल इंजीनियरिंग की तैयारी के दौरान छात्राओं की दिक्कत दूर करने के लिए हफ्ते में





एक विशेष क्लास भी आयोजित कराई जाएगी।बता दें कि इस स्कीम को लेकर समाज कल्याण विभाग ने ऑनलाइन क्लास चलाने के लिए टीवी स्क्रीन, इंटरनेट से लेकर ब्लैक बोर्ड तक की तैयारी पूरी कर ली है। इस योजना को धरातल पर पूरी तरह से लागू करने के लिए कार्यक्रम की हेडक्वाटर से मॉनिटरिंग भी होगी। पिछड़ा और अतिपिछड़ा कल्याण विभाग के सचिव की मानें तो कन्या आवासीय स्कूलों में पढ़ रही लड़कियों के अलावा पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग के हॉस्टल में रहकर पढ़ने वाली छात्राओं को भी ये फायदा मिलेगा।

# बाल व्यापार से आजादी विषय पर उनमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सोमवार को जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार समाहरणालय सभागार कक्ष, किशनगंज में उप विकास आयुक्त श्री मनन राम की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के रिसोर्स पर्सन श्री पुरुषोत्तम कुमार एवं श्री संजय कुमार के तत्वाधान में ष्बाल व्यापार से आजादीष विषय पर उनमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई रविशंकर तिवारी द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत कर बताया गया कि मानव व्यापार विश्व का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है।अनुमंडल पदाधिकारी श्री अमिताभ गुप्ता, नोडल पदाधिकारी मानव व्यापार निषेध इकाई–सह– पुलिस उपाधीक्षक (मु0)अजीत प्रताप सिंह चौहान, सहायक निदेशक मिन्हाजुद्दीन, सदस्य, किशोर न्याय परिषद, समादेष्टा बीएसएफ 94 वीं, 135वीं एवं 167वीं बटालियन, समादेष्टा एसएसबी 19वी बटालियन, ठाकुरगंज, एवं 12वी बटालियन, किशनगंज, सभी थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, रेल थाना ठाकुरगंज एवं किशनगंज, बाल संरक्षण से संबंधित सभी स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ देकर आमंत्रित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। तदोपरांत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के रिसोर्स पर्सन के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा बाल तस्करी एवं मानव व्यापार पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि किस प्रकार सीमावर्ती क्षेत्र में बच्चों का तस्करी किया जाता है एवं इस प्रकार के अपराध से बच्चों को किस प्रकार सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जाए। साथ ही, यह भी बताया गया की बाल संरक्षण से संबंधित सभी स्टेक होल्डर्स की इस कार्य हेतु क्या भूमिका है तथा किस प्रकार जोखिम ग्रस्त बच्चों को संरक्षण प्रदान किया जा सके । अनुमंडल पदाधिकारी ,आमिताभ गुप्ता द्वारा इस प्रकार के आयोजन तथा प्रखंड, पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार का सुझाव दिया गया। साथ ही सहायक निदेशक ,बाल संरक्षण इकाई रवि शंकर तिवारी द्वारा आंकड़े के आधार पर समझाया गया कि यह कितना घृणित, संगठित अपराध है और जब तक सभी पदधारक समन्वय कर योजना बद्ध होकर कार्य नहीं करेंगे इसे नहीं रोका जा सकता । उन्होंने कहा कि माता – पिता को बच्चों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी होगी, गरीबी के कारण अपने ही बच्चों को बेचना घोर अन्याय है और इसके लिए सरकार से जो संभव मदद मिलेगी वो की जाएगी, परंतु किसी भी मजबूरी में बच्चों को गलत हाथ में सौंपना सरासर गलत है। साथ ही माता–पिता को अपने बच्चों से बात करनी चाहिए ताकि कोई और अनजाना व्यक्ति उन्हें बहला फुसला कर उनकी तस्करी न कर ले और उन्हें बंधुआ मजदूरी, देह व्यापार में न झोंक दे।

इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा अपनी विचार व्यक्त की गई। पदाधिकारियों को चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक सह अधिवक्ता विहान संस्था द्वारा ICPS के नाम बदलकए मिशन वात्सल्य होने के बाद बनी भ्रम की स्थिति और चाइल्ड लाइन योजना के मद में अल्पाअल्प राशी की बात कही। उन्होंने चाइल्डलाइन को और मजबूत करने की बात कही। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने सभी कानूनी व्यवस्थाओं की जानकारी हेतु और प्रशिक्षण देने की बात की। इसके उपरांत सभी सदस्यो का धन्यवाद प्रस्ताव के साथ आयोजित कार्यशाला को समाप्त किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## मशरक में सोये शख्स को सांप ने डंसा, मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण। मशरक थाना क्षेत्र के सिउरी डुमरसन गांव में मकान में सोये शख्स को विषैले सर्प ने डंस लिया जिससे उसकी मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में इलाज के लिए लाने के दौरान हो गई। मृतक की पहचान सिउरी डुमरसन गांव निवासी स्व रघुनाथ राम का 53 वर्षीय पुत्र कृष्णा राम के



रूप में हुई। मौके पर सोमवार को थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वह मकान के बाहर करकटनुमा शेड में सोया हुआ था वही पर विछावन पर रात्रि में विषैले सर्प ने कान में डंस लिया जिससे वह अचेत हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बेहद ही गरीब परिवार से हैं और मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। मृतक को दो पुत्र और दो पुत्री हैं।

## झमाझम वर्षा होने से किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

- खेतों में सूख रही फसलों को मिला पानी
- धान,गन्ना सहित अन्य फसलों को हुआ फायदा

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। श्रावण मास मे काफी इन्तिजार के बाद झमाझम वर्षा से किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है ।वर्षा होने से जहां एक तरफ धान गन्ना सहित अन्य फसलों को फायदा पहुंचा है वहीं दूसरी तरफ पशु,पक्षियों को भी पानी बरसने से राहत मिली है ।इस वर्षा से तालाब तो पूरी तरह से नहीं भर



पाए हैं लेकिन वर्षा होने के बाद तालाबों के किनारे मेढकों की टर्र टर्र की आवाज तेज तेज सुनाई देने लगी है ।किसान अपने खेतों पर पहुंचकर फसलों को देखकर खुश हो रहा है किसान कह रहा है कि इसी तरह से वर्षा होती रही तो अच्छी फसल मिल सकती है ।फिलहाल वर्षा में हुई देरी से हुए नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती है ।अनुभवी किसानों का कहना है कि यदि समय से वर्षा होती तो धान की नर्सरी और धान की रोपाई के लिए समय से खेतों में फ्री पानी मिल जाता ।सच्चाई के धरातल पर देखा जाए तो महंगा डीजल खरीद करके किसान खेतों की सिंचाई करने पर मजबूर हुआ ।लगभग 1 सप्ताह से किसान सिर्फ एक ही बात कह रहा था अगर वर्षा न हुई तो डीजल जलाकर फसल को बचा पाना बहुत मुश्किल होगा ।लेकिन झमाझम वर्षा होने के बाद किसानों के चेहरे पर स्पष्ट रूप से मुस्कान झलक रही है जो खेत कुछ दिन पहले सीचें गए थे उनमें पानी भर गया है। सूखे पड़े खेतों में झमाझम वर्षा होने से ऊपर तक नमी आ गई है ।झमाझम वर्षा होने से 10–15 दिन के लिए बड़ी राहत मिली है ।इस वर्षा होने से धान की बढ़वार बढ़ेगी वही गन्ना की फसल को वर्षा वरदान साबित हो रहा है लगभग 1 माह से सूख रही गन्ना की फसल अब हरी भरी नजर आ रही है।

## दिनभर लगा रहा जाम, रेंगती रही गाड़ियां

विद्यापतिनगर (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! सावन की तीसरी सोमवारी पर विद्यापति धाम में जलाभिषेक को लेकर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी, जिसके कारण दिन भर जाम की स्थिति बनी रही! मदुदाबाद–विद्यापति नगर मुख्य पथ एवं मुरलीटोल – बजरंगी चौक, पथ आज दिनभर जाम रहा! बेगूसराय एवं बछवाड़ा से आने वाले लोगों को कई घंटों तक जाम में रहना पड़ा, वही महनार, मोहिउद्दीन नगर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को 3–4 घंटे तक जाम में रहना पड़ा ! सड़क की कम चौराई एवं सड़क किनारे जलजमाव के कारण अधिकांश गाड़ियां जाम में फंसी रही, जिससे श्रद्धालुओं





को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा! खनुआ घाट से मदूदाबाद तक गाड़ियों की लंबी कतार देखी गई, जिससे कई घंटों तक वाहन रेंगते नजर आ रहे थे ! जाम में कई स्कूल बस फंसी रह गई, जिससे बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके, वही ड्यूटी पर जाने वाले लोगों को भी आज काफी विलंब से पहुंचना पड़ा ! लोगों ने बताया कि प्रशासन की ओर से यदि व्यवस्था की जाती तो जाम से बचा जा सकता था!

## राज्य खाद्य निगम के गोदाम की जाँच कर कार्रवाई करने का माँग : प्रमुख कुमारी उषा

- गोदाम की समस्या से उच्चाधिकारियों को भी कराया अवगत

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार। प्रमुख कुमारी उषा ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक पत्र लिखकर प्रखंड परिसर में संचालित राज्य खाद्य निगम के गोदाम में बरती जा रही अनियमितता की जांच कर कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को प्रतिवेदित करने का आग्रह किया है। पत्र की प्रति जिला से लेकर राज्य के उच्च अधिकारियों को देते हुए उन्होंने अवगत कराया है कि वे 30 जुलाई 2022 को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं की एक दल के साथ स्थानीय राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होने देखा की वहां कोई उपस्थिति पंजी संधारित नहीं थी। बिना माप के ही जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं को खाद्यान्न दिया जा रहा था। इस संबंध में पूछे जाने पर वहां उपस्थित 4G के द्वारा बताया गया की औसतन 50 किलोग्राम का बैग मानकर, सभी जनवितरण विक्रेताओं को खाद्यान दिया जा रहा है। टीम द्वारा तीन खाद्यान्न बैग का वजन किया गया तो क्रमशः 49, 46 एवं 45 किलोग्राम खाद्यान्न बैग में पाया गया। 4ळ से स्टॉक रजिस्टर मांगने पर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहने की बात कही गई। वहीं गोदाम के मजदूरों द्वारा निर्धारित सरकारी दर से कम मजदूरी भुगतान कर काम लिए जाने की बात कही गई।

## नहर में नहाने के दौरान लापता किशोर की खोज में जुटी एडीआरएफ की टीम

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर–रमपुरवा पंचायत के रमपुरवा गांव के समीप नहर में डूबे युवक की तलाश में सोमवार को एसडीआरएफ की टीम रमपुरवा पहुंची। प्रखंड बगहा दो के सीओ राजीव रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को नहर में लापता युवक की खोज–बीन को लेकर स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। बताते चलें कि समाचार लिखे जाने तक एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों द्वारा लापता युवक की खोज–बीन कर रहे थे ।लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया है, सोमवार को सीओ के नेतृत्व में लापता युवक की खोज–बीन लगातार जारी हैं। गौरतलब हो कि रविवार की दोपहर करीब 2 बजे लक्ष्मीपुर के रमपुरवा गांव निवासी मनोज गुप्ता का पुत्र नागेश्वर कुमार उम्र लगभग 13 वर्ष है। जो गांव के कुछ बच्चों के साथ नहर में नहा रहा था । इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह



नहर के गहरे पानी में चला गया। जिसमें वह लापाता है। रविवार की देर शाम स्थानीय लोगों के द्वारा युवक की खोज की गई ।लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। जिसके बाद सोमवार को एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर खोज–बीन कर रही है।